Website- edristi.in

# नवत्र

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 2 अंक - 6 दिसंबर, 2018

# पीएसएलवी सी-43 का सफल प्रक्षेपण






ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेण्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेण्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं। करेण्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों।माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा। ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं।

आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं। हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है। आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (नवम्बर,2018) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं। ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य ........ 21
जी-20 का 13वां शिखर सम्मेलन, 2018 ........ 21
31 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण ........ 22
केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सतत विकास लक्ष्यों )SDGs) पर राष्ट्रीय निगरानी रूपरेखा को मंजूरी ........ 24
लंबे समय तक साथ रहना विवाह समान हैसुप्रीम कोर्ट- ........ 25
सरकारी स्कूलों का जीपीएस मानचित्रण ........ 26
गृह मंत्रालय द्वारा SDR निधि से आंध्र प्रदेश को सहायता राशि की मंजूरी ........ 27
ट्रेन 18 का परीक्षण ........ 28
संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा राज्य मंत्री भारत के दौरे पर ........ 29
लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट, 2018 ........ 29
कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से निपटने और रोकथाम हेतु मंत्री समूह का गठन ........ 30
वर्ष 2020 से देश में -बीएस‘4 श्रेणी ’के वाहनों की बिक्री नहीं होगी ........ 31
फैजाबाद और इलाहाबाद मंडल का नाम परिवर्तित ........ 32
आईआईएम के नए बोर्डों के गठन की प्रक्रिया को मंजूरी ........ 32
माजुली द्वीप के लिए रोरो सेवा आरंभ- ........ 33
टाटा टेक्नोलॉजीज और उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य कौशल, आविष्कार तथा नवाचार केंद्र स्थापित करने पर सहमति. 34
मिशन अटल जॉइन्ट एक्सपेडिशन ऑफ यूटीडीबी एंड निम ........ 35
उत्तर प्रदेश का पहला ओमंडल घोषित .एफ.डी. ........ 36
‘फैब्रिक ऑफ यूनिटी’ ........ 36
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान की आधिकारिक यात्रा ........ 37
राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि में बढ़ोत्तरी ........ 38
क्यूएस इंडिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2019 ........ 38
कुलगोड भारत का सर्वश्रेष्ठ ग्राम : ........ 39
पंजाब में पंचायत सरपंचों सहित पंचायत समिति और जिला परिषद के सभापति पद हेतु महिलाओं को आरक्षण ........ 40

भारत विश्व का सबसे बड़ा व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन केंद्र ........ 41
भारत में कार्य का भविष्य रिपोर्ट ........ 41
राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान ........ 42
केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी ........ 43
नीति व्याख्यान शृंखला का चौथा संस्करण ........ 43
भारतीय तटीय समुदायों हेतु अनुदान ........ 44
स्वस्थ भारत यात्रा ........ 45
एनडीएमए की छठवीं बैठक, 2018 ........ 46
भरोसामहिलाएं एवं बच्चों के लिए सहायता केंद्र : ........ 46
इलाहाबाद का नाम परिवर्तित ........ 47
'मैं नहीं हमपोर्टल और ऐप ' ........ 48
समुद्र पर निर्मित विश्व का सबसे लंबा पुल ........ 48
अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य ........ 49
वीडियोसिटा, 2018 ........ 49
विभिन्न प्रकार के सनस्क्रीन को प्रतिबंधित करने वाला पहला देश ........ 50
अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ का द्विदशकीय पूर्वानुमान रिपोर्ट ........ 52
संयुक्त राष्ट्र संघ से जलवायु निधि मंजूर ........ 53
38वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2018 ........ 54
W.E.F. द्वारा भारत में चौथे औद्योगिक क्रांति केंद्र का शुभारंभ ........ 54
यूनिसेफनास्कॉम समझौता- ........ 55
यूएनडल्यूटीओ की कार्यकारी परिषद का 109वां सत्र, 2018 ........ 56
जापान अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल ........ 56
विश्व का पहला सॉवरेन ब्लू बॉण्ड ........ 57
सितवे बंदरगाह का संचालन ........ 58
श्रीलंका द्वारा का गठन 'ब्रेक इनटु इंडिया स्ट्रैटजी समिति' ........ 59

भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर प्रथम उच्चस्तरीय बैठक ........ 60
एससीओ सदस्य देशों के शिक्षा मंत्रियों की 7वीं बैठक, 2018 ........ 61
अफगानिस्तानी राजनयिकों के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम ........ 61
भूटान के नए प्रधानमंत्री ........ 62
कनाडा में वैध हुआ गांजा ........ 63
वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक, 2017-18 ........ 63
ग्वाटेमाला, होंडुरास एवं अल सल्वाडोर की अमेरिकी आर्थिक सहायता में कटौती ........ 65
इंडिया रिच लिस्ट, 2018 ........ 65
बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2018 ........ 66
आर्थिक परिदृश्य ........ 68
वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट फोरम, 2018 ........ 68
ग्लोबल डिजिटल कंटेंट मार्केट, 2018 ........ 68
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मक्का का समर्थन मूल्य घोषित ........ 69
अलीबाबा समूह ........ 70
इस्लामिक बैंकिंग के नाम पर पोंजी योजनाएं ........ 71
पशुधन की 20वीं गणना ........ 71
एगमार्क के लिए आनलाइन साफ्टवेयर ........ 72
फोर्ब्स इंडिया :टाइकून्स ऑफ टुमारो सूची ........ 73
सॉफ्टवेयर कंपनी रेड हैट का अधिग्रहण ........ 73
नेपाल सेना को 150 मिलियन RMB देने का वादा ........ 74
जूता और कपड़ा उद्योग के लिए केंद्र सरकार का विशेष पैकेज ........ 75
मुक्त बाजार परिचालनः आरबीआई द्वारा 120 अरब रुपये के सरकारी बांडों का क्रय ........ 76
सकल उधार अनुमान में 70,000 करोड़ रुपये तक की कटौती ........ 77
अर्जेंटीना को आईएमएफ का सबसे बड़ा कर्ज ........ 78
अमेरिका द्वारा ईरान पर नए आर्थिक प्रतिबंध ........ 79

उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में भारत का कर्ज सबसे कम ........ 80
वर्ष 2018 के प्रथम छमाही में डाटा सेंधमारी के 4.5 अरब मामले ........ 81
IFC द्वारा अमेरिका और यूरोप में 1 बिलियन डॉलर का मसाला बॉण्ड कार्यक्रम लांच ........ 82
बेस्ट ग्लोबल ब्रांड्स, 2018 ........ 83
आईआरडीएआई पैनल का गठन ........ 84
फोर्ब्स की सर्वश्रेष्ठ 2000 वैश्विक नियोक्ताओं की सूची ........ 85
गार्टनर इंक के अनुसार वर्ष 2019 में वैश्विक IT क्षेत्र में 3.2% निवेश वृद्धि की संभावना ........ 87
चीन से आयातित चुनिंदा इस्पात उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क ........ 88
उच्च स्तरीय वियतनामी प्रतिनिधिमंडल की भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद से वार्ता ........ 89
सीवीसी ने किया बैंक धोकाधड़ी के शीर्ष 100 मामलों का विश्लेषण ........ 90
8वीं यूरोपीय लघु एवं मध्यम उद्यम कांग्रेस, 2018 ........ 91
एचडीएफसी कैपिटल रियल्टी प्लेटफॉर्म में NIIF का निवेश ........ 92
एयरटेल अफ्रीका में 1.25 अरब डॉलर निवेश ........ 93
बैंकों की लाभप्रदाता मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस का विश्लेषण ........ 94
प्रत्यक्ष कर के आंकड़े ........ 95
बैंकों के SLR नियम में सरलता ........ 96
वाल मार्ट फाउंडेशन रु.180 करोड़ का निवेश भारत में करेगी ........ 97
भारत सरकार ने चालू खाता घाटे को कम करने के लिए सीमा शुल्क बढ़ाया ........ 98
जीएसटीएन में बदलाव को मंजूरी ........ 99
वैज्ञानिक परिदृश्य ........ 99
रक्षाविज्ञान संक्षिप्तिकी/ ........ 99
ट्राइडेंट जंक्चर, 2018 ........ 99
जीसैट-29 का सफल प्रक्षेपण ........ 100
अमेरिका और जापान द्वारा विकसित इंटरसेप्टर सिस्टम का परीक्षण ........ 101
आइएनएस तरंगिनी )Trarangini) की विश्व भ्रमण के बाद वापसी ........ 101

संयुक्त सैन्य अभ्यास ड्डझबा-III......102
नौसैन्य अभ्यास ‘समुद्र शक्ति’......103
भारत-फ्रांस त्रिकोणीय सैन्य अभ्यास के लिए द्विपक्षीय रसद समझौते को आगे बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श......104
आईएनएस तरंगिणी की वापसी......105
शक्ति भारत का पहला स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर :......106
32वीं भारत) इंडोनेशिया समन्वित गश्ती-CORPAT) का समापन समारोह......106
विश्व के सबसे बड़े मानवरहित परिवहन ड्रोन का सफल परीक्षण......107
सीएसआईआरविकसित की 'ओनीर टीएम' आईआईटीआर ने सस्ती जल कीटाणु शोधन प्रणाली-......108
भ्रूण हस्तांतरण प्रौद्योगिकी केंद्र......109
चूहे की बीमारी का पहली बार मानव में लक्षण......109
राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल, 2018 की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट जारी......110
राष्ट्रीय पर्यावरण सर्वेक्षण......111
वैज्ञानिकों ने खोजा नया तारा......111
वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली......112
टीसीएस ने आईटी सेवा प्रदाता के रूप में एक्सेंचर पीएलसी को पार कर सबसे बड़ी कंपनी बनी......113
चीन द्वारा नैनोजेनरेटर का विकास......114
वायु सेना प्रदर्शनी......114
बेपिकोलम्बो अंतरिक्षयान मिशन )Bepi Colombo Mission)......115
चीन द्वारा 2 बाईदोउ-3 नौवहन का का प्रक्षेपण......116
विश्व का प्राचीनतम ज्ञात अछूता भग्नपोत-......118
सूक्ष्म रोबोटों से रोगों का इलाज......118
भौतिक एवं रसायन विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार, 2018......119
चूहे की बीमारी से संक्रमित मनुष्य का पहला मामला हांगकांग में पाया गया......120
खेल परिदृश्य......121
टेनिस......121

रोलेक्स पेरिस मास्टर्स, 2018 .......... 121
फेड कप, 2018.......... 122
वुहान ओपन, 2018.......... 122
तियानजिन ओपन, 2018.......... 123
शंघाई रोलेक्स मास्टर्स, 2018 .......... 123
प्रुडेन्शियल हांगकांग ओपन, 2018.......... 124
वियना ओपन, 2018 .......... 125
बीएनपी परिबास डब्ल्यूटीए फाइनल्स, 2018.......... 126
नानिंग 2 आईटीएफ, 2018.......... 126
क्रिकेट.......... 127
वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम का भारत दौरा वर्ष)2018).......... 127
टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर.......... 128
आईसीसी द्वारा पहली बार महिला टी-20 टीम रैंकिंग की शुरुआत .......... 129
विकेट के पीछे सर्वाधिक शिकार करने वाले पहले भारतीय और विश्व के तीसरे विकेटकीपर .......... 130
देवधर ट्रॉफी, 2018-19 .......... 131
वेस्टइंडीज के क्रिकेटर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास .......... 131
तीन भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा टी-10 क्रिकेट लीग में खेलने हेतु अनुबंध.......... 132
हॉकी .......... 133
8वां सुल्तान ऑफ जोहोर कप, 2018 .......... 133
फुटबॉल.......... 135
पुट्टयाह मेमोरियल कप, 2018.......... 135
सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप, 2018-19.......... 135
बैडमिंटन.......... 136
फूजौ चाइना ओपन, 2018 .......... 136
बिक्टर कोरिया ओपन, 2018.......... 137

बिलियडर्सस्क्वैश/स्नूकर/ 138
कोलकाता इंटरनेशनल, 2018 138
स्विस ओपन, 2018 138
25वीं एशियन जूनियर स्क्वैश व्यक्तिगत चैंपियनशिप, 2018 139
गोल्फ 140
पैनासोनिक ओपन इंडिया, 2018 140
फॉर्मूला वन 140
मलेशियन मोटो ग्रैंड प्रिक्स, 2018 140
फॉर्मूला 1 पावर बोट रेस F1H2O विश्व चैंपियनशिप का आयोजन 141
ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स, 2018 141
रसियन ग्रैंड प्रिक्स-2018 142
फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2018 143
खेल विविध 144
13 बार विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली विश्व की पहली जिम्नास्ट 144
इस्तांबुल मैराथन, 2018 144
आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस स्पाइस कोस्ट मैराथन, 2018 145
पुरुषों की लंबी कूद प्रतियोगिता का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड 146
वालेंसिया हॉफ मैराथन, 2018 146
ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेल, 2018 147
विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय रेसलर 149
चर्चित खेल व्यक्तित्व 150
ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर का क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास 150
भारतीय क्रिकेटर का प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास 150
पाकिस्तानी क्रिकेटर का वनडे क्रिकेट से संन्यास 151
भारतीय रेसलर द्वारा संन्यास की घोषणा 151

सर्वाधिक छक्के लगाने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर....152
किंग्स इलेवन पंजाब टीम के नए कोच....153
मुनाफ पटेल....153
टी-20 में दो बार पांच विकेट लेने वाले विश्व के तीसरे गेंदबाज....154
प्रवीण कुमार....154
तीसरे युवा ओलंपिक खेलों की ध्वजवाहक नियुक्त....155
संक्षिप्तियां....156
चर्चित व्यक्ति....156
उस्ताद इमरत खान....156
मिली बॉबी ब्राउन....157
मनप्रीत सिंह....157
भारत के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त....158
नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने हेतु नए संयोजक....159
न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन....159
संजय कुमार वर्मा....160
अनुपम खेर....160
जगत प्रकाश चतुर्वेदी....161
प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक....161
सीबीआई के अंतरिम निदेशक....162
ओसामु शिमोमूरा....162
ब्राजील के नए राष्ट्रपति....162
मदन लाल खुराना....163
पॉल ऐलन....163
श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री....164
टाटा स्टील कोलकाता 25K के अंतरराष्ट्रीय एंबेसेडर....164

यूनिसेफइंडिया द्वारा देश की पहली युवा एंबेसेडर नियुक्त- 165
आशीष चौधरी 165
चित्त सेन 166
अभय ठाकुर 166
डीसदानंद गौड़ा .वी. 166
इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश 167
सिद्धार्थ तिवारी, एशिया एवं प्रशांत के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में )BIS) में शामिल 167
दिनकर अस्थाना 168
गोवा समुद्रीय संगोष्ठी, 2018 168
न्यायमूर्ति प्रणय कुमार मुसाहारी 169
जेफ सेशंस 169
'रन फॉर यूनिटी '(एकता के लिए दौड़( 170
स्टेन ली 170
अनंत कुमार 171
हरविंदर सिंह 171
मालती शर्मा 172
पंडित तुलसीदास बोरकर 172
पीटीआई के नए अध्यक्ष 172
विक्रम मिस्त्री 173
जयंत माममेन मैथ्यू 173
उच्चतम न्यायालय के चार नए न्यायाधीश 174
नीति आयोग एवं चीन के राज्य परिषद अनुसंधान केंद्र के मध्य चौथी वार्ता, 2018 174
रेलवे बोर्ड के नए सदस्य नियुक्त (इंजीनियरिंग) 175
न्यायमूर्ति विजय कुमार बिष्ट 175
प्रोफेसर काजी अब्दुल सत्तार 176

हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष ........ 176
रेलवे सुरक्षा बल के नए महानिदेशक ........ 177
रेलवे बोर्ड में नए सदस्य (रोलिंग स्टॉक) ........ 177
ब्रेट कैवानॉघ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के जज ........ 178
यमन के नए प्रधानमंत्री ........ 178
विम कोक ........ 179
लालन सारंग ........ 179
मिस ग्रैंड इंटरनेशनल प्रतियोगिता, 2018 ........ 179
नारायण दत्त तिवारी ........ 180
मीनल पटेल डेविस ........ 181
श्यामला शिमला का नया नाम : ........ 181
सौरभ कुमार ........ 181
पेटीएम भुगतान बैंक लिके नए एमडी एवं सीईओ . ........ 182
बाला भास्कर ........ 182
थम्पी कन्नंथनम ........ 183
इराक के नए राष्ट्रपति ........ 183
आईएमएफ के नए प्रमुख अर्थशास्त्री नियुक्त ........ 184
हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष ........ 184
वायु सेना के नए उपाध्यक्ष ........ 185
सीमा सुरक्षा बल के नए महानिदेशक ........ 185
राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण के पहले अध्यक्ष ........ 186
सशस्त्र सीमा बल के नए महानिदेशक ........ 186
चर्चित स्थल ........ 187
पूर्वोत्तर का पहला फ्लोटिंग वाटर हैंडलूम हट्स ........ 187
गोवा में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान का शिलान्यास ........ 187

झारसुगुड़ा हवाई अड्डे का नाम परिवर्तित....188
असम में टेक्नोलॉजी सुविधा केंद्र....188
गुजरात का पहला मेगा फूड पार्क....189
पुरस्कारसम्मान/....189
मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, 2018....190
ला लीगा शीर्ष-स्कोरर पुरस्कार .... **Error! Bookmark not defined.**
संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार पुरस्कार, 2018....191
बाल साहित्य सम्मान, 2017....191
इंफोसिस पुरस्कार, 2018....192
सखारोव पुरस्कार, 2018....192
विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन स्टार्टअप पुरस्कार, 2018....193
सियोल शांति पुरस्कार, 2018....193
मिस डीफ एशिया, 2018....194
इंटरनेशनल वोन कॉरमन विंग्स अवॉर्ड, 2018....194
प्रेस फ्रीडम अवॉर्ड्स, 2018....195
सोशल मीडिया बेस्ट कैम्पेनिंग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त राज्य....196
चिकित्सा विज्ञान का नोबल पुरस्कार, 2018....196
27वां व्यास सम्मान, 2018....197
हृदयनाथ मंगेशकर पुरस्कार, 2018....197
आइंस्टीन पुरस्कार, 2019....198
फ्यूचर पॉलिसी अवॉर्ड, 2018....198
उस्ताद चांद खान लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2018....199
राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार, 2018....199
मैन बुकर पुरस्कार, 2018....200
अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के खेल और सक्रिय सोसायटी आयोग का अनुदान पुरस्कार....200

टैगोर सांस्कृतिक समरसता पुरस्कार, 2014-15 एवं 2016 ............ 201
लता मंगेशकर अवॉर्ड, 2018 ............ 201
चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड, 2018 ............ 202
योजनापरियोजना/ ............ 203
पलटना गैस तापीय विद्युत परियोजना ............ 203
तारली सिंचाई परियोजना ............ 204
सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना 2018-19 ............ 205
सीसीईए द्वारा मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष की स्थापना को मंजूरी ............ 206
रेल धरोहर डिजिटलीकरण परियोजना ............ 206
महिंद्रा ग्रामीण भारत और उपभोग योजना ............ 207
रेल विरासत डिजिटलीकरण परियोजना ............ 207
सॉवरेन गोल्ड बांड योजना, 2018-19 ............ 208
दुगनी बराज परियोजना ............ 209
मुख्यमंत्री लोक भवन योजना ............ 209
स्वास्थ्य में सहभागिता योजना ............ 210
मेधा प्रोत्साहन योजना ............ 210
मजदूरी क्षतिपूर्ति योजना ............ 211
नदी प्रदूषण समाप्ति योजना ............ 211
ऑपरेशनअभियान/ ............ 212
अल्ट्रा साइकिल अभियान ............ 212
RBI का ओपेन मार्केट ऑपरेशन ............ 212
संयुक्त सैन्य अभ्यास इंद्र, 2018 ............ 213
भारतसेवा अभ्यास-अमेरिका त्रि- ............ 213
संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन, 2018 ............ 214
इबसमर )IBSAMAR)-VI, 2018 ............ 214

आयोगसमिति/ ........ 215
प्रतिस्पर्धा अधिनियम समीक्षा समिति ........ 215
केंद्र सरकार द्वारा लोकपाल खोज समिति ........ 216
सम्मेलनसमारोह/ ........ 216
सार्वजनिक खरीद और प्रतिस्पर्धा कानून पर राष्ट्रीय सम्मेलन, 2018 ........ 216
द्वितीय नौसैन्य कमांडर सम्मेलन, 2018 ........ 217
भारतयूएई भागीदारी शिखर सम्मेलन-, 2018 ........ 217
अग्नि-I मिसाइल का सफल रात्रिकालीन परीक्षण ........ 218
वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर पहला वैश्विक सम्मेलन, 2018 ........ 219
सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में अच्छे, प्रतिकृति प्रथाओं और नवाचारों पर पांचवां राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन, 2018 ........ 219
आदि महोत्सव, 2018 ........ 220
यूपी के तीन जिलों में का आयोजन 'गीत रामायण' ........ 220
एमएसएमई सेक्टर के लिए सहयोग एवं संपर्क कार्यक्रम ........ 221
अंतरराष्ट्रीय नृत्य समारोह ........ 222
केंद्रीय और राज्य सूचना संगठनों का 26वां सम्मेलन ........ 222
हिमालयी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन ........ 223
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन ........ 224
भारतबांग्ला सीमा सम्मेलन- ........ 224
25वां डीएसटीसीआईआई प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन- ........ 225
5वां हमारा महासागर सम्मेलन, 2018 ........ 225
C40 मेयर शिखर सम्मेलन, 2019 ........ 225
विश्व शांति अहिंसा सम्मेलन, 2018 ........ 226
भारतीय महिला जैविक महोत्सव, 2018 ........ 227
नैसकॉम व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन सामरिक शिखर सम्मेलन ........ 227
कृषि कुंभ, 2018 ........ 228

5वां इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव, 2018 ........ 228
12वां एशिया) यूरोप मीटिंग-ASEM) शिखर सम्मेलन, 2018 ........ 229
वैश्विक भागीदारी मंच, 2018 ........ 229
तीसरी हिमाचल प्रदेश विज्ञान कांग्रेस ........ 230
वैज्ञानिक सम्मान समारोह ........ 230
अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन, 2018 ........ 231
कोरल रीफ्स की स्थिति और संरक्षण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन )STAPCOR)-2018 ........ 231
अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की पहली सभा ........ 232
संधिसमझौता/ ........ 233
अटल नवाचार मिशन तथा 'टैलेंट एंड सक्सेस'के बीच समझौता ........ 233
ब्रिटिश काउंसिल, अरुणाचल प्रदेश सरकार के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर ........ 234
भारतमोरक्को समझौता- ........ 235
पारस्परिक सहयोग के लिए कोच्चि, विलनियस समझौता ........ 235
टीमद्रास के बीच समझौता.टी.आई.और आई .ए.जी.ई.एन. ........ 236
भारतरूसी संघ में समझौता- ........ 236
आईएसए के समझौता ढांचे में संशोधन ........ 237
तेल विपणन कंपनियों और सीएसीएसपीवी में समझौता- ........ 237
सीआईआई और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के बीच समझौता ........ 239
श्री नैना देवी और श्री आनंदपुर साहिब के बीच रोपवे निर्माण हेतु समझौता ........ 240
ब्रिक्स देशों के बीच दो क्षेत्रों में सहयोग हेतु समझौता ........ 242
आईसीएआई-सीपीए अफगानिस्तान में समझौता ........ 242
भारत-इस्राइल रक्षा समझौता ........ **Error! Bookmark not defined.**
भारत क्रोएशिया समझौता ........ 244
विश्वभर के पूंजीगत सामान उत्पादकों और भारत की इस्पात कंपनियों में समझौता ........ 245
आईसीएआई और केन्या के इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक एकाउंटेंट्स में समझौता ........ 246

विधिन्याय/ ........ 247

मलेशिया में मृत्युदंड की समाप्ति पर सहमति ........ 247

निर्णयन प्राधिकरण का गठन और अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना ........ 248

वर्षसप्ताह/दिवस/ ........ 249

राष्ट्रीय मिरगी दिवस, 2018 ........ 249

विश्व सुनामी जागरूकता दिवस ........ 250

पत्रकारों के विरुद्ध अपराधों के लिए प्रतिरोध को समाप्त करने हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस ........ 250

विश्व पोलियो दिवस ........ 251

संयुक्त राष्ट्र दिवस ........ 251

विश्व श्रव्यदृश्य विरासत दिवस- ........ 252

विश्व मधुमेह दिवस ........ 252

विश्व शौचालय दिवस, 2018 ........ 253

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस ........ 253

विश्व पर्यावास दिवस ........ 254

विश्व हृदय दिवस ........ 254

अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस ........ 255

विश्व समुद्री दिवस ........ 255

विश्व विद्यार्थी दिवस ........ 256

अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस ........ 256

विश्व ट्रामा दिवस (आघात) ........ 257

अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस ........ 257

राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस ........ 257

विश्व सांख्यिकी दिवस ........ 258

विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस ........ 258

अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस ........ 259

राष्ट्रीय महिला किसान दिवस ..... 259

अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस यूएन डाक एजेंसी की स्मारक टिकटें ..... 260

विश्व रेबीज दिवस ..... 260

पुस्तकें ..... 261

बांग्लादेश पुस्तक मेला ..... 261

गुरमीत बेदी द्वारा मुख्यमंत्री को अपनी साहित्यिक कृतियां भेंट ..... 261

पुस्तक-'ब्रीफ आन्सर्स टूर द बिग क्वेश्चन्स' ..... 262

पुस्तकहील्ड- ..... 262

पुस्तक 'अजेय योद्धा : महाराणा प्रताप' - ..... 263

पुस्तक-'हरियाणा के प्रमुख तीर्थ'हिंदुस्तान की महान हस्तियां' और ' ..... 263

पुस्तक 'योगी आदित्यनाथ की जीवन यात्रा-योद्धा योगी' ..... 264

पुस्तक-'द लीडरशिप' ..... 264

पुस्तक 'ललिता ऑफ्टर शास्त्रीजी' ..... 264

पुस्तक 'एन अनटचेबल फैमिली एंड द मेकिंग ऑफ मार्डन इंडिया : एंटस एमांग एलीफेंट' - ..... 265

पुस्तक 'वार्तालाप और प्रतिबिंब : भारतीय खेल' - ..... 265

विविध ..... 266

'बड़ौदा का चांद' ..... 266

एयरसेवा 2.0 वेब पोर्टल ..... 267

देशभर में अनारक्षित टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग सेवा का शुभारंभ ..... 268

फ्लाइट बोइंग -737 ..... 268

चांगसा घोषणापत्र- ..... 269

किसानों की आय राज्यपालों के समिति की रिपोर्ट : ..... 269

क्रिस एवर्ट WTA विश्व न .1 ट्रॉफी ..... 270

बायोफैक इंडिया, 2018 ..... 270

भारत म्यामांर के मध्य राष्ट्रीय स्तर की-22वीं बैठक ..... 271

इफ्को विश्व की सबसे बड़ी सहकारिता कंपनी : ........ 271
दो नई पहलेंएलईएपी और एआरपीआईटी लांच- ........ 272
शांति स्थापना पहल हेतु भारतीय अभिदान ........ 273
विश्व की पहली बायो इलेक्ट्रॉनिक दवा ........ 274
दिल्ली शृंखला सामुद्रिक शक्ति संगोष्ठी ........ 274
गोवा समुद्रीय संगोष्ठी, 2018 ........ 275
द ट्रिब्यूट रन ........ 275
आईटीओ पर बने स्काई वॉक और फुटओवर ब्रिज का-उद्घाटन ........ 276
वैश्विक जोखिम वित्तीयन सुविधा )GRIF) ........ 276
विश्व की सबसे लंबी नॉन स्टॉप उड़ान सिंगापुर से न्यूयॉर्क ........ 277
उत्तर प्रदेश में तीन शक्तिपीठों पर लगने वाले मेला का प्रांतीयकरण ........ 278
घृणास्पद भोजन संग्रहालय )disgusting food musium) ........ 278
भारत सर्वाधिक अवसाद ग्रस्त देश ........ 279
गिर वन राष्ट्रीय पार्क में शेरों का टीकाकरण ........ 280
100 महानतम विदेशी भाषा की फिल्में ........ 280
चाबहार बंदरगाह अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट : ........ 281
देश की पहली क्रूज सेवा 'अंगरिया' ........ 281
हिम प्रगति पोर्टल ........ 282
कालाहांडी संवाद ........ 282
गौमंत्रालय- ........ 283
स्टार्टअप कॉन्क्लेव का आयोजन- ........ 283
'कॉस्मो-2018' ट्रेडफेयर ........ 284
स्वजल कार्यक्रम की अंतरराज्यीय कार्यशाला ........ 285
मंगलुरू साहित्यिक महोत्सव, 2018 ........ 285
इंडोनेशियाई विमान दुर्घटना ........ 285

लिटिल इंडिया गेट ........ 286

वैप-5 ........ 286

झूठी खबरों की निगरानी हेतु वेबआधारित उपकरण- ........ 287

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 25 वर्ष ........ 287

'वर्ल्ड रिले-2019' का आयोजन जापान में ........ 288

बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली ........ 289

कानूनी तौर पर गर्भपात कराने की अनुमति ........ 289

आजाद हिंद सरकार की 75वीं जयंती पर ध्वजारोहण ........ 290

छठां भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिल्क मेला, 2018 ........ 290

फ्रेंचजर्मन मोबाइल एस्टेरॉयड सरफेस स्काउट- ........ 291

हरिकेन लेस्ली ........ 291

अल्फांसो आम को जीआई टैग ........ 292

विश्व के सर्वाधिक नवोन्मेशी विश्वविद्यालय, 2018 ........ 292

बहराइच और खलीलाबाद के बीच नई रेल लाइन ........ 293

सागर संवाद 2.0 ........ 293

हरिकेन विला ........ 294

स्वास्थ्य और पोषण पर कार्यशाला ........ 294

राष्ट्रीय पुलिस स्मारक ........ 295

'NCR रास्ताऐप 'यात्री रास्ता' एवं ' ........ 296

एनजीओ सुकार्य की रिपोर्ट ........ 296

विश्वस्तरीय- खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ........ 297

पशु संजीवनी सेवा ........ 297

36वां इंडिया कॉरपेट एक्सपो, 2018 ........ 298

इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2018 ........ 298

अकादमिक और अनुसंधान सहयोग संवर्धन योजना का वेब पोर्टल लांच (स्पार्क) ........ 299

ट्रॉमी टाइफून ........ 299
पांच बंदरगाहों हेतु मुख्य सेवा प्रदाता की नियुक्ति........ 300
बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली )FFEWS) ........ 300
राजमाता विजयराजे सिंधिया की जन्मशती मनाने का निर्णय ........ 301
मोबाइल ऐप लांच 'जन धन दर्शक' ........ 301
हैदराबाद मेट्रो देश का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क बना। ........ 302
रेल मंत्रालय का पखवाड़ा 'स्वच्छता ही सेवा' ........ 303
भारत में सिगरेट पैकेट पर चित्रमय चेतावनी ........ 303

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## जी-20 का 13वां शिखर सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-30 नवंबर से 1 दिसंबर, 2018 के मध्य जी-20 का 13वां शिखर सम्मेलन कहां संपन्न हुआ?**

(a) हैम्बर्ग (b) ब्यूनस आयर्स (c) हांगझाऊ (d) सेंटपीटर्सबर्ग

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 नवंबर से 1 दिसंबर, 2018 के मध्य जी-20 का 13वां शिखर सम्मेलन ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में संपन्न हुआ।
- सम्मेलन में यूरोपीय संघ (EU) के अध्यक्ष सहित सभी सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों ने भी प्रतिभाग किया।
- इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता अर्जेंटीना के राष्ट्रपति मॉओरिसियो माकरी (Mauricio Macri) ने की।
- इस शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।
- प्रधानमंत्री ने बदलते वैश्विक परिदृश्य में सतत विकास की अहमियत पर जोर दिया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा के अहम पहलू और इसकी चुनौतियों पर भी बल दिया।
- इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व के प्रमुख नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।
- इस शिखर सम्मेलन में शक्तिकांत दास भारत के शेरपा रहे।
- सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मध्य त्रिपक्षीय वार्ता हुई।
- इस वार्ता में तीनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आपसी सहयोग बढ़ाने और तीनों देशों के बीच अधिक बातचीत को प्रोत्साहित करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया।
- इसके अलावा, तीनों नेताओं ने आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए और सभी मतभेदों के शांतिपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करने के लिए भी सहमत हुए।
- इस सम्मेलन के दौरान 30 नवंबर, 2018 को ब्रिक्स नेताओं की अनौपचारिक वार्षिक बैठक (Informal BRICS Leaders' Meeting) भी संपन्न हुई।

- ज्ञातव्य है कि जी-20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक एवं वित्तीय व्यवस्था से संबंधित मामलों एवं परामर्श का एक महत्वपूर्ण मंच है।
- इसमें 19 देश तथा यूरोपीय संघ शामिल हैं।
- जी-20 समूह के सभी सदस्य समग्र रूप से विश्व की जनसंख्या का दो-तिहाई, विश्व जी.डी.पी. का लगभग 85 प्रतिशत तथा विश्व व्यापार का लगभग 75 प्रतिशत भाग का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- जी-20 की स्थापना पूर्व एशियाई वित्तीय संकट के बाद वर्ष 1999 में हुई थी।
- स्थापना के बाद वर्ष 2000 से प्रतिवर्ष इसके सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों एवं केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक प्रारंभ हुई।
- वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय संकट के मद्देनजर वर्ष 2008 से जी-20 के राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों की शिखर बैठक प्रारंभ हुई।
- इसकी प्रथम शिखर बैठक वर्ष 2008 में वाशिंगटन डी.सी. अमेरिका में हुई थी।
- वर्ष 2010 तक इसे अर्द्ध वार्षिक आधार पर आयोजित किया गया, जबकि वर्ष 2011 से इसे प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है।
- जी-20 का 12वां शिखर सम्मेलन हैम्बर्ग, जर्मनी में आयोजित किया गया था।
- जी-20 का 14वां शिखर सम्मेलन ओसाका, जापान में प्रस्तावित है।
- उल्लेखनीय है कि भारत वर्ष 2022 में जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

**संबंधित लिंक...**

http://www.g20.utoronto.ca/summits/2018buenosaires.html
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=186051

## 31 उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण

**प्रश्न-29 नवंबर, 2018 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार से कुल 31 उपग्रहों को प्रक्षेपण सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस मिशन के तहत प्रक्षेपित मुख्य उपग्रह कौन है?**



(a) सेंटौरी (b) फैक्सैट (c) हायसिस (d) फ्लॉक

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 नवंबर, 2018 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र शार के प्रथम लांच पैड से भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) की 45वीं उड़ान (मिशन PSLV-C43/हायसिस) सफलतापूर्वक संपन्न हुई।
- इस मिशनके तहत प्रक्षेपित मुख्य उपग्रह (Primary Satellite) भारत का 'हाइपर-स्पेक्ट्रल इमेजिंग सैटेलाइट' (HysIS: Hyper-Spectral Imaging Satellite) है।
- रॉकेट ने अपने उड़ान भरने के लगभग 17 मिनट एवं 19 सेकंड पश्चात 'हायसिस उपग्रह', को 645 किमी. की ऊंचाई पर स्थित 'सूर्य-तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्ष' (Sun-synchronous Polar Orbit) में स्थापित कर दिया।
- हायसिस उपग्रह के अतिरिक्त PSLV-C43 ने इस मिशन के अंतर्गत 8 देशों के 30 विदेशी उपग्रहों को भी उनकी निर्धारित कक्षा में स्थापित किया।
- सभी 30 सहयात्री उपग्रह 504 किमी० की ऊंचाई वाली ध्रुवीय सूर्य-तुल्यकालिक कक्षा (SSO) में स्थापित किए गए।
- दो अलग-अलग कक्षाओं में उपग्रहों को स्थापित करने के लिए PSLV के चौथे चरण के इंजनों को दो बार पुनर्प्रारंभ (Restart) करना पड़ा।
- इस मिशन की कुल अवधि 1 घंटा एवं 49 मिनट रही।
- उल्लेखनीय है कि 380 किग्रा. वजनी हायसिस एक भू-अवलोकन उपग्रह (Earth Observestion Satellite) है।
- हायसिस उपग्रह का मुख्य उद्देश्य विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम के दृश्य (Visible) निकट अवरक्त (Near Infrared) तथा शार्टवेव अवरक्त (Shortwave Infrared) क्षेत्रों में पृथ्वी की सतह का अध्ययन करना है।
- हायसिस उपग्रह की मिशन अवधि 5 वर्ष है।
- जिन 30 विदेशी उपग्रहों का प्रक्षेपण इस मिशन के अंतर्गत किया गया उनमें एक माइक्रो एवं 29 नैनो उपग्रह शामिल हैं।
- ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, कोलंबिया, फिनलैंड, मलेशिया, नीदरलैंड्स तथा स्पेन के एक-एक तथा अमेरिका के 23 उपग्रह सघः मिशन के तहत प्रक्षेपित किए गए।
- यह पहला अवसर था, जब पीएसएलवी के माध्यम से ऑस्ट्रेलिया, कोलंबिया, मलेशिया तथा स्पेन के किसी उपग्रह को प्रक्षेपित किया गया।
- सघः मिशन के तहत प्रक्षेपित किए गए सभी 30 सहयात्री उपग्रहों का का कुल वजन 261.5 किग्राः है।

- ज्ञातव्य है कि सघः मिशन में PSLV के सबसे हल्के 'कोर अलोन' (Core Alone) संस्करण का प्रयोग किया गया।

**संबंधित लिंक...**
https://www.isro.gov.in/update/29-nov-2018/pslv-c43-successfully-launches-hysis-and-30-customer-satellites

## केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) पर राष्ट्रीय निगरानी रूपरेखा को मंजूरी

**प्रश्न-24 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संबद्ध लक्ष्यों के साथ सतत विकास लक्ष्यों की निगरानी हेतु राष्ट्रीय संकेतक ढांचे (NIF) की समय-समय पर समीक्षा और उसमें सुधार हेतु किसकी अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय प्राक्कलन समिति के गठन को मंजूरी दी?**



(a) उपाध्यक्ष, नीति आयोग
(b) सीईओ, नीति आयोग
(c) सचिव, वित्त मंत्रालय
(d) सचिव, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय तथा भारत के मुख्य सांख्यिकीविद्
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने संबद्ध लक्ष्यों के साथ सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की निगरानी हेतु राष्ट्रीय संकेतक ढांचे (NIF) की समय-समय पर समीक्षा और उसमें सुधार हेतु एक उच्चस्तरीय प्राक्कलन समिति के गठन को मंजूरी दी।
- इस उच्चस्तरीय समिति की अध्यक्षता भारत के मुख्य सांख्यिकीविद् तथा सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव करेंगे।
- समिति में आंकड़ा स्रोत मंत्रालयों और नीति आयोग के सचिव सदस्य के रूप में होंगे।
- इसके अलावा अन्य संबद्ध मंत्रालयों के सचिव विशेष आमंत्रित होंगे।
- इसका कार्य समय-समय पर संकेतकों में सुधार सहित राष्ट्रीय संकेतक ढांचे की समीक्षा करना होगा।
- इसका लक्ष्य विकास संबंधी चुनौतियों का सामना करने हेतु वर्तमान राष्ट्रीय कार्यक्रमों और रणनीतिक कार्य योजनाओं में मुख्य सतत विकास लक्ष्यों के उपाय करना है।

- ज्ञातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 70वें अधिवेशन में अगले 15 वर्षों के लिए सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों पर विचार किया और उसे स्वीकृत किया।
- 1 जनवरी, 2016 से 17 सहस्राब्दी विकास लक्ष्य अस्तित्व में आए।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184326
https://www.business-standard.com/article/economy-policy/cabinet-approves-nif-monitoring-framework-for-sustainable-development-goals-118102400947_1.html

## लंबे समय तक साथ रहना विवाह समान है-सुप्रीम कोर्ट

**प्रश्न–हाल ही में उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए एक निर्णय के अनुसार किसी युगल का लंबे समय तक साथ रहना विवाह समान माना गया। उपर्युक्त निर्णय के अनुसार कोई महिला अपराध प्रक्रिया संहिता की किस धारा के तहत रख–रखाव का दावा कर सकती है?**




(a) धारा-125 (b) धारा-225 (c) धारा-135 (d) धारा-142

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के एक फैसले के खिलाफ एक महिला की अपील पर अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि यदि कोई युगल पति और पत्नी के रूप में एक साथ रहता है कानूनी रूप से विवाहित होता है और ऐसी स्थिति में महिला अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत वह रख-रखाव का दावा कर सकती है।
- न्यायाधीश आर. भानुमति और इंदिरा बैनर्जी की खंडपीठ ने अपने निर्णय में कहा कि -ऐसे मामलों में जहां एक पुरुष एक महिला के साथ लंबी अवधि तक साथ रहता है, भले ही उसके लिए वैध विवाह की कानूनी आवश्यकता न हो, यदि वह उसे छोड़ देता है तो भी उसे महिला के रख-रखाव के लिए उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए।
- निर्णय में यह भी कहा गया कि किसी भी व्यक्ति को कर्तव्यों और दायित्वों से रहित किसी वास्तविक शादी जैसे फायदे का आनंद उठाकर कानून की कमी का लाभ उठाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

**संबंधित लिंक...**

https://www.livelaw.in/strict-proof-of-marriage-not-needed-for-maintenance-proceedings-under-sec-125-crpc-reiterates-sc-read-judgment/
https://www.sci.gov.in/judgments

## सरकारी स्कूलों का जीपीएस मानचित्रण

**प्रश्न–हाल ही में सरकारी स्कूलों का जीपीएस मानचित्रण किस राज्य में शुरू किया गया?**

(a) मिजोरम (b) नगालैंड (c) असम (d) केरल



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 को मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो (Neiphiu Rio) द्वारा सरकारी स्कूलों और कार्मिक स्थान प्रणाली (पीएलएस) का जीपीएस मानचित्रण कोहिमा, नगालैंड में शुरू किया गया है।
- यह सभी सरकारी स्कूलों के रिकार्डों को कंप्यूटरीकरण और डिजिटलीकरण में मदद करेगा।
- देश में यह पहली तरह की पहल है जो राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुरू किया गया।

**संबंधित लिंक...**

http://www.easternmirrornagaland.com/with-gps-mapping-govt-schools-go-digital/
http://www.nagalandpost.com/cm-rio-launches-gps-mapping-of-govt-schools/184660.html

## कंपनी संशोधन (अध्यादेश), 2018

**प्रश्न–हाल ही में कंपनी संशोधन (अध्यादेश), 2018 प्रख्यापित किया गया इस अध्यादेश का उद्देश्य है–**

(a) व्यापार सुगमता को प्रोत्साहन देना

(b) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि करना

(c) सार्वजनिक कंपनियों के विनिवेश को प्रोत्साहन देना

(d) सार्वजनिक एवं निजी साझेदारी को बढ़ावा देना।




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 नवंबर, 2018 को 'कंपनी संशोधन (अध्यादेश), 2018 प्रख्यापित किया गया।
- अध्यादेश का उद्देश्य बेहतर कॉर्पोरेट अनुपालन के साथ व्यापार सुगमता को प्रोत्साहन देना है।अध्यादेश की प्रमुख विशेषताएं अग्रलिखित हैं-
- 16 प्रकार के कॉर्पोरेट अपराधों का क्षेत्राधिकार विशेष न्यायालयों से स्वगृह न्याय निर्णयन को स्थानांतरित कर दिया गया है।
- इससे विशेष अदालतों के मुकदमा भार में 60% से अधिक की कमी आएगी।

- इस संशोधन से स्वगृह न्याय निर्णयन का क्षेत्र अधिनियम की मौजूदा 18 धाराओं से बढ़कर 34 धाराओं तक हो गया है।
- छोटी कंपनियों एवं एकल व्यक्ति कंपनियों के लिए जुर्माना को घटाकर सामान्य कंपनियों पर लगने वाले जुर्माने का आधा कर दिया गया है।
- अध्यादेश में एक ऑनलाइन मंच पर एक पारदर्शी तथा प्रौद्योगिकी संचालित स्वगृह न्याय निर्णयन तंत्र की स्थापना और वेबसाइट पर आदेशों के प्रकाशन का प्रावधान किया गया है।
- अधिनियम की धारा 441 के तहत निर्धारित क्षेत्रीय निदेशक की आर्थिक क्षेत्राधिकार की सीमा को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर अध्यादेश में 25 लाख रुपये कर दी गई हैं।

**संबंधित लिंक...**

http://www.prsindia.org/billtrack/the-companies-amendment-ordinance-2018-5489/
http://www.prsindia.org/uploads/media/Company%202018/Ordinance%20Summary%20-%20Companies%20(A)%20Ordinance,%202018.pdf

## गृह मंत्रालय द्वारा SDR निधि से आंध्र प्रदेश को सहायता राशि की मंजूरी

**प्रश्न–हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा SDRF निधि (राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि) से आंध्र प्रदेश को कितने रुपये की सहायता राशि की मंजूरी दी गई है?**




(a) 229.05 करोड़ रुपये (b) 245.00 करोड़ रुपये
(c) 265.00 करोड़ रुपये (d) 285.00 करोड़ रुपये

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने SDRF (राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि) केंद्रीय अंश के रूप में 229.05 करोड़ रुपये की सहायता राशि को मंजूरी प्रदान की।
- यह सहायता राशि की द्वितीय अग्रिम किश्त (वर्ष 2018-19 हेतु) है।
- जबकि आगे की सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि (NDRF) से प्रदान की जाएगी।
- NDRF की ये सहायता IMCT (अंतर मंत्रालयी केंद्रीय दल) की रिपोर्ट के आधार पर ही दी जाएगी।11 अक्टूबर, 2018 को आंध्र प्रदेश को गंभीर चक्रवाती तूफान तितली का सामना करना पड़ा था।

- जिससे आंध्र प्रदेश के दो जिले श्रीकाकुलम और विजयनगरम गंभीर रूप से प्रभावित हुए थे।यह सहायता राशि आपदा प्रभावित लोगों को राहत उपाय प्रदान करने में राज्य की मदद करने के लिए है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551974

## ट्रेन 18 का परीक्षण

**प्रश्न–हाल ही में देश की पहली सेमी हाईस्पीड ट्रेन 'ट्रेन 18'का परीक्षण किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन–सा तथ्य सही नहीं है?**



(a) इसका परीक्षण 29 अक्टूबर, 2018 को किया गया।
(b) यह पूर्णतः स्वदेश में ही निर्मित पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन है।
(c) यह एक ट्रेन सेट है जिसमें अलग से इंजन नहीं है।
(d) इस ट्रेन की अधिकतम गति 165 किमी./घंटा है।

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन ट्रेन'18' का परीक्षण किया गया।
- यह पूर्णतः स्वदेश में ही निर्मित पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन है।
- मेट्रो ट्रेन की भांति यह एक ट्रेन सेट है, जिसमें अलग से इंजन नहीं है।
- इस ट्रेन को मेक इन इंडिया के तहत चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में निर्मित किया गया है।यह ट्रेन 100 करोड़ रुपये की लागत से मात्र 18 माह में निर्मित की गई है।
- यह एक हाईटेक, ऊर्जा-कुशल, बिना इंजन के चलने वाली ट्रेन है।
- इस ट्रेन की अधिकतम गति 160 किमी/घंटा है।
- यह ट्रेन इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन पर सेल्फ-प्रोपेल्ड मोड में चलती है।
- इसमें आरामदायक कुर्सियों के साथ-साथ यात्रियों के मनोरंजन हेतु वाईफाई और इंटरटेनमेंट की पूरी सुविधा है।पूर्णतः वातानुकूलित इस ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं।
- अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) द्वारा लगभग 80 दिनों तक इस ट्रेन का परीक्षण किया जाएगा।
- जनवरी, 2019 में यह ट्रेन भोपाल से दिल्ली के मध्य संचालित की जाएगी।
- यह ट्रेन अत्याधुनिक सेफ्टी फीचर्स से युक्त है।

**संबंधित लिंक...**

https://en.wikipedia.org/wiki/Train_18

## संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा राज्य मंत्री भारत के दौरे पर

**प्रश्न–हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा राज्य मंत्री भारत के दौरे पर आए उनका नाम है?**

(a) शेख अहमद बिन जयाद अल नहयान (b) मोहम्मद अहमदा अल बोवार्दी अल फलासी (c) हमीद जयाद अल बोवार्दी (d) मोहम्मद अल नहयान



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के रक्षा राज्य मंत्री मोहम्मद अहमद अस बोवार्दी अल फलासी, रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण के निमंत्रण पर भारत की आधिकारिक यात्रा पर आए।इस यात्रा के दौरान उन्होंने, सेनाओं के स्तर पर आदान-प्रदान बढ़ाने, प्रशिक्षण, सैन्य चिकित्सा और रक्षा उद्योग से संबंधित विषयों पर सहमति जताई।
- संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्री बंगलुरू स्थित हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लि. (HAL), भारत इलेक्ट्रॉनिक लि. (BEL) और एयरक्राफ्ट एंड सिस्टम टेस्टिंग एस्टेब्लिशमेंट का दौरा किए।
- UAE के रक्षा राज्य मंत्री ने लाइट कंबोट एयर क्राफ्ट (LCA) तेजस में गहरी दिलचस्पी व्यक्त की।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1549891

## लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट, 2018

**प्रश्न–हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट, 2018' जारी की गई?**

**(a) विश्व वन्यजीव कोष (b) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम**

**(c) विश्व हरित जलवायु कोष (d) विश्व बैंक**




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को विश्व वन्यजीव कोष (WWF) द्वारा अपनी द्विवार्षिक रिपोर्ट 'लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट, 2018' जारी की गई।
- रिपोर्ट के भाग के रूप में 'लिविंग प्लैनेट इंडेक्स' जारी किया जाता है।

- इस सूचकांक में विश्व भर में कशेरूकी प्रजातियों की संख्या आधिक्य को मापकर वैश्विक जैव विविधता की निगरानी की जाती है।
- हालिया सूचकांक यह प्रदर्शित करता है कि 1970 से 2014 के मध्य कशेरूकी प्रजातियों की संख्या में 60% की गिरावट आई है।
- प्रजातियों की संख्या में यह गिरावट उष्णकटिबंधों में सर्वाधिक दर्ज की गई है, जिसमें दक्षिण एवं मध्य अमेरिका में 1970 की तुलना में 89% की हानि दर्ज की गई है।
- स्वच्छ जल प्रजाति सूचकांक के अनुसार 1970 से अब तक स्वच्छ जल प्रजातियों में 83% की गिरावट दर्ज की गई है।भूमि अपरदन वैश्विक स्तर पर पृथ्वी के 75 % पारितंत्र को गंभीर रूप से प्रभावित करता है जिसके कारण 3 बिलियन से अधिक लोग संकटग्रस्त होते हैं।
- रिपोर्ट के अनुसार अनुमान है कि वैश्विक प्रकृति एक वर्ष में 125 ट्रिलियन डॉलर मूल्य की सेवाएं प्रदान करती है।उल्लेखनीय है कि लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट पृथ्वी के स्वास्थ्य का एक विज्ञान आधारित आकलन है।
- वर्ष 1998 से इस रिपोर्ट द्वारा वैश्विक जैव-विविधता की स्थिति की निगरानी की जा रही है।

**संबंधित लिंक...**
https://s3.amazonaws.com/wwfassets/downloads/lpr2018_summary_report_spreads.pdf

## कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से निपटने और रोकथाम हेतु मंत्री समूह का गठन

**प्रश्न-24 अक्टूबर, 2018 को केंद्र सरकार ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से निपटने और रोकथाम हेतु किसकी अध्यक्षता में मंत्रि–समूह (GOM) का गठन किया?**



(a) मेनका गांधी (b) निर्मला सीतारमण (c) राजनाथ सिंह (d) नितिन गडकरी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से निपटने और रोकथाम हेतु कानून एवं संस्थागत रूपरेखा को मजबूत करने के लिए मंत्री-समूह (GOM) का गठन किया गया।केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह मंत्रि-समूह की अध्यक्षता करेंगे।
- मंत्रि-समूह के अन्य सदस्यों में सडक परिवहन एवं राजमार्ग जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्री और जहाजरानी मंत्री नितिन गडकरी, रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण और महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गांधी शामिल हैं।

- मंत्रि-समूह इस बारे में मौजूदा प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ ही कार्यस्थल पर यौन शोषण से जुड़े मामलों को निपटाने के लिए मौजूदा कानूनों एवं संस्थागत रूपरेखा को मजबूत करने के लिए आवश्यक सुझाव देगा।
- मंत्रि-समूह अपने गठन के 3 माह के भीतर महिलाओं की सुरक्षा के मौजूदा प्रावधानों, उन्हें और अधिक मजबूत करने और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की स्थिति की जांच करेगा।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550700

## वर्ष 2020 से देश में 'बीएस-4' श्रेणी के वाहनों की बिक्री नहीं होगी

**प्रश्न–हाल ही में किसने यह आदेश दिया कि 1 अप्रैल, 2020 से देश में बीएस-4 श्रेणी के वाहनों की बिक्री और पंजीकरण नहीं होगा?**




(a) एनजीटी (b) उच्चतम न्यायालय (c) केंद्र सरकार (d) दिल्ली उच्च न्यायालय

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को उच्चतम न्यायालय यह आदेश दिया कि 1 अप्रैल, 2020 से देश में 'भारत स्टेज-4' (BS-4) श्रेणी के वाहनों की बिक्री और पंजीकरण नहीं होगा।
- यह आदेश न्यायमूर्ति मदन बी. लोकुर न्यायमूर्ति एस. अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की तीन सदस्यीय 'पीठ' ने दिया।गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में घोषणा की थी। कि 1 अप्रैल, 2020 से देशभर में बीएस-6 उत्सर्जन नियम प्रभावी हो जाएंगे।
- संविधान पीठ ने इस बात का जिक्र किया कि विश्व के 20 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में भारत के 15 शहर हैं।ज्ञातव्य है कि बीएस-iv नियम 1 अप्रैल, 2017 से देशभर में लागू है।
- भारत स्टेज (BS) उत्सर्जन मानक वे नियम हैं, जो सरकार ने मोटर वाहनों से पर्यावरण में होने वाले प्रदूषण के नियमन के लिए बनाए गए हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://timesofindia.indiatimes.com/india/dont-ban-sale-of-bs-iv-vehicles-after-bs-vi-comes-in-force-in-2020-centre-to-sc/articleshow/60134164.cms

## फैजाबाद और इलाहाबाद मंडल का नाम परिवर्तित

**प्रश्न-अयोध्या और प्रयागराज मंडल में कितने जिले शामिल हैं?**




(a) 3 और 4 जिले (b) 4 और 3 जिले (c) 5 और 4 जिले (d) 4 और 5 जिले

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 नवंबर, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में फैजाबाद और इलाहाबाद मंडल का नाम परिवर्तित करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस मंजूरी के तहत अब फैजाबाद मंडल को अयोध्या मंडल और इलाहाबाद मंडल को प्रयागराज मंडल के नाम से जाना जाएगा।
- अयोध्या मंडल में 5 जिले-अयोध्या, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर बाराबंकी और अमेठी शामिल हैं।
- प्रयागराज मंडल में 4 जिले-प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ शामिल हैं।
- इसके अलावा मंत्रिमंडल द्वारा फैजाबाद का नाम परिवर्तित कर अयोध्या किए जाने से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई।
- उल्लेखनीय है कि हाल ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इलाहाबाद जिले का नाम परिवर्तित कर प्रयागराज और फैजाबाद का नाम परिवर्तित कर अयोध्या किए जाने की घोषणा की थी।
- अयोध्या प्राचीन काल में इक्ष्वाकु वंश की राजधानी रही है।
- मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्म स्थल के रूप में अयोध्या विश्व विख्यात है।

**संबंधित लिंक...**

http://information.up.nic.in/attachments/files/5beac87f-376c-4f53-870a-3cc00af72573.pdf

## आईआईएम के नए बोर्डों के गठन की प्रक्रिया को मंजूरी

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा किस अधिनियम के अंतर्गत भारतीय प्रबंधन संस्थानों (IIMs) के नए बोर्डों के गठन से संबंधित संवैधानिक प्रक्रिया को मंजूरी प्रदान की गई?**

(a) भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2007

(b) भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2009

(c) भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2016

(d) भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 नवंबर, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम, 2017 के अंतर्गत भारतीय प्रबंधन संस्थानों (IIMs) के नए बोर्डों के गठन से संबंधित संवैधानिक प्रक्रिया को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस अधिनियम के अंतर्गत मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने भारतीय प्रबंधन संस्थानों (20) के नए बोर्डों के गठन की प्रक्रिया को अनुमोदित किया।
- यह प्रक्रिया भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम 2017 की धारा 10 के प्रावधानों के अनुरूप है।
- इसे विधि और न्याय मंत्रालय से परामर्श करने के बाद मंजूरी प्रदान की गई।
- नई प्रक्रिया के तहत बोर्डों का गठन पूरा होने के पश्चात भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम के अंतर्गत नियम जारी किए जाएंगे, जिससे संचालन प्रक्रिया और स्पष्ट रूप से परिलक्षित होगी। भारतीय प्रबंधन संस्थान अधिनियम 2017 के तहत आईआईएम को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान घोषित करने के साथ ही स्वायत्तता प्रदान की गई है।
- इस अधिनियम के तहत ये संस्थान अपने छात्रों को डिग्री प्रदान कर सकेंगे।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184706

## माजुली द्वीप के लिए रो-रो सेवा आरंभ

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) द्वारा असम सरकार के सहयोग से माजुली द्वीप के लिए रोल ऑन-रोल ऑफ (रो-रो) सेवा शुरू की गई। है यह सुविधा शुरू की गई है-**

(a) नीमच और माजुली द्वीप के बीच (b) नीमाती और माजुली द्वीप के बीच
(c) कमलाबारी और माजुली द्वीप के बीच (d) धेमाजी और माजुली द्वीप के बीच



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 अक्टूबर, 2018 को भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) द्वारा असम सरकार के सहयोग से माजुली द्वीप के लिए रोल ऑन-रोल ऑफ (रो-रो) सेवा शुरू की गई।
- नई रो-रो (Ro-Ro) सेवा को असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह सुविधा असम स्थित नीमाती और माजुली द्वीप के बीच शुरू की गई है।

- इस सुविधा के कारण 423 किमी. की सड़क मार्ग की दूरी घटकर मात्र 12.7 किमी. रह गई है।
- इस नई सेवा हेतु भारतीय अंतर्देशीय जलगार्म प्राधिकरण ने 9.46 करोड़ रुपये की लागत से एक नया पोत एमवी भूपेन हजारिका खरीदा है जो 46.5 मीटर लंबा और 13.3 मीटर चौड़ा है।
- इस पोत (जलयान) की एक बार में 8 ट्रक और 100 यात्रियों को ले जाने की क्षमता है।
- आईडब्ल्यूएआई की ब्रह्मपुत्र नदी पर उपयोग हेतु कुछ और जलयान खरीदने की योजना है।
- इससे पूर्व भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) द्वारा इसी प्रकार की रो-रो सेवा असम में धुबरी और हतसिंगीमारी के बीच शुरू की जा चुकी है।
- इस सेवा हेतु धुबरी में एक स्थायी रो-रो टर्मिनल निर्मित किया गया है।
- ब्रह्मपुत्र नदी के 11 स्थानों पर तैरते हुए टर्मिनल निर्मित किए गए है।
- रो-रो फेरी सेवा से तात्पर्य उस प्रकार की यात्रा सेवा से है जिनकी सहायता से जलमार्ग पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि बह्मपुत्र नदी में स्थित माजुली द्वीप विश्व का सबसे बड़ा नदी द्वीप है।
- सितंबर, 2016 में माजुली द्वीप को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया था।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184096

## टाटा टेक्नोलॉजीज और उत्तर प्रदेश सरकार के मध्य कौशल, आविष्कार तथा नवाचार केंद्र स्थापित करने पर सहमति

**प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा टेक्नोलॉजीज के मध्य हुई सहमति के तहत राज्य में टाटा टेक्नोलॉजीज द्वारा प्रथम चरण में, कितने कौशल, अविष्कार और नवाचार केंद्रों की स्थापना की जाएगी?**

(a) 4 (b) 5 (c) 6 (d) 8

**उत्तर-(b)**




**संबंधित तथ्य**


- 9 अक्टूबर, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और टाटा टेक्नोलॉजीज के अधिकारियों के बीच शास्त्री भवन, लखनऊ में बैठक संपन्न हुई।

- इस बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार और टाटा टेक्नोलॉजीज के मध्य राज्य में कौशल, आविष्कार और नवाचार केंद्र (Centre for Skills, Invention and Innovations) स्थापित करने पर सहमति हुई।
- इन केंद्रों में राज्य के इंजीनियरिंग कॉलेजों के छात्रों को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप आधुनिक तकनीकी में प्रशिक्षित कर रोजगार के लिए सक्षम बनाया जाएगा।
- प्रथम चरण में टाटा टेक्नोलॉजीज राज्य में 5 केंद्रों की स्थापना करेगा।
- इन केंद्रों की स्थापना पर लगभग 215 करोड़ रुपये की लागत आएगी जिसमें 88 प्रतिशत राशि टाटा टेक्नोलॉजीज द्वारा और शेष राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.pressreader.com/india/hindustan-times-lucknow/20181010/281539406912588

## मिशन अटल जॉइन्ट एक्सपेडिशन ऑफ यूटीडीबी एंड निम

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य के मुख्यमंत्री ने मिशन अटल जॉइन्ट एक्सपेडिशन ऑफ यूटीडीबी एंड निम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया?**



(a) उत्तराखंड (b) हिमाचल प्रदेश (c) असम (d) हरियाणा

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 अक्टूबर, 2018 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मिशन अटल जॉइन्ट एक्सपेडिशन ऑफ यूटीडीबी एंड निम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- यह मिशन उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और निम (नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंट नियरिंग) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है।
- इस मिशन के तहत उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद और निम की संयुक्त टीमें गंगोत्री ग्लेशियर स्थित 6557 मीटर और 6566 मीटर की अनाम चोटियों को 25-30 दिन के अंदर फतह करेंगी।
- उक्त दोनों अनाम चोटियों का नामकरण भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर अटल-1 और अटल-2 रखा जाएगा।
- इन चोटियों को अभी तक किसी पर्वतारोही द्वारा फतह नहीं किया गया है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.tribuneindia.com/news/himachal/mission-atal-expedition-flagged-off/663202.html

## उत्तर प्रदेश का पहला ओ.डी.एफ. मंडल घोषित

**प्रश्न-उत्तर प्रदेश में किस मंडल को प्रदेश का पहला खुले में शौच से मुक्त (ओ.डी.एफ.) मंडल घोषित किया गया है?**

(a) इलाहाबाद मंडल (b) आगरा मंडल (c) सहारनपुर मंडल (d) लखनऊ मंडल

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 सितंबर, 2018 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर जिले में पी.एन.टी. सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में सहारनपुर मंडल को पूर्णतः खुले में शौच से मुक्त (ओ.डी.एफ.) मंडल घोषित किया।
- यह प्रदेश का पहला ऐसा मंडल है जिसके सभी जिले ओ.डी.एफ. घोषित हो चुके हैं।
- सहारनपुर मंडल में 2 लाख 75 हजार से अधिक शौचालय (इज्जत घर) निर्मित किए गए हैं।

**संबंधित लिंक...**

http://information.up.nic.in/attachments/files/5bb0ddbf-f130-4b24-86d3-34310af72573.pdf

## 'फैब्रिक ऑफ यूनिटी'

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी द्वारा 'फैब्रिक ऑफ यूनिटी' का अनावरण कहां किया गया?**



(a) नई दिल्ली में (b) गुरुग्राम में (c) मुंबई में (d) अहमदाबाद में

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने सरदार वल्लभाई पटेल की जयंती के अवसर पर हरियाणा के गुरुग्राम में 'फैब्रिक ऑफ यूनिटी' का अनावरण किया।
- इस अवसर पर उन्होंने 'यूनिटी मार्च' को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184502

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान की आधिकारिक यात्रा

**प्रश्न-29 अक्टूबर, 2018 को '13वां भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन, 2018' कहां आयोजित हुआ?**

(a) नई दिल्ली (b) टोकियो (c) मुंबई (d) जयपुर




**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28-29 अक्टूबर, 2018 के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान की आधिकारिक यात्रा पर रहे।
- इस यात्रा के दौरान, उन्होंने टोकियो में आयोजित '13वें भारत-जापान वार्षिक सम्मेलन, 2018' में भाग लिया।
- 29 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री शिंजो अबे के साथ टोकियो में प्रतिनिधिस्तर की वार्ता की।
- यह प्रधानमंत्री मोदी तथा जापानी प्रधानमंत्री शिंजो अबे के बीच पांचवीं वार्षिक बैठक तथा वर्ष 2014 से अब तक की 12वीं बैठक थीं।
- इस दौरान दोनों नेताओं ने विशेष रणनीतिक तथा वैश्विक भागीदारी के ढांचे के अधीन द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, तथा आपसी हितों के वैश्विक मुद्दों पर बातचीत की।
- वार्ता के पश्चात दोनों नेताओं के समक्ष 32 समझौतों/संधियों पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच पारस्परिक संबंधों के विकास की अद्वितीय संभावना को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिंजो अबे ने विगत चार वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों की समीक्षा की और भारत-जापान संबंधों के भविष्य के लिए 25 बिंदुओं वाला एक साझा दृष्टि-पत्र जारी किया।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा दोनों देशों के बीच मित्रता के पारंपरिक संबंधों को सुनिश्चित करने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में बहुआयामी सहयोग को मजबूत करेगा।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184459

## राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि में बढ़ोत्तरी

**प्रश्न-हाल ही में गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि में कितने प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की है?**

(a) 15 प्रतिशत (b) 10 प्रतिशत (c) 5 प्रतिशत (d) उपरोक्त में से कोई नहीं



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को गृह मंत्रालय ने राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि में 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की। जिससे यह अब पहले के 75 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गया है।
- संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, केंद्र इस कोष में 90 प्रतिशत का योगदान देगा।
- राज्य का योगदान इस निधि में 10 प्रतिशत का होगा।
- वर्ष 2018-19 में राज्य आपदा प्रतिक्रिया निधि में केंद्र सरकार द्वारा 1690.35 करोड़ रुपये का योगदान होगा।
- जबकि वित्त वर्ष 2019-20 के लिए यह योगदान 1774.67 करोड़ रुपये का होगा।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=183776

## क्यूएस इंडिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2019

**प्रश्न-अक्टूबर, 2018 को जारी पहली 'क्यूएस इंडिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग' में किस संस्थान को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**

(a) आईआईटी, बॉम्बे (b) आईआईटी, रूड़की (c) आईआईटी, दिल्ली (d) आईआईएससी, बंगलुरू



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में पहली 'क्यूएस इंडिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2019' (QS India University Ranking, 2019') जारी की गई।
- पहली रैंकिंग में 75 भारतीय शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।
- इस रैंकिंग में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), बॉम्बे को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- IIT बॉम्बे को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग, 2019 में 1011 विश्वविद्यालयों में से 162वीं रैंकिंग प्राप्त हुई हैं।भारतीय विज्ञान संस्थान (IISC), बंगलुरू को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ।

- इसके पश्चात आईआईटी मद्रास, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी खड़गपुर तथा आईआईटी कानपुर क्रमशः तीसरे, चौथे, पांचवें तथा छठवें स्थान पर हैं।
- जबकि हैदराबाद यूनिवर्सिटी सातवें, दिल्ली यूनिवर्सिटी आठवें, आईआईटी रूड़की नौवे तथा आईआईटी गुवाहाटी दसवें स्थान पर है।देश के अन्य प्रमुख संस्थानों में कलकत्ता यूनिवर्सिटी 11वें, जाधवपुर यूनिवर्सिटी 12वें अण्णा यूनिवर्सिटी चेन्नई 13वें, मुंबई यूनिवर्सिटी 14वें तथा बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी 15वें स्थान पर है।उल्लेखनीय है कि शिक्षा में विशेषज्ञता रखने वाली लंदन, यूके स्थित कंपनी क्यूएस (Quacquarelli Symonds) की रैंकिंग में पब्लिक यूनिवर्सिटी, प्राइवेट यूनिवर्सिटी और उच्च शिक्षा संस्थान या डीम्ड यूनिवर्सिटी शामिल हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://timesofindia.indiatimes.com/home/education/news/first-ever-qs-ranking-of-indias-higher-education-institutions/articleshow/66231456.cms

## कुलगोड : भारत का सर्वश्रेष्ठ ग्राम

**प्रश्न-हाल ही में कुलगोड को अंत्योदय योजना के तहत भारत के सर्वश्रेष्ठ ग्राम का पुरस्कार मिला। यह ग्राम किस राज्य में है?**



(a) कर्नाटक (b) केरल (c) गोवा (d) महाराष्ट्र

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- कर्नाटक के कुलगोड ग्राम को अंत्योदय योजना के तहत भारत के सर्वश्रेष्ठ विकसित ग्राम का पुरस्कार मिला है।
- बेलगावी जिले में स्थित कुलगोड को 100 में से 94 अंक प्राप्त हुए हैं।
- घाटप्रभा नदी के तट पर अवस्थित कुलगोड एक स्वच्छ एवं हरा-भरा ग्राम है।
- इसे उपर्युक्त अंक आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे 47 मानकों पर अच्छे प्रदर्शन हेतु प्रदान किया गया है।
- यह एक समृद्ध ग्राम है जहां सुसज्जित ग्राम पंचायत कार्यालय, दो राष्ट्रीय बैंक की शाखाएं, एक सहकारी बैंक, एक बीएसएनएल केंद्र, सरकारी प्राथमिक विद्यालय, तीन निजी उच्च विद्यालय, इलेक्ट्रिसिटी कस्टमर केयर सेंटर एक, पशु चिकित्सालय, एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और एक एटीएम की सुविधा है।
- 7 हजार की जनसंख्या वाले इस ग्राम में कुल 5200 मतदाता हैं।


- यहां की अर्थव्यवस्था का आधार कृषि है जो कि घाटप्रभा नहर एवं रामेश्वर सिंचाई परियोजना द्वारा सिंचित होता है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.thehindu.com/news/national/karnataka/beautiful-kulgod-is-the-best-village/article25253342.ece

## पंजाब में पंचायत सरपंचों सहित पंचायत समिति और जिला परिषद के सभापति पद हेतु महिलाओं को आरक्षण

**प्रश्न-पंजाब में पंचायत सरपंचों, पंचायत समिति और जिला परिषद के सभापति पद हेतु महिलाओं को कितना आरक्षण प्रदान किया जा रहा है?**



(a) 33 प्रतिशत (b) 40 प्रतिशत (c) 50 प्रतिशत (d) 55 प्रतिशत

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अक्टूबर, 2018 को संपन्न पंजाब मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में पंचायत सरपंचों सहित पंचायत समितियों और जिला परिषद के सभापति पद के संदर्भ में महिलाओं को मौजूदा समय में प्रदत्त 50 प्रतिशत आरक्षण को विस्तारित करने का निर्णय किया गया।
- यह अध्यादेश मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद सात दिनों के अंदर पंजाब के राज्यपाल (वी.पी.सिंह बदनौर) की मंजूरी हेतु पेश किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि विगत वर्ष सरकार द्वारा उक्त संस्थाओं में महिलाओं के लिए प्रदत्त आरक्षण की सीमा को 33 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत कर दिया गया था।
- अब जाकर मंत्रिमंडल ने पंजाब पंचायती राज अधिनियम, 1994 और पंजाब सरपंच एवं ग्राम पंचायत तथा पंचायत समिति और जिला परिषद के सभापति एवं उपसभापति पदों के लिए आरक्षण संबंधी नियमावली, 1994 में संशोधनों को मंजूरी प्रदान की है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.hindustantimes.com/punjab/punjab-cabinet-extends-50-reservation-for-women-to-chairpersons-for-panchayat-samiti-zila-parishad/story-iG1I5y74Q515MU9G9v8r0H.html
http://www.newindianexpress.com/nation/2018/oct/17/50-per-cent-reservation-for-women-in-rotation-for-panchayat-sarpanch-1886768.html

## भारत विश्व का सबसे बड़ा व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन केंद्र

**प्रश्न-भारतीय व्यापार प्रसंस्करण प्रबंधन उद्योग का वैश्विक व्यापार प्रसंस्करण प्रबंधन में कितना हिस्सा है?**

(a) 37% (b) 35% (c) 32% (d) 30%

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- भारतीय उद्योग निकाय नैसकॉम (Nasscom) के अनुसार भारत विश्व का सबसे बड़े व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन (BPM) केंद्र है।
- भारतीय व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन उद्योग का राजस्व 32.5 बिलियन डॉलर है।
- इस उद्योग में 1.2 मिलियन लोग कार्यरत हैं।
- वैश्विक व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन में भारतीय व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन उद्योग का हिस्सा 37 प्रतिशत है।
- वर्ष 2018 में भारतीय व्यापार प्रसंस्करण प्रबंधन उद्योग के 154 बिलियन डॉलर से बढ़कर 167 बिलियन डॉलर हो जाने के अनुमान है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.moneycontrol.com/news/india/india-continues-to-be-worlds-largest-bpm-base-generated-32-5-bn-revenue-nasscom-3014711.html

## भारत में कार्य का भविष्य रिपोर्ट

**प्रश्न-हाल ही में प्रकाशित 'भारत में कार्य का भविष्य रिपोर्ट' से संबंधित निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**



(a) भारत में 92% रोजगार अनौपचारिक है।

(b) भारत में महिलाओं का जीडीपी में योगदान 17% है।

(c) भारत का महिला श्रमबल भागीदारी दर 27% है।

(d) भारत में 15-30 वर्ष की आयु के 74% युवा व्यक्ति वर्तमान में शिक्षा या रोजगार में नहीं हैं।

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में विश्व आर्थिक मंच (WEF) और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा 'भारत में कार्य का भविष्य : समावेशन, वृद्धि एवं परिवर्तन, एक उद्यम सर्वेक्षण' रिपोर्ट प्रकाशित की गई।

- रिपोर्ट में छोटी-बड़ी समेत 774 भारतीय कंपनियों और 5000 से अधिक युवाओं के सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत में 92% रोजगार अनौपचारिक है।
- अधिकांश अन्य देशों के 35-40% की तुलना में भारत में महिलाओं का जीडीपी में योगदान 17% है।
- भारत का महिला श्रम बल भागीदारी दर 27% है जो वैश्विक औसत 50% से कम है।
- विगत 5 वर्षों में तीव्र गति से बढ़ते रोजगार में नई नियुक्तियों में महिलाओं की भागादारी केवल 26% थी।
- अनुमान है कि यदि पुरुष श्रम बल के बराबर महिला श्रमबल की भागीदारी होगी तो भारतीय अर्थव्यवस्था में 27% की वृद्धि होगी।
- रिपोर्ट के अनुसार भारत में 15-30 वर्ष आयु के 64% युवा व्यक्ति शिक्षा या रोजगार में नहीं हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.weforum.org/agenda/2018/10/five-ways-tech-can-transform-the-future-of-work-in-india/

## राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री श्रीपद येस्सो नाइक ने कहां राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान की आधारशिला रखी?**




(a) बरगढ़ में (b) नरेला में (c) नोएडा में (d) साहिबाबाद में

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री श्रीपद येस्सो नाइक ने दिल्ली के नरेला में राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान की आधारशिला रखी।
- इस राष्ट्रीय स्तर के संस्थान की स्थापना कोलकाता के राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान के विस्तार के रूप में किया जाएगा।
- इस संस्थान की स्थापना हेतु दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा 10 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई गई है। संस्थान 50 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में स्थापित किया जा रहा है।
- संस्थान में 100 बिस्तरों के अस्पताल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं अनुसंधान हेतु उत्कृष्ट केंद्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
- इस परियोजना की अनुमानित लागत राशि 302 करोड़ रुपये है।

- यह संस्थान 7 विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करेगा।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx

## केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी

**प्रश्न-8 नवंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस राज्य में "केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय" की स्थापना को मंजूरी दी?**




(a) राजस्थान (b) छत्तीसगढ़ (c) ओडिशा (d) आंध्र प्रदेश

**उत्तर–(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 8 नवंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आंध्र प्रदेश में केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी।
- इसकी स्थापना आंध्र प्रदेश राज्य के विजयनगरम जिले के रेल्ली गांव में की जाएगी।
- इसके अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस विश्वविद्यालय की स्थापना के पहले चरण के परिव्यय के लिए 420 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।


**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184638

## नीति व्याख्यान शृंखला का चौथा संस्करण

**प्रश्न-'नीति व्याख्यान : भारत का रूपांतरण' का शुभारंभ कब किया गया?**

(a) 26 अगस्त, 2016 (b) 27 अगस्त, 2016

(c) 28 अगस्त, 2016 (d) 29 अगस्त, 2016




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में नीति व्याख्यान शृंखला का चौथा संस्करण आयोजित हुआ।
- इसका मुख्य विषय (Theme) 'सभी के लिए कृत्रिम आसूचना : समावेशी संवृद्धि हेतु कृत्रिम आसूचना को प्रोत्साहन' था।

- एनवीआईडीआईए कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष एवं सहसंस्थापक जेन्सेन हुआंग इस व्याख्यान शृंखला के मुख्य वक्ता थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस व्याख्यान शृंखला में शामिल हुए।
- उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'नीति व्याख्यान : भारत का रूपांतरण' का उद्‌घाटन किया था।
- तब से इस व्याख्यान शृंखला का प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है जिसमें विश्वभर के प्रसिद्ध वक्ता शामिल होते है।
- नीति व्याख्यान शृंखला में पहला महत्वपूर्ण संबोधन सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री थरमन षनमुगरत्नम ने 'भारत और वैश्विक अर्थव्यवस्था' पर दिया था।
- बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने 16 नवंबर, 2016 को दूसरा महत्वपूर्ण व्याख्यान 'प्रौद्योगिकी और परिवर्तन' विषय पर दिया था।
- 25 मई, 2017 को हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में बिशप विलियन लारेंस यूनिवर्सिटी प्रोफेसर डॉ. माइकल पोर्टर ने तीसरा व्याख्यान 'राष्ट्रों और राज्यों की प्रति-स्पर्धात्मकता : नई अंतर्दृष्टि' विषय पर दिया था। नीति व्याख्यान शृंखला का उद्देश्य विश्वभर में सफल विकास प्रक्रिया से केंद्र एवं राज्यों को सीखने में सक्षम बनाना है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=354306

## भारतीय तटीय समुदायों हेतु अनुदान

**प्रश्न-हाल ही में हरित जलवायु कोष (GCF) बोर्ड की 21वीं बैठक कहां आयोजित हुई?**
(a) मनामा (b) दोहा (c) बैंकाक (d) दुबई




**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 17-20 अक्टूबर, 2018 को मनामा, बहरीन में हरित जलवायु कोष (GCF) बोर्ड की 21वीं बैठक संपन्न हुई।
- यह वर्ष 2018 में हरित जलवायु कोष बोर्ड की तीसरी एवं अंतिम बैठक थी।
- उल्लेखनीय है कि हरित जलवायु कोष संयुक्त राष्ट्र द्वारा समर्थित कोष है।
- बैठक में विकासशील देशों में जलवायु कार्रवाई समर्थन के लिए नए कार्यक्रमों एवं परियोजनाओं हेतु एक बिलियन डॉलर से अधिक की मंजूरी प्रदान की गई।
- 19 नई परियोजनाओं में हरित जलवायु कोष से 1038 मिलियन डॉलर का निवेश किया जाएगा।

- इसके साथ ही निम्न उत्सर्जन एवं जलवायु-लोचशील विकास हेतु जलवायु वित्तीयन के लिए 4244 मिलियन डॉलर की परियोजनाओं का सह-वित्तीयन किया जाएगा।
- बैठक में भारत के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लाखों व्यक्तियों की जलवायु लोचशीलता में वृद्धि के लिए 43.4 मिलियन डॉलर की मंजूरी दी गई।
- नई परियोजनाओं को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के माध्यम से समर्थन दिया जाएगा।
- यह भारत द्वारा पेरिस समझौते और सतत विकास हेतु एजेंडा 2030 के लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।
- उल्लेखनीय है कि 2030 तक प्रत्येक राष्ट्र को गरीबी एवं भुखमरी को समाप्त करना है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.cfas.info/en/publication/cfas-update-21st-green-climate-fund-board-meeting

## स्वस्थ भारत यात्रा

**प्रश्न-अखिल भारतीय साइक्लोथान 'स्वस्थ भारत यात्रा - डांडी से हांडी तक' का शुभारंभ कब किया गया?**




(a) 16 अक्टूबर, 2018 (b) 17 अक्टूबर, 2018
(c) 18 अक्टूबर, 2018 (d) 19 अक्टूबर, 2018

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर छः विभिन्न स्थलों से अखिल भारतीय साइक्लोथान 'स्वस्थ भारत यात्रा - डांडी से हांडी तक' का शुभारंभ किया गया।
- यह 'ईट राइट इंडिया' (EAT RIGHT INDIA) आंदोलन का आउटरीच कार्यक्रम है।
- यात्रा के तहत 'ईट राइट मोबाइल यूनिट' और 'मोबाइल फूड टेस्टिंग यूनिट' के साथ 150 स्वयंसेवी साइकिल चालक 100 से अधिक दिनों तक भारतभर में यात्रा करेंगे।
- यात्रा में नागरिकों को खाद्य सुरक्षा, खाद्य अपमिश्रण और स्वस्थ आहार के विषय में जागरूक किया जाएगा।
- 2000 से अधिक स्थलों से होते हुए यह यात्रा 27 जनवरी, 2019 को नई दिल्ली में समाप्त होगी।
- इस यात्रा का मुख्य विषय 'ईट राइट इंडिया' है।

**संबंधित लिंक...**
https://fssai.gov.in/swasthbharatyatra/medianews

## एनडीएमए की छठवीं बैठक, 2018

**प्रश्न-18 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण' (NDMA) की छठी बैठक संपन्न हुई इस बैठक की अध्यक्षता की-**



(a) राजनाथ सिंह (b) किरण रिजिजू (c) नरेंद्र मोदी (d) राजीव गौबा

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अक्टूबर, 2018 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) की छठी बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बैठक की अध्यक्षता की।
- इस बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने एनडीएमए द्वारा कार्यान्वित की जा रही है मौजूदा परियोजनाओं की समीक्षा की।
- उन्होंने विभिन्न हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और अधिक से अधिक संयुक्त अभ्यास करने की जरूरत पर विशेष बल दिया।
- NDMA के बारे में-
- यह गृहमंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है।
- इसकी स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी।
- इससे संबंधित प्रावधान आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में दिया गया है।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184249

## भरोसा: महिलाएं एवं बच्चों के लिए सहायता केंद्र

**प्रश्न-हाल ही में महिलाएं एवं बच्चों की सहायता के लिए 'भरोसा' केंद्र की शुरूआत कहां की गई।**

(a) चेन्नई (b) नई दिल्ली (c) लखनऊ (d) हैदराबाद



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को हैदराबाद में हिंसा की शिकार तथा विपत्ति में फंसे हुए बच्चों एवं महिलाओं की सहायता के लिए 'भरोसा' केंद्र का शुभारंभ किया गया।

- इसका उद्घाटन सायबराबाद पुलिस कमिश्नर वी.सी. सज्जनर ने किया, जो कि 24 घंटे उपलब्ध रहने वाली सेवा है।
- इस केंद्र की सहायता से 'बच्चों एवं महिलाओं को शिकायत दर्ज करवाने, संबंधित मामले में परामर्श एवं कानूनी सलाह और डॉक्टरी सहायता जैसी सुविधाएं एक जगह प्राप्त हो सकेंगी।
- 'भरोसा' एक अनोखी पहल-
- 'भरोसा' हैदराबाद सिटी पुलिस द्वारा शुरू की गई एक पहल है जिसमें किसी महिला एवं बच्चे के सामाजिक या व्यक्तिगत जीवन में शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और यौन शोषण से जुड़े मामलों के विरुद्ध कानूनी सहायता प्रदान की जाती है।
- संयुक्त राष्ट्र के घोषणा-पत्र में हिंसा उन्मूलन, 1993 का अनुच्छेद-1 लिंग आधारित दुर्व्यवहार की व्याख्या करता है।
- भारत में जस्टिस ऊषा मेहरा आयोग ने दिल्ली तथा एनसीआर क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा एवं बचाव हेतु पूरे देश में वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर (OSCC) की स्थापना की सिफारिश की थी।तेलंगाना राज्य एवं हैदराबाद सिटी पुलिस ने OSCC के संशोधित एवं अत्यधिक समर्पित रूप के तौर पर 'भरोसा' पहल की शुरूआत की।

**संबंधित लिंक...**
http://hyderabadpolice.gov.in/assets/Bharosahydpolice.pdf

## इलाहाबाद का नाम परिवर्तित

**प्रश्न-किस मुगल सम्राट ने प्रयाग का नाम परिवर्तित कर इलाहाबाद कर दिया था?**




(a) शाहजहां (b) जहांगीर (c) अकबर (d) औरंगजेब

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में इलाहाबाद का नाम परिवर्तित कर 'प्रयागराज' किए जाने का निर्णय किया गया।
- राजस्व परिषद द्वारा उपलब्ध कराई गई संस्तुति के आधार पर इलाहाबाद का नाम परिवर्तित किया गया है।
- राजस्व परिषद द्वारा उल्लेखित है कि प्राचीन ग्रंथों में हमारे देश में कुल 14 प्रयाग स्थल वर्णित हैं।

- इन 14 प्रयाग स्थलों में सिर्फ प्रयाग (इलाहाबाद) के अतिरिक्त किसी अन्य स्थल का नाम परिवर्तित नहीं किया गया था।
- इलाहाबाद नगर को प्राचीनकाल में प्रयागों का राजा अर्थात 'प्रयागराज' कहा जाता था।
- 1575 ई. में मुगल सम्राट अकबर ने प्रयाग का नाम परिवर्तित कर इलाहाबाद रखा था।

**संबंधित लिंक...**
http://information.up.nic.in/attachments/files/5bc5b048-f84c-41f0-88c0-23610af72573.pdf

## 'मैं नहीं हम' पोर्टल और ऐप

**प्रश्न-हाल ही में किसने 'मैं नहीं हम' पोर्टल और ऐप लांच किया?**




(a) प्रधानमंत्री ने (b) रक्षा मंत्री ने (c) स्वास्थ्य मंत्री ने (d) गृहमंत्री ने

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मैं नहीं हम' पोर्टल और ऐप लांच किया।
- यह पोर्टल 'सेल्फ फार सोसाइटी' (Self for Society) थीम पर कार्य करेगा।
- यह पोर्टल प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जुड़े कारोबारियों और संगठनों को सामाजिक सरोकारों और समाज सेवा से जुड़े उनके प्रयासों को एक साथ लाने हेतु मंच प्रदान करेगा।
- प्रधानमंत्री ने इस पोर्टल और ऐप की लांचिग के अवसर पर आईटी और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र के उधमियों से संवाद भी किया।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550680

## समुद्र पर निर्मित विश्व का सबसे लंबा पुल

**प्रश्न-हाल ही में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने समुद्र पर निर्मित विश्व के सबसे लंबे पुल का शुभांरभ किया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**

(a) इस पुल की लंबाई 34 मील (54.78 किमी.) है।
(b) यह पुल हांगकांग, मकाऊ और चीनी शहर झुहाई को जोड़ता है।
(c) इस पुल की निर्माण लागत राशि लगभग 120 बिलियन डॉलर है।
(d) पुल का लगभग 30 किमी. हिस्सा अमूर नदी के मुहाने पर निर्मित है।



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अक्टूबर, 2018 को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने समुद्र पर निर्मित विश्व के सबसे लंबे पुल का शुभारंभ किया। इस पुल की लंबाई 34 मील (54.78 किमी.) है।
- यह पुल हांगकांग, मकाऊ और चीनी शहर झुहाई को जोड़ता है।
- इस पुल के निर्माण हेतु हांगकांग ने 15.3 बिलियन डॉलर का निवेश किया है।
- इस पुल की निर्माण लागत राशि लगभग 120 बिलियन डॉलर है।
- पुल का लगभग 30 किमी. हिस्सा पर्ल नदी के मुहाने पर निर्मित किया गया है।
- पानी के नीचे 6.7 किमी. लंबी सुरंग भी निर्मित की गई है।
- इस पुल के बनने से हांगकांग, मकाऊ और चीन के मुख्य भूभाग के मध्य आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

**संबंधित लिंक...**
https://www.archdaily.com/904728/the-worlds-longest-sea-bridge-opens-in-china

# अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

## वीडियोसिटा, 2018

**प्रश्न-2 नवंबर, 2018 को 'रोम अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के वीडियोसिटा, 2018' में भारतीय मंडप का उद्घाटन हुआ। इस फिल्म महोत्सव में भारत की ओर से एकमात्र प्रविष्टि है-**



(a) न्यूटन (b) विलेज रॉकस्टार्स (c) सिंजर (d) हमारे प्यारे प्रधानमंत्री

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 1-4 नवंबर, 2018 के मध्य 15वें वार्षिक रोम अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव' का आयोजन रोम इटली में किया गया।
- 2 नवंबर, 2018 को इस महोत्सव के 'वीडियोसिटा, 2018' में भारतीय मंडप का उद्घाटन हुआ।
- उल्लेखनीय है कि वर्चुअल रियलिटी, वीडियो गेम्स, एनिमेशन और फिल्म निर्माण पर आयोजित 'वीडियोसिटा, 2018' में भारत भागीदार देश के रूप में शामिल हुआ।

- वीडियोसिटा, में भारतीय मंडप का उद्घाटन सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा उद्योग संगठन फिक्की के सहयोग से किया गया।
- फिल्म महोत्सव में शामिल हुए भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव अशोक कुमार परमार ने किया।
- 'मेरे प्यारे प्रधानमंत्री' फिल्म महोत्सव में भारत की ओर से एकमात्र प्रविष्टि है।
- इसके अलावा, वीडियोसिटा में 'चलो जीते हैं', 'विलेज रॉकस्टार्स', 'सिंजर', 'टेक ऑफ','लद्दाख चले रिक्शा वाला, 'न्यूटन', 'कहानी' और 'क्वीन' जैसी भारतीय फिल्में प्रदर्शित की गईं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184565

## बौद्धिक संपदा पर पहली भारत-यूएस वार्ता, 2018

**प्रश्न-31 अक्टूबर, 2018 को बौद्धिक संपदा पर पहली भारत-यूएस वार्ता, 2018 कहां संपन्न हुई?**



(a) मुंबई (b) नई दिल्ली (c) न्यूयॉर्क (d) अहमदाबाद
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 31 अक्टूबर, 2018 को बौद्धिक संपदा पर पहली भारत-यूएस वार्ता (First India US Dialogue on Intellectual Property), 2018 नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- वार्ता का उद्देश्य दोनों देशों के बीच बौद्धिक संपदा नीति पर द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग को गहरा बनाना है।
- अमेरिका चैंबर ऑफ कॉमर्स के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर (GIPC) और फिक्की ने यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के साथ साझेदारी में इस वार्ता का आयोजन किया था।
- अब यह वार्ता वार्षिक तौर पर नई दिल्ली और वाशिंगटन डी.सी. में बारी-बारी से आयोजित की जाएगी।

**संबंधित लिंक...**
http://ficci.in/ficci-in-news-page.asp?nid=15730

## विभिन्न प्रकार के सनस्क्रीन को प्रतिबंधित करने वाला पहला देश

**प्रश्न–निम्न कथनों पर विचार कीजिए।**

1. **पलाऊ वर्ष 2020 से विभिन्न प्रकार के सनस्क्रीन पर प्रतिबंध लगाने वाला विश्व का पहला देश होगा।**
2. **पलाऊ पश्चिमी प्रशांत महासागर स्थित एक द्वीपीय देश है।**



**सही कथन है/हैं–**

(a) 1 एवं 2 (b) केवल 2 (c) न 1, न तो 2 (d) केवल 1

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- हाल ही में पलाऊ ने मूंगे की चट्टानों (Coralreets) के लिए हानिकारक विभिन्न प्रकार के सनस्क्रीन पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।
- यह प्रतिबंध वर्ष 2020 से प्रभावी होगा।
- पलाऊ ने आक्सीबेंजोन और आक्टिनोक्सेट सहित 10 रसायनों में किसी भी रसायन का प्रयोग करने वाले सनस्क्रीन को रीफ-विषाक्त (Reef-Toxic) के रूप में परिभाषित किया है।
- कंज्यूमर हेल्थकेयर प्रोडक्ट्स एसोसिएशन के अनुसार उपर्युक्त रसायनों से युक्त सनस्क्रीन अमेरिका में बड़े पैमाने पर बेचे जाते हैं।
- जनवरी, 2020 से देश में प्रतिबंधित सनस्क्रीन लाने वाले पर्यटकों से उसे जब्त कर लिया जाएगा तथा उन्हें सनस्क्रीन और प्रतिबंध तोड़ने बेचने वाले खुदरा विक्रेताओं पर 1000 डॉलर का जुर्माना लगाया जाएगा।
- पलाऊ के राष्ट्रपति टॉमी रेमेंगेसाऊ जूनियर ने 'द रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म एजूकेशन एक्ट ऑफ 2018 पर हस्ताक्षर किया तथा इसे 'विशेष रूप से समय पर' (Especially Timely) कहा।
- वर्ष 2017 की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में स्थित यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स जेलीफिश झील (Jellyfish Lake) में सनस्क्रीन उत्पादों का प्रसारण व्यापक होता जा रहा है।
- ऐसा अनुमानित है कि प्रत्येक वर्ष 6 से 14 हजार टन सनस्क्रीन कोरल रीफ क्षेत्रों में लोगों द्वारा छोड़ा जाता है।सनस्क्रीन पर प्रतिबंध लगाने वाले अन्य देश/क्षेत्र-
- मई, 2018 में हवाई (Hawai) आक्सीबेंजोन या आक्टिनोक्सेट तथा अन्य रसायन, जो कोरल रीफ को हानि पहुंचा रहे हैं, से युक्त सनस्क्रीन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाला पहला राज्य बना था। हालांकि यह प्रतिबंध जनवरी 2021 से लागू होगा। कैरीबियन सागर स्थित बोनायर द्वीप ने भी प्रतिबंध आरोपित करने हेतु कानून पारित किया है।
- इसके अलावा मेक्सिको के कुछ भागों में गैर-जैव निम्नीकरण योग्य (Nonbiodegradable) सनस्क्रीन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

- पलाऊ की स्थिति
- पलाऊ एक द्वीपीय देश है, जो पश्चिमी प्रशांत महासागर में स्थित है।
- यह एक बृहद ज्वालामुखी द्वीप से निर्मित है तथा इसके साथ ही कई छोटी-छोटी मूंगे की चट्टानें (Coral Reets) संबद्ध हैं।
- जलवायु परिवर्तन के खतरों के प्रति पलाऊ अत्याधिक सतर्क है।
- वर्ष 2015 में उसने अपने संपूर्ण सागरीय क्षेत्र को समुद्रीय संरक्षित क्षेत्र (Marine Protected Zone) के रूप में नामित किया था।
- पलाऊ वर्ष 2016 में पेरिस जलवायु समझौते को मंजूरी प्रदान करने वाला दूसरा देश (पहला फिजी) बना था।

**संबंधित लिंक...**
http://www.thejakartapost.com/life/2018/11/02/palau-plans-sunscreen-ban-to-save-coral.html

## अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ का द्विदशकीय पूर्वानुमान रिपोर्ट

**प्रश्न-हाल ही में जारी अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (IATA) के द्विदशकीय पूर्वानुमान रिपोर्ट के अनुसार भारतीय विमानन बाजार विश्व में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा-**
(a) 2024 तक (b) 2026 तक (c) 2028 तक (d) 2030 तक



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को अंतरराष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (IATA) ने द्विदशकीय यात्री पूर्वानुमान रिपोर्ट जारी किया।
- इस रिपोर्ट के अनुसार भारतीय विमानन बाजार वर्ष 2024 तक ब्रिटेन को पछाड़ते हुए विश्व में तीसरे पायदान पर पहुंच जाएगा।
- ध्यातव्य है कि विश्व (IATA) की एयरलाइनों के लिए व्यापार संघ है, जो 290 एयरलाइनों या कुल हवाई यातायात के 82 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसका मुख्यालय कनाडा के मॉन्ट्रियल में है, जबकि जिनेवा, स्विट्जरलैंड में कार्यकारी कार्यालय है।रिपोर्ट के अनुसार यात्रियों की संख्या के लिहाज से भारतीय विमानन बाजार पिछले 4 वर्षों से लगभग 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।वर्तमान में भारत विश्व का सातवां सबसे बड़ा विमानन बाजार है।जबकि अमेरिका पहले, चीन दूसरे और ब्रिटेन तीसरे स्थान पर है।
- इनके बाद क्रमशः स्पेन, जापान और जर्मनी का स्थान है।

- भारत वर्ष 2020 तक जर्मनी और जापान को तथा वर्ष 2023 तक स्पेन को पीछे छोड़ देगा।
- इसके बाद 2024 के अंत तक यह ब्रिटेन को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा।
- रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष दो स्थानों पर अमेरिका और चीन कायम रहेंगे। लेकिन अगले दशक के मध्य तक अमेरिका को पछाड़कर चीन पहले स्थान पर होगा।
- रिर्पोट में वर्ष 2037 तक पहले तीन स्थान पर क्रमशः चीन, अमेरिका और भारत के बने रहने की बात कही गई है, बशर्ते सरकारों की विमानन नीतियों में कोई खास बदलाव न हो।

**संबंधित लिंक...**

https://www.iata.org/pressroom/pr/Pages/2018-10-24-02.aspx

## संयुक्त राष्ट्र संघ से जलवायु निधि मंजूर

**प्रश्न–हाल ही में 21वीं ग्रीन क्लाइमेट फंड के बोर्ड की बैठक का आयोजन कहां किया गया?**

(a) मनामा, बहरीन में (b) गलासगो, ब्रिटेन में (c) ‡वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया में (d) रामसर, ईरान में

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 15-21अक्टूबर, 2018 के मध्य मनामा, बहरीन में 21वीं ग्रीन क्लाइमेट फंड के बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र संघ से जुड़ी जलवायु निधि ने भारत के तटीय क्षेत्र (आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा) में निवास करने वाले समुदायों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से मुकाबला करने हेतु लगभग 43.4 अरब अमेरिकी डॉलर का अनुदान प्रदान किया है।
- इस निधि ने 19 नयी परियोजनाओं के लिए लगभग 1 अरब डॉलर राशि के अनुदान को मंज़ूरी प्रदान की है।
- इस अनुदान का उपयोग विकासशील देश जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए कर सकते हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://www.bna.bh/en/BahrainhoststheGCFmeeting.aspx?cms=q8FmFJgiscL2fwIzON1%2BDpc7%2F6CIw0NsrC2zeqUPaLI%3D

## 38वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2018

**प्रश्न-14-27 नवंबर, 2018 के मध्य '38वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, 2018' का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया जा रहा है। इस वर्ष मेले का भागीदार देश है-**



(a) वियतनाम (b) अफगानिस्तान (c) चीन (d) जापान

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 14-27 नवंबर, 2018 के मध्य 38वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (38th India International Trade Fair) का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- इस वर्ष मेले का मुख्य विषय (Theme) "भारत में ग्रामीण उद्योग" (Rural Enterprises in India) है। इस वर्ष अफगानिस्तान मेले का भागीदार देश, जबकि नेपाल फोकस देश है।
- इस मेले का फोकस राज्य झारखंड को बनाया गया है।
- IITF-2018 का आयोजन वाणिज्य मंत्रालय के अधीन भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (ITPO) द्वारा किया जा रहा है।

**संबंधित लिंक...**

http://indiatradefair.com/uploads/abroad/IITF-2018_FACT_SHEET.pdf

## W.E.F. द्वारा भारत में चौथे औद्योगिक क्रांति केंद्र का शुभारंभ

**प्रश्न-वैश्विक आर्थिक मंच के सहयोग से चौथी औद्योगिक क्रांति केंद्र का शुभारंभ कहां किया गया?**




(a) न्यूयार्क (b) शंघाई (c) लंदन (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुंबई में वैश्विक आर्थिक मंच (WEF-World Economic Forum) के सहयोग से बने चौथे औद्योगिक क्रांति केंद्र का शुभारंभ नई दिल्ली में किया गया।
- वैश्विक आर्थिक मंच द्वारा अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को, जापान के टोक्यो और चीन के बीजिंग में औद्योगिक क्रांति केंद्र का शुभारंभ पहले ही किया जा चुका है।
- प्रधानमंत्री के अनुसार चौथी औद्योगिकी क्रांति और आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस के विस्तार से देश में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी और स्वास्थ पर होने वाले खर्च में कमी आएगी।

- इस केंद्र का लक्ष्य केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, निजी क्षेत्र, अंतरराष्ट्रीय संगठन और सिविल सोसायटी के साथ मिलकर उपकरण बनाने पर काम करेगा जो सरकार के तकनीकी आधारित काम काज में वृद्धि लाएगा।उद्योग 4.0 (Industries 4.0) विश्व में एक शक्ति के रूप में आगे आया है और इसे अगली औद्योगिक क्रांति कहा जा रहा है। यह मुख्यतः इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बाधा रहित इंटरनेट कनेक्टिविटी, तीव्र गति वाली संचार तकनीकियों और 3D प्रिंटिंग जैसे अनुप्रयोगों पर आधारित है।स्किल इंडिया मिशन, स्टार्ट अप इंडिया और अटल नवाचार अभियान जैसी सरकार की योजनाएं युवाओं को नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए तैयार कर रही हैं।विश्व आर्थिक मंच के वर्तमान अध्यक्ष बोर्गे ब्रेन्डें हैं।
- भारत में पिछले 4 साल में इंटरनेट कवरेज 75 प्रतिशत था। इन वर्षों में भारत सरकार ने तीन लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर का विस्तार किया है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.weforum.org/press/2018/10/world-economic-forum-opens-centre-for-the-fourth-industrial-revolution-india/

## यूनिसेफ-नास्कॉम समझौता

**प्रश्न-हाल ही में यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेन्स फंड (यूनीसेफ) और नास्कॉम (NASSCM) ने 'सार्थक व्यापार हस्तक्षेप' के माध्यम से किसके अधिकारों को सुदृढ़ करने हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किए?**
(a) महिलाओं के (b) बालकों के (c) दिव्यांगजन बालकों के (d) दिव्यांगजन पुरुषों के



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 8 अक्टूबर, 2018 को यूनाइटेड नेशंस चिल्ड्रेन्स फंड (यूनीसेफ) और नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विसेज कंपनीज (नास्कॉम), भारत ने 'सार्थक व्यापार हस्तक्षेप' के माध्यम से बाल अधिकारों को सुदृढ़ करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते के तहत दोनों संगठन 'बाल ऑनलाइन सुरक्षा' और 'बाल अधिकारों हेतु प्रोत्साहित नवाचार' पर राष्ट्रीय संवेदनशीलता सहित दो प्रमुख क्षेत्रों पर सहयोगी के रूप में काम करेंगे।
- साझेदार के रूप में पूरे भारत में संवेदीकरण कार्यशालाएं संयुक्त रूप से आयोजित करेंगे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/unicef-nasscom-sign-mou-to-strengthen-child-rights-118100801091_1.html

## यूएनडब्ल्यूटीओ की कार्यकारी परिषद का 109वां सत्र, 2018

**प्रश्न-30 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2018 के मध्य संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन की कार्यकारी परिषद का 109वां सत्र कहां आयोजित हुआ?**



(a) पेरिस (b) दोहा (c) मनामा (d) बैंकाक

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2018 के मध्य संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) की कार्यकारी परिषद का 109वां सत्र (109th Session of United Nations World Tourism Organization Executive Council), 2018 मनामा, बहरीन में संपन्न हुआ।
- इसमें पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के.जे. अल्फोंस ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।के.जे. अल्फोंस ने यूएनडब्ल्यूटीओ के कार्यक्रम और बजट समिति की बैठक की अध्यक्षता की।गौरतलब है कि भारत वर्ष 2021 तक यूएनडब्ल्यूटीओ कार्यकारी परिषद के कार्यक्रम और बजट समिति की अध्यक्षता करेगा। यूएनडब्ल्यूटीओ कार्यकारी परिषद संगठन के गवर्निंग बॉडी का नेतृत्व करती है।परिषद की बैठक प्रत्येक वर्ष में कम-से- कम दो बार होती हैं।
- परिषद के 35 पूर्णकालिक सदस्य है।
- ज्ञातव्य है कि यूएनडब्ल्यूटीओ सतत और सार्वभौमिक रूप से पहुंच योग्य पर्यटन के प्रोत्साहन के लिए उत्तरदाई संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1975 में हुई थी।इसका मुख्यालय मैड्रिट, स्पेन में है।
- वर्तमान में जुरब पोलोलिकाशविली इसके महासचिव हैं।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184508
http://www2.unwto.org/event/executive-council-109th-session

## जापान अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल

**प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला जापान कौन-सा देश बना?**

(a) 71वां (b) 70वां (c) 69वां (d) 68वां



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को जापान ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन में शामिल होने के लिए पुष्टि प्रपत्र जमा करने की घोषणा की।
- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर करने वाला जापान 71वां देश बना।
- साथ ही अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन फ्रेमवर्क की पुष्टि करने वाला 48वां देश बन गया।
- उल्लेखनीय है कि भारत एवं फ्रांस की पहल पर प्रारंभ अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन 121 देशों का संगठन है। जिसमें अधिकतर देश कर्क एवं मकर रेखा के मध्य स्थित है, क्योंकि इन रेखाओं के मध्य वर्ष भर सूर्य का प्रकाश बना रहता है।
- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन फ्रेमवर्क समझौते पर हस्ताक्षर मशकेश में आयोजित कोप-22 (Cop-22) के दौरान 15 नवंबर, 2016 को प्रारंभ हुआ था।
- नवंबर, 2015 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने पेरिस में आयोजित कोप-21 (Cop-21) के दौरान अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की घोषणा की थी।ध्यातव्य है कि भारत द्वारा वर्ष 2022 तक सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 100 गीगावॉट करने की घोषणा की गई है।भारत का लक्ष्य वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से 175 गीगावॉट विद्युत उत्पादन का है।

**संबंधित लिंक...**
http://isolaralliance.org/MemberCont.aspx

## विश्व का पहला सॉवरेन ब्लू बॉण्ड

**प्रश्न-हाल ही में किस देश द्वारा विश्व का पहला 'सॉवरेन ब्लू बॉण्ड' का शुभारंभ किया गया?**

(a) सेशेल्स (b) मालदीव (c) म्यांमार (d) थाईलैंड



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को बाली, इंडोनेशिया में सेशेल्स के उपराष्ट्रपति विन्सेंट मेरिटन ने विश्व के पहले 'सॉवरेन ब्लू बॉण्ड' का शुभारंभ किया।
- यह संपोषणीय समुद्री और मत्स्ययन परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए निर्मित एक अग्रणी वित्तीय युक्ति है।
- इस बॉण्ड में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों ने 15 मिलियन डॉलर का निवेश किया।
- समुद्री संसाधनों के संपोषणीय उपयोग के वित्तीयन हेतु पूंजी बाजार की उपयोगिता के संबंध में देशों को इस बॉण्ड ने संभावना प्रदर्शित की।

- विश्व बैंक ने ब्लू बॉण्ड के विकास और तीन निवेशकों-कालवर्ट इंपैक्ट कैपिटल, नुवेन (Nuveen) एवं प्रूडेंशियल फाइनेंशियल इंक तक पहुंच प्राप्त करने में सहायता की।
- सेशेल्स के ब्लू बांड को विश्व बैंक द्वारा से 5 मिलियन डॉलर गारंटी द्वारा अंशतः गारंटी प्रदान की गई है।
- इसके अतिरिक्त हरित जलवायु कोष (GEF) से 5 मिलियन डॉलर का रियायती ऋण प्राप्त हुआ है। यह बॉण्ड स्थानीय समुदायों एवं व्यवसायों के सशक्तीकरण हेतु संसाधनों को संगठित करने के लिए सार्वजनिक एवं निजी निवेशकों को जोड़ने की पहल का एक भाग है।
- इस बॉण्ड से समुद्री संरक्षित क्षेत्रों के विस्तार, प्राथमिकतापूर्ण मत्स्ययन के प्रशासन में सुधार और सेशेल्स की ब्लू इकोनॉमी के विकास में सहायता मिलेगी।
- सेशेल्स संरक्षण एवं जलवायु अनुकूलन ट्रस्ट (Sey CCAT) द्वारा प्रबंधित ब्लू ग्रांट्स फंड और सेशेल्स विकास बैंक (DBS) द्वारा प्रबंधित ब्लू इन्वेस्टमेंट फंड द्वारा ऋण तथा अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि सेशेल्स एक द्वीप समूह देश है जिसमें 115 ग्रेनाइट एवं कोरल द्वीप शामिल हैं। सेशेल्स का स्थलीय क्षेत्रफल 455 वर्ग किमी. है जो लगभग 1.4 मिलियन वर्ग किमी. के अनन्य आर्थिक क्षेत्र में विस्तृत है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.worldbank.org/en/news/press-release/2018/10/29/seychelles-launches-worlds-first-sovereign-blue-bond

## सितवे बंदरगाह का संचालन

**प्रश्न-हाल ही में भारत ने किस देश के साथ सितवे बंदरगाह के संचालन के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया?**

(a) म्यांमार (b) श्रीलंका (c) मालदीव (d) फिजी

**उत्तर-(a)**




**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को म्यांमार की राजधानी नाय-पी-ताव (Nay Pyi Taw) में भारत एवं म्यांमार के मध्य सितवे बंदरगाह के संचालन एवं रख-रखाव हेतु एक निजी, बंदरगाह संचालक की नियुक्ति के लिए समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

- सितवे बंदरगाह के संचालन से संपर्क में वृद्धि होने के साथ ही स्थानीय रोजगार के अवसरों के सृजन में मदद मिलेगी।
- समझौता-ज्ञापन में कालादान मल्टी मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट से संबंधित सुविधाएं और पालेटवा इनलैंड वाटर टर्मिनल का संचालन एवं रख-रखाव शामिल है।
- म्यांमार में स्थित सितवे बंदरगाह भारत के स्थलावरुद्ध पूर्वोत्तर क्षेत्र को मिजोरम के माध्यम से बंगाल की खाड़ी से जोड़ेगा।
- यह बंदरगाह कोलकाता के लिए एक वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराएगा।
- उल्लेखनीय है कि भारत ने म्यांमार में 1.75 बिलियन डॉलर के विकास कार्यक्रमों की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।
- ध्यातव्य है कि भारत की म्यांमार के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा 1643 किमी. लंबी है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.businessworld.in/article/India-Myanmar-sign-MoU-on-operationalisation-of-Sittwe-Port/22-10-2018-162694/

## श्रीलंका द्वारा 'ब्रेक इनटु इंडिया स्ट्रैटजी समिति' का गठन

**प्रश्न-श्रीलंका ने किस देश में निवेश के लिए रणनीति बनाने हेतु 'ब्रेक इनटु इंडिया स्ट्रैटजी समिति' का गठन किया?**



(a) भारत (b) अमेरिका (c) मालदीव (d) बांग्लादेश

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को श्रीलंका ने भारतीय बाजार में अधिक निवेश के लिए रणनीति तैयार करने के लिए 8-10 सदस्यीय 'ब्रेक इनटु इंडिया स्ट्रैटजी समिति' का गठन किया।
- इस समिति का नेतृत्व इंदिरा मालवाटे व सिलोन शाह करेंगे।
- इंदिरा मालवाटे निर्यात विकास बोर्ड (EDB) की अध्यक्षा, जबकि सुरेश शाह, सिलोन चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष हैं।
- समिति का गठन श्रीलंका के विकास रणनीतियों और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय द्वारा की गई।
- समिति आर्थिक और तकनीकी सहयोग समझौते (ई.टी.सी.ए.) के लिए चल रही बातचीत के आधार पर कार्य करेगी।

- समिति को वर्ष 2018 की समाप्ति से पूर्व एक अंतरिम रिपोर्ट और बाजार प्रविष्टि रणनीति तैयार करने के लिए अधिदेशित किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि हाल ही में उत्पादों के अतिरिक्त सेवा और निवेश व मुक्त व्यापार समझौते का विस्तार करने के लिए दोनों देशों ने आर्थिक और तकनीकी सहयोग समझौते पर 11वीं दौर की बातचीत की थी।

**संबंधित लिंक...**

http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=354107
http://www.tnpscthervupettagam.com/break-into-india-strategy-committee-sri-lanka/

## भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर प्रथम उच्चस्तरीय बैठक

**प्रश्न-हाल ही में भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर प्रथम उच्चस्तरीय बैठक कहां संपन्न हुई?**

(a) बीजिंग (b) नई दिल्ली (c) कोलकाता (d) शंघाई

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर प्रथम उच्चस्तरीय बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के राज्य परिषद और लोक सुरक्षा मंत्री झाओ केझी के साथ इस उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।
- इस बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित के विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।
- आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए द्विपक्षीय सहयोग करना भी इन मुद्दों में शामिल है।
- इस अवसर पर भारत के गृह मंत्रालय और चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के बीच सुरक्षा सहयोग पर एक समझौता हुआ जिस पर इन दोनों मंत्रियों ने हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते से आतंकवाद एवं संगठित अपराधों की समस्या से निपटने से संबंधित चर्चाओं एवं आपसी सहयोग में और ज्यादा वृद्धि होगी।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=75910
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184305

## एससीओ सदस्य देशों के शिक्षा मंत्रियों की 7वीं बैठक, 2018

**प्रश्न-17 अक्टूबर, 2018 को शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य देशों के शिक्षा मंत्रियों की 7वीं बैठक कहां आयोजित हुई?**



(a) कोलंबो (b) अस्ताना (c) शंघाई (d) काबुल

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अक्टूबर, 2018 को शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के शिक्षा मंत्रियों की 7वीं बैठक (7th Meeting of Education Ministers of Member States of the SCO), 2018 अस्ताना, कजाख्स्तान में संपन्न हुई।
- इस सम्मेलन में केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- एससीओ के बारे में
- स्थापना- 26 अप्रैल, 1996
- मुख्यालय- बीजिंग
- महासचिव- राशिद अलीमोव
- वर्तमान में एसीओ के 8 सदस्य देश हैं- भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, कजाख्स्तान, किर्गिस्तान तथा उज्बेकिस्तान।

**संबंधित लिंक...**

http://en.moe.gov.cn/News/Top_News/201810/t20181022_352326.html

## अफगानिस्तानी राजनयिकों के प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम

**प्रश्न-हाल ही में किन देशों द्वारा अफगानिस्तानी राजनयिकों के प्रशिक्षण हेतु अपने पहले संयुक्त कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया?**




(a) भारत-चीन (b) चीन-पाकिस्तान (c) भारत-अमेरिका (d) अमेरिका-चीन

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में भारत एवं चीन द्वारा अफगानिस्तान के राजनयिकों को प्रशिक्षण देने के लिए अपने पहले संयुक्त कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- उल्लेखनीय है कि अप्रैल, 2018 में वुहान में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के मध्य अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के दौरान अफगानिस्तान में संयुक्त कार्यक्रम शुरू करने हेतु सहमति बनी थी।
- भारत, चीन और अफगानिस्तान के त्रिपक्षीय सहयोग के तत्वावधान के अंतर्गत 'अफगानी राजनयिकों हेतु पहले भारत-चीन संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम' के तहत अफगानिस्तान के 10 राजनयिक भारत आएंगे।
- अफगानिस्तान हेतु कार्यान्वित यह पहला ऐसा कार्यक्रम होगा जिसमें चीन शामिल हो रहा है।

**संबंधित लिंक...**
https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/india-china-come-together-to-train-afghan-diplomats/articleshow/66218568.cms

## भूटान के नए प्रधानमंत्री

**प्रश्न-हाल ही में कौन भूटान के नए प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए?**

(a) लोटे शेरिंग (b) तेशरिंग तोब्गे (c) पेमा ग्यामत्सो (d) पेमा वेशरिंग



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 अक्टूबर, 2018 को ड्रुक न्यामप्रप त्सोग्पा (Druk Nyamrup Tshogpa:DNT) के अध्यक्ष लोटे शेरिंग (Lotay Tohering) भूटान के नए प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए।
- इस पद पर वह शेरिंग तोब्गे (Tshering Tobgay) का स्थान लेंगे।
- गौरतलब है कि 15 सितंबर एवं 18 अक्टूबर, 2018 को भूटान में तीसरा आम चुनाव (नेशनल असेंबली के चुनाव) संपन्न हुआ।इस चुनाव में डीएनपी (NDP) को 31.85 प्रतिशत तथा भूटान पीस एंड प्रासपेरिटी पार्टी को 30.92 प्रतिशत मत प्राप्त हुआ।
- जबकि रूलिंग पार्टी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) 27.44 प्रतिशत मत के साथ तीसरे स्थान पर रही। नेशनल असेंबली के 47 सदस्यीय सीटों में 30 सीटें डीएनपी पार्टी को तथा 17 सीटें भूटान पीस एंड प्रासपेरिटी पार्टी को प्राप्त हुई।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184274

## कनाडा में वैध हुआ गांजा

**प्रश्न-हाल ही में कनाडा सरकार द्वारा रिक्रिएशनल गांजा वैध कर दिया गया, ऐसा करने वाला कनाडा राष्ट्र है विश्व में-**



(a) प्रथम (b) द्वितीय (c) तृतीय (d) चतुर्थ

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अक्टूबर, 2018 को कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने कनाडा में रिक्रिएशनल गांजा (कैनाविस) को वैध कर दिया।
- ऐसा करने वाला कनाडा विश्व का द्वितीय राष्ट्र है, पहला उरुग्वे है। उरुग्वे ने वर्ष 2013 में गांजा की बिक्री को वैध कर दिया था।
- कनाडा में गांजा के उपयोग को वर्ष 1923 में अपराध बनाया गया परंतु 2001 से चिकित्सीय उपयोग हेतु वैध कर दिया गया।
- कनाडा में कोई वयस्क अधिकृत उत्पादकों व विक्रेताओं से गांजा खरीद सकता है। एक व्यक्ति अपने पास 30 ग्राम तक गांजा रख सकता है तथा अपने घरों में अधिकतम चार पौधे लगा सकता है।अनाधिकृत तौर पर गांजा की खरीद बिक्री को अभी भी अपराध की श्रेणी में रखा गया है।
- किसी नाबालिक को गांजा या इस तरह का नशीला उत्पाद बेचने पर 14 साल तक की सजा का प्रावधान है।2015 के चुनाव प्रचार के दौरान कनाडा के वर्तमान राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो ने गांजा को वैध करने का वादा किया था, उनके अनुसार विश्व में गांजे संबंधी उत्पादों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल कनाडा में ही होता है।
- कनाडा सरकार के अनुमान के अनुसार गांजा बिक्री से कर राजस्व में सालाना 400 मिलियन डॉलर की वृद्धि होगी।

**संबंधित लिंक...**

https://www.bbc.com/news/world-us-canada-45806255

## वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक, 2017-18

**प्रश्न-16 अक्टूबर, 2018 को विश्व आर्थिक मंच द्वारा 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट, 2018' जारी की गई। रिपोर्ट में प्रस्तुत वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?**




(a) 45वां (b) 50वां (c) 40वां (d) 58वां

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को जेनेवा स्थित विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट (Global Competitiveness Report), 2018 जारी किया गया।
- वैश्विक प्रतिस्पर्धा रिपोर्ट में प्रतिस्पर्धात्मकता के कुल 12 स्तंभों या पैमानों के भारित औसत के आधार पर 140 देशों/अर्थव्यवस्थाओं को रैंकिंग प्रदान करते हुए 'वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक' प्रस्तुत किया गया।ये 12 स्तंभ-संस्थान, बुनियादी ढांचा, व्यापक आर्थिक वातावरण, स्वास्थ्य व प्राथमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा व प्रशिक्षण, कुशल श्रम बाजार, कुशल माल बाजार, वित्तीय बाजार, विकास, प्रौद्योगिकी तत्परता, बाजार, का आकार, व्यापारिक विशेषता तथा नवाचार हैं।
- रिपोर्ट में प्रस्तुत वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचंकाक, 2018 के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका (स्कोर-85.6) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात सिंगापुर (स्कोर-83.5), जर्मनी (स्कोर-82.8), स्विट्जलैंड (स्कोर-82.6) तथा जापान (स्कोर-82.5) को क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे तथा पांचवें स्थान प्राप्त हुए।
- इस सूचकांक में सबसे निचले स्थान पर चाड 140वें (स्कोर-35.5), यमन 139वें (स्कोर-36.4), हैती 138वें (स्कोर-36.5) अंगोला 137वें (स्कोर-37.1) तथा बुंरुडी 136वें (स्कोर-37.5) पर रहा।
- वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक, 2018 में भारत 58वें (स्कोर-62.0) स्थान पर रहा।
- जबकि गतवर्ष (2017) में कुल 137 देशों में 40वें स्थान पर था।
- इस सूचकांक में भारत, के पड़ोसी देशों में श्रीलंका 85वें, बांग्लादेश 103वें, पाकिस्तान 107वें तथा नेपाल 109वें स्थान पर रहा।ब्रिक्स देशों में भारत के अलावा चीन को 28वां, रूस को 43वां, दक्षिण अफ्रीका को 67वां तथा ब्राजील को 72वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- विश्व के अन्य प्रमुख देशों में यूनाइटेड किंगडम को 8वां, स्वीडन को 9वां, ऑस्ट्रेलिया को 14वां, कनाडा को 12वां, तथा फ्रांस को 17वां स्थान प्राप्त हुआ है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.weforum.org/reports/the-global-competitveness-report-2018

## ग्वाटेमाला, होंडुरास एवं अल सल्वाडोर की अमेरिकी आर्थिक सहायता में कटौती

**प्रश्न-हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किन मध्य अमेरिकी देशों की आर्थिक सहायता में कटौती की घोषणा की गई?**



(a) होंडुरास, अल सल्वाडोर एवं ग्वाटेमाला (b) ग्वाटेमाला एवं कोस्टारिका

(c) निकारागुआ एवं पनामा (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**


- अक्टूबर, 2018 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मध्य अमेरिकी देशों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता में कटौती की घोषणा की।ये देश हैं- होंडुरास, अल सल्वाडोर एवं ग्वाटेमाला।यह फैसला इन देशों से आ रहे प्रवासियों पर लगाम नहीं लगाने की वजह से लिया गया है।अमेरिकी विदेश विभाग के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2018 में अमेरिका ने ग्वाटेमाला को 8.4 करोड़ डॉलर, होंडुरास को 5.8 करोड़ डॉलर और अल सल्वाडोर को 5.1 करोड़ डॉलर की आर्थिक मदद की है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.dw.com/en/donald-trump-vows-to-cut-honduras-el-salvador-guatemala-foreign-aid/a-45991261

## इंडिया रिच लिस्ट, 2018

**प्रश्न-4 अक्टूबर, 2018 को प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' ने भारत के 100 सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची जारी की। इस सूची में किसे शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**




(a) दिलीप सांघवी (b) लक्ष्मी मित्तल (c) अजीम प्रेमजी (d) मुकेश अंबानी

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 अक्टूबर, 2018 को प्रतिष्ठित पत्रिका 'फोर्ब्स' द्वारा भारत के 100 सबसे अमीर व्यक्तियों की वार्षिक सूची (India's 100 Richest People), 2018 जारी की।
- इस सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (RIL) के अध्यक्ष मुकेश अंबानी 47.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ लगातार 11वें वर्ष शीर्ष पर रहे।
- देश की प्रमुख सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी 'विप्रो' के अध्यक्ष अजीम प्रेमजी 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ इस सूची में दूसरे स्थान पर रहे।

- स्टील किंग लक्ष्मी मित्तल 18.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 18 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ हिंदुजा परिवार चौथे स्थान पर रहे।
- पलोनजी मिस्त्री 15.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ पांचवें स्थान पर रहे।
- इसके पश्चात इस सूची में शिव नाडार (14.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर) छठवें, गोदरेज परिवार (14 बिलियन अमेरिकी डॉलर) सातवें, दिलीप सांघवी (12.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर) आठवें, कुमार बिड़ला (12.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर) नौवें तथा गौतम अडानी (11.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर) दसवें स्थान पर रहे।इसके अलावा अन्य प्रमुख लोगों में उदय कोटक (10.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 12वें, सुनील मित्तल (7.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 17वें, आचार्य बालकृष्णा (4.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) 25वें स्थान पर रहे।
- जिंदल समूह की सावित्री जिंदल 8.35 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ महिलाओं की श्रेणी में प्रथम स्थान पर, जबकि सूची में 14वें स्थान पर रहीं।
- इस सूची में शामिल अन्य महिलाओं में किरण मजूमदार शॉ 3.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ 39वें स्थान पर तथा लीना तिवारी 2.52 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ 64वें स्थान पर रहीं।इस सूची में पेटीएम के विजय शेखर शर्मा सबसे युवा (40 वर्ष) 2.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर की संपत्ति के साथ 74वें स्थान पर रहे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.forbes.com/india-billionaires/list/
http://www.forbesindia.com/lists/india-rich-list-2018/1731/all


## बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2018

**प्रश्न-20 सितंबर, 2018 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (OPHI) द्वारा जारी 'वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2018' के अनुसार, विश्व में बहुआयामी गरीबी की स्थिति में जीवनयापन कर रहे लोगों की संख्या के संदर्भ में विश्व का शीर्ष देश कौन है?**

(a) नाइजीरिया (b) इथियोपिया (c) पाकिस्तान (d) भारत

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**



- 20 सितंबर, 2018 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा 'ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल' (OPHI : Oxford Poverty & Human Development Initiative) द्वारा

'वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2018' (Global Multi-dimensional Poverty Index, 2018) जारी किया गया।

- उल्लेखनीय है कि पहला वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक 'मानव विकास रिपोर्ट' (HDR) के साथ वर्ष 2010 में प्रकाशित हुआ था।
- वर्ष 2018 को यह सूचकांक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व के 105 देशों में चरम गरीबी (Acute Poverty) की स्थिति का मापन करता है।
- यह 105 देश विश्व की 5.7 बिलियन जनसंख्या (वैश्विक जनसंख्या का 77%) का प्रतिनिधित्व करते हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व के 105 देशों में 1.34 बिलियन (23%) लोग बहुआयामी गरीबी की स्थिति में है।
- रिपोर्ट के अनुसार, विश्व के सभी विकासशील क्षेत्रों में गरीबी के मामले देखे गए हैं, परंतु विशेष रूप से उप-सहारा अफ्रीका तथा दक्षिण एशिया में यह चरम स्थिति में है।
- बहुआयामी गरीबी की स्थिति में जीवनयापन कर रहे 83% लोग (लगभग 1.1 बिलियन जनसंख्या) या तो उप-सहारा अफ्रीका में या दक्षिण एशिया में निवासरत हैं।
- बहुआयामी गरीबी की स्थिति वाले लोगों में लगभग आधी (49.9%) संख्या 0-17 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की है।
- वर्ष 2015-16 के आंकड़ों के अनुसार, विश्व में बहुआयामी गरीबी की स्थिति में जीवनयापन कर रहे लोगों की सर्वाधिक संख्या (लगभग 364 मिलियन) भारत में है।
- यद्यपि पिछले 10 वर्षों में भारत की गरीबी दर (Poverty rate) 55% से घटकर 28% तक पहुंच गई है, फिर भी भारत गरीबों की संख्या के संदर्भ में शीर्ष पर है।
- भारत के पश्चात बहुआयामी गरीबी की स्थिति वाले लोगों की सर्वाधिक संख्या के संदर्भ में अन्य प्रमुख देशों का क्रम निम्नवत है-(i) नाइजीरिया (97 मिलियन), (ii) इथियोपिया (86 मिलियन), (iii) पाकिस्तान (85 मिलियन) तथा (iv) बांग्लादेश (67 मिलियन)।
- वर्ष 2015-16 के भारत के जिला-स्तरीय आंकड़ों के अनुसार, देश का सबसे गरीबी जिला (Poorest district) अलिराजपुर (मध्य प्रदेश) है, जहां 76.5% लोग गरीब हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://ophi.org.uk/research/multidimensional-poverty/

# आर्थिक परिदृश्य

## वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट फोरम, 2018

**प्रश्न-22-26 अक्टूबर, 2018 के मध्य व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन 'वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट फोरम, 2018' का आयोजन कहां किया गया?**



(a) दोहा (b) नैरोबी (c) न्यूयॉर्क (d) जेनेवा

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 22-26 अक्टूबर, 2018 के मध्य व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन 'वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट फोरम' (World Investment Forum), 2018 का आयोजन जेनेवा, स्विट्जरलैंड में किया गया।
- इस वर्ष फोरम की 10वीं वर्षगांठ मनाई गई।
- इस कार्यक्रम का मुख्य विषय (Theme) "सतत विकास में निवेश" (Investing in Sustainable Development) है।
- इसमें 160 देशों से 6000 से ज्यादा प्रतिनिधियों ने भाग लिया गया।

**संबंधित लिंक...**

http://www.xinhuanet.com/english/2018-10/23/c_137551111.htm
http://worldinvestmentforum.unctad.org/homepage/about-wif/

## ग्लोबल डिजिटल कंटेंट मार्केट, 2018

**प्रश्न-हाल ही में 'ग्लोबल डिजिटल कंटेंट मार्केट-2018' पर सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?**

(a) बंगलुरू (b) हैदराबाद (c) लखनऊ (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 14-15 नवंबर, 2018 के मध्य 'ग्लोबल डिजिटल कंटेंट मार्केट (Global Digital Content Market: GDCM) सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।
- इसका आयोजन वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय का औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (The Department of Industrial Policy and Dromotion: DIPP) ने किया।

- इस सम्मेलन की मेजबानी विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (World Intellectual Property Oraganization : WIPO) ने भारत को सौंपी थी।
- इस सम्मेलन में विश्व भिन्न-भिन्न रचनात्मक क्षेत्रों एवं डिजिटल उद्योग के व्यवसायी और संयुक्त राष्ट्र में अनेक मिशनों से संबद्ध राजनयिक समुदाय के प्रतिनिधिगण भाग लिए ।
- इस सम्मेलन का यह दूसरा संस्करण है।
- उल्लेखनीय है कि इसका का पहला सम्मेलन (वर्ष 2016) जिनेवा, स्विट्जरलैंड में आयोजित हुआ था। ज्ञातव्य है कि भारत फिल्म, संगीत और मीडिया के क्षेत्र में अग्रणी है।
- उल्लेखनीय है कि 'वैश्विक नवाचार सूचकांक 2018' में भारत का स्थान 57वां है।

**संबंधित लिंक...**
http://dipp.nic.in/sites/default/files/globalDigital_ContentMarket_2018_13November2018.pdf

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मक्का का समर्थन मूल्य घोषित

**प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य कितना निर्धारित किया गया है?**



(a) 1500 रुपये प्रति कुन्तल (b) 1600 रुपये प्रति कुन्तल
(c) 1650 रुपये प्रति कुन्तल (d) 1700 रुपये प्रति कुन्तल

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 नवंबर, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में वर्ष 2018-19 में मक्का क्रय नीति से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस मंजूरी के तहत मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1700 रुपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है।
- निर्धारित मक्का के समर्थन मूल्य के अतिरिक्त सरकार मक्का की उतराई, छनाई और सफाई इत्यादि के खर्च के मद में कृषकों को अधिकतम 20 रुपये प्रति कुन्तल की दर से भुगतान करेगी। मक्का खरीद का कार्यकारी लक्ष्य 1 लाख मीट्रिक टन निर्धारित है।

**संबंधित लिंक...**
http://information.up.nic.in/attachments/files/5beac87f-376c-4f53-870a-3cc00af72573.pdf

## अलीबाबा समूह

**प्रश्न-हाल ही में चीन के प्रसिद्ध ई-कॉमर्स कंपनी 'अलीबाबा समूह' ने दुनिया भर से वर्ष 2030 तक भुखमरी को मिटाने हेतु रणनीतिक साझेदारी किया है-**



(a) संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (UNWFP) से

(b) अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास निधि (IFAD) से

(c) WHO से (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 में चीन के प्रसिद्ध ई-कॉमर्स कंपनी 'अलीबाबा समूह' ने संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम' (UNWFP) से एक रणनीतिक साझेदारी किया।
- जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक दुनिया भर से भुखमरी को खत्म करना है।
- वर्ष 1961 में गठित विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) विश्व व्यापी भुखमारी से निपटने के लिए विश्व की सबसे बड़ी मानवीय एजेंसी है।
- यह संयुक्त राष्ट्र प्रणाली का भाग है और स्वेच्छा से वित्तपोषित है।
- समझौते के तहत, अलीबाबा WFP के परिचालन के डिजिटल परिवर्तन को समर्थन देने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और संसाधन मुहैया कराएगी। विशेषकर अलीबाबा की क्लाउड कंप्यूटिंग इकाई 'अलीबाबा क्लाउड' WFP के साथ मिलकर एक डिजिटल 'वर्ल्ड हंगर मैप' विकसित करेगी।यह मैप वैश्विक भुखमरी और परिचालन की निगरानी वर्ष 2030 तक करेगा, जब इसे समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।
- ध्यातव्य है कि 'भुखमरी रहित दुनिया' संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख टिकाऊ विकास लक्ष्य (SDG) भी है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.adgully.com/wfp-alibaba-join-hands-to-eradicate-hunger-81524.html

## इस्लामिक बैंकिंग के नाम पर पोंजी योजनाएं

**प्रश्न-इस्लामिक बैंकिंग के नाम पर पोंजी योजनाएं संचालित करने के कारण हाल ही में चर्चा में आई फर्म 'एम्बिडेंट मार्केटिंग' स्थित है-**




(a) कर्नाटक में (b) महाराष्ट्र में (c) तमिलनाडु में (d) आंध्र प्रदेश में

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 में 'इस्लामिक बैंकिंग या हलाल निवेश' के नाम पोंजी योजनाएं संचालित करने वाली फर्म 'एम्बिडेंट मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड' चर्चा में आई।
- कर्नाटक स्थित इस फर्म को लेकर ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने रिजर्व बैंक को आगाह किया।
- ध्यातव्य है कि 'इस्लामिक बैंकिंग' या हलाल निवेश भारत में अवैध है।
- फरीद और अफाक अहमद द्वारा संचालित 'एम्बिडेंट मार्वफ्रेटिंग' पर सीधे-सादे निवेशकों से पोंजी स्कीम के जरिए 950 करोड़ रुपये की उगाही का आरोप है।
- इसी घटनाक्रम के तहत 11 नवंबर को बंगलुरू की केंद्रीय अपराध शाखा ने कर्नाटक के पूर्व मंत्री जनार्दन रेड्डी को गिरफ्तार किया।
- पोंजी योजना ऐसी योजना होती है जिसमें कोई वित्तीय कंपनी लोगों की बचतों को स्वीकार करे तथा उस पर ब्याज तथा मूल राशि का भुगतान किसी लाभदायक निवेश से नहीं अपितु नए ऋण/जमाओं से करें।


**संबंधित लिंक...**

https://www.businesstoday.in/current/corporate/ed-flags-ponzi-scheme-in-name-of-islamic-banking-writes-to-rbi/story/289214.html

## पशुधन की 20वीं गणना

**प्रश्न-पशुधन की 20वीं गणना आयोजित की जाएगी-**

(a) 20 राज्यों में (b) 25 राज्यों में (c) 420 जिलों में (d) भारत के सभी जिलों में




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार, भारत के सभी जिलों में पशुधन की 20वीं गणना आयोजित की जाएगी।
- गणना का कार्य सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहयोग से किया जाएगा।

- सरकार द्वारा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 1 अक्टूबर, 2018 को गणना प्रारंभ की जाएगी।
- गणना सभी गांवों एवं शहरी वार्डों में आयोजित होगी।
- इस गणना के अंतर्गत पशुओं, पोल्ट्री पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की गिनती की जाएगी।

**संबंधित लिंक...**

http://www.dahd.nic.in/sites/default/filess/Press%20Note-20LC.pdf

## एगमार्क के लिए आनलाइन साफ्टवेयर

**प्रश्न-एगमार्क के संबंध में, निम्न कथनों पर विचार करें-**

**1. एगमार्क कृषि उत्पादों से संबंधित एक प्रमाण चिह्न है जो कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बताता है।**

**2. हाल ही में एगमार्क प्रमाणीकरण के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर लॉन्च किया गया है।**

**सही विकल्प का चयन करें-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 सितंबर, 2018 को कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह द्वारा एगमार्क प्रमाणीकरण के लिए ऑनलाइन सॉफ्टवेयर (एगमार्क एप) का शुभारंभ किया गया।
- ध्यातव्य है कि एगमार्क प्रमाणीकरण कृषि उत्पादों की गुणवत्ता से संबंधित है। यदि कोई उत्पाद एगमार्क प्रमाणित है तो माना जाता है कि यह निर्धारित मानक को पूरा करता है।
- राष्ट्रीय सूचना केंद्र (NIC) ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए एगमार्क प्रमाणीकरण प्रक्रिया को ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक मोड प्रदान किया है जिससे प्रक्रिया प्रभावी और आसान होगी।
- इस ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के द्वारा 24 घंटे आवेदन और साथ ही इसमें ऑनलाइन शुल्क का भुगतान भी किया जा सकेगा।
- एकमार्क ऑनलाइन सिस्टम, कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए पूरे देश में लागू किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**


http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=183738

## फोर्ब्स इंडिया :टाइकून्स ऑफ टुमारो सूची

**प्रश्न-25 सितंबर, 2018 को प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स के भारतीय संस्करण फोर्ब्स इंडिया द्वारा टाइकून्स ऑफ टुमारो सूची जारी की गई। इस सूची में कितने युवा व्यक्तियों को शामिल किया गया है।**

(a) 20 (b) 22 (c) 25 (d) 30

**उत्तर-(b)**




**संबंधित तथ्य**

- 25 सितंबर, 2018 को फोर्ब्स इंडिया द्वारा मुंबई में 'टाइकून्स ऑफ टुमारो' (Tycoons of Tomorrow) नामक सूची जारी की गई।
- यह इस सूची का प्रथम संस्करण है।
- यह सूची 'फेसबुक' के सहयोग से जारी की गई है।
- इस सूची में उद्योग अभिनय एवं खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित करने वाले 22 युवा व्यक्तियों को शामिल किया गया है।
- इस सूची में शामिल व्यक्तियों का चयन एक 6 सदस्यीय ज्यूरी द्वारा किया गया है।
- सूची में शामिल व्यक्तियों को कोई रैंक नहीं दी गई है।
- पी.बी. सिंधु एकमात्र खिलाड़ी (Sports person) हैं जिन्हें इस सूची में शामिल किया गया है।
- जबकि अभिनय (Acting) के क्षेत्र से संबंधित विकी कौशल एवं भूमि पेडनेकर को भी इस सूची में जगह दी गई है।
- इस सूची में शामिल अन्य प्रमुख व्यक्ति हैं-
- अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (APSEZ) के सीईओ करन अडानी, इंडियन एक्सप्रेस समूह के कार्यकारी निदेशक अनंत गोयनका, फ्यूचर कंज्यूमर की प्रबंध निदेशक आशनी बियानी तथा स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस की संस्थापक, क्यूरोकार्टे (CuroCarte) एवं एमपॉवर की सह-संस्थापक अनन्या बिरला आदि।

**संबंधित लिंक...**

http://www.forbesindia.com/lists/tycoons-of-tomorrow/1729/1

## सॉफ्टवेयर कंपनी रेड हैट का अधिग्रहण

**प्रश्न-हाल ही में किस कंपनी द्वारा सॉफ्टवेयर कंपनी रेड हैट का अधिग्रहण किया गया?**

(a) माइक्रोसॉफ्ट (b) अलीबाबा (c) आईबीएम (d) अमेजन

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 अक्टूबर, 2018 को आईबीएम द्वारा सॉफ्टवेयर कंपनी रेड हैट इंक के अधिग्रहण संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।
- अधिग्रहण की कुल लागत राशि 34 बिलियन अमेरिकी डॉलर है।
- इस समझौते के द्वारा प्रौद्योगिकी हार्डवेयर और परामर्श व्यवसाय को तथा उच्च मार्जिन उत्पादों और सेवाओं को विविधता प्रदान किया जाएगा।
- इस अधिग्रहण का उद्देश्य आईबीएम को एक हाइब्रिड क्लाउड सेवा प्रदाता बनाना है।
- आईबीएम की स्थापना वर्ष 1911 में तथा रेड हैट इंक की स्थापना वर्ष 1993 में हुआ था।
- रेड हैट लिनक्स (Linux) एक ओपन सोर्स ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर है। जिसका उपयोग आमतौर पर सर्वर कंप्यूटरों में किया जाता है।
- भारत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज, आधार, जीएसटी, भारतीय जीवन बीमा निगम, एसबीआई, कोर बैंकिंग सेवा, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड एवं कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जैसे कई सरकारी एवं गैर सरकारी संगठन रेड हैट की ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर (लिनक्स) सेवा का उपयोग करती है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.cnbc.com/2018/10/28/ibm-to-acquire-red-hat-in-deal-valued-at-34-billion.html
https://economictimes.indiatimes.com/tech/software/from-railways-to-aadhaar-indias-key-systems-run-on-ibm-acquired-red-hat-software/articleshow/66425951.cms

## नेपाल सेना को 150 मिलियन RMB देने का वादा

**प्रश्न-हाल ही में नेपाल सेना को 150 मिलियन RMB देने की घोषणा किस राष्ट्र द्वारा की गई?**

(a) भारत (b) रूस (c) यूए.एस.ए. (d) चीन




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- चीन ने नेपाल की सेना को 150 मिलियन RMB देने की घोषणा की है। चीन द्वारा दी जाने वाली यह मदद नेपाल के 2.5 बिलियन रुपये के बराबर है।
- चीन पांच साल के लिए मानवता और आपदा के संकट से निजात पाने के लिए नेपाल की सहायता करेगा।

- इस मदद को प्रभावी बनाने के लिए चीन की यात्रा पर गए नेपाल के उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ईश्वर पोखरेल तथा चीन के रक्षा मंत्री वी फेंघे (Wei Fenghe) ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।
- पिछले वर्ष चीन ने नेपाली सेना के मानवता और आपदा के संकट से निजात के लिए 100 मिलियन RMB की बढ़ोत्तरी की थी।
- इस यात्रा के दौरान 24-26 अक्टूबर के मध्य आयोजित आठवें बीजिंग झिंग्सान (Beijing Xiangshan) फोरम में ईश्वर पोखरेल ने भाग लिया। इस मंच पर विश्व के 67 देशों के 500 प्रतिनिधियों और सात संगठनों ने भी भाग लिया।
- इस मंच को आधिकारिक रूप से झिंग्सान फोरम कहा जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 2006 में हुई थी। जिसका उद्देश्य सुरक्षा अधिकारियों, सैन्य ताकतों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों और विशेषज्ञों को सहयोग के लिए एकजुट करना था।

**संबंधित लिंक...**

https://www.thehindu.com/news/international/china-pledges-rmb-150-million-assistance-to-nepal-army/article25371305.ece

## जूता और कपड़ा उद्योग के लिए केंद्र सरकार का विशेष पैकेज

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने चमड़ा और जूता उद्योग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए एक विशेष पैकेज को मंजूरी प्रदान की है। इसके कार्यान्वयन की अवधि कब तक प्रस्तावित है?**

(a) वर्ष 2017-19 तक (b) वर्ष 2017-20 तक

(c) वर्ष 2018-21 तक (d) वर्ष 2018-25 तक



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 अक्टूबर, 2018 को केंद्र सरकार ने चमड़ा और जूता उद्योग के क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए एक विशेष पैकेज को मंजूरी प्रदान की।
- इस पैकेज के कार्यान्वयन की अवधि वर्ष 2017-2020 तक है।
- इस पैकेज के लिए लगभग 2600 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।
- इस योजना का उद्देश्य चमड़ा उद्योग के लिए आधारभूत सुविधाओं का विकास करना, चमड़ा उद्योग से जुड़ी पर्यावरण संबंधी चिंताओं का समाधान करना, अतिरिक्त निवेश को सरल बनाना, रोजगार सृजन करना और उत्पादन बढ़ाना है।

- केंद्र सरकार की योजना भारतीय जूता, चमड़ा और सहायक उपकरण विकास कार्यक्रम (IFLADP) के तहत तमिलनाडु राज्य में चार परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184110

## उत्तर प्रदेश: बीमा उद्योग के लिए एक शीर्ष जीडीपीआई योगदानकर्ता

**प्रश्न-हाल ही में कौन-सा प्रदेश बीमा उद्योग के लिए एक शीर्ष सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय (जीडीपीआई) योगदानकर्ता बना?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार (c) मध्य प्रदेश (d) बिहार

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 अक्टूबर, 2018 को एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने बीमा उद्योग के शीर्ष पांच योगदानकर्ताओं में उत्तर प्रदेश के शामिल होने की पुष्टि की।
- यह योगदान सकल प्रत्यक्ष प्रीमियम आय (GDPI) के संदर्भ में है।
- साथ ही उत्तर प्रदेश को SBI जनरल इंश्योरेंस के उत्थान का भी सारथी बताया गया।
- लखनऊ को SBI जनरल ने अपने खुदरा और कॉर्पोरेट नीतियों के लिए एक प्रमुख केंद्र बताया है।
- उत्तर प्रदेश में 'SBI जनरल' की वर्तमान में 10 शाखाएं हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/up-among-top-gdpi-contributors-for-insurance-industry-sbi-gen-insurance/articleshow/66137866.cms

## मुक्त बाजार परिचालनः आरबीआई द्वारा 120 अरब रुपये के सरकारी बांडों का क्रय

**प्रश्न-तरलता यथावत रखने हेतु RBI द्वारा हाल ही में कितने अरब रुपये के सरकारी बांड क्रय किए गए?**

(a) 120 अरब रुपये (b) 110 अरब रुपये (c) 105 अरब रुपये (d) 95 अरब रुपये

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में RBI ने 120 अरब रुपये के सरकारी बांड क्रय किए।

- यह खरीदारी मुक्त बाजार परिचालन के तहत की गई।
- जिससे तंत्र (System) में तरलता को यथावत रखा जा सके।
- सरकार ने 2020 से 2030 के दौरान परिपक्व होने वाले बांडों की खरीददारी की।
- तरलता की स्थिति के आकलन के आधार पर रिजर्व बैंक ने 11 अक्टूबर, 2018 को 120 अरब रुपये की कुल राशि के लिए ओपन मार्केट ऑपरेशंस के तहत निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदा गया।
- ओपन मार्केट ऑपरेशंस के तहत RBI वर्ष 2020 में परिपक्व होने वाले बांड (ब्याज दर 8.12%), 2022 में परिपक्व होने वाले बांड (8.20% का ब्याज दर), 2024 में परिपक्व होने वाले बांड (8.40% ब्याज दर), 2026 में परिपक्व होने वाले बांड (6.97% ब्याज दर) और 2030 में परिपक्व होने वाले बांड (ब्याज दर-6.68%) को क्रय करेगा।

**संबंधित लिंक...**
https://rbi.org.in/Scripts/BS_PressReleaseDisplay.aspx?prid=45308

## सकल उधार अनुमान में 70,000 करोड़ रुपये तक की कटौती

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा चालू वित्त वर्ष के लिए सकल उधार अनुमान में कितने राशि की कटौती की गई है?**



(a) 70,000 करोड़ रुपये (b) 80,000 करोड़ रुपये
(c) 85,000 करोड़ रुपये (d) 90,000 करोड़ रुपये

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा चालू वित्त वर्ष के लिए सकल उधार अनुमान में 70,000 करोड़ रुपये तक की कटौती की गई।
- सरकार ने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 3.3 प्रतिशत निर्धारित किया।
- वित्त वर्ष के दूसरी छमाही के लिए उधार कार्यक्रम के तहत सरकार अप्रैल-सितंबर, 2018-19 के 2 लाख 88 हजार करोड़ रुपये की तुलना में 2 लाख 47 हजार करोड़ रुपये उधार लेगी।
- सरकार भविष्य में मुद्रास्फीति सूचकांक बांड भी लांच करेगी। जिसके तहत चालू वित्त वर्ष में एक या दो बांड आएंगे।
- ध्यातव्य है कि सरकार ने पहले 6.05 लाख करोड़ रुपये का सकल उधार कार्यक्रम चलाया था।

- जो अब 70,000 करोड़ रुपये की कटौती के बाद 5.35 लाख करोड़ रुपये तक सीमित हो गया है।

**संबंधित लिंक...**
https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/modi-govt-announces-rs-70000-crore-cut-in-borrowing-target-to-ease-cash-squeeze/articleshow/65995870.cms

## अर्जेंटीना को आईएमएफ का सबसे बड़ा कर्ज

**प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अर्जेंटीना को 'अब तक का सबसे बड़ा कर्ज' कितनी राशि का दिया है?**

(a) 57.1 बिलियन डॉलर (b) 4.00 बिलियन डॉलर (c) 3.5 बिलियन डॉलर (d) 3.0 बिलियन डॉलर

**उत्तर-(a)**



**संबंधित तथ्य**

- 26 सितंबर, 2018 को अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (IMF) ने अर्जेंटीना को IMF के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा कर्ज स्वीकृत किए जाने की घोषणा की।
- यह कर्ज 57.1 बिलियन डॉलर का होगा।
- यह कर्ज अर्जेंटीना को आर्थिक संकट से उबारने में मदद करेगा।
- ध्यातव्य है कि जून में IMF अर्जेंटीना को 50 अरब डॉलर कर्ज देने के लिए तैयार था, परंतु लगातार बिगड़ती अर्थव्यवस्था के चलते कर्ज की राशि को बढ़ाकर 57.1 बिलियन (डॉलर) किया गया।
- कर्ज की राशि अर्जेंटीना में बढ़ती महंगाई दर और करेंसी के गिरते स्तर को ध्यान में रखकर बढ़ाई गई।
- ध्यातव्य है कि अर्जेंटीना को पहले ही 15 बिलियन डॉलर का कर्ज मिल चुका है। हालांकि, आईएमएफ ने इसके लिए कड़ी शर्तें रखी थीं।
- इनमें से एक शर्त 2019 तक राष्ट्रीय घाटे को शून्य तक लाना भी है।
- IMF से हालिया समझौते के बाद अर्जेंटीना सेंट्रल बैंक करेंसी गिरने पर सिर्फ तभी दखल देगा जब उसकी करेंसी की कीमत 44 पैसे प्रति डॉलर से नीचे गिर जाएगी।
- ध्यातव्य है कि इस साल पैसों की कीमत में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट आई है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.theguardian.com/world/2018/sep/26/argentina-imf-biggest-loan

# अमेरिका द्वारा ईरान पर नए आर्थिक प्रतिबंध

**प्रश्न-हाल ही में अमेरिका द्वारा ईरान के किस बैंक पर बैन लगाया गया है?**



(a) मेलात (b) मेहर एक्तेसाद (c) (a) और (b) दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**


- 16 अक्टूबर, 2018 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग द्वारा ईरान पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए जाने की घोषणा की गई। यह अमेरिकी प्रतिबंध ईरान के दो बैंकों मेलात और मेहर एक्तेसाद पर लगाए गए हैं। इसके अलावा प्रतिबंध के तहत निवेश इंजीनियरिंग कंपनियों को भी शामिल किया गया है। ट्रेजरी ने ईरान ट्रैक्टर विनिर्माण कंपनी, एस्फेहन्स मोबाराखे स्टील कंपनी के साथ-साथ अन्य फर्मों के खिलाफ प्रतिबंधों की भी घोषणा की है।
- प्रतिबंधित बैंकों और कंपनियों के कारोबार करने पर रोक लगाई गई है।
- अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के अनुसार यह समूह एक बहुअरब डॉलर का वित्तीय नेटवर्क बनाता है जो एक ईरानी अर्धसैनिक बल का समर्थन करता है, जो देश के शक्तिशाली इस्लामी क्रांतिकारी गार्ड कोर (IRGC) के लिए बाल सैनिकों (Child Soldiers) की भर्ती कर उन्हें प्रशिक्षित करता है। ध्यातव्य है कि ईरान ने सितंबर में ही संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहले के आर्थिक प्रतिबंधों का विरोध किया था। ध्यातव्य है कि जुलाई, 2018 में अमेरिका ने ईरान से 2015 में किए गए परमाणु समझौते से हाथ वापस खींच लिए थे। जिसे आधिकारिक तौर पर संयुक्त सर्वग्राही कार्ययोजना (JCPOA) के रूप में जाना जाता है।
- यह प्रतिबंध 4 नवंबर, 2018 से लागू हो गए। इस तिथि के बाद जो भी देश ईरान से कारोबार करेंगे उन्हें अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।
- ध्यातव्य है कि भारत ईरान से दूसरा सबसे ज्यादा तेल आयात करने वाला देश है।

**संबंधित लिंक...**

http://www.arabnews.com/node/1388886/middle-east

## निवेश पर यूएई-भारत उच्चस्तरीय संयुक्त कार्यबल की 6वीं बैठक, 2018

**प्रश्न-14-15 अक्टूबर, 2018 के मध्य निवेश पर यूएई-भारत उच्च स्तरीय कार्यबल की 6वीं बैठक कहां संपन्न हुई?**



(a) नई दिल्ली (b) मुंबई (c) अबूधाबी (d) जयपुर

**उत्तर (b)**

**संबंधित तथ्य**

- 14-15 अक्टूबर, 2018 के मध्य निवेश पर यूएई-भारत उच्च स्तरीय संयुक्त कार्यबल की 6वीं बैठक (6th Meeting of India-UAE High Level Task Force on Investment), मुंबई में संपन्न हुई।
- केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु तथा अबूधाबी क्राउन प्रिंसेज कोर्ट (Abu Dhabi Crown Prince's Court) के अध्यक्ष एच.एच. शेख हामेद बिन जाएद अल नहयान ने इस बैठक की सह-अध्यक्षता की।
- ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व यह बैठक जनवरी, 2018 में अबू धाबी (UAE) में संपन्न हुई थी।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1549746

## उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में भारत का कर्ज सबसे कम

**प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के राजकोषीय मामलों के विभाग के निदेशक कौन हैं?**



(a) विटोर गैस्पर (b) अब्देल सेन्हादजी (c) पॉलो मॉरो (d) टिंग यान

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 अक्टूबर, 2018 को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा अर्द्ध वार्षिक वित्तीय मॉनिटर रिपोर्ट जारी की गई।
- वर्ष 2017 में वैश्विक ऋण 182 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के रिकॉर्ड नए उच्च स्तर पर पहुंच गया।
- IMF के राजकोषीय मामलों के विभाग के निदेशक विटोर गैस्पर के अनुसार वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत में भारत का ऋण वैश्विक ऋण से कम है।

- IMF के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2017 में भारत का निजी ऋण GDP का 54.5 प्रतिशत था, जबकि सरकार का कर्ज 70.4 प्रतिशत था। जहां भारत का ऋण का कुल 125 प्रतिशत था, वहीं चीन का कुल ऋण GDP का 247 प्रतिशत था।
- पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत का निजी कर्ज GDP के 60 प्रतिशत से घटकर 54.5 प्रतिशत पर आ गया है, जो काफी स्थिर है।
- गैस्पर के अनुसार उभरते बाजारों में सार्वजनिक ऋण की तुलना में निजी ऋण ज्यादा तेजी से बढ़ा है।
- 189 सदस्य देशों वाले संगठन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का गठन वर्ष 1945 में हुआ था।
- इसका मुख्यालय वाशिंगटन डी.सी. है।
- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मौद्रिक प्रणाली की स्थिरता सुनिश्चित करना है जिसके अंतर्गत विनिमय दर और अंतरराष्ट्रीय भुगतान की प्रणाली जो और उनके नागरिकों को एक दूसरे के साथ लेन-देन करने में सक्षम बनाती है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.financialexpress.com/economy/imf-says-indias-debt-lower-than-best-emerging-economies-including-china-check-how-both-asian-giants-fare/1344173/

## वर्ष 2018 के प्रथम छमाही में डाटा सेंधमारी के 4.5 अरब मामले

**प्रश्न-हाल ही में वर्ष 2018 के प्रथम छमाही में डाटा सेंधमारी के 4.5 अरब मामले प्रकाश में आए हैं। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों में से क्या सही नही है?**

1. **यह जानकारी नीदरलैंड्स की गेमाल्टो नामक डिजिटल सुरक्षा कंपनी द्वारा जारी किए गए हैं।**
2. **2. इस सूची में भारत चौथे स्थान पर है।**
3. **3. डाटा सेंधमारी एवं चोरी की सर्वाधिक घटनाएं फेसबुक से संबंधित हैं।**

**कूट :**
(a) केवल 1 (b) 1 एवं 3 (c) 2 एवं 3 (d) केवल 2
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**



- नीदरलैंड्स की डिजिटल सुरक्षा कंपनी गेमाल्टो (Gemalto) द्वारा 9 अक्टूबर, 2018 को जारी '(Breach Level Index)' में वैश्विक स्तर पर 945 सेंधमारी मामलों में 4.5 अरब सार्वजनिक डाटा चोरी होने के मामले प्रकाश में आए है।
- ये आंकड़े वर्ष 2018 के प्रथम छमाही तक के हैं। इसी अवधि में गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2018 में डाटा चोरी एवं सेंधमारी के मामलों में 133 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।
- इस सूचकांक के अनुसार वैश्विक स्तर डाटा सेंधमारी के सर्वाधिक मामले संयुक्त राज्य अमेरिका एवं उसके पश्चात भारत में हुए।
- वैश्विक स्तर पर सेंधमारी के कुल मामलों में 57 प्रतिशत का शिकार अमेरिका रहा है तथा कुल डाटा चोरी में 72 प्रतिशत रिकॉर्ड अमेरिका में चोरी हुए है।
- वहीं गेमाल्टो के अनुसार वर्ष 2018 के प्रथम छमाही में भारत में आधार डाटा में सेंधमारी कर 1 अरब रिकॉर्ड की चोरी की गई।
- गौरतलब है कि सर्वाधिक डाटा की सेंधमारी एवं चोरी फेसबुक में हुई है। संगठन के स्तर पर भारत की रिलांयस जियो कंपनी, केरल का मोटर वाहन विभाग सर्वाधिक सुभेद्य कंपनी/संगठन के रूप में सामने आए हैं जहां से डाटा सेंधमारी की घटनाएं हुई हैं।
- क्षेत्रवार डाटा सेंधमारी का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि सर्वाधिक सेंधमारी स्वास्थ्य क्षेत्र (27%) में हुई है एवं सर्वाधिक चोरी पहचान संबंधी (65%) डाटा की हुई है।

**संबंधित लिंक...**

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/data-breach-in-india-second-highest-after-us-in-h12018-gemalto/articleshow/66227056.cms

## IFC द्वारा अमेरिका और यूरोप में 1 बिलियन डॉलर का मसाला बॉण्ड कार्यक्रम लांच

**प्रश्न-हाल ही में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (IFC) द्वारा अमेरिका और यूरोप में कितने बिलियन डॉलर का मसाला बॉण्ड कार्यक्रम लांच किया गया है?**

(a) 1 बिलियन डॉलर (b) 2 बिलियन डॉलर

(c) 3 बिलियन डॉलर (d) 4 बिलियन डॉलर

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (IFC) द्वारा अमेरिका और यूरोप में 1 बिलियन डॉलर का मसाला बॉण्ड कार्यक्रम लांच किया गया।

- 18 अक्टूबर, 2018 को लंदन स्टॉक एक्सचेंज (LSE) पर कार्यक्रम के तहत 100 मिलियन डॉलर की पहली किश्त (Tranche) खोली गई।
- ध्यातव्य है कि मसाला बॉण्ड को पहली बार 10 नवंबर, 2014 में अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार में विश्व बैंक समूह के सदस्य इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (IFC) द्वारा भारत में बुनियादी ढांचा विकसित करने हेतु जारी किया गया था।
- जबकि भारत में मसाला बॉण्ड 2015 से जारी होना शुरू हुए थे। शब्द- 'मसाला बॉण्ड' IFC द्वारा ही गढ़ित है। विदेशी पूंजी बाजार में निवेश के लिए भारतीय रुपये में जारी किए जाने वाले बॉण्ड को 'मसाला बॉण्ड' कहते हैं।
- पूर्व में मसाला बॉण्डों की परिपक्वता अवधि पांच वर्ष हुआ करती थी।
- जबकि वर्तमान नियमों के अनुसार इनकों तीन वर्ष से पहले भुनाया नहीं जा सकता है।
- मसाला बॉण्ड के अस्तित्व में आने से पूर्व भारतीय कंपनियां निवेशोद्देश्य से विदेशों में डॉलर में बॉण्ड जारी करती थीं। जिसके मूल्य में उतार-चढ़ाव से ये कंपनियां भी प्रभावित होती थीं।
- लेकिन मसाला बॉण्ड के संदर्भ में ऐसा नहीं होता है।

**संबंधित लिंक...**
https://economictimes.indiatimes.com/industry/banking/finance/international-finance-corporation-launches-1-billion-masala-bonds/articleshow/66289588.cms

## बेस्ट ग्लोबल ब्रांड्स, 2018

**प्रश्न-हाल ही में इंटरब्रांड द्वारा जारी 'बेस्ट ग्लोबल ब्रांड्स, 2018' रिपोर्ट में किस कंपनी को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**



(a) एप्पल (b) गूगल (c) फेसबुक (d) सैमसंग

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में इंटरब्रांड (Inter Brand) द्वारा 'बेस्ट ग्लोबल ब्रांड्स, 2018' वार्षिक रिपोर्ट जारी की गई।
- रिपोर्ट में वित्तीय प्रदर्शन, ब्रांड शक्ति जैसे कारकों के आधार पर विश्व की 100 कंपनियों को रैंकिंग प्रदान की गई है।
- रिपोर्ट में संयुक्त राज्य अमेरिका की कंपनी एप्पल को पहला स्थान प्राप्त हुआ जिसका ब्रांड मूल्य 214 बिलियन डॉलर है।

- गूगल, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट एवं कोका कोला को क्रमशः दूसरा, तीसरा, चौथा और पांचवां स्थान प्राप्त हुआ।
- रिपोर्ट में शीर्ष 10 में शामिल अन्य कंपनियां सैमसंग (6वां), टोयोटा (7वां), मर्सिडीज-बेंज (8वां), फेसबुक (9वां) और मैकडोनाल्ड्स (10वां) हैं।
- रिपोर्ट में आटोमोबाइल कंपनी सुबारू (100वां) को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ।

**संबंधित लिंक...**

https://www.interbrand.com/best-brands/best-global-brands/2018/ranking/

## असम वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018

**प्रश्न-हाल ही में असम विधानसभा द्वारा पारित असम वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 में अनिवार्य जीएसटी पंजीकरण हेतु वार्षिक टर्नओवर की सीमा को कर दिया गया-**

(a) 20 लाख रु. (b) 15 लाख रु. (c) 25 लाख रु. (d) 30 लाख रु.




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 अक्टूबर, 2018 को असम विधानसभा द्वारा असम वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2018 पारित किया गया।
- विधेयक में अनिवार्य जीएसटी पंजीकरण के लिए वार्षिक टर्नओवर की सीमा को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रुपए कर दिया गया है।
- विधेयक में जीएसटी के तहत 1% कंपोजिट टैक्स भरने के लिए व्यापारी हेतु टर्नओवर की सीमा 75 लाख रु. से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

**संबंधित लिंक...**

http://newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=353551

## आईआरडीएआई पैनल का गठन

**प्रश्न-किश्तों में दावों का भुगतान करने की व्यवहार्यता की जांच के लिए भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) द्वारा निम्नलिखित में से किसकी अध्यक्षता में एक पैनल का गठन किया गया है?**

(a) सुरेश माथुर (b) टी.एस.विजयन (c) सुबोध अग्रवाल (d) अनूप बाघवान

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने सुरेश माथुर, ईडी (स्वास्थ्य), आईआरडीएआई की अध्यक्षता में एक पैनल का गठन किया।
- यह पैनल एकमुश्त भुगतान के मुकाबले किश्तों में दावों के भुगतान के लिए सामान्य और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों के प्रस्ताव की व्यवहार्यता की जांच करेगा। यह सामान्य दुर्घटना और लाभ-आधारित स्वास्थ्य बीमा दावों के निपटारे को देखेगा।
- किश्तों में दावा लाभों के निपटारे की यह प्रक्रिया लाभार्थियों या दावेदारों को प्री-निर्धारित किश्तों की शृंखला में भुगतान प्राप्त करने में सक्षम बनाएगी।
- अन्य संबंधित तथ्यआर.एन.मल्होत्रा समिति की रिपोर्ट की सिफरिशों का अनुसरण करते हुए 1999 में बीमा उद्योग का विनियम और विकास करने के लिए एक स्वायत्त निकाय के रूप में बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDA) का गठन किया गया था।
- आईआरडीए का निगमन एक सांविधिक निकास के रूप में अप्रैल 2000 में किया गया था।
- आईआरडीए का मुख्य उद्देश्य बीमा बाजार की वित्तीय सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए संवर्धित ग्राहक विकल्प और निम्नतर प्रीमियमों के माध्यम से ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि करने के लिए प्रतिस्पर्धा में बढ़ोत्तरी करना है।
- इसमें एक अध्यक्ष सहित 10 सदस्य होते हैं। इसका मुख्यालय हैदराबाद में है। सुभाष चंद्र खुंतिया इसके वर्तमान अध्यक्ष हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/irdai-panel-to-study-feasibility-of-paying-claims-in-instalments/article25228956.ece

## फोर्ब्स की सर्वश्रेष्ठ 2000 वैश्विक नियोक्ताओं की सूची

**प्रश्न-हाल ही में जारी फोर्ब्स की सर्वश्रेष्ठ 2000 वैश्विक नियोक्ताओं की सूची में किस भारतीय कपंनी को सर्वश्रेष्ठ 25 नियोक्ता कंपनियों में शामिल किया गया है?**

(a) लार्सन एंड टुब्रो (b) महिंद्र एंड महिंद्रा (c) एचडीएफसी (d) जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को फोर्ब्स द्वारा विश्व की सर्वश्रेष्ठ 2000 वैश्विक कंपनियों की सूची जारी की गई।
- सूची में 22वां स्थान प्राप्त करने वाली लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) शीर्ष 25 नियोक्ताओं में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है।
- सूची में गूगल की मूल कंपनी एल्फावेट को लगातार दूसरे वर्ष शीर्ष स्थान प्रदान किया गया है। दूसरे स्थान पर माइक्रोसॉफ्ट का नाम है।
- सूची में शामिल 2000 कंपनियों में से 24 24 कंपनियां भारत की हैं जो दुनिया के शीर्ष 500 नियोक्ताओं की सूची में हैं।
- फोर्ब्स की सूची के अनुसार विश्व के सर्वश्रेष्ठ 10 नियोक्ताओं में से 6 अमेरिका से हैं।
- उल्लेखनीय है कि लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) भारत की कंस्ट्रक्शन और इंजीनियरिंग कंपनी है जिसकी स्थापना 1938 में हेनिंग हॉक-लार्सन और सोरेन क्रिस्टियन टुब्रो ने की थी। इसका मुख्यालय मुंबई में है। वर्तमान में इसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) एस. सुब्रमण्यम हैं।
- **सूची में प्रथम 5 कंपनियां**

| • कंपनी | • रैंक | • देश |
|---|---|---|
| • अल्फावेट | • 1 | • यू.एस.ए. |
| • माइक्रोसॉफ्ट | • 2 | • यू.एस.ए. |
| • एप्पल | • 3 | • यू.एस.ए. |
| • वाल्ट डिज्नी | • 4 | • यू.एस.ए. |
| • अमेजन | • 5 | • यू.एस.ए. |

- **सूची में प्रथम 5 भारतीय कंपनियां**

| • कंपनी | • रैंक |
|---|---|

| | |
|---|---|
| • लार्सन एंड टुब्रो | • 22 |
| • महिंद्रा एंड महिंद्रा | • 55 |
| • ग्रासिम इंडस्ट्रीज | • 59 |
| • एचडीएफसी | • 91 |
| • जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन | • 106 |

**संबंधित लिंक...**
https://www.forbes.com/world-best-employers/list/#tab:rank

## गार्टनर इंक के अनुसार वर्ष 2019 में वैश्विक IT क्षेत्र में 3.2% निवेश वृद्धि की संभावना

**प्रश्न-हाल ही में सुर्खियों में रहे "गार्टनर" (Gartner) के संबंध में सही विकल्प का चयन करें-**
(a) यह एक वैश्विक शोध व सलाहकार फर्म है। (b) यह एक अमेरिका का न्यूज पेपर (अखबार) है।
(c) गार्टनर एक पनडुब्बी है जिसका निर्माण फ्रांस ने किया है। (d) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 14-18 अक्टूबर, 2018 के मध्य ऑरलैण्डों (Orlando), अमेरिका में आयोजित सम्मेलन में गार्टनर, इंक के विश्लेषकों ने ग्लोबल आई टी बाजार के लिए आउटलुक पर चर्चा की।
- इस सम्मेलन के नवीनतम पूर्वानुमान के अनुसार वर्ष 2019 में वैश्विक स्तर पर आई टी क्षेत्र में 3.8 ट्रिलियन डॉलर के व्यय होने का अनुमान है, जो 2018 के 3.7 ट्रिलियन डॉलर की तुलना में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

- गार्टनर एक वैश्विक शोध व सलाहकार संस्था है जो आईटी क्षेत्र, वित्त, मानव संसाधन, ग्राहक सेवा एवं सहायता आदि क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करती है।
- स्टैमफोर्ड कनेक्टिकट (संयुक्त राज्य अमेरिका) स्थित गार्टनर इंक की स्थापना वर्ष 1979 में की गई थी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.gartner.com/en/newsroom/press-releases/2018-10-17-gartner-says-global-it-spending-to-grow-3-2-percent-in-2019

## चीन से आयातित चुनिंदा इस्पात उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क

**प्रश्न-हाल ही में सरकार ने चीन से आयातित चुनिंदा इस्पात उत्पादों पर पांच साल के लिए कितने डॉलर प्रति टन तक का एंटी डंपिंग शुल्क लगाया है?**



(a) 185.51 डॉलर प्रति टन (b) 190.55 डॉलर प्रति टन

(c) 195.60 डॉलर प्रति टन (d) 205.80 डॉलर प्रति टन

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में चीन से होने वाले सस्ते आयात से घरेलू कंपनियों के रक्षार्थ केंद्र सरकार ने चुनिंदा इस्पात उद्योगों पर एंटी डंपिंग शुल्क लगाया।
- यह एंटी डंपिंग शुल्क (5 साल तक के लिए) 185.51 डॉलर प्रति टन तक का है।
- सरकारी अधिसूचना के अनुसार, व्यापार उपचार महानिदेशालय (DGTR) के सुझावों के आधार पर राजस्व विभाग ने यह शुल्क लगाया है। अधिसूचना के अनुसार चीन से आयात पर 44.89 डॉलर प्रति टन से लेकर 185.51 डॉलर प्रति टन तक के बीच शुल्क लगाया गया है।
- ध्यातव्य है कि जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, सनफ्लैग आयरन एंड स्टील कंपनी, ऊषा मार्टिन, गेरदाऊ स्टील इंडिया, वर्धमान स्पेशल स्टील्स और जायसवाल नेको इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कुछ चुनिंदा इस्पात उत्पादों की जांच करने और उन पर एंटी डंपिंग शुल्क लगाने के लिए संयुक्त रूप से आवेदन किया था।
- डीजीटीआर की एंटी डंपिंग रोधी जांच के अनुसार जांच की अवधि 2016-17 के दौरान चीन से 'मिश्रधातु की सीधी लंबी सरिया और छड़ों का डंपिंग आयात बढ़ा है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindubusinessline.com/economy/dumping-duty-imposed-on-select-chinese-steel-items/article25264146.ece
https://www.financialexpress.com/india-news/government-imposes-anti-dumping-duty-of-up-to-185-51-per-tonne-on-certain-steel-products-from-china/1354151/

## प्रीपेड भुगतान उपकरण - इंटरऑपरेबिलिटी (अंतरसंचालनीयता) हेतु दिशानिर्देश

**प्रश्न-RBI के अनुसार इंटरऑपरेबिलिटी (अंतरसंचालनीयता) केवल पूर्ण KYC ______ के लिए है।**

(a) मोबाइल वॉलेट कंपनियों (b) शेयर ट्रेडर (c) एएमसीज़ (d) इनमें से कोई नहीं



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को RBI ने 'प्रीपेड भुगतान उपकरण - इंटरऑपरेबिलिटी (अंतरसंचालनीयता) हेतु दिशानिर्देश जारी किए।
- जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अंतरसंचालनीयता केवल पूर्ण KYC **मोबाइल वॉलेट कंपनियों** के लिए है।
- RBI ने PPI (प्रीपेड भुगतान उपकरण) जारीकर्ताओं को NPCI (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) के सभी सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए कहा है।
- वॉलेट फर्म अब अपने स्वयं के हैंडल जारी करेंगे।
- कंपनियां उपयोगकर्ताओं को अपने स्वयं के रोल्स (Rolls) में ऑनबोर्ड करेंगी न कि बैंकों की तरफ से।

**संबंधित लिंक...**

https://rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=11393&Mode=0

## उच्च स्तरीय वियतनामी प्रतिनिधिमंडल की भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद से वार्ता

**प्रश्न-हाल ही में वियतनामी प्रतिनिधिमंडल की भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद से वार्ता कहां संपन्न हुई?**

(a) नई दिल्ली में (b) बंगलुरू में (c) मुंबई में (d) अहमदाबाद में




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में वियतनामी प्रतिनिधिमंडल की भारतीय व्यापार संवर्धन परिषद (Trade Promotion Council of India : TPCI) से वार्ता संपन्न हुई।
- वियतनामी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वियतनाम के उपमंत्री ट्रान थान तथा टीपीसीआई के अध्यक्ष मोहित सिंगला ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व किया।

- यह वार्ता दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने के उद्देश्य से हुई।
- उल्लेखनीय है कि भारत और वियतनाम के मध्य द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2015-16 में लगभग 7.8 अरब अमेरिकी डॉलर था।
- वर्ष 2020 तक दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय व्यापार लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर तक करने का लक्ष्य है।

**संबंधित लिंक...**

http://www.tpci.in/wp-content/uploads/2018/10/2018.10.24.High-level-Vietnamese-delegation-to-work-out-avenues-with-TPCI-to-enhance-bilateral-trade.pdf

## सीवीसी ने किया बैंक धोकाधड़ी के शीर्ष 100 मामलों का विश्लेषण

**प्रश्न-केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने बैंक धोकाधड़ी के शीर्ष 100 मामलों पर अपनी विश्लेषण रिपोर्ट तैयार की है। वर्तमान में मुख्य सतर्कता आयुक्त कौन है?**

(a) डॉ. टी.एम. भसीन (b) नितिन संदेशरा (c) वाई.वी. रेड्डी (d) वी.वेणुगोपालन



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) ने वर्ष 2017 में शीर्ष 100 बैंक धोकाधड़ियों की समीक्षा और विश्लेषण किया।
- सीवीसी के विश्लेषणात्मक अध्ययन का उद्देश्य भविष्य मे इस प्रकार की धोकाधड़ी को रोकने के लिए एहतियाती सतर्कता उपाय करना है।
- सीवीसी ने इन मामलों पर अपनी रिपोर्ट रिजर्व बैंक, प्रवर्तन निदेशालय, सीबीआई एवं अन्य एजेंसियों को भी दी है। इस रिपोर्ट में 31 मार्च, 2017 से उच्च मूल्य की धोकाधड़ी का विश्लेषण किया गया है।
- **शीर्ष 100 बैंकों का विश्लेषण और वर्गीकरण निम्नलिखित 13 क्षेत्रों में किया गया है-**
  (i) रत्न और आभूषण
  (ii) विनिर्माण और उद्योग
  (iii)कृषि
  (iv) मीडिया
  (v) विमानन
  (vi) सेवा/परियोजना
  (vii)चेक डिस्काउटिंग

(viii)व्यापार

(ix) सूचना प्रौद्योगिकी

(x) निर्यात

(xi) सावधि जमा

(xii)डिमांड लोन

(xiii)गारंटी पत्र

- विश्लेषण में धोखाधड़ी के तौर-तरीके, उनमें शामिल राशि, कर्ज के प्रकार (समूह या व्यक्तिगत), विसंगतियां, धोखाधड़ी को आसान करने वाली खामियां और व्यवस्था एवं प्रक्रियाओं में कमी को दूर करने के लिए प्रणालीगत सुधार पर जोर दिया गया है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.cvc.nic.in/sites/default/files/new1111.pdf

## 8वीं यूरोपीय लघु एवं मध्यम उद्यम कांग्रेस, 2018

**प्रश्न-17-19 अक्टूबर, 2018 के मध्य '8वीं यूरोपीय लघु एवं मध्यम उद्यम कांग्रेस, 2018' कहां संपन्न हुआ?**



(a) पेरिस (b) पोलैंड (c) नई दिल्ली (d) ब्रुसेल्स

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 17-19 अक्टूबर, 2018 के मध्य '8वीं यूरोपीय लघु एवं मध्यम उद्यम (SME) कांग्रेस (8th European SME Congress), 2018 काटोविस (Katowice) पोलैंड में संपन्न हुआ।
- इस वर्ष के कांग्रेस (सम्मेलन) का मोटो (Motto)-'Business Self Government Togther for Economy' था।इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में लगभग 50 देशों के छोटे और मध्यम उद्यमियों ने भाग लिया।भारत के 32 लघु एवं मध्यम उद्यमों के एक प्रतिनिधिमंडल ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसका नेतृत्व सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की संयुक्त सचिव अलका अरोड़ा ने किया।

**संबंधित लिंक...**
https://ekmsp.eu/en-us/artykul/o-nas

## एचडीएफसी कैपिटल रियल्टी प्लेटफॉर्म में NIIF का निवेश

**प्रश्न-राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (NIIF) द्वारा हाल ही में HDFC कैपिटल रियल्टी प्लेटफॉर्म में निवेशित राशि है-**



(a) 660 करोड़ रुपये (b) 760 करोड़ रुपये (c) 860 करोड़ रुपये (d) 960 करोड़ रुपये

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (NIIF) के द्वारा HDFC कैपिटल रियल्टी प्लेटफॉर्म में 660 करोड़ रुपये का निवेश किया गया।
- ध्यातव्य है कि NIIF की स्थापना के बाद से यह उसका दूसरा निवेश है।
- NIIF देश में अवसंरचना क्षेत्र की वित्तीय समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करने वाला और वित्तपोषण सुनिश्चित करने वाला भारत सरकार द्वारा गठित किया गया एक कोष है।
- इसकी स्थापना 40,000 करोड़ रुपये की मूल राशि के साथ की गई थी, जिसमें आंशिक वित्तपोषण निजी निवेशकों द्वारा किया गया था।

**संबंधित लिंक...**

https://economictimes.indiatimes.com/industry/banking/finance/niif-to-invest-rs-660-crore-in-hdfc-capital-realty-platform-to-fund-housing-projects/articleshow/66235542.cms

## इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (नियमन जारी करने के लिए तंत्र) नियमन, 2018

**प्रश्न-'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया' (नियमन जारी करने हेतु तंत्र) नियमन, 2018 को IBBI द्वारा कब अधिसूचित (Notify) किया गया?**



(a) अक्टूबर, 2018 (b) सितंबर, 2018 (c) अगस्त, 2018 (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में विभिन्न अवधारणाओं और वैधानिक आवश्यकताओं के अनुरूप IBBI ने 'इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया (नियम जारी करने के लिए प्रक्रिया/तंत्र) नियमन, 2018 को अधिसूचित किया।जिससे नियम-कायदे बनाने और आम जनता से सुझाव मांगने की प्रक्रिया का संचालन किया जा सके।

- IBBI आम जनता से सुझाव आमंत्रित करने के लिए उन्हे कम से कम 21 दिन का समय देगा। यह आम जनता से प्राप्त सुझावों पर गौर करेगा और इस सुझावों पर अपनी सामान्य प्रक्रिया के साथ उन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा।
- नियम-कायदों की अधिसूचना जारी करने की तिथि से पहले ही यह काम IBBI को पूरा करना होगा। दिवाला एंव दिवालियापन संहिता, 2016 (The Insolvency and Bankrupty code, 2016) एक आधुनिक आर्थिक कानून है।
- ध्यातव्य है कि इस संहिता की धारा 240 के तहत भारतीय दिवाला एवं दिवालियापन बोर्ड (IBBI) को नियमन बनाने का सर्शत अधिकार दिया गया है।
- इसकी एक शर्त है कि इन्हें सरकारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना (Notification) के जरिए बनाना होगा। इन्हें जल्द से जल्द संसद के दोनों सदन में 30 दिनों के लिए प्रस्तुत करना होगा। दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 (कोड) को 28 मई, 2016 को सरकारी राज-पत्र में प्रकाशित किया गया था और भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियम, 1961 को 1 अगस्त, 2016 को संशोधित एवं अधिसूचित किया गया था।जिसमें कंपनी मामलों के मंत्रालय को संहिता पर अमल की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। संहिता के तहत भारतीय दिवाला एवं दिवालियापन बोर्ड (IBBI) की स्थापना की गई और बोर्ड के अध्यक्ष की नियुक्ति की गई।इसके वर्तमान चेयरपर्सन एम.एस. साहू हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184298

## एयरटेल अफ्रीका में 1.25 अरब डॉलर निवेश

**प्रश्न-हाल ही में एयरटेल अफ्रीका छः वैश्विक निवेशकों द्वारा कितने अरब डॉलर के निवेश हेतु चर्चा में आया था?**

(a) 1.25 अरब डॉलर (b) 2.50 अरब डॉलर (c) 3.50 अरब डॉलर (d) 4.50 अरब डॉलर

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को एयरटेल अफ्रीका सॉफ्टबैंक समेत छः वैश्विक निवेशकों द्वारा 1.25 अरब डॉलर की राशि जुटाए जाने की घोषणा की गई।छः वैश्विक निवेशक प्राथमिक क्षेत्र के इक्विटी जारीकर्ता के जरिए 1.25 अरब डॉलर का निवेश करेंगे।ध्यातव्य है कि एयरटेल अफ्रीका, भारत की 'भारती एयरटेल लिमिटेड' की सहायक कंपनी है। निवेश से प्राप्त राशि का प्रयोग एयरटेल अफ्रीका

के लगभग 5 अरब डॉलर के कर्ज के बोझ को कम करने के लिए और इसके अफ्रीकी परिचालन के विकास के लिए किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**
https://www.business-standard.com/article/news-cm/airtel-africa-secures-investment-of-usd-1-25-bn-from-global-investors-118102400182_1.html

## बैंकों की लाभप्रदाता मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस का विश्लेषण

**प्रश्न-मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस के विश्लेषणानुसार भारतीय बैंकों की लाभप्रदता ब्रिक्स देशों के बैंकों की तुलना में ..........**




(a) कमजोर है (b) मजबूत है (c) स्थिर है (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारतीय बैंकों का विश्लेषणात्मक ब्यौरा प्रस्तुत किया।
- जिसके अनुसार भारतीय बैंकों की लाभप्रदता उसके ब्रिक्स साथी देशों के बैंकों की तुलना में कमजोर है।'मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस' जिसे प्रायः मूडीज भी कहते हैं, वास्तव में मूडीज कॉर्पोरेशन का बॉण्ड क्रेडिट रेटिंग व्यवसाय है।
- इसने अपने विश्लेषण में अगले वित्त वर्ष में बैंकों की लाभप्रदता के बेहतरी की संभावना जताई है क्योंकि संपत्ति की गुणवत्ता स्थिर हो गई है।
- वर्ष 2017 के अंत में 8.7 प्रतिशत के ट्रांजिबल कॉमन इक्विटी रेशियो के साथ भारतीय बैंकों का पूंजीकरण अपने दुर्बलतम (Weakest) स्थिति में है।
- स्ट्रेस्ड पब्लिक सेक्टर बैंकों के कारण भारत में प्रणाली की व्यापक संपत्ति गुणवत्ता कमजोर है।
- सरकारी पूंजी निवेश ही कमजोर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पूंजी अनुपात को बढ़ावा दे सकेगा।
- वहीं दूसरी ओर ब्राजीलियाई और दक्षिण अफ्रीकी बैंकों की संपत्ति पर सबसे ज्यादा रिटर्न है।
- 'मूडीज' के अनुसार भारतीय बैंकों के पास 2017 के अंत में दूसरा सबसे ज्यादा गैर-निष्पादित ऋण (NPL) था, इसके बाद ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और चीन के बैंक थे।
- इस संदर्भ में रूस शीर्षस्थ (11.8 प्रतिशत के अनुपात के साथ) था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.cnbctv18.com/finance/indian-banks-fare-badly-among-brics-nations-says-moodys-investors-report-1162231.htm

# प्रत्यक्ष कर के आंकड़े

**प्रश्न-हाल ही में जारी CBDT के प्रत्यक्ष कर के आंकड़ों के पिछले चार वित्त वर्षों के दौरान दाखिल किए गए आयकर रिटर्न की संख्या में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?**

(a) 80 प्रतिशत से अधिक (b) 70 प्रतिशत से अधिक

(c) 60 प्रतिशत से अधिक (d) 50 प्रतिशत

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को वंफ्रेद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने प्रत्यक्ष कर के आंकड़े जारी किए।
- जिसके अनुसार पिछले चार वित्त वर्षों के दौरान दाखिल किए गए आयकर रिटर्न की संख्या में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।
- पिछले तीन वर्षों से प्रत्यक्ष कर - जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) अनुपात में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है और वित्त वर्ष 2017-18 में आंकलित 5.98 प्रतिशत का प्रत्यक्ष कर - जीडीपी अनुपात पिछले 10 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ रहा है।
- पिछले चार वित्त वर्षों के दौरान दाखिल किए गए आय कर रिटर्न की संख्या वित्त वर्ष 2013-14 (आधार वर्ष) के 3.79 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2017-18 में 6.85 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई है।इस अवधि के दौरान आयकर रिटर्न भरने वाले लोगों की संख्या भी लगभग 65 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2017-18 में 5.44 करोड़ के आंकड़े को स्पर्श कर गई।
- वित्त वर्ष 2013-14 में कुल मिलाकर 3.31 करोड़ लोगों ने आयकर रिटर्न दाखिल किए थे।
- वित्त वर्ष 2013-14 (आधार वर्ष) से जुड़े कर निर्धारण वर्ष 2014-15 के दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों ने कुल मिलाकर 26.92 लाख करोड़ रुपये की सकल आय घोषित की थी।
- जो कर निर्धारण वर्ष 2017-18 में 67 प्रतिशत बढ़कर 44.88 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई है। कर निर्धारण वर्ष 2014-15 के दौरान 88,649 करदाताओं ने 1 करोड़ रुपये से भी अधिक की आमदनी दर्शाई थी। यह आंकड़ा कर निर्धारण वर्ष 2017-18 में लगभग 60 प्रतिशत बढ़कर 1,40,139 के स्तर पर पहुंच गया है।
- इसी प्रकार 1 करोड़ रुपये से भी अधिक की आमदनी घोषित करने वाले व्यक्तिगत आयकरदाताओं की संख्या भी इस दौरान 48,416 से 68 प्रतिशत बढ़कर 81,344 के आंकड़े को स्पर्श कर गई है।
- कॉर्पोरेट करदाताओं द्वारा अदा किया गया औसत टैक्स भी कर निर्धारण वर्ष 2014-15 के 32.28 लाख रुपये से 55 प्रतिशत बढ़कर निर्धारण वर्ष 2017-18 में 49.95 लाख रुपये हो गया।

- इसी तरह व्यक्तिगत करदाताओं द्वारा अदा किया गया औसत टैक्स भी कर निर्धारण वर्ष 2014-15 के 46,377 रुपये से 26 प्रतिशत बढ़कर निर्धारण वर्ष 2017-18 में 58,576 रुपये हो गया। पिछले तीन वर्षों की इस अवधि के दौरान वेतनभोगी करदाताओं की संख्या कर निर्धारण वर्ष 2014-15 के 1.70 करोड़ से 37 प्रतिशत बढ़कर कर निर्धारण वर्ष 2017-18 में 2.33 करोड़ के स्तर पर पहुंच गई।
- वेतन भोगी करदाताओं द्वारा घोषित की गई औसत आमदनी भी इस दौरान 5.76 लाख रुपये से 19 प्रतिशत बढ़कर 6.84 लाख रुपये हो गई।
- इसी अवधि के दौरान गैर-वेतन भोगी व्यक्तिगत करदाताओं की संख्या 1.95 करोड़ से 19 प्रतिशत बढ़कर 2.33 करोड़ के आंकड़े को छू गई।
- घोषित औसत गैर-वेतन आमदनी भी कर निर्धारण वर्ष 2014-15 के 4.11 लाख रुपये से 27 प्रतिशत बढ़कर कर निर्धारण वर्ष 2017-18 में 5.23 लाख रुपये हो गई है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550226

## बैंकों के SLR नियम में सरलता

**प्रश्न-हाल ही में RBI द्वारा बैंकों SLR नियम को सरल किया गया। अब तरलता संकट से निपटने के लिए बैंक SLR में रखी अपनी जमा पूंजी में से कितने प्रतिशत निकाल सकते हैं?**

(a) 15 प्रतिशत (b) 13 प्रतिशत (c) 17 प्रतिशत (d) 20 प्रतिशत




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को रिजर्व बैंक ने मुद्रा बाजार के सामने तरलता संकट के मद्देनजर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया।
- जिसके तहत अब तरलता संकट से निपटने के लिए बैंक सांविधिक नकदी अनुपात (SLR) में रखी अपनी जमा पूंजी में से 15 प्रतिशत निकाल सकते हैं ताकि वे तरलता भंडार अनुपात (LCR) की अपनी जरूरत को पूरा कर सकें। अभी तक यह सीमा 13 प्रतिशत थी।
- SLR में दी जा रही ये राहत एक अक्टूबर से लागू होगी।
- SLR नियम को सरल बनाने के साथ ही ने RBI उपरोक्त तिथि से सरकारी प्रतिभूतियों की दोबारा से खरीद-फरोख्त को प्रारंभ करने के संकेत दिए।
- जिससे सिस्टम में पर्याप्त लिक्विडिटी (तरलता) बनी रहेगी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.zeebiz.com/personal-finance/news-good-news-for-banks-from-rbi-this-is-how-it-helps-your-loan-emis-65019

## वाल मार्ट फाउंडेशन रु .180 करोड़ का निवेश भारत में करेगी

**प्रश्न-निम्न कथनों पर विचार करें :**

1. वालमार्ट फाउंडेशन द्वारा किसानों की आजीविका में सुधार के लिए अगले पांच वर्षों में 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी।
2. वालमार्ट इंडिया इस अवधि में अपने कैश एंड कैरी स्टोर्स में बेचे जाने वाले उत्पादों का 25 प्रतिशत सीधे किसानों से खरीदेगी।
3. भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



**उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्न में कौन-सा/से सत्य हैं :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) केवल 3 (d) सभी 1, 2, 3

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को रिटेल क्षेत्र की अग्रणी कंपनी 'वालमार्ट' द्वारा भारत के किसानों की आजीविका को बेहतर बनाने के प्रयास के तहत अगले पांच वर्षों में यू.एस. $ 25 मिलियन (रु. 180 करोड़) के निवेश की घोषणा की गई।
- वालमार्ट इंडिया इस अवधि में अपने कैश एंड कैरी स्टोर्स में बेचे जाने वाले उत्पादों का 25 प्रतिशत सीधे किसानों से सोर्सिंग करेगा।
- ध्यातव्य है कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- निवेश की जाने वाली 25 मिलियन यू.एस. डॉलर की राशि में से 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान अर्द्ध-शुष्क उष्णकटिबंधीय अंतरराष्ट्रीय फसल अनुसंधान संस्थान (ICRISAT) को दी जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में वालमार्ट फाउंडेशन द्वारा भारत के आंध्र प्रदेश राज्य में 'किसान बाजार तैयारी परियोजना' लागू करने के लिए 2 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया गया था।

**संबंधित लिंक...**
https://news.walmart.com/2018/09/27/walmart-india-and-walmart-foundation-announce-commitments-to-support-sustainable-livelihoods-for-farmers-in-india

## भारत सरकार ने चालू खाता घाटे को कम करने के लिए सीमा शुल्क बढ़ाया

**प्रश्न-निम्न कथनों पर विचार करें :**

1. भारत सरकार द्वारा हाल ही में 19 गैर-आवश्यक वस्तुओं पर सीमा-शुल्क बढ़ाने की घोषणा की गई है।
2. इस वृद्धि का उद्देश्य चालू खाते के घाटे (CAD) को सीमित रखना है।
3. वर्तमान में चालू खाता घाटा जी.डी.पी. का 2.4 प्रतिशत है।

**उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्न में से कौन-सा/से सत्य है :**




(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) केवल 3 (d) सभी 1, 2, 3

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 सितंबर, 2018 को भारत सरकार द्वारा जेट ईंधन, एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर सहित कुल 19 वस्तुओं पर सीमा शुल्क बढ़ाने की घोषणा की गई।
- इन गैर आवश्यक वस्तुओं का आयात घटाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने यह कदम उठाया है।
- भारत सरकार का मानना है कि इन बदलावों से चालू खाते के घाटे (CAD) को सीमित रखने में मदद मिलेगी।
- ध्यातव्य है कि विदेशी मुद्रा के अंतः तथा बाह्य प्रवाह के अंतर को चालू खाता घाटा (CAD) कहते हैं।
- चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में चालू खाता घाटा (CAD) बढ़कर सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 2.4 प्रतिशत तक पहुंच गया है।
- उल्लेखनीय है कि ऐसी वस्तुएं जिनका भार 10 किग्रा. से कम है यथा ए.सी., फ्रिज, वाशिंग मशीन आदि

**संबंधित लिंक...**
https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/policy/government-hikes-customs-duty-on-19-items-to-curb-widening-cad/articleshow/65968379.cms

## जीएसटीएन में बदलाव को मंजूरी

**प्रश्न-नवगठित जीएसटीएन (वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क) बोर्ड में कुल: निदेशकों की संख्या कितनी होगी?**




(a) 8 (b) 9 (c) 10 (d) 11

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 सितंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) में सरकार की हिस्सेदारी बढ़ाने तथा मौजूदा ढांचे में अस्थायी योजना के माध्यम से बदलाव को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अनुसार, जीएसटीएन में गैर-सरकारी संस्थाओं के स्वामित्व वाली 51 प्रतिशत पूंजी केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बराबरी के आधार पर अधिगृहित की जाएगी।
- निजी कंपनियों की हिस्सेदारी के अधिग्रहीण की प्रक्रिया को गति देने की पहल करने हेतु जीएसटीएन बोर्ड को अनुमति प्रदान की जाएगी। बोर्ड में कुल निदेशकों की संख्या 11 होगी।
- 100 प्रतिशत सरकारी स्वामित्व के साथ जीएसटीएन का पुनर्गठन किया जाएगा।
- इसमें केंद्र और राज्य सरकारों की हिस्सेदारी 50-50 प्रतिशत होगी।
- इसके तहत जीएसटीएन बोर्ड में केंद्र एवं राज्य सरकारों के तीन निदेशक होंगे।
- निदेशक मंडल द्वारा तीन अन्य स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति की जाएगी।
- इस बोर्ड में बोर्ड अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1547693

# वैज्ञानिक परिदृश्य

# रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

## ट्राइडेंट जंक्चर, 2018

**प्रश्न-25 अक्टूबर, 2018** को **नाटो द्वारा सैन्य अभ्यास 'ट्राइडेंट जंक्चर', 2018 का आयोजन कहां हुआ?**

(a) मॉस्को (b) नॉर्वे (c) पेरिस (d) न्यूयॉर्क

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अक्टूबर-7 नवंबर, 2018 के मध्य उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) द्वारा सैन्य अभ्यास 'ट्राइडेंट जंक्चर' (Trident Juncture), 2018 का आयोजन नॉर्वे में किया गया।
- शीत युद्ध के बाद यह सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास है।
- यह सैन्य अभ्यास मध्य और पूर्वी नॉर्वे और उत्तरी अटलांटिक के आस पास-के क्षेत्रों और आइसलैंड और फिनलैंड और स्वीडन के हवाई क्षेत्र समेत बाल्टिक सागर में आयोजित होगा।
- इस सैन्य अभ्यास में 31 नाटो और साझेदार देशों के लगभग 50,000 सैनिक शामिल हुए।
- इस अभ्यास के दौरान लगभग 250 विमान, 65 जहाजों और 10,000 से अधिक वाहनों का उपयोग किया गया। वर्तमान में नाटो के महासचिव जेन्स स्टोल्टेन बर्ग हैं।
- इसका मुख्यालय ब्रुसेल्स, बेल्जियम में है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.nato.int/cps/en/natohq/news_158620.htm

## जीसैट-29 का सफल प्रक्षेपण

**प्रश्न–निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से कथन सत्य है/हैं?**

1. **जीएसएलवी मार्क-3 डी 2 के जरिए उपग्रह जीसैट-29 का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण किया गया।**
2. **जीएसएलवी मार्क-3डी 2 भारत का अभी तक का सबसे भारी एवं शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है।**
3. **जीसैट-29 उपग्रह का उपयोग अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुसंधान में किया जाएगा।**



**कूट**
(a) 1, 2 (b) 2, 3 (c) 1, 3 (d) 1, 2, 3
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 14 नवंबर, 2018 को इसरो द्वारा जियो-सिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल (जीएसएवी) मार्क-3 डी 2 के जरिए जीसैट-29 का सफलता पूर्वक प्रक्षेपण किया गया।
- जीएसएलवी मार्क 3 डी 2 इसरो द्वारा प्रक्षेपित अभी तक का सबसे भारी एवं शक्तिशाली प्रक्षेपण यान है। जिसका वजन 641 टन है।
- इसरो के महत्वाकांक्षी आगामी अभियान 'चंद्रयान-2' एवं मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' को लांच करने के लिए इसी प्रक्षेपण यान का इस्तेमाल किया जाएगा।

- जीसैट-29 एक संचार उपग्रह है जिसके जरिए देश के दूर दराज इलाकों में लोगों की संचार जरूरतों को पूरा किया जाएगा। जीसैट उपग्रह का वजन 3423 किग्रा. है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1552780

## अमेरिका और जापान द्वारा विकसित इंटरसेप्टर सिस्टम का परीक्षण

**प्रश्न–हाल ही में अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से विकसित इंटरसेप्टर सिस्टम का अमेरिकी सेना द्वारा कहां सफल परीक्षण किया गया?**



(a) होकुडो द्वीप (b) हवाई द्वीप (c) एलिस द्वीप (d) सैनजुआन द्वीप

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 अक्टूबर, 2018 को अमेरिकी सेना द्वारा नए इंटरसेप्टर सिस्टम (मिसाइल रक्षा प्रणाली) का सफल परीक्षण किया गया। यह परीक्षण हवाई द्वीप के पश्चिमी तट पर किया गया।
- यह नई प्रणाली अमेरिका और जापान द्वारा संयुक्त रूप से विकसित की गई है।
- परीक्षण के दौरान मध्यम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक विनष्ट किया गया।
- ज्ञातव्य है कि इससे पूर्व जून, 2017 और जनवरी, 2018 में मिसाइल को रोक कर उसे विनष्ट करने हेतु किए गए दो परीक्षण असफल रहे थे।
- इंटरसेप्टर सिस्टम के तहत ऐसी मिसाइलें आती हैं, जो दुश्मन मिसाइल को लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही उसे रोक कर नष्ट कर देती हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www3.nhk.or.jp/nhkworld/en/news/20181027_09/

## आइएनएस तरंगिनी (Trarangini) की विश्व भ्रमण के बाद वापसी

**प्रश्न–निम्नलिखित कथनों में से सही कथन/कथनों का चुनाव करें–**

1. **'लोकायन 18' समुद्री यात्रा का प्रारंभ आईएनएस तरंगिनी जहाज द्वारा कोच्चि से प्रारंभ हुआ।**
2. **इस यात्रा के दौरान कुल 210 दिन का समय लगा।**

3. **आईएनएस तरंगिनी के यात्रा में 13 देशों के 15 बंदरगाह पड़े।**



(a) 1 एवं 2 (b) 2 एवं 3 (c) 1 एवं 3 (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 अक्टूबर, 2018 को भारतीय नौसेना का नौका प्रशिक्षण जहाज कोच्चि स्थित आईएनएस तरंगिनी पूरे विश्व की समुद्री यात्रा के बाद वापस लौटा।
- 'लोकायन 18' नामक इस समुद्री यात्रा को कोच्चि से 10 अप्रैल, 2018 को रवाना किया गया था। इस समुद्री यात्रा के दौरान आईएनएस व तरंगिनी द्वारा 13 देशों के 15 बंदरगाहों पर भारत की विविधता युक्त संस्कृति का प्रदर्शन किया गया।
- आईएनएस तरंगिनी जहाज ने स्वदेश वापसी से पूर्व अरब सागर, लाल सागर, स्वेज नहर, भूमध्य सागर, जिब्राल्टर की खाड़ी, उत्तरी अटलांटिक महासागर, बिस्के की खाड़ी, इंग्लिश चैनल होते हुए नॉर्वे तक का सफर तय किया।
- इस जहाज ने अपनी यात्रा के दौरान फ्रांस के बोर्डेक्स में आयोजित 'थ्री फेस्टिवल टॉल शिप्स रेगट्टा' के समापन समारोह में प्रतिभाग किया एवं 'टॉल शिप्स रेसेस यूरोप 2018' में भाग लिया।आईएनएस तरंगिनी तीन मस्तूल (तल) वाला जहाज है, जिस पर 20 नौकाओं का वहन किया जा सकता है। आईएनएस तरंगिनी भारतीय नौसेना की प्रथम नौका प्रशिक्षण जहाज है, जिसका जलावतरण 11 नवंबर, 1997 को किया गया था।
- 21 वर्षों की यात्रा में आईएनएस तरंगिनी ने अब तक दुनिया भर के महासागारों में 2,20,000 समुद्री मील से अधिक की दूरी तय की है।
- कमांडर राहुल मेहता के नेतृत्व में यह यात्रा संपन्न हुई।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551235

## संयुक्त सैन्य अभ्यास ड्रुझबा-III

**प्रश्न-22 अक्टूबर से 4 नवंबर, 2018 के मध्य किन देशों के मध्य संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास 'ड्रुझबा-III' का आयोजन किया जा रहा है?**



(a) भारत एवं रूस (b) पाकिस्तान एवं रूस (c) भारत एवं चीन (d) चीन एवं रूस

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर से 4 नवंबर, 2018 के मध्य पाकिस्तान एवं रूस के बीच संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास -ड्रुझबा'III' (Druzhba-III) का आयोजन किया जा रहा है।
- यह अभ्यास पाकिस्तान में खैबर पख्तुनख्वा के नौशेरा जिले में आयोजित किया जा रहा है।
- यह द्विपक्षीय प्रशिक्षण सहयोग समझौते के तहत पाकिस्तान और रूस के बीच तीसरा संयुक्त सैन्य अभ्यास है। यह अभ्यास वर्ष 2016 से आयोजित किया जा रहा है।
- इस सैन्य अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.ispr.gov.pk/press-release-detail.php?id=4998

## नौसैन्य अभ्यास 'समुद्र शक्ति'

**प्रश्न-12-18 नवंबर, 2018 के मध्य किन दो देशों की नौसेनाओं के मध्य द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास 'समुद्र शक्ति' का आयोजन किया जा रहा है?**

(a) भारत एवं ओमान (b) भारत एवं रूस (c) चीन एवं नेपाल (d) भारत एवं इंडोनेशिया



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 12-18 नवंबर, 2018 के मध्य भारत एवं इंडोनेशिया की नौसेनाओं के मध्य द्विपक्षीय नौसैन्य अभ्यास 'समुद्र शक्ति' (Samudra Shakti) का आयोजन इंडोनेशिया में किया जा रहा है।
- • इस अभ्यास का उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना, समुद्री सहयोग का विस्तार करना, अंतः क्रियाशीलता में वृद्धि करना और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना है।
- इस अभ्यास का बंदरगाह चरण (Harbour Phase) 12-15 नवंबर, 2018 के मध्य आयोजित किया जाएगा। जबकि इस अभ्यास का समुद्री चरण (Sea Phase) 16-18 नवंबर, 2018 के मध्य आयोजित किया जाएगा। इस नौसैन्य अभ्यास में आईएनएस राणा भाग ले रहा है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184705

# भारत-फ्रांस त्रिकोणीय सैन्य अभ्यास के लिए द्विपक्षीय रसद समझौते को आगे बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श

**प्रश्न-भारत और फ्रांस के मध्य त्रिकोणीय सेवा सैन्य अभ्यास के लिए द्विपक्षीय रसद समझौते पर हालिया विचार-विमर्श कब हुआ?**



(a) भारतीय विदेश मंत्री के पेरिस दौरे पर (b) फ्रांसीसी विदेश मंत्री के भारत दौरे पर

(c) भारतीय रक्षा मंत्री के पेरिस दौरे पर (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 11-12 अक्टूबर, 2018 को भारतीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण के पेरिस दौरे पर भारत और फ्रांस ने मार्च, 2018 में हुए द्विपक्षीय सैन्य रसद समझौते को जल्द ही कार्यान्वित करने का संकल्प लिया।
- इस समझौते से दोनों देशों में एक-दूसरे के युद्ध पोतों और एअरक्राफ्टों को ईंधन भरने, मरम्मत करने और बर्थिंग सुविधाएं प्रदान की जाएगी।
- इसके साथ ही 2019-20 के दौरान संयुक्त त्रिकोणीय (थल, नभ, जल) सैन्य अभ्यास करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श हुआ।
- 11-12 अक्टूबर, 2018 को भारत की रक्षा मंत्री ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष फ्लोरेंस पार्ली के साथ प्रथम वार्षिक रक्षा संवाद में भाग लिया। जिसमें फ्रांसीसी रक्षा मंत्री ने द्विपक्षीय सामरिक साझेदारी बढ़ाने की पुनः पुष्टि के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रपति का एक पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए दिया।
- इस तरह का पहला समझौता भारत और अमेरिका के बीच हुआ था, जिसके बाद यह दूसरा समझौता भारत और फ्रांस के बीच किया गया, जिससे भारतीय युद्धपोतों की पहुंच मेडागास्कर और दक्षिण अफ्रीका के जिबूती में फ्रांसीसी सैन्य बेसों तक हो जाएगी।
- रसद को एक्सचेंज करने का पहला समझौता अमेरिका के साथ वर्ष 2016 में हुआ था, जिससे भारत की पहुंच जिबूती, डिएगो गारसिया, गुआम व सुबिक खाड़ी में स्थित अमेरिकी सैन्य बेसों तक हो गया।
- रूस और अमेरिका के बाद फ्रांस से त्रिकोणीय सैन्य अभ्यास भारत का तीसरा संयुक्त सैन्य अभ्यास होगा।
- पहला संयुक्त त्रि-सेवा सैन्य अभ्यास रूस के साथ पिछले वर्ष अक्टूबर में हुआ था, जबकि दूसरा त्रि-सेवा सैन्य अभ्यास अगले वर्ष अमेरिका के साथ होगा।

- उल्लेखनीय है कि भारत और फ्रांस के मध्य वर्तमान में सेना, नौसेना और वायुसेना के व्यक्तिगत सेवाओं के लिए क्रमशः शक्ति, वरुण और गरुण अभ्यास आयोजित किया जा रहे है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/news/national/india-france-in-talks-to-conduct-tri-service-exercise/article25230313.ece

## आईएनएस तरंगिणी की वापसी

**प्रश्न-भारतीय नौसेना का पाल प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिणी कितने देशों की यात्रा के पश्चात भारत लौटा?**



(a) 13 (b) 14 (c) 15 (d) 16
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 30 अक्टूबर, 2018 को भारतीय नौसेना का पाल प्रशिक्षण पोत आईएनएस तरंगिणी विश्व भर की यात्रा के पश्चात नौसेना बेस कोच्चि वापस आया।
- ध्यातव्य है कि 'लोकायन-18' नामक समुद्री यात्रा के तहत आईएनएस तरंगिणी कोच्चि से 10 अप्रैल, 2018 को रवाना हुआ था।
- इस पोत ने 15 हजार नॉटिकल मील की दूरी तय करते हुए 13 देशों के 15 बंदरगाहों की यात्रा की।इस पोत ने अरब सागर, लाल सागर, स्वेज नहर, भूमध्य सागर, जिब्राल्टर की खाड़ी, उत्तरी अटलांटिक महासागर, बिस्के की खाड़ी, इंग्लिश चैनल और उत्तर सागर होते हुए नार्वे तक की यात्रा की।यह पोत बोर्डिऑक्स (Bordeaux), फ्रांस में आयोजित 'थ्री फेस्टिवल टाल शिप्स रेगाटा' उत्सव के समापन समारोह में शामिल हुआ।
- साथ ही यह पोत 'टाल शिप्स रेसेज यूरोप, 2018 में शामिल हुआ जो कि यूनाइटेड किंगडम के सदरलैंड से प्रारंभ होकर हरलिंगन, नीदरलैंड्स में समाप्त हुई।
- ध्यातव्य है कि आईएनएस तरंगिणी भारतीय नौसेना का पहला पाल प्रशिक्षण पोत है।
- इस पोत को 11 नवंबर, 1997 को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184464

## शक्ति : भारत का पहला स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर

**प्रश्न-हाल ही में किस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के शोधकर्ताओं ने भारत के पहले स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर 'शक्ति' का विकास किया?**



(a) IIT मद्रास (b) IIT खड़गपुर (c) IIT मुंबई (d) IIT दिल्ली

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) मद्रास के अनुसंधानकर्ताओं ने भारत के पहले स्वदेशी माइक्रोप्रोसेसर 'शक्ति' का विकास किया।
- माइक्रोप्रोसेसर 'शक्ति' आयातित माइक्रोप्रोसेसर पर निर्भरता को कम करेगा।
- इस माइक्रोप्रोसेसर का उपयोग मोबाइल कंप्यूटिंग और अन्य उपकरणों में किया जा सकेगा।
- 'शक्ति' माइक्रोप्रोसेसर का उपयोग निम्न-ऊर्जा बेतार प्रणाली और नेटवर्किंग प्रणाली में किया जा सकता है।

**संबंधित लिंक...**

https://timesofindia.indiatimes.com/city/chennai/iit-m-creates-shakti-indias-1st-microprocessor/articleshow/66454041.cms

## 32वीं भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्ती (CORPAT) का समापन समारोह

**प्रश्न-32वीं भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्ती (CORPAT) का समापन समारोह कहां आयोजित किया जाएगा?**



(a) वेलावन (b) पोर्ट ब्लेयर (c) बाली (d) विशाखापत्तनम

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 से 27 अक्टूबर के मध्य होने वाले 32वीं भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्ती (Corpat) के लिए कमांडर दीपक बाली की अगुवाई में भारतीय नौसैनिक पोत कुलिश एवं भारतीय डार्नियर (नौसैनिक समुद्री गश्ती विमान) इंडोनेशिया के बेलावन पहुंचे।
- कॉरपैट अभ्यास में भारतीय दल की अगुवाई अंडमान एवं निकोबार कमान के नवल कंपोनेंट कमांडर कमोडोर आशुतोष रिधोरकर ने किया।
- दोनों देशों के पोत एवं विमान 236 नॉटिकल मील लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा में अपने-अपने हिस्सों पर गश्त किया। यह गश्त 14 से 24 अक्टूबर के मध्य तीन चरणों में संचालित गई।

- अंत में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पोर्टब्लेयर में 25-26 अक्टूबर, 2018 केमध्य समापन समारोह आयोजित हुआ।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184112

## विश्व के सबसे बड़े मानवरहित परिवहन ड्रोन का सफल परीक्षण

**प्रश्न-16 अक्टूबर, 2018 को किस देश ने विश्व के सबसे बड़े मानवरहित परिवहन ड्रोन का सफल परीक्षण किया?**



(a) जापान (b) रूस (c) चीन (d) दक्षिण कोरिया

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को चीन ने विश्व के सबसे बड़े मानवरहित परिवहन ड्रोन 'फीहोंग-98' (FH-98) का सफल परीक्षण किया।
- 'फीहोंग-98' का विकास 'चाइना एकेडमी ऑफ एयरोस्पेस इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी' ने किया। इसे चीन द्वारा विकसित परिवहन विमान शिफेई वाई5बी (Shifei Y5B) के मूलरूप (Prototype) से रूपांतरित किया गया था।
- (FH-98) का अधिकतम टेक ऑफ वजन 5.25 टन है।
- यह ड्रोन लगभग 1.5 टन तक का भार ले जाने में सक्षम है और लगभग 4500 मीटर तक की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। इसकी गति 180 किमी./घंटा है।
- इसकी उड़ान की अधिकतम सीमा 1200 किमी. है।
- अत्याधुनिक तकनीकी से लैस यह ड्रोन सामान्य रूप से उड़ान भर सकता है।

**संबंधित लिंक...**
https://siliconangle.com/2018/10/17/chinese-company-successfully-test-worlds-largest-transport-drone/

## सीएसआईआर-आईआईटीआर ने सस्ती जल कीटाणु शोधन प्रणाली 'ओनीर टीएम' विकसित की

**प्रश्न-'ओनीर टीएम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-**

1. **यह एक सस्ती जल कीटाणु शोधन प्रणाली है।**
2. **इस प्रणाली का विकास सीएसआईआरआईआईटीआर (CSIR-IITR) लखनऊ द्वारा किया गया है।**



**सही विकल्प का चयन करें-**
(a) केवल-1 (b) केवल-2 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद-भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (CSIR-IITR), लखनऊ द्वारा एक अभिनव तकनीक 'पेयजल कीटाणु शोधन प्रणाली' का विकास किया गया है जिसे 'ओनीर टीएम' (Oneer TM) नाम दिया गया है।
- 17 अक्टूबर, 2018 को मैसर्स ब्लूबर्ड वाटर प्यूरिफायर को नई दिल्ली में इस कीटाणु शोधन प्रणाली का हस्तांतरण किया गया।
- यह तकनीक पानी के निरंतर उपचार के लिए उपयोगी है। इस तकनीक के माध्यम से रोगाणु कारक बैक्टीरिया, कवक, प्रोटोजोआ और सिस्ट को नष्ट किया जा सकता है।
- ओनीर टीएम केवल 2 पैसे/लीटर की लागत से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल प्रदान कर सकेगा।
- CSIR-IITR, लखनऊ की स्थापना वर्ष 1965 में हुई जो कि वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद की संघटक प्रयोगशाला है।नई दिल्ली स्थित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (Council of Scientific and Industrial Research), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है। इसके अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री व उपाध्यक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री होता है। वर्तमान में अध्यक्ष नरेंद्र मोदी व उपाध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184245

## भ्रूण हस्तांतरण प्रौद्योगिकी केंद्र

**प्रश्न-हाल ही में कहां भारतीय कृषि इंडस्ट्रीज फाउंडेशन (बैफ), भ्रूण हस्तांतरण प्रौद्योगिकी केंद्र का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया?**



(a) पुणे (b) नागपुर (c) दिल्ली (d) हैदराबाद

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को उर्लिकंचन, पुणे स्थित भारतीय कृषि इंडस्ट्रीज फाउंडेशन (बैफ), भ्रूण हस्तांतरण प्रौद्योगिकी केंद्र का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया।
- यह महाराष्ट्र का पहला भ्रूण हस्तांतरण प्रौद्योगिकी केंद्र है।
- इस शिलान्यास समारोह को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याणमंत्री श्री राधामोहन ने संबोधित किया।इस शिलान्यास समारोह के साथ ही वेम्निकोम, पुणे स्थित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत पोषण अनाज पर राष्ट्रीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।
- भ्रूण हस्तांतरण प्रौद्योगिकी केंद्र योजना के तहत देश में 20 भ्रूण हस्तांतरण प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना की जा रही है।19 भ्रूण हस्तांतरण केंद्रों के प्रस्ताव को स्वीकृत किया जा चुका है जिसमें से दो केंद्रों की स्थापना नागपुर एवं पुणे में किया जाना है।
- इन केंद्रों की स्थापना हेतु 5.07 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।
- इन केंद्रों में उच्च आनुवंशिक क्षमता के गिर, साहिवाल, लालकंधारी, डांगी, देओनी और गाओलाओ बोवाइन तैयार किए जाएंगे।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=183807

## चूहे की बीमारी का पहली बार मानव में लक्षण

**प्रश्न-हाल ही में किस देश में चूहों में पाया जाने वाला 'हेपेटाइटिस ई' का लक्षण मानव में पाया गया?**



(a) हांगकांग (b) सिंगापुर (c) जापान (d) भारत

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- हांगकांग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा चूहों में पाए जाने वाले 'हेपेटाइटिस ई' वायरस के लक्षण पहली बार मानव में दिखाई दिया।

- शोधकर्ताओं के अनुसार, चूहों में पाया जाने वाला हेपेटाइटिस ई-वायरस (एचईवी) मानव हेपेटाइटिस वायरस से बहुत अलग है।
- यह बीमारी हांगकांग के एक 56 वर्षीय व्यक्ति में पाई गई जिसने हाल ही में यकृत प्रत्यारोपण कराया था।विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मानव में पाया जाने वाला हेपेटाइटिस ई यकृत से जुड़ी बीमारी है जो वैश्विक स्तर पर 20 मिलियन लोगों को प्रभावित करता है।यह आम तौर पर दूषित पेय जल के माध्यम से फैलता है। बुखार, उल्टी और पीलिया इसके प्रमुख लक्षण हैं।शोधकर्ताओं ने कहा इसके पहले कोई सबूत नहीं था कि चूहों के बिट्स से यह बीमारी मानवों तक पहुंच सकती है। यह अपनी तरह का पहला मामला है जब चूहों में पाया जाने वाला एचईवी मानव को नैदानिक संक्रमण के कारण संक्रमित कर सकता है।
- 'हेपेटाइटिस' वायरस से होने वाली बीमारी है जो सामान्य तौर पर मानव के यकृत को प्रभावित करता है। हेपेटाइटिस के पांच रूप ए, बी, सी, डी और ई पाए जाते हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://time.com/5409542/human-case-rat-hepatitis-e/

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल, 2018 की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट जारी


**प्रश्न-हाल ही में किसने राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल, 2018 की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट जारी की?**
(a) जे.पी. नड्डा (b) अनुप्रिया पटेल (c) अश्वनी कुमार चौबे (d) वेंकैया नायडू
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 13 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्वनी कुमार चौबे ने पटना में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल (National Health Profile), 2018 की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट जारी की।यह रिपोर्ट स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशालय के तत्वावधान में केंद्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो (CBHI) द्वारा तैयार की गई है।
- सीबीएचआई वर्ष 2005 से ही प्रति वर्ष राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल को प्रकाशित कर रहा है।
- यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल का 12वां संस्करण है।
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल,2018 में स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य में मानव संसाधनों के बारे में व्यापक जानकारी के साथ-साथ जनसांख्यिकीय, सामाजिक के आर्थिक, स्वास्थ्य स्थिति और स्वास्थ्य वित्त संकेतकों को शामिल किया गया है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184177

## राष्ट्रीय पर्यावरण सर्वेक्षण

**प्रश्न-'भारत का पहला' राष्ट्रीय पर्यावरण सर्वेक्षण' (NES) कब प्रारंभ होगा?**
(a) नवंबर, 2018 (b) दिसंबर, 2018 (c) जनवरी, 2019 (d) फरवरी, 2019




**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- जनवरी, 2019 में भारत का पहला 'राष्ट्रीय पर्यावरण सर्वेक्षण' (NES) प्रारंभ किया जाएगा।
- यह सर्वेक्षण 24 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्रों के 55 जिलों में किया जाएगा।
- सर्वेक्षण से पूर्ण हरित आंकड़े का पहला सेट 2020 में प्राप्त होगा।
- सर्वेक्षण में वायु, जल, मृदा गुणवत्ता, उत्सर्जन, ठोस, खतरनाक एवं ई-वेसर, वन एवं वन्यजीव, आर्द्रभूमि, झील, नदियां आदि पर्यावरणीय मानकों के आधार पर व्यापक आंकड़ा संग्रहीत किया जाएगा।सर्वेक्षण द्वारा सभी जिलों को उनके पर्यावरणीय प्रदर्शन के आधार पर रैंकिंग प्रदान की जाएगी।सर्वेक्षण का कार्यान्वयन पर्यावरणीय सूचना प्रणाली (ENVIS) द्वारा किया जाएगा।
- इन 55 जिलों में शामिल प्रमुख जिले हैं दक्षिणी दिल्ली, पुणे, पालघर, गुरूग्राम, मेवात, कुल्लू, नालंदा, धनबाद, जामनगर, मेहसाणा, अलवर, बाड़मेर, कोयबंटूर, मदुरई, शिमोगा, हैदराबाद आदि।
- तीन से चार वर्ष की अवधि में देश के सभी 716 जिलों में पर्यावरणीय सर्वेक्षण किया जाएगा।

## वैज्ञानिकों ने खोजा नया तारा

**प्रश्न-हाल ही में लंदन के कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नए युवा तारे की खोज की, उस तारे का नाम है-**
(a) नर्सरी (b) ज्यूपी सन (c) कैम स्टार (d) सीआई टाउ



**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में इंग्लैंड स्थित कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने एक विशाल युवा तारे की खोज की।
- बृहस्पति एवं शनि आकार जितने बड़े चार ग्रह इस तारे का चक्कर लगा रहे हैं।
- यह पहला अवसर है जब इतने विशाल ग्रह वाले तारे की खोज की गई।

- इस तारे का नाम सीआई टाउ (CI TAU) रखा गया है।
- यह पृथ्वी से 500 प्रकाश वर्ष की दूरी पर आकाशगंगा के अत्यधिक उत्सर्जित तारकीय क्षेत्र 'नर्सरी' में स्थित है।
- इस विषय में वैज्ञानिकों ने एक और रोचक तथ्य उजागर किया कि इसकी कक्षा के सबसे समीप ग्रह से कक्षा में स्थित सबसे बाहरी ग्रह की दूरी बहुत ज्यादा है जो कि तारे से सबसे समीप ग्रह की दूरी का लगभग एक हजार गुना है।
- एक खगोलीय जर्नल पत्र में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार इस प्रणाली में किसी तारे की कक्षा के बाहरी सीमा की दूरी के मामले में यह एक नया रिकॉर्ड है।
- इस तारे के सबसे नजदीकी कक्षा में बृहस्पति के आकार जितना बड़ा ग्रह परिक्रमा कर रहा है। ऐसा पहली बार देखा गया है कि किसी तारे के नजदीक कोई गर्म विशाल ग्रह चक्कर लगा रहा है।
- यह तारा 2 मिलियन वर्ष (Toddler) पुराना है जो चारों ओर से बर्फ और धूल से बनी बड़ी डिस्क से घिरा हुआ है।
- इस डिस्क को प्रोटोप्लैनेटरी डिस्क भी कहते हैं जहां ग्रह, चंद्रमा, क्षुद्रग्रह तथा अन्य खगोलीय वस्तुएं तारकीय प्रणाली के रूप में विकसित होती हैं।
- वैज्ञानिकों ने बताया कि लगभग 1 प्रतिशत तारों की ही कक्षा में गर्म ग्रह बृहस्पति चक्कर लगाते हैं पर वह सीआई टाउ तारे के बृहस्पति ग्रह की तुलना में सैकड़ों साल पुराने होते हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.outerplaces.com/science/item/18960-star-system-ci-tau

## वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली

**प्रश्न-हाल ही में कहां पर 'वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली' का शुभारंभ किया गया?**

(a) दिल्ली (b) मुंबई (c) चेन्नई (d) कोलकाता

**उत्तर-(a)**



**संबंधित तथ्य**

- 15 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने दिल्ली के लिए 'वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली' का शुभारंभ किया।

- इस प्रणाली को अत्यधिक वायु प्रदूषण की घटनाओं की भविष्यवाणी करने और भारत सरकार की 'ग्रेडेड रिस्पासं एक्शन प्लान' (GRAP) के अनुसार आवश्यक कदम उठाने के लिए एलर्ट देने के लिए डिजाइन किया गया है।
- वायु प्रदूषण प्रणाली का विकास भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) पुणे, भारत मौसम विज्ञान विभाग और राष्ट्रीय मध्यम श्रेणी के मौसम पूर्वानुमान केंद्र (NCMRWF) के वैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx

## टीसीएस ने आईटी सेवा प्रदाता के रूप में एक्सेंचर पीएलसी को पार कर सबसे बड़ी कंपनी बनी

**प्रश्न-सुर्खियों में रहे "एक्सेंचर पीएलसी" (Accenture Plc) के संदर्भ में सही विकल्प का चयन करें-**




(a) यह उपग्रह प्रक्षेपण की नई तकनीक है। (b) यह एक वैश्विक परामर्श एवं पेशेवर सेवा प्रबंधन फर्म है।
(c) एक्सेंचर पीएलसी भारत की एक नई मिसाइल तकनीक है। (d) इनमें से कोई नहीं।

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अक्टूबर, 2018 को प्रकाशित सूचना के अनुसार टीसीएस (TCS – Tata Consultancy Service) ने "एक्सेंचर पीएलसी" को विस्थापित कर सबसे बड़ी आईटी सर्विसिंग बैंक के रूप में अपने आप को स्थापित किया है।
- टीसीएस ने जुलाई-सितंबर की अवधि में, बीएफएसआई क्षेत्र (BFSI – Banking Financial Services and Insurance) में 2.07 बिलियन डॉलर, जबकि एक्सेंचर पीएलसी ने जून-अगस्त की अवधि में इसी क्षेत्र में 2.01 बिलियन डॉलर बिजिनेस किया।
- टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड) मुंबई स्थित एक भारतीय बहुराष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सेवा फर्म है जो विश्व के विभिन्न देशों में सेवाएं प्रदान कर रही है।
- डबलिन, आयरलैंड स्थित एक्सेंचर पीएलसी एक वैश्विक स्तर की सेवा प्रदाता पेशेवर फर्म है जो रणनीति, डिजिटल, प्रौद्योगिकी और संचालन संबंधी सेवाएं प्रदान करता है।

**संबंधित लिंक...**
https://businessmatters.in/tcs-surpassed-accenture-plc-became-top-it-servicing-banks/

## चीन द्वारा नैनोजेनरेटर का विकास

**प्रश्न-निम्नलिखित में से किस देश ने पहनने योग्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को बिजली प्रदान करने के लिए एक नैनोजेनरेटर विकसित किया है?**

(a) भारत (b) चीन (c) जापान (d) ऑस्ट्रेलिया



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को चाइना साइंस डेली में प्रकाशित एक न्यूज के अनुसार, चीन के वैज्ञानिकों ने एक नैनोजेनरेटर विकसित किया है जो पहनने योग्य इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइसों को मानव गति से ऊर्जा प्रदान करेगा।
- झेंग्झौ विश्वविद्यालय (Zhenzhou University) के वैज्ञानिकों ने हाइड्रोफोबिक नैनोफाइबर का प्रयोग कर एक पहनने योग्य नैनोजेनरेटर का विकास किया गया है।
- मानव की गतिविधियों से उत्पन्न यांत्रिक ऊर्जा को, इस नैनोजेनरेटर को मानव के कपड़े से संलग्न कर विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है।
- इस प्रकार के नैनोजेनरेटर की खोज से स्वयं संचालित पहनने योग्य इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों के विकास में नए अवसरों के विकास की संभावना है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.xinhuanet.com/english/2018-10/16/c_137536371.htm

## वायु सेना प्रदर्शनी

**प्रश्न-हाल ही में एयरफोर्स स्टेशन नल द्वारा कहां वायु सेना दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में आम जनता के लिए आउटरीच कार्यक्रम 'वायु सेना प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया?**

(a) हैदराबाद में (b) नोएडा में (c) बीकानेर में (d) गाजियाबाद में



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 21 अक्टूबर, 2018 को एयरफोर्स स्टेशन नल ने बीकानेर, राजस्थान में वायु सेना दिवस समारोह के एक हिस्से के रूप में आम जनता के लिए आउटरीच कार्यक्रम ''वायु सेना प्रदर्शनी'' का आयोजन किया।
- इस वर्ष भारतीय वायु सेना की 86वीं वर्षगांठ 8 अक्टूबर, 2018 को मनाई गई।
- आयोजित प्रदर्शनी को नागरिकों सशस्त्र बल कर्मियों, अर्ध-सैनिक बलों और बीकानेर और उसके आस-पास के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 12 हजार बच्चों सहित लगभग 1.50 लाख लोगों ने देखा।
- भारतीय वायु सेना का आदर्श वाक्य 'नभः स्पृशं दीप्तम्' गीता के ग्यारहवें अध्याय से लिया गया है। भारतीय वायु सेना की स्थापना 8 अक्टूबर, 1932 को हुई थी।
- वर्तमान में वायु सेना अध्यक्ष एयरचीफ मार्शल बीरेन्द्र सिंह धानोआ हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184295

## बेपिकोलम्बो अंतरिक्षयान मिशन (Bepi Colombo Mission)

**प्रश्न-बेपिकोलम्बो मिशन के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार करें।**

**1. यह यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ESA) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) का संयुक्त मिशन है।**

**2. यह मिशन, बुध (Mercury) ग्रह के रहस्यों को सुलझाने के लिए लांच किया गया है।**

**सही विकल्प का चयन करें-**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 अक्टूबर, 2018 को यूरोपीय स्पेस एजेंसी के अंतरिक्ष केंद्र कोरू (Kourou) फ्रेंच गुयाना से एरियन-5 रॉकेट से बेपिकोलम्बो मिशन का सफल परीक्षण किया गया।
- इस मिशन के तहत ईएसए (ESA) का बुध ग्रह ऑर्बिटर और जापानी एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी का बुध मैग्नेटो-स्फेरिक ऑर्बिटर नामक दो अंतरिक्षयानों का सफल प्रक्षेपण किया गया है। दोनों अंतरिक्ष यान एक साथ ग्रह के पूरक माप व गतिशील वातावरण का अध्ययन करेंगे।

- यह यूरोपीय स्पेस एजेन्सी (ESA) और जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (JAXA) का संयुक्त मिशन है जिसे सौर मंडल के आंतरिक रहस्यों को सुलझाने के लिए बुध (MERCURY) ग्रह के अध्ययन के लिए लांच किया गया है।
- बुध ग्रह के लिए यह यूरोपीय स्पेस एजेन्सी का प्रथम मिशन है।
- इस अंतरिक्षयान के सबसे कठिन चरणों में बुध ग्रह के चारों ओर एक स्थिर कक्षा में परिक्रमा करना क्योंकि सूर्य का गुरुत्वाकर्षण इसे अपनी ओर आकर्षित करेगा।
- एक अन्य चुनौती के रूप में अंतरिक्ष यान के लिए वातावरण का तापमान होगा जो 180 डिग्री सेल्सियस से 450 डिग्री सेल्सियस तक परिवर्तित होगा।

**संबंधित लिंक...**
https://www.theguardian.com/science/2018/oct/18/spacewatch-bepicolombo-mission-to-mercury-braced-for-blast-off

## चीन द्वारा 2 बाईदोउ-3 नौवहन का का प्रक्षेपण

**प्रश्न-15 अक्टूबर, 2018 को चीन ने बाईदोउ-3 नौवहन उपग्रह प्रणाली के तहत 2 दो उपग्रहों का सफल प्रक्षेपण किया। इस संबंध में निम्नलिखित कथनों में से क्या सही है**

1. **यह प्रक्षेपण लांग मार्च 3C रॉकेट के जरिये जियांग प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।**
2. **इसके तहत प्रक्षेपित उपग्रहों को 'मध्यम पृथ्वी कक्षा' में स्थापित किया गया।**
3. **प्रथम बाईदोउ-3 उपग्रह का प्रक्षेपण वर्ष 2016 में किया गया था।**
4. **बाईदोउ उपग्रह परियोजना का नामकरण 'बिग डिपर' तारामंडल के नाम पर किया गया।**

**कूटः**
(a) 1 एवं 3 (b) 2 एवं 4 (c) 1,3 एवं 4 (d) 2, 3 एवं 4



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 15 अक्टूबर, को 2018 को चीन ने लांग मार्च 3बी (Long March 38) रॉकेट के जरिये दो नये नौवहन उपग्रहों का सफल प्रेक्षपण किया गया।
- यह प्रक्षेपण चीन के सिचुआन प्रांत में स्थित जिचांग (ixchang) उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से किया गया।
- इन दोनों उपग्रहों को बाईदोउ-3 (Biedao-3) 'M15' एवं 'M16' नाम दिया गया है।


- इन दोनों उपग्रहों का विकास 'चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेस' के अंतर्गत सूक्ष्म उपग्रहों के नवाचार अकादमी द्वारा किया गया है।
- ये दोनों उपग्रह बाईदोउ नौवहन उपग्रह प्रणाली के अंतर्गत छोड़े गए क्रमशः 39वें एवं 40वें उपग्रह हैं।
- एक मीट्रिक टन वजनी इन उपग्रहों का कार्यकाल लगभग 12 वर्ष अनुमानित है।
- इन दोनों उपग्रहों को मध्य पृथ्वी कक्षा (Medium Earth Orbit) में लगभग 21,500 किमी. की ऊंचाई पर स्थापित किया गया है।
- ये दोनों उपग्रह मध्य पृथ्वी कक्षा में पहले से उपस्थित 14 बाईदोउ-3 उपग्रहों के साथ अपनी सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।
- चीन द्वारा बाईदोउ-3 उपग्रह प्रणाली के अंतर्गत 27 बाईदोउ-3M उपग्रह मध्यम पृथ्वी कक्षा में, 5 बाईदोउ-3G उपग्रह भूस्थिर कक्षा में तथा 3 बाईदोउ-3I उपग्रह प्रवृत्त भू-तुल्यकालिक उपग्रह कक्षा (Inclined Geosynchronous Satellite Orbit) में छोड़े जाने की योजना है।
- बाईदोउ-3 बाईदोउ नौवहन उपग्रह परियोजना का तीसरा चरण है एवं प्रथम बाईदोउ-3 उपग्रह का प्रक्षेपण मार्च, 2015 में किया गया था।
- यह बाईदोउ नेटवर्क वर्ष 2012 के अंत तक एशिया प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय नौवहन सुविधा उपलब्ध करा रहा था एवं वर्ष 2018 के अंत तक चीन इसकी सीमा को बढ़ाकर एशिया, यूरोप एवं अफ्रीका के अधिकांश भागों तक करना चाहता है।
- वर्तमान में यह प्रणाली 50 से अधिक देशों की 3 अरब से अधिक जनसंख्या को आच्छादित (Cover) करती है।
- इसी शृंखला में चीन द्वारा 25 अक्टूबर, 2018 को अन्य दो 'M17' और 'M18' बाईदोउ-3 उपग्रहों को छोड़ने की योजना है।
- गौरतलब है कि 'बाईदोउ' उपग्रह परियोजना का नामकरण 'बिग डिपर' (Big Dipper) या 'सप्तर्षि' तारामंडल के नाम पर किया गया है।
- इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 1994 में की गई थी, जबकि इसके तहत प्रथम उपग्रह का प्रक्षेपण वर्ष 2000 में किया गया था।
- लांग मार्च, 3B, 180 फीट लंबा त्रिचरणीय रॉकेट है, जो कि 12 मीट्रिक टन वजन के उपग्रह को निम्न पृथ्वी कक्षा में या 5 मीट्रिक टन के भार को भू-स्थिर स्थानांतरण कक्षा में छोड़ सकता है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.nasaspaceflight.com/2018/09/chinese-launch-beidou-3m-pair-1314/

## विश्व का प्राचीनतम ज्ञात अछूता भग्न-पोत

**प्रश्न-हाल ही में किस सागर की तली में विश्व के प्राचीनतम ज्ञात अछूते जल भग्न-पोत को खोजा गया?**




(a) काला सागर (b) मरमरा सागर (c) अजोव सागर (d) चीन सागर

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में इंग्लैंड एवं बुल्गारिया के अनुसंधानकर्ताओं के एक दल ने बुल्गारिया के तट पर काला सागर की तली में विश्व के प्राचीनतम अछूते जहाज की खोज की।
- यह पोत लगभग 2400 वर्ष (400 ई.पू.) पुराना है।
- अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार यह यूनान का एक व्यापारिक पोत था।
- यह पोत कालासागर में 2000 मीटर से अधिक की गहराई में खोजा गया।
- इस गहराई पर जल ऑक्सीजन रहित होता है जिसका अर्थ है कि कार्बनिक पदार्थ हजारों साल तक संरक्षित रह सकते हैं।
- इस पोत की खोज बुल्गारिया के शहर बुरगास के तट से 80 किमी. से अधिक दूर काला सागर में की गई।
- यह पोत काला सागर समुद्री पुरातत्व परियोजना के द्वारा चिह्नित 60 से अधिक पोतों में से एक है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.bbc.co.uk/news/world-europe-45951132

## सूक्ष्म रोबोटों से रोगों का इलाज

**प्रश्न-हाल ही में किस संस्थान के वैज्ञानिकों ने ऐसे सूक्ष्म रोबोटों के बड़े पैमाने पर उत्पादन की तकनीक विकसित करने में सफलता प्राप्त की है जिनसे स्वास्थ्य की निगरानी में मदद मिलेगी?**

(a) मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (b) स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी



(c) ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी (d) हार्वर्ड यूनिवर्सिटी

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- हाल ही में मेसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (MIT) के अनुसंधानकर्ताओं ने सूक्ष्म रोबोटों का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने की तकनीक विकसित करने में सफलता प्राप्त की है। इस सूक्ष्म रोबोटों का आकार एक जीवित कोशिका के समान है।
- इन सूक्ष्म रोबोटों को सिंसेल्स (Syncells) नाम दिया गया है।
- सिंसेल्स का अभिप्राय सिंथेटिक सेल्स (Synthetic cells) से है।
- ये सूक्ष्म रोबोट शरीर में रक्त के साथ प्रवाहित होते हुए रोगों का पता लगाने में सक्षम है।
- ये रोबोट इतने सूक्ष्म है कि इन्हें देखने के लिए एक सूक्ष्मदर्शी की आवश्यकता होती है, इन्हें नग्न आंखों से देखा नहीं जा सकता।
- सिंसेल्स की बाह्य परत ग्रेफीन (Graphene) द्वारा निर्मित है जो कार्बन का एक अपररूप है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/sci-tech/science/cell-sized-robots-can-be-used-to-detect-diseases/article25313568.ece

## भौतिक एवं रसायन विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार, 2018

**प्रश्न-3 अक्टूबर, 2018 को रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस द्वारा रसायन विज्ञान के एक नोबेल पुरस्कार हेतु तीन वैज्ञानिकों का चयन किया गया। चयनित वैज्ञानिकों में इनमें से कौन-सा शामिल नहीं है?**
(a) फ्रांसेस एच. अर्नोल्ड (b) जॉर्ज पी. स्मिथ (c) ग्रेगरी पी. विंटर (d) रिचर्ड हेन्डरसन
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 3 अक्टूबर, 2018 को रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेस, स्टॉकहोम स्वीडन द्वारा रसायन विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कारों के लिए तीन वैज्ञानिकों के नाम की घोषणा की गई।
- इनमें अमेरिकी वैज्ञानिक फ्रांसेस एच. अर्नोल्ड (Frances H. Arnold), जॉर्ज पी. स्मिथ (Geogre P. Smith) एवं ब्रिटिश अनुसंधानकर्ता ग्रेगरी पी. विंटर (Gregory P. Winter) शामिल हैं।
- फ्रांसेस एच. अर्नोल्ड रसायन विज्ञान के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीतने वाली पांचवीं महिला हैं।
- चयन मंडल के अनुसार, क्रम विकास के सिद्धांतों का उपयोग जैव ईंधन से लेकर औषधि तक हर चीज बनाने में इस्तेमाल होने वाले एंजाइम का विकास करने के सिलसिले में तीनों वैज्ञानिकों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया।

- तीनों वैज्ञानिकों ने विभिन्न क्षेत्रों में प्रोटीन के इस्तेमाल के लिए क्रम विकास के उसी सिद्धांत का इस्तेमाल किया जिसके जरिए आनुवंशिक बदलाव और चयन किया जाता है।
- इससे पूर्व 2 अक्टूबर, 2018 को भौतिकी के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई।
- इनमें अमेरिकी वैज्ञानिक आर्थर आस्किन (Aruthur Ashkin), फ्रांसीसी वैज्ञानिक गेरार्ड मोउरा (Gerard Mourou) और कनाडा के वैज्ञानिक डोना स्ट्रिकलैंड (Donna Strickland) शामिल हैं।
- उन्हें यह पुरस्कार लेजर भौतिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण खोज के लिए दिया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि डोना स्ट्रिकलैंड भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में यह पुरस्कार जीतने वाली तीसरी महिला हैं। उल्लेखनीय है कि गेरार्ड मोउरो और डोना स्ट्रिकलैंड ने मिलकर 'अल्ट्रा शार्ट पल्सेस' पैदा करने वाली एक पद्धति विकसित की।
- ये मानव द्वारा अब तक की बनाई गई सबसे छोटी और सबसे तेज लेजर पल्सेज है।
- इस तकनीकी का इस्तेमाल अब नेत्र शल्य चिकित्सा में किया जा रहा है।
- जबकि आर्थर आस्किन को 'ऑप्टिकल ट्वीजर्स' पर शोध के लिए चुना गया है।
- यह अणु, विषाणु और अन्य जीवित कोशिकाओं को अपने लेजर बीम फिंगर से पकड़ सकता है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.nobelprize.org/prizes/physics/

## चूहे की बीमारी से संक्रमित मनुष्य का पहला मामला हांगकांग में पाया गया

**प्रश्न-विश्व में चूहे की बीमारी से संक्रमित मनुष्य का पहला मामला कहां पाया गया?**
(a) बीजिंग (b) हांगकांग (c) लंदन (d) हनोई



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- हांगकांग में चूहे में होने वाले हेपेटाइटिप ई-वायरस (HEV) से संक्रमित व्यक्ति का पहला मामला सामने आया है।
- विश्व का यह पहला मौका है जब चूहों में होने वाली इस बीमारी से कोई व्यक्ति प्रभावित हुआ है। यह बीमारी हांगकांग के 56 वर्षीय बुजुर्ग में पाई गई जिनका लिवर प्रत्यायोपित किया गया था। यह दुनिया का पहला अध्ययन है जिसमें चूहा HEV मनुष्य को संक्रमित कर सकता है और नैदानिक संक्रमण का कारण बन सकता है।
- यह आमतौर पर दूषित पेयजल के माध्यम से फैलता है।

- इससे संक्रमित मनुष्य में बुखार, उल्टी और पीलिया के लक्षण पाए जाते हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://qz.com/1409756/rat-hepatitis-e-infected-man-in-hong-kong/

# खेल परिदृश्य

## टेनिस

### रोलेक्स पेरिस मास्टर्स, 2018

**प्रश्न–हाल ही में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता रोलेक्स पेरिस मास्टर्स, 2018 का एकल खिताब किसने जीता?**



(a) रोजर फेडरर (b) नोवाक जोकोविक (c) कारेन खचानोव (d) मार्सेलो मेलो

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- एटीपी (ATP) वर्ल्ड टूर सत्र, 2018 की पेशेवर पुरुष टेनिस प्रतियोगिता 'रोलेक्स पेरिस मास्टर्स, 2018' 29 अक्टूबर, से 4 नवंबर, 2018 के मध्य पेरिस, फ्रांस में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष एकल
- विजेता-कारेन खाचानोव (रूस)
- उपविजेता-नोवाक जोकोविक (सर्बिया)
- पुरुष युगल
- विजेता-मार्सेल ग्रेनोलर्स (स्पेन) और राजीव राम (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- उपविजेता-जीन-जूलियन रोजर (नीदरलैंडस और होरिया टेकाउ (रोमानिया)खाचानोव ने विगत माह क्रैमलिन कप का खिताब भी जीता था।
- फाइनल खेलने के साथ ही जोकोविक ने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।

**संबंधित लिंक...**
https://www.atpworldtour.com/en/scores/archive/paris/352/2018/draws?matchType=singles

## फेड कप, 2018

**प्रश्न-फेड कप, 2018 का खिताब किसने जीता है?**

(a) चेक गणराज्य (b) संयुक्त राज्य अमेरिका (c) रूस (d) बेल्जियम



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- लॉन टेनिस में महिला वर्ग की सबसे प्रतिष्ठित टीम प्रतियोगिता फेड कप (Fed Cup) के 56वें संस्करण का फाइनल 10-11 नवंबर, 2018 के मध्य प्राग, चेक गणराज्य में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता को वर्ष 1995 तक फेडरेशन कप के रूप में जाना जाता था।
- फाइनल में चेक गणराज्य ने संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) को 3-0 से पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब जीता।उल्लेखनीय है कि चेक गणराज्य ने यह खिताब 11वीं बार जीता है।चेक गणराज्य की कप्तान पेत्र पाला, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका की कप्तान कैथी रिनाल्डी थीं। सर्वाधिक 18 बार इस प्रतियोगिता का खिताब यू.एस.ए. ने जीता है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.fedcup.com/

## वुहान ओपन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता वुहान ओपन, 2018 का खिताब किसने जीता?**

(a) पेत्रा क्वितोवा (b) किकी बर्टेस (c) अरिना सबालेंका (d) कैटरीना माकारोवा



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- WTA टूर सत्र, 2018 की WTA प्रीमियर 5 श्रेणी की महिला टेनिस प्रतियोगिता 'वुहान ओपन' चीन में संपन्न। (23-29 सितंबर, 2018)।
- 5वां संस्करण प्रयोजक कारणों से इसे डोंगफेंग मोटर वुहान ओपन, 2018 के नाम से भी जाना जाता है।
- **प्रतियोगिता परिणाम**

  महिला एकल

  विजेता-अरिना सबालेंका (बेलारूस)

  उपविजेता-अनेट कोंटावीट (एस्टोनिया)

महिला युगल
विजेता-एलिस मर्टेंस (बेल्जियम) और डेमी सूर्स (नीदरलैंड)
उपविजेता-बारबोरा स्ट्राइकोवा और आंद्रिया सेस्टिनी हलावकोवा (दोनों चेक गणराज्य)

**संबंधित लिंक...**
https://www.wuhanopen.org/en/#

## तियानजिन ओपन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता तियानजिन ओपन का एकल खिताब किसने जीता?**
(a) अरिना साबालेंका (b) कैरोलिना प्लिसकोवा (c) कैरोलिन गार्सिया (d) एलिस मर्टेंस



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- डब्ल्यूटीए (WTA) टूर सत्र, 2018 की महिला पेशेवर टेनिस प्रतियोगिता तियानजिन ओपन तियानजिन, चीन में संपन्न। (8-14 अक्टूबर, 2018)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **महिला एकल**
  विजेता-कैरोलिन गार्सिया (फ्रांस)
  उपविजेता-कैरोलिना प्लिसकोवा (चेक गणराज्य)
- **महिला युगल**
  विजेता-निकोल मेलिचर (अमेरिका) और क्वेता पेश्के (चेक गणराज्य)
- उपविजेता-मोनिक एडमजैक और जेसिका मूरे (दोनों ऑस्ट्रेलिया)

**संबंधित लिंक...**
http://www.wtatennis.com/tournament/2018-tianjin-china-1076#draws

## शंघाई रोलेक्स मास्टर्स, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता शंघाई रोलेक्स मास्टर्स का खिताब किसने जीता?**
(a) रोजर फेडरर (b) नोवाक जोकोविक (c) बोर्ना कोरिक (d) अलेक्जेंडर ज्वेरेव



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- एटीपी टूर सत्र, 2018 की पुरुष टेनिस प्रतियोगिता शंघाई रोलेक्स मास्टर्स, शंघाई, चीन में संपन्न। (7-14 अक्टूबर, 2018)
- **प्रतियोगिता परिणाम**

  **पुरुष एकल**

  विजेता-नोवाक जोकोविक (सर्बिया)

  उपविजेता-बोर्ना कोरिक (क्रोएशिया)
- **पुरुष युगल**

  विजेता-लुकास कुबोत (पोलैंड) और मार्सेलो मेलो (ब्राजील)

  उपविजेता-जेमी मुरे (ग्रेट ब्रिटेन) और ब्रूनो सोआरेस (ब्राजील)
- जोकोविक ने चौथी बार शंघाई रोलेक्स मास्टर्स का खिताब जीता है।
- इस जीत के साथ ही जोकोविक एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**संबंधित लिंक...**

http://en.shanghairolexmasters.com/?page_id=431

## प्रुडेन्शियल हांगकांग ओपन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न महिला टेनिस प्रतियोगिता प्रुडेन्शियल हांगकांग टेनिस ओपन के एकल का खिताब किसने जीता?**



(a) डायना यास्त्रेमस्का (b) वांग कियांग (c) कैटरीनो बोंडारेंको (d) एलीना स्वितोलीना

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- WTA टूर सत्र, 2018 की महिला टेनिस प्रतियोगिता प्रुडेन्शियल हांगकांग टेनिस ओपन, 2018 का 9वां संस्करण हांगकांग, चीन में संपन्न। (6-14 अक्टूबर, 2018)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **महिला एकल**

  विजेता-डायना यास्त्रेमस्का (यूक्रेन)

  उपविजेता-वांग कियांग (चीन)

- **महिला युगल**
  विजेता-सामंथा स्टोपसुर (ऑस्ट्रेलिया) और झांग शुअई (चीन)
  उपविजेता-शुको आओयामा (जापान) और लिडजिया मारोजावा (बेलारूस)
- डायना यास्त्रेमस्का के कॅरियर का यह पहला खिताब है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.hktennisopen.hk/en/main-draw-singles/

## वियना ओपन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न टेनिस प्रतियोगिता वियना ओपन, 2018 का खिताब किसने जीता?**
(a) केई निशिकोरी (b) केविन एंडरसन (c) जॉन इस्नर (d) आंद्रे रुबलेव




**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- एटीपी वर्ल्ड टूर 500 की पुरुष टेनिस प्रतियोगिता वियना ओपन, 2018 वियना (ऑस्ट्रिया) में संपन्न। (22-28 अक्टूबर, 2018)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **पुरुष एकल**
- **विजेता - केविन एंडरसन** (दक्षिण अफ्रीका)
- **उपविजेता** – केई निशिकोरी (जापान)
- **पुरुष युगल**
- **विजेता - जोए सैलिसबरी** और **नील स्कुपस्की** (दोनों यू.के.)
- **उपविजेता** – माइक ब्रायन (अमेरिका) और एडुअर्ड रोजर - वासेलिन (फ्रांस)
- इस जीत के साथ ही एंडरसन ने अगले माह आयोजित एटीपी फाइनल्स में भी जगह बनाई।
- एंडरसन 23 वर्षों के बाद एटीपी फाइनल्स में पहुंचने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले खिलाड़ी हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://en.wikipedia.org/wiki/2018_Erste_Bank_Open

## बीएनपी परिबास डब्ल्यूटीए फाइनल्स, 2018

**प्रश्न-बीएनपी (BNP) परिबास डब्ल्यूटीए (WTA) फाइनल्स, 2018 के एकल वर्ग का खिताब किसने जीता है?**

(a) स्लोएन स्टीफेंस (b) पेत्रा क्वितोवा (c) एलिना स्वितोलिना (d) कैरालिना प्लिसकोवा



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 21-28 अक्टूबर, 2018 के मध्य बीएनपी (BNP) परिबास डब्ल्यूटीए (WTA) फाइनल्स टेनिस प्रतियोगिता सिंगापुर में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता के महिला एकल वर्ग में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना ने अमेरिका की स्लोएन स्टीफेंस को 3-6, 6-2, 6-2 से पराजित कर खिताब जीता।
- इस जीत के साथ ही स्वितोलिना डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब जीतने वाली यूक्रेन की पहली खिलाड़ी बन गई हैं।महिला युगल वर्ग में फ्रांस की क्रिस्टीना म्लाडेनोविक ओर हंगरी की तिमेया बाबोस ने चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा और बारबोरा क्रज्सि को 6-4, 7-5 से पराजित कर जीता। इस प्रतियोगिता का सर्वाधिक 8 बार खिताब मार्टिना नवरातिलोवा ने जीता है।

**संबंधित लिंक...**

http://www.wtafinals.com/schedules-draws/singles-draws-and-standings

## नानिंग 2 आईटीएफ, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न नानिंग 2 आइटीएफ, 2018 (महिला टेनिस प्रतियोगिता) में एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?**

(a) हान शिनयुन (b) करमन कौर थांडी (c) केटी स्वान (d) कैरोल झाओ



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- WTA महिला टेनिस प्रतियोगिता नानिंग 2 आईटीएफ (Nanning 2 ITF), 2018 नानिंन, चीन में संपन्न। (22-28 अक्टूबर, 2018)
- **प्रतियोगिता परिणाम**
- **महिला एकल**
- **विजेता - हान शिनयुन** (चीन)
- **उपविजेता** – करमन कौर थांडी (भारत)

- **महिला युगल**
- **विजेता – किम ना - री** (दक्षिण कोरिया) और **पी कियू यू** (चीन)
- **उपविजेता -** फैंग शुओ और गुओ हान्यू (दोनों चीन)

**संबंधित लिंक...**
https://www.itftennis.com/procircuit/tournaments/women's-tournament/info.aspx?tournamentid=1100043746

# क्रिकेट

## वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम का भारत दौरा (वर्ष 2018)

**प्रश्न-हाल ही में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम** का **भारत दौरा संपन्न हुआ। टी-20 मैचों की शृंखला में किस खिलाड़ी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया?**



(a) पृथ्वी शाह (b) विराट कोहली (c) कुलदीप यादव (d) शिखर धवन

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने भारत के दौरे पर 2 टेस्ट मैच, 5 एकदिवसीय मैच और 3 टी-20 मैचों की शृंखला खेली। (29 सितंबर-11 नवंबर, 2018)
- भारतीय टीम ने कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व में दो टेस्ट मैचों की शृंखला 2-0 से जीत ली।
- टेस्ट शृंखला में वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर थे।
- टेस्ट शृंखला में सर्वाधिक रन (237) बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शाह को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- उमेश यादव ने टेस्ट शृंखला में सर्वाधिक 11 विकेट प्राप्त किए।
- भारतीय टीम ने राजकोट (गुजरात) में खेला गया पहला टेस्ट मैच पारी और 272 रनों से जीता जो टेस्ट मैचों में भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।
- भारतीय टीम ने कप्तान विराट कोहली के नेतृत्व में एक दिवसीय शृंखला 3-1 से जीती।
- विशाखापत्तनम में खेला गया दूसरा एकदिवसीय मैच टाई हो गया था।
- एकदिवसीय शृंखला में भी वेस्टइंडीज के कप्तान जेसन होल्डर थे।

- एकदिवसीय शृंखला में सर्वाधिक रन (453) बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- एकदिवसीय शृंखला में सर्वाधिक विकेट (9) कुलदीप यादव ने प्राप्त किए।
- भारत ने तीन टी-20 मैचों की शृंखला 3-0 से जीता।
- टी-20 शृंखला में सर्वाधिक विकेट (5) प्राप्त करने वाले भारतीय स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया।
- टी-20 शृंखला में सर्वाधिक रन (138) शिखर धवन ने बनाए।
- टी-20 शृंखला में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और वेस्टइंडीज टीम के कप्तान कार्लोस ब्रैथवेट थे।
- दोनों टीमों के मध्य पहला टी-20 मैच कोलकाता के ईडन गार्डंस मैदाcन में खेला गया जिसमें भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से पराजित किया।

**संबंधित लिंक...**
http://www.espncricinfo.com/series/_/id/18902/west-indies-tour-of-india

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर

**प्रश्न-टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं?**

(a) मिताली राज (b) स्मृति मंधाना (c) जेमिमा रोड्रिग्स (d) हरमनप्रीत कौर



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 नवंबर, 2018 को महिला क्रिकेट टीम की कप्तान (टी-20 टीम) हरमनप्रीत कौर ने वेस्टइंडीज में आयोजित आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप में न्यूजीलैंड के विरुद्ध शतक लगाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया।
- टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाने वाली वह पहली भारतीय महिला क्रिकेटर हैं।
- उन्होंने इस मैच में 51 गेंदों पर 103 रन बनाए।
- कप्तान की इस शतकीय पारी की बदौलत भारतीय टीम ने 5 विकेट पर 194 रन बनाए
- हरमनप्रीत कौर महिला टी-20 विश्वकप में शतक बनाने वाली विश्व की तीसरी महिला क्रिकेटर हैं। इनसे पूर्व वेस्टइंडीज की डींड्रा डोटिन (112 रन) और ऑस्ट्रेलिया की मैग लैनिंग (126 रन) ने टी-20 विश्वकप में शतक बनाए हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://indianexpress.com/article/sports/cricket/t20-world-cup-harmanpreet-kaur-century-india-vs-new-zealand-report-5439830/

## आईसीसी द्वारा पहली बार महिला टी-20 टीम रैंकिंग की शुरुआत

**प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा वैश्विक स्तर पर एमआरएफ टायर आईसीसी महिला टी-20 टीम रैंकिंग लांच की गई। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**




(a) आईसीसी द्वारा दूसरी बार महिला टी-20 टीम रैंकिंग जारी की गई।
(b) आईसीसी द्वारा जारी टी-20 टीमों की रैंकिंग में 46 टीमें शामिल हैं।
(c) इस टी-20 टीम रैंकिंग में भारत 249 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।
(d) टी-20 टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 280 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 अक्टूबर, 2018 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा वैश्विक स्तर पर एमआरएफ टायर आईसीसी महिला टी-20 टीम रैंकिंग लांच की गई।
- ज्ञातव्य है आईसीसी द्वारा पहली बार महिला टी-20 टीम रैंकिंग की शुरुआत की गई है।
- नई रैंकिंग टीमों को नियमित रूप से खेलने और वैश्विक स्तर पर अपनी प्रगति को चिह्नित करने हेतु प्रोत्साहित करेगी। जारी टी-20 टीमों की रैंकिंग में 46 टीमें शामिल हैं।
- इस टी-20 टीम रैंकिंग में भारत 249 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है।
- टी-20 टीम रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया 280 अंकों के साथ शीर्ष पर है।
- न्यूजीलैंड और इंग्लैंड 277 और 276 अंकों के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।
- इस सूची में वेस्टइंडीज 259 अंकों के साथ चौथे और 243 अंकों के साथ दक्षिण अफ्रीका छठें स्थान पर है। ज्ञातव्य है कि आईसीसी द्वारा सदस्य देशों के बीच सभी महिला टी-20 मैचों को जून में एशिया कप के बाद अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्रदान किया गया है।
- एमआरएफ टायर्स आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ियों की जारी बल्लेबाजों की रैंकिंग में न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स 682 अंकों के साथ पहले स्थान पर और वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर 671 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।
- भारत की हरमनप्रीत कौर और मिताली राज बल्लेबाजों की रैंकिंग में 600 और 580 अंकों के साथ क्रमशः छठें और सातवें स्थान पर हैं।

- गेंदबाजों की जारी रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की मेगन स्कुट (Megan Schutt) 684 अंकों के साथ पहले स्थान पर, और भारत की पूनम यादव 656 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।
- आलराउंडर खिलाड़ियों की रैंकिंग में वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर 342 अंकों के साथ पहले स्थान पर और वेस्टइंडीज की हायले मैथ्यूज 328 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.icc-cricket.com/rankings/womens/overview

## विकेट के पीछे सर्वाधिक शिकार करने वाले पहले भारतीय और विश्व के तीसरे विकेटकीपर

**प्रश्न-विकेट के पीछे सर्वाधिक शिकार करने वाले विश्व के तीसरे विकेटकीपर कौन हैं?**
(a) मार्क बाउचर (b) महेंद्र सिंह धोनी (c) एडम गिलक्रिस्ट (d) कुमार संगकारा



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को एशिया कप, 2018 के फाइनल मुकाबले में धोनी ने 800वां शिकार पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया।
- फाइनल मुकाबले (भारत और बांग्लादेश के बीच) में दो स्टपिंग करने की साथ ही उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की।
- यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह पहले भारतीय और विश्व के तीसरे विकेटकीपर बन गए हैं।
- धोनी ने टेस्ट मैचों में 256 कैच एवं 38 स्टंपिंग, 332 एकदिवसीय (वनडे) मैचों में 310 कैच और 115 स्टंपिंग और 93 टी-20 मैचों 54 कैच और 33 स्टंपिंग की है।
- अफ्रीका के मार्क बाउचर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विकेट के पीछे 998 और ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट ने 905 शिकार किए हैं।
- एशिया कप, 2018 के फाइनल मुकाबले भारत ने बांग्लादेश को 3 विकेट से पराजित कर सातवीं बार एशिया कप का खिताब जीता।

**संबंधित लिंक...**
https://hindi.timesnownews.com/cricket/article/mahendra-singh-dhoni-stumps-catch-india-vs-pakistan-asia-cup-final-2018-mark-boucher-adam-gilchrist/291565

## देवधर ट्रॉफी, 2018-19

**प्रश्न-देवधर ट्राफी, 2018-19 का खिताब किसने जीता?**



(a) इंडिया 'ए' (b) इंडिया 'बी' (c) इंडिया 'सी' (d) मुंबई

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 23-27 अक्टूबर, 2018 के मध्य भारत की घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता देवधर ट्रॉफी, 2018-19 (46वां संस्करण) नई दिल्ली में आयोजित हुई।
- 27 अक्टूबर, 2018 को इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच फिरोजशाह कोटला मैदान, नई दिल्ली में खेला गया। फाइनल मैच में इंडिया 'सी' ने इंडिया 'बी' को 29 रन से पराजित कर इस प्रतियोगिता का खिताब जीता।
- इंडिया 'बी' के विरुद्ध 144 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले इंडिया'सी' के कप्तान अजिंक्य रहाणे को 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- इस प्रतियोगिता में कुल तीन टीमों इंडिया 'ए', इंडिया 'बी' और इंडिया 'सी' ने प्रतिभाग किया।
- इंडिया 'ए' के कप्तान दिनेश कार्तिक और इंडिया 'बी' के कप्तान श्रेयस अय्यर थे।
- प्रतियोगिता में सर्वाधिक 199 रन श्रेयस अय्यर (इंडिया 'बी') ने बनाए।
- सर्वाधिक विकेट इंडिया 'सी' के गेंदबाज विजय शंकर (7) ने प्राप्त किए।
- उल्लेखनीय है कि देवधर ट्रॉफी 'A' श्रेणी की घरेलू एकदिवसीय प्रतियोगिता है, जिसका नामकरण प्रो. डी.बी. देवधर के नाम पर किया गया है।
- डी.बी. देवधर को 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडियन क्रिकेट' अर्थात भारतीय क्रिकेट का पितामह कहा जाता है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.news18.com/cricketnext/news/rahane-kishan-tons-eclipse-iyer-heroics-as-india-c-win-deodhar-trophy-1921889.html

## वेस्टइंडीज के क्रिकेटर का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**प्रश्न-हाल ही में वेस्टइंडीज के किस क्रिकेटर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की?**

(a) क्रिस गेल (b) ड्वेन ब्रावो (c) मर्लोन सैमुअल्स (d) डरेन ब्रावो



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को वेस्टइंडीज के आलराउंडर क्रिकेट खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए जाने की घोषणा की।
- ड्वेन ब्रावो ने वर्ष 2004 मे लार्ड्स में इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया और अंतिम टेस्ट मैच वर्ष 2010 में पल्लेकेले में श्रीलंका के विरुद्ध खेला था।
- **ड्वेन ब्रावो का अंतरराष्ट्रीय कैरियर -**
- टेस्ट मैच - 40, 71 पारियों में 31.42 के औसत से 2200 रन, उच्चतम स्कोर 113 रन, 3 शतक, 13 अर्द्धशतक।एकदिवसीय मैच - 164, 141 पारियों में 25.36 के औसत से 2968 रन, उच्चतम स्कोर 112 रन (नाबाद), 2 शतक, 10 अर्द्धशतक।
- अंतरराष्ट्रीय टी-20-66 मैच, 59 पारियों में 24.29 के औसत से 1142 रन।
- इसके अलावा उन्होंने 40 टेस्ट में 86 विकेट, 164 एकदिवसीय में 199 विकेट और 66 टी-20 में 52 विकेट प्राप्त किए हैं। आईसीसी वर्ल्ड टी-20 खिताब वेस्टइंडीज ने वर्ष 2012 और 2016 में जीता। ब्रावो भी खिताब विजेता टीम में शामिल थे।
- क्रिकेट के अलावा ब्रावो ने अपने हिट गाने चैंपियंस से भी ख्याति प्राप्त की जो भारत में वर्ष 2016 वर्ल्ड टी-20 में वेस्टइंडीज के विजयी अभियान के दौरान टीम का आधिकारिक गीत था।
- ब्रावो आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स टीम से खेलते हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://www.espncricinfo.com/story/_/id/25077284/west-indies-allrounder-dwayne-bravo-retires-international-cricket

## तीन भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों द्वारा टी-10 क्रिकेट लीग में खेलने हेतु अनुबंध

**प्रश्न-21 नवंबर से 2 दिसंबर, 2018 तक शारजाह में आयोजित की जाने वाली टी-10 क्रिकेट लीग में कौन भारतीय क्रिकेटर शामिल नहीं है?**




(a) जहीर खान (b) पार्थिव पटेल (c) आर.पी. सिंह (d) प्रवीण कुमार

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को प्रकाशित रिपोर्टों के अनुसार भारतीय क्रिकेटर जहीर खान, बद्रीनाथ और आर.पी. सिंह ने दूसरी टी-10 क्रिकेट लीग खेलने हेतु अनुबंध किया।
- दूसरी टी-10 लीग 21 नवंबर से 2 दिसंबर, 2018 तक शारजाह में आयोजित की जाएगी।
- जहीर खान, आर.पी. सिंह, बद्रीनाथ के अलावा प्रवीण कुमार और रीतिंदर सिंह सोढ़ी भी इस लीग में खेलेंगे।

- भारत के वीरेंद्र सहवाग और पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को टी-10 क्रिकेट लीग का आइकॉन नामित किया गया है।
- पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम इसके प्रतिभा तलाश कार्यक्रम के निदेशक होंगे।
- इस लीग मे कुल आठ टीमें खेलेंगी।
- इस वर्ष दो नई टीमें द कराचियंस और नार्दन वॉरियर्स खेलेंगी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.firstpost.com/firstcricket/sports-news/former-india-pacers-zaheer-khan-rp-singh-sign-up-for-second-season-of-t10-league-5429791.html

# हॉकी

## 8वां सुल्तान ऑफ जोहोर कप, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न सुल्तान ऑफ जोहोर कप (जू. पुरुष)हॉकी टूर्नामेंट में भारत को किसने पराजित कर खिताब जीता?**



(a) ग्रेट ब्रिटेन (b) ऑस्ट्रेलिया (c) मलेशिया (d) न्यूजीलैंड

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- सुल्तान ऑफ जोहोर कप अंतरराष्ट्रीय U-21 हॉकी टूर्नामेंट का 8वां संस्करण जोहोर बाहरू, मलेशिया में संपन्न। (6-13 अक्टूबर, 2018)
- प्रतिभागी टीमें-(6) ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, मलेशिया, जापान एवं न्यूजीलैंड।
- प्रतियोगिता परिणाम-
- विजेता (स्वर्णपदक)-ग्रेट ब्रिटेन (3-2 से)
- उपविजेता-(रजत पदक)-भारत
- टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के डमोन स्टीफेंस (Damon Steffense) ने सर्वाधिक 9 गोल किए।

**संबंधित लिंक...**
https://tms.fih.ch/competitions/977#statistics

## एशियन हॉकी (पुरुष) चैंपियंस ट्रॉफी, 2018

**प्रश्न-एशियन हॉकी (पुरुष) चैंपियंस ट्रॉफी, 2018 के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही** नहीं **है?**



(a) यह प्रतियोगिता मस्कट, ओमान में आयोजित हुई।
(b) भारत और पाकिस्तान दोनों संयुक्त रूप से विजेता रहे।
(c) मलेशिया ने तीसरा स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया।
(d) प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल भारत के हरमनप्रीत सिंह ने किए।

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- एशियन हॉकी (पुरुष) चैंपियंस ट्रॉफी, 2018 का 5वां संस्करण मस्कट, ओमान में संपन्न। (18-28 अक्टूबर, 2018)
  - प्रायोजक - हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड
  - इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला बारिश के कारण नहीं हो सका, जिसके कारण भारत और पाकिस्तान दोनों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।
  - मलेशिया ने जापान को पेनाल्टी शूटआउट में 3-2 से पराजित कर तीसरा स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया।
  - भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और कोच हरेंद्र सिंह थे।
  - प्रतिभागी टीमें - 6- भारत, पाकिस्तान, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया और ओमान।
  - प्रतियोगिता में प्रदत्त पुरस्कार
  - सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर - पीआर श्रीजेश (भारत)
  - हीरो प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - आकाशदीप सिंह (भारत)
  - इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट - अबु बकर महमूद (पाकिस्तान)
  - शीर्ष गोल स्कोरर - फैजल सारी, मलेशिया (8 गोल)
  - इस प्रतियोगिता में भारत की तरफ से सर्वाधिक गोल हरमनप्रीत सिंह (6 गोल) ने किए।
  - इससे पूर्व इस टूर्नारमेंट के चार संस्करणों में से दो में भारत और दो में पाकिस्तान ने विजय प्राप्त की है।

**संबंधित लिंक...**

http://www.asiahockey.org/news/pakistan-and-india-are-declared-joint-champions-in-the-5th-edition-of-the-asian-champions-trophy/

# फुटबॉल

## पुट्टयाह मेमोरियल कप, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न फुटबॉल प्रतियोगिता पुट्टयाह मेमोरियल कप, 2018 का खिताब किसने जीता?**

(a) चेन्नइयन एफसी (b) मद्रास इंजीनियरिंग ग्रुप (एमईजी)

(c) बंगलुरू एफसी (d) पुणे एफसी



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- फुटबॉल प्रतियोगिता पुट्टयाह मेमोरियल कप, 2018 बंगलुरू, भारत में संपन्न। (14 अक्टूबर, 2018)
- 14 अक्टूबर, को इस प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बंगलुरू एफसी ने मद्रास इंजीनियरिंग ग्रुप (एमईजी) को 2-1 से पराजित कर खिताब जीता।
- बंगलुरू एफसी ने दूसरी बार यह फुटबॉल प्रतियोगिता जीता है।
- बंगलुरू एफसी के पराग श्रीवास को सर्वश्रेष्ठ रक्षक का पुरस्कार प्रदान किया गया।

**संबंधित लिंक...**

https://www.bengalurufc.com/2018/bfc-b/bengaluru-fc-win-puttaiah-memorial-cup/

## सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप, 2018-19

**प्रश्न-अक्टूबर, 2018 में संपन्न सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप, 2018-19 का खिताब किस टीम ने जीता?**

(a) तमिलनाडु (b) ओडिशा (c) मणिपुर (d) बंगाल



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप, 2018-19 (24वां संस्करण) ओडिशा में संपन्न (18 सितंबर, 1 अक्टूबर, 2018)
- इस चैंपियनशिप में कुल 29 टीमों ने भाग लिया।

- 1 अक्टूबर, 2018 को इस चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला कटक में बाराबाती स्टेडियम में खेला गया। फाइनल मुकाबले में मणिपुर ने मेजबान ओडिशा को 2-1 से पराजित कर खिताब जीता। मणिपुर 19वीं बार सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब जीता है।
- बंगाल ने 17 बार इस चैंपियनशिप का खिताब जीता है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.firstpost.com/sports/senior-womens-national-football-championships-manipur-beat-odisha-2-1-to-clinch-title-for-19th-time-5302101.html

# बैडमिंटन

## फूजौ चाइना ओपन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता फूजौ चाइना ओपन, 2018 के महिला एकल और पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?**

(a) चेन यूफेई, चाऊ तिएन चेन (b) चेन यूफेई, केंटो मोमोता
(c) नाजोमी ओकुहारा, चाऊ तिएन चेन (d) नाजोमी ओकुहारा, केंटो मोमोता

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- BWF सुपर सीरीज सत्र 2018 की सुपर सीरीज बैडमिंटन प्रतियोगिता फूजौ चाइना ओपन, 2018 फूजौ, चीन में संपन्न। (6-11 नवंबर, 2018)
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष एकल
- विजेता-केंटो मोमोता (जापान)
- उपविजेता-चाऊ तिएन चेन (चीनी ताइपे)
- महिला एकल
- विजेता-चेन यूफेई (चीन)
- उपविजेता-नोजोमी ओकुहारा (जापान)
- पुरुष युगल
- विजेता-मार्कस फर्नाल्डी गिडेओन और केविन संजया सुकामुल्जो (दोनों इंडोनेशिया)
- उपविजेता-ही जिटिंग (He Jiting) और तान कियांग (दोनों चीन)

- महिला युगल
- विजेता-ली सो ही और सिन सियूंग चान (दोनों दक्षिण कोरिया)
- उपविजेता-मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा (दोनों जापान)मिश्रित युगल
- विजेता-झेंग सिवेई और हुआंग याकियांग (दोनों चीन)
- उपविजेता-वांग ईल्यु और हुआंग डोंगपिंग (दोनों चीन)

**संबंधित लिंक...**
https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/3159/fuzhou-china-open-2018/overview
http://www.chinaopenfuzhou.com/en/

## बिक्टर कोरिया ओपन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न विक्टर कोरिया ओपन, 2018 के पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता?**
(a) चोउ तिएन चेन (b) टॉमी सुगियार्तो (c) चेन लॉग (d) यिओन सिओंग



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- BWF विश्व सुपर सीरीज श्रेणी की विक्टर कोरिया ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता, सियोल, कोरिया में संपन्न। (25-30 सितंबर, 2018)
- प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल-
- विजेता-चोउ तिएन चेन (चीनी ताइपे)
- उपविजेता-टॉमी सुगियार्तो (इंडोनेशिया)
- महिला एकल-
- विजेता-नोजोमी ओकुहारा (जापान)
- उपविजेता-झांग बिवेन (अमेरिका)
- पुरुष युगल-
- विजेता-हिरोयूकी एंडो और युता वातांबे (दोनों जापान)
- उपविजेता-ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी (दोनों जापान)
- महिला युगल
- विजेता-मिसाकी मात्सुतोमो और अयाका ताकाशाही (दोनों जापान)
- उपविजेता-युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोता (दोनों जापान)
- मिश्रित युगल

- विजेता-ही जिटिंग और डू यूए (दोनों चीन)
- उपविजेता-मैथियास क्रिस्टियनसेन और क्रिस्टीना पेडरसन (दोनों डेनमार्क)

**संबंधित लिंक...**
https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/3154/victor-korea-open-2018/results/draw/xd

# बिलियडर्स/स्नूकर/स्क्वैश

## कोलकाता इंटरनेशनल, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न स्क्वैश प्रतियोगिता कोलकाता इंटरनेशनल, 2018 का खिताब किसने जीता?**
(a) आदित्य जगताप (b) सौरव घोषाल (c) जाहेद सलेम (d) उमर अब्देल मेगुइड
**उत्तर-(b)**



**संबंधित तथ्य**

- पीएसए (PSA) वर्ल्ड टूर सत्र, 2018 की स्क्वैश प्रतियोगिता 'कोलकाता इंटरनेशनल, 2018' कोलकाता (भारत) में संपन्न। (7-11 नवंबर, 2018)
- प्रतियोगिता परिणाम
- पुरुष वर्ग
- विजेता-सौरव घोषाल (भारत)
- उपविजेता-जाहेद सलेम (मिस्र)यह खिताब घोषाल ने दूसरी बार जीता है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.squashsite.co.uk/2016/kolkata2018.htm

## स्विस ओपन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न पुरुष वर्ग की स्क्वैश प्रतियोगिता स्विस ओपन, 2018' का खिताब किसने जीता?**
(a) युसुफ इब्राहिम (b) दिमित्री स्टेनमैन (c) पैट्रिक रूनी (d) रॉबिन गडोला
**उत्तर-(a)**



**संबंधित तथ्य**

- पीएसए वर्ल्ड टूर सत्र, 2018 की पुरुष वर्ग की स्क्वैश प्रतियोगिता 'स्विस ओपन, 2018' उस्तर, स्विट्जरलैंड में संपन्न। (7-11 नवंबर, 2018)
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- विजेता-युसुफ इब्राहिम (मिस्र)
- उपविजेता-दिमित्री स्टेनमैन (स्विट्जरलैंड)

**संबंधित लिंक...**

https://psaworldtour.com/tournaments/view/9346

## 25वीं एशियन जूनियर स्क्वैश व्यक्तिगत चैंपियनशिप, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न 25वीं एशियन जूनियर स्क्वैश व्यक्तिगत चैंपियनशिप में किस भारतीय खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक जीता?**



(a) युवराज बाधवानी (b) वीर चोट्रानी (c) अवनि सरीन (d) सान्या वत्स

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 25वीं एशियन जूनियर स्क्वैश व्यक्तिगत चैंपियनशिप, 2018 चेन्नई भारत में संपन्न। (26-29 सितंबर, 2018)
- इस चैंपियनशिप में 11 एशियाई देशों के जूनियर स्क्वैश खिलाड़ियों ने 8 कैटेगरीज में भाग लिया। इस चैंपियनशिप में भारत के युवराज बाधवानी ने पाकिस्तान के अनस अली शाह को अंडर 13 पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
- युवराज बाधवानी वीर चोट्रानी के बाद अंडर-13 वर्ग में खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं।
- वीर चोट्रानी ने वर्ष 2014 में यह खिताब जीता था।
- अंडर-15 वर्ग में भारत के अवनि सरीन ने रजत पदक जीता।
- इस चैंपियनशिप में भारत ने 1 स्वर्ण, 12 रजत और 4 कांस्य पदक जीते।
- भारतीय कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी- अरनव वत्स (अंडर-15) और तुषार साहनी (अंडर-19)
- पाकिस्तान ने इस चैंपियनशिप में लड़कों के अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15 वर्ग में स्वर्ण पदक जीते।

**संबंधित लिंक...**


http://www.tournamentsoftware.com/sport/draws.aspx?id=99ABCBE2-72B5-4237-BDFF-5EDCD855C824

# गोल्फ

## पैनासोनिक ओपन इंडिया, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता पैनासोनिक ओपन इंडिया, 2018 का खिताब किसने जीता?**

(a) खलिन जोशी (b) सिद्दीकुर रहमान (c) शिव कपूर (d) अजितेश संधू



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- गोल्फ प्रतियोगिता पैनासोनिक ओपन इंडिया, 2018 दिल्ली गोल्फ क्लब, दिल्ली में संपन्न। (25-29 अक्टूबर, 2018)
- विजेता - खलिन जोशी (भारत)खलिन जोशी ने एशियाई टूर का अपना पहला खिताब जीता है।
- बांग्लादेश के सिद्दीकुर रहमान दूसरे स्थान पर रहे।
- भारत के अजितेश संधू और थाईलैंड के सुरादित योंगचारोन-चाई संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

**संबंधित लिंक...**

https://www.flashscore.com/golf/asian-tour/panasonic-open-india/

# फॉर्मूला वन

## मलेशियन मोटो ग्रैंड प्रिक्स, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न मलेशियन मोटो ग्रैंड प्रिक्स, 2018 का खिताब किसने जीता?**

(a) एलेक्स रिन्स (b) मार्क मारक्वेज (c) जोहान जारको (d) मावेरिक विनालेस




**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- मलेशियन मोटो ग्रैंड प्रिक्स (मलेशिया मोटरसाइकिल ग्रैंड प्रिक्स), 2018 सेपांग, मलेशिया में संपन्न। (2-4 नवंबर, 2018)
- प्रतियोगिता परिणाम
- विजेता-मार्क मारक्वेज (स्पेन), टीम-रेपसोल होंडा
- उपविजेता-एलेक्स रिन्स (स्पेन), टीम-सुजुकी

- इस मोटो रेस में यामहा टीम के चालक जोहान जारको (फ्रांस) तीसरे और यामहा टीम के चालक मावेरिक विनालेस (स्पेन) चौथे स्थान पर रहे।
- उल्लेखनीय है कि स्पेन के खिलाड़ी मारक्वेज द्वारा विजित यह इस सत्र का 9वां खिताब है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.motogp.com/en/Results+Statistics

## फॉर्मूला 1 पावर बोट रेस F1H2O विश्व चैंपियनशिप का आयोजन

**प्रश्न-16-18 नवंबर के मध्य फॉर्मूला 1 पावरबोट रेस F1H2O विश्व चैंपियनशिप कहां आयोजित की जाएगी?**



(a) हल्दिया (b) अमरावती (c) विजयवाड़ा (d) हैदराबाद

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 16-18 नवंबर, 2018 के मध्य फॉर्मूला 1 पावरबोट रेस F1H2O विश्व चैंपियनशिप का आयोजन अमरावती, आंध्र प्रदेश में किया गया।
- यह चैंपियनशिप कृष्णा नदी पर आयोजित की गई।
- विजेताः शॉन टोरेंट ।(अबु धाबी-टीम)

**संबंधित लिंक...**
https://www.f1h2o.com/post/torrente-produces-a-stunning-final-lap-to-snatch-pole-position-in-amaravati

## ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स, 2018 फॉर्मूला वन कार रेस का खिताब किस चालक ने जीता?**



(a) लुईस हैमिल्टन (b) मैक्स वर्सटाप्पेन (c) किमी राइक्कोनेन (d) वाल्टेरी बोट्टास

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 नवंबर, 2018 को फॉर्मूला वन सत्र 2018 की 20वीं रेस 'ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स, 2018' साओ पाउलो, ब्राजील में संपन्न हुई।
- यह रेस जर्मन टीम मर्सिडीज बेंज के ब्रिटिश चालक लुईस हैमिल्टन ने जीत ली।

- रेड बुल टीम के चालक मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स) दूसरे स्थान पर रहे।
- फेरारी टीम के चालक किमी राइक्कोनेन (फिनलैंड) तीसरे स्थान पर रहे।
- लुईस हैमिल्टन की फार्मूला-1 सत्र, 2018 में यह 10वीं जीत है।

**संबंधित लिंक...**

www.grandprixevents.com/brazilian-grand-prix/overview/

## रसियन ग्रैंड प्रिक्स-2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न फॉर्मूला वन कार रेस एशियन ग्रैंड प्रिक्स, 2018 का खिताब किसने जीता?**

(a) लुईस हैमिल्टन (b) बाल्टेरी वोट्टास (c) सेबेस्टियन वेट्टतल (d) किमी राइकोनेन



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- सत्र-2018 की चौथी फॉर्मूला-1 रेस एशियन ग्रैंड प्रिक्स सोची, रूस में संपन्न। (28-30 सितंबर, 2018)
- यह रेस मर्सिडीज टीम के ड्राइवर लुईस हैमिल्टन (जर्मनी) ने जीता।
- मर्सिडीज टीम के ड्राइवर बाल्टेरी वोट्टास (फिनलैंड) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।
- फेरॉरी टीम के ड्राइवर सेबेस्टियन वेट्टतल (जर्मनी) तीसरे स्थान पर रहे।
- फेरारी टीम के ड्राइवर किमी राइकोनेन (फिनलैंड) और रेड बुल टीम के ड्राइवर मैक्स वेर्सटाप्पेन क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।
- ज्ञातव्य है कि यह रेस है हैमिल्टन ने तीसरी बार जीती है।
- यह इस सत्र की उनकी 7वीं जीत और कैरियर की 70वीं जीत है।
- इस रेस में लुईस हैमिल्टन ने सेबेस्टियन वेट्टतल पर 50 अंकों की बढ़त प्राप्त कर अंकतालिका में 306 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://www.formula1.com/en/results.html/2018/races/994/russia/race-result.html

## फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न मैक्सिकन ग्रैंड प्रिक्स के रेस के बाद किसने फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया?**




(a) मैक्स वर्सटाप्पेन (b) लुईस हैमिल्टन (c) सेबेस्टियन वेट्टल (d) किमी राइकोनेन

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- फॉर्मूला वन सत्र, 2018 की मैक्सिकन ग्रैंड प्रिक्स कार रेस मेक्सिको सिटी में संपन्न। (28 अक्टूबर, 2018)
- वर्ष 2018 की 21 रेसों में से 19 की समाप्ति के पश्चात आंकड़ों के आधार पर लुईस हैमिल्टन ने 5वीं बार फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया।
- जर्मन टीम मर्सिडीज बेंज के ब्रिटिश चालक हैमिल्टन ने 9 रेस जीतकर सर्वाधिक 358 अंक प्राप्त किए। विगत वर्ष भी हैमिल्टन ने फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीता था।
- हैमिल्टन फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का खिताब 5 बार जीतने वाले विश्व के तीसरे (जुआन मैनुएल फैन्गिओ और माइकल शूमाकर के बाद) कार रेसर हैं।
- सर्वाधिक 7 बार फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का खिताब जर्मनी के कार रेसर माइकल शूमाकर ने जीता है।
- वर्ल्ड कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप का खिताब सर्वाधिक 585 अंकों के साथ मर्सिडीज बेंज ने जीत लिया।
- मैक्सिकन ग्रैंड प्रिक्स, 2018 का परिणाम-
- विजेता - मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स, टीम - रेड बुल रेसिंग)
- उपविजेता - सेबेस्टियन वेट्टल (जर्मनी, टीम - फेरारी)
- इस प्रतियोगिता में फेरारी के चालक किमी राइकोनेन (फिनलैंड) तीसरे और मर्सिडीज के चालक लुईस हैमिल्टन (ब्रिटेन) चौथे स्थान पर रहे।
- इस सत्र की दो रेस ब्राजिलियन ग्रैंड प्रिक्स (9-11 नवंबर, 2018) तथा अबूधाबी ग्रैंड प्रिक्स (25-26 नवंबर, 2018) का आयोजन अभी बाकी है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.skysports.com/f1/news/12433/11526487/lewis-hamilton-crowned-2018-formula-1-world-champion

# खेल विविध

## 13 बार विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली विश्व की पहली जिम्नास्ट

**प्रश्न-13 बार विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली विश्व की पहली जिम्नास्ट कौन हैं?**



(a) गैबी डगलस (b) सिमोन बाइल्स (c) एली राइसमैन (d) नास्तिया लियूकिन

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 नवंबर, 2018 कतर, दोहा में आयोजित 48 वीं FIG आर्टिस्टिक विश्व जिम्नास्टिक चैंपिनशिप में अमेरिकन जिम्नास्ट सिमोन बाइल्स ने वॉल्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया।
- वह 13 बार विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली विश्व की पहली जिम्नास्ट बन गई हैं।
- इन्होंने 48वीं विश्व जिमनास्टिक चैंपियनशिप का चौथा स्वर्ण फ्लोर स्पर्धा में जीता।
- अब तक विश्व जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में उन्होंने कुल 14 स्वर्ण पदक जीत लिए हैं।
  - उन्होंने बेलारूस के जिम्नास्ट विताली शेरेबो (12 स्वर्ण पदक) के रिकॉर्ड को तोड़ा।
  - इस प्रतियोगिता में उन्होंने आल राउंड स्पर्धा तथा टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीते हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://olympics.nbcsports.com/2018/11/02/simone-biles-gymnastics-world-championships-vault-uneven-bars/

## इस्तांबुल मैराथन, 2018

**प्रश्न-इस्तांबुल मैराथन, 2018 के पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीता?**

(a) अब्दी इब्राहिम अब्दो (b) डेनियल वानजिरु (c) फेलिक्स किमुतई (d) अमाने गोबेना



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- इस्तांबुल मैराथन (आधिकारिक नाम-इंटरकॉन्टिनेंटल इस्तांबुल मैराथन), 2018 (40वां संस्करण) इस्तांबुल, तुर्की में संपन्न। (11 नवंबर, 2018)
- इस मैराथन के पुरुष वर्ग का खिताब केन्या के धावक फेलिक्स किमुतई ने जीता।
- किमुतई ने 2 घंटा, 9 मिनट और 57 सेकेंड में यह मैराथन पूरी की।
- महिला वर्ग का खिताब केन्या की रूथ चेपंगेटिक (Chepngetich) ने जीत लिया।रूथ ने मैराथन पूरी करने में 2 घंटा 18 मिनट और 35 सेकंड का समय लिया।
- महिला वर्ग का खिताब इन्होंने वर्ष 2017 में भी जीता था।

**संबंधित लिंक...**
https://worldsmarathons.com/marathon/istanbul-marathon

## आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस स्पाइस कोस्ट मैराथन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस स्पाइस कोस्ट मैराथन, 2018 में पुरुष वर्ग और महिला वर्ग का खिताब किसने जीता?**

(a) पी.एस. महेश और अराधना रेड्डी (b) पी.एस. महेश और शिल्पी साहू
(c) के.एल. हरिकुमार और मंजूनाथ रायअप्पा (d) जे. विग्नेश्वरन और अपराधना रेड्डी

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 नवंबर, 2018 को आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस स्पाइस कोस्ट मैराथन कोच्चि में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम (फुल मैराथन)
- पुरुष वर्ग
- विजेता-पी.एस. महेश (3 घंटा, 18 मिनट और 43 सेकंड)
- उपविजेता-के.एल. हरिकुमार (3 घंटा, 22 मिनट और 4 सेकंड)
- महिला वर्ग
- विजेता-अराधना रेड्डी (3 घंटा, 41 मिनट व 50 सेकंड)
- उपविजेता-शिल्पी साहू (3 घंटा, 45 मिनट एवं 34 सेकंड)
- हॉफ मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब संजय अग्रवाल (1 घंटा, 18 मिनट और 31 सेकंड) और महिला वर्ग का खिताब मैरिना मैथ्यू (1 घंटा, 51 मिनट और 2 सेकंड) ने जीता।

**संबंधित लिंक...**
[http://www.myraceindia.com/myraceresult.html?year=2018&eventname=IDBI%20FLI%20Spice%20Coast%20Marathon%202018](http://www.myraceindia.com/myraceresult.html?year=2018&eventname=IDBI%20FLI%20Spice%20Coast%20Marathon%202018)

## पुरुषों की लंबी कूद प्रतियोगिता का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**प्रश्न-हाल ही में किसने 58वें राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान पुरुषों की लंबी कूद प्रतियोगिता में 8.20 मीटर छलांग लगाकर एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया?**

(a) अंकित शर्मा (b) मुरली श्रीशंकर (c) वीओ जिनेश (d) साहिल महाबली



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को 19 वर्षीय एथलीट मुरली श्रीशंकर ने पुरुषों की लंबी कूद प्रतियोगिता में 8.20 मीटर की छलांग लगाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया।
- यह रिकॉर्ड उन्होंने 58वें राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के तीसरे दिन बनाया।
- इससे पूर्व यह रिकॉर्ड अंकित शर्मा के नाम था जिन्होंने वर्ष 2006 में अलमाटी में 8.19 मीटर छलांग लगाई थी।
- श्रीशंकर का विगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 7.99 मीटर था जो उन्होंने इस वर्ष मार्च में फेडरेशन कप में बनाया था।
- पुरुषों की इस लंबी कूद प्रतियोगिता में वीओ जिनेश ने 7.95 मीटर और हरियाणा के साहिल महाबली ने 7.81 मीटर की छलांग लगाकर क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**संबंधित लिंक...**
[https://www.thehindu.com/todays-paper/tp-sports/sreeshankar-sets-national-record/article25063684.ece](https://www.thehindu.com/todays-paper/tp-sports/sreeshankar-sets-national-record/article25063684.ece)

## वालेंसिया हॉफ मैराथन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संपन्न वालेंसिया हॉफ मैराथन के पुरुष वर्ग का खिताब किसने जीता?**

(a) अब्राहम किप्टुम (b) जेमल यिमेर (c) अबादी हदीस (d) डेनियल वानजिरु

IAAF/ Trinidad Alfonso
World Half Marathon Championships
VALENCIA 2018

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- आईआईएएफ लेबल रोड रेस प्रतियोगिता वालेंसिया हॉफ मैराथन वालेंसिया, स्पेन में संपन्न। (28 अक्टूबर, 2018)

- केन्याई धावक अब्राहम किप्टुम ने वालेंसिया हॉफ मैराथन के पुरुष (इलीट) वर्ग का खिताब नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता।
- अब्राहम ने 58 मिनट, 18 सेकंड में यह रेस पूरी की।
- इथियोपिया के धावक जेमल यिमेर 58 मिनट 33 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर और इथियोपिया के ही धावक अबादी हदीस 58 मिनट, 44 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे।
- महिला (इलीट) वर्ग में इथियोपिया की धाविका जेलेट बुर्का ने 1 घंटा, 6 मिनट और 11 सेकंड में रेस पूरी कर खिताब नए विश्व रिकॉर्ड के साथ जीता।
- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आलिया मोहम्मद सईद 1 घंटा, 6 मिनट, 13 सेकंड के साथ दूसरे तथा केन्या के इडिथ चेलिमो 1 घंटा, 6 मिनट और 18 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

**संबंधित लिंक...**

https://media.aws.iaaf.org/competitiondocuments/pdf/6493/CompetitionResults6493.pdf?v=310379437

## ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेल, 2018

**प्रश्न-हाल ही में तीसरा ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेल, 2018 संपन्न हुआ। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है।**

(a) यह खेल 6-18 अक्टूबर तक ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में आयोजित हुआ।

(b) इसमें भारतीय दल की ध्वजवाहक मनु भाकर थी।

(c) तीसरे ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेल, 2018 में रशियन फेडरेशन ने कुल 59 पदक (29 स्वर्ण, 18 रजत, 12 कांस्य) प्राप्त किए और पदक तालिका में शीर्ष पर रहा।

(d) इस युवा ओलंपिक में भारत ने कुल 4 स्वर्ण पदक प्राप्त किए।

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- तीसरा ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेल, 2018 ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में संपन्न। (6-18 अक्टूबर, 2018)
- इन खेलों में 206 देशों के एथलीटों ने 32 खेलों की 239 स्पर्धाओं में भाग लिया।
- अर्जेंटीना के राष्ट्रपति मैरिसियो मैक्री ने तीसरे ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेल का आधिकारिक उद्घाटन किया।
- तीसरे ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेलों का शुभंकर (Mascot) पांडी (Pandi) था।

- इसमें भारतीय दल की ध्वजवाहक युवा निशानेबाज मनुभाकर थी।
- इस ओलंपिक में भारत कुल 13 पदक (3 स्वर्ण, 9 रजत, 1 कांस्य) जीते और पदक तालिका में 17वें स्थान पर रहा।
- पदक तालिका में शीर्ष 2 देश-
- रैंक देश स्वर्ण रजत कांस्य कुल
- पदक
- 1. रशियन 29 18 12 59
- फेडरेशन
- 2. जापान 15 12 12 39
- विभिन्न राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों से बनी टीम (मिक्सड - एनओसी) ने इन खेलों में भाग लिया।
- मिक्सड-एनओसी टीम कुल 39 पदक (13 स्वर्ण, 13 रजत, 13 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रही।
- चीन, कुल 36 पदक (18 स्वर्ण, 9 रजत, 9 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में चौथे और इटली कुल 34 पदक (11 स्वर्ण, 10 रजत, 13 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा।
- **इन खेलों में भारतीय स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी-**
  स्पर्धा विजेता खिलाड़ी
  10 मीटर पुरुष सौरभ चौधरी
  एयर पिस्टल स्पर्धा
  10 मीटर महिला मनु भाकर
  एयर पिस्टल स्पर्धा
  पुरुष वेटलिफ्टिंग स्पर्धा लालरिन्नुंगा जेरेमी
- (62 किग्रा. भार वर्ग)
- भारतीय भारोत्तोलक लालरिन्नुंगा जेरेनी ने इन खेलों में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता था।
- भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीम ने हॉकी का रजत पदक जीता।
- हरियाणा के आकाश मलिक ने तीरंदाजी स्पर्धा में रजत पदक जीता। युवा ओलंपिक में तीरंदाजी में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय तीरंदाज हैं।
- कोसोवो ओर दक्षिणी सूडान ने पहली बार ग्रीष्मकालीन युवा ओलंपिक खेलों में भाग लिया।
- वर्ष 2022 में चौथा ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल, डकार (सेनेगल) में आयोजित किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**
https://turismo.buenosaires.gob.ar/en/article/buenos-aires-2018-youth-olympic-games

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय रेसलर

**प्रश्न-विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय रेसलर कौन हैं?**
(a) सुशील कुमार (b) बजरंग पूनिया (c) नरसिंह यादव (d) अमित कुमार



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय रेसलर (पहलवान) बजरंग पूनिया ने पुरुषों की फ्री स्टाइल स्पर्धा में 65 किग्रा. भार वर्ग में रजत पदक जीता।
- इस स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में जापान के रेसलर ताकुतो ओतोगुरो ने पूनिया को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता।
- बजरंग पूनिया विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दो पदक जीतने वाले पहले भारतीय रेसलर हैं।
- इससे पूर्व उन्होंने वर्ष 2013 में फ्री स्टाइल स्पर्धा के 60 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था।
- पूनिया विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में स्थान पाने वाले भारत के चौथे रेसलर हैं।
- बजरंग पूनिया ने इस वर्ष ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में संपन्न 21वें राष्ट्रमंडल खेल और इंडोनेशिया के जकार्ता में संपन्न 18वें एशियाई खेलों में स्पर्ण पदक जीता था।
- विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाले एकमात्र रेसलर सुशील कुमार हैं जिन्होंने वर्ष 2010 में मास्को में 66 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था।

**संबंधित लिंक...**
http://www.espn.in/wrestling/story/_/id/25053872/bajrang-punia-first-indian-wrestler-multiple-world-championships-medals-budapest-silver

# चर्चित खेल व्यक्तित्व

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर का क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास

**प्रश्न-हाल ही में किस ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की?**

(a) ट्रेविस हेड (b) जॉन हेस्टिंग्स (c) जोश हेजलवुड (d) नाथन लियोन

**उत्तर-(b)**



**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जॉन हेस्टिंग्स ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिए जाने की घोषणा की।
- हेस्टिंग्स ने टेस्ट और एक दिवसीय क्रिकेट से अक्टूबर, 2018 में ही संन्यास ले लिया था।
- फेफड़ों की रहस्मयी बीमारी के कारण उन्हें क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने का निर्णय लेना पड़ा।
- जॉन हेस्टिंग्स अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण अक्टूबर, 2010 में भारत के विरुद्ध विशाखापत्तनम में खेले गए एकदिवसीय मैच में किया गया था।
- उन्होंने अंतिम अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 9 सितंबर, 2016 को श्रीलंका के विरुद्ध कोलम्बो में टी-20 मैच के रूप में खेला था।
- हेस्टिंग्स ने अपने कॅरियर में एकमात्र टेस्ट मैच 30 नवंबर से 3 दिसंबर, 2012 के मध्य पर्थ में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध खेला।
- इस टेस्ट मैच में उन्होंने 1 विकेट लिया और 52 रन बनाए।
- अपने अंतरराष्ट्रीय कॅरियर में उन्होंने 29 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें 42 विकेट गेंदबाजी सर्वश्रेष्ठ)6/45) लिए एवं 27.10 के औसत से 271 रन बनाए।
- 9 टी-20 मैचों में हेस्टिंग्स ने 7 विकेट प्राप्त किए और 46 रन बनाए।

**संबंधित लिंक...**

https://www.firstpost.com/firstcricket/sports-news/australias-john-hastings-forced-to-retire-from-cricket-due-to-mystery-lung-condition-all-rounder-played-29-odis-1-test-5547591.html
https://indianexpress.com/article/sports/cricket/mystery-lung-problem-forces-australias-john-hastings-to-retire-5445296/

## भारतीय क्रिकेटर का प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास

**प्रश्न-हाल ही में किस भारतीय क्रिकेटर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की?**



(a) रोहित शर्मा (b) अंबाती रायडू (c) के.एल. राहुल (d) मनीष पांडे

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 नवंबर, 2018 को भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायडू ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट (रणजी ट्रॉफी सहित खेल के सभी संस्करण) से संन्यास लेने की घोषणा की।
- रायडू ने एक भी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच नहीं खेला है।
- अंबाती रायडू ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 97 मैचों में 45.56 के औसत से कुल 6151 रन बनाए हैं, जिसमें 16 शतक और 34 अद्धर्शतक शामिल हैं।
- प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका उच्चतम स्कोर 210 रन रहा है।
- प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैचों में उन्होंने वर्ष 2001-02 में पदार्पण किया था।
- संन्यास का निर्णय उन्होंने छोटे प्रारूप एकदिवसीय और टी-20 पर अपना ध्यान देने के लिए किया है।
- वह हैदराबाद टीम से खेलते हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://www.espncricinfo.com/india/content/player/33141.html

## पाकिस्तानी क्रिकेटर का वनडे क्रिकेट से संन्यास

**प्रश्न–हाल ही में किस पाकिस्तानी क्रिकेट ने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों से संन्यास लिए जाने की घोषणा की?**
(a) शोएब मलिक (b) अजहर अली (c) मोहम्मद हफीज (d) मोहम्मद आमिर



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को पाकिस्तानी क्रिकेटर अजहर अली ने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास लिए जाने की घोषणा की।
- वह टेस्ट क्रिकेट खेलते रहेंगे।
- अजहर अली ने वर्ष 2011 में बेलफास्ट में आयरलैंड के विरुद्ध एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।
- वर्ष 2018 में उन्होंने अंतिम एकदिवसीय मैच ड्यूनयूनडिन में न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध खेला था। (न्यूज़ीलैंड)
- 53 एकदिवसीय मैचों में 53 पारियों में 36.90 के औसत से उन्होंने कुल 1845 रन बनाए हैं, जिसमें 3 शतक और 12 अर्धशतक शामिल हैं।
- इसके अलावा अजहर अली ने एकदिवसीय मैचों में 4 विकेट भी लिए हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.cricbuzz.com/live-cricket-scorecard/18607/new-zealand-vs-pakistan-3rd-odi-pakistan-tour-of-new-zealand-2018

## भारतीय रेसलर द्वारा संन्यास की घोषणा

**प्रश्न–हाल ही में किस भारतीय रेसलर ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की?**
(a) सुशील कुमार (b) नरसिंह यादव (c) योगेश्वर दत्त (d) बजरंग पूनिया



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 2 नवंबर, 2018 को भारतीय रेसलर (पहलवान) योगेश्वर दत्त ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा अपने जन्मदिन के अवसर पर की।
- वह भविष्य में हरियाणा के गोहाना में स्थित अपनी अकादमी में बच्चों को कुश्ती का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे।
- योगेश्वर दत्त ने वर्ष 2012 में लंदन ओलंपिक में फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा के 60 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था।
- उन्होंने वर्ष 2006 में दोहा में आयोजित एशियाई खेलों में कांस्य पदक और 2014 में इंचियोन में आयोजित एशियाई खेलों में फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा के 65 किग्रा. भार वर्ग में (60 किग्रा. भार वर्ग) स्वर्ण पदक जीता था। वर्ष 2010 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक और वर्ष 2014 में ग्लासगो (65 किग्रा. भार वर्ग) में आयोजित राष्ट्रमंडल खेलों में स्पर्ण पदक योगेश्वर ने जीते।
- वर्ष 2012 में गुमी में आयोजित एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता।

**संबंधित लिंक...**
https://en.wikipedia.org/wiki/Yogeshwar_Dutt

## सर्वाधिक छक्के लगाने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर

**प्रश्न–एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक छक्के (192) लगाने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर कौन हैं?**
(a) रोहित शर्मा (b) महेंद्र सिंह धौनी (c) सचिन तेंदुलकर (d) युवराज सिंह



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में वेस्टइंडीज के विरुद्ध खेले गए चौथे एकदिवसीय मैच में भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा ने अपने 162 रनों की पारी में 4 छक्के लगाकर सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा।
- वह एकदिवसीय मैच में सर्वाधिक छक्के (192) लगाने वाले दूसरे भारतीय और विश्व के छठें बल्लेबाज हैं।
- अब तक हिटमैन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 202 छक्के लगा चुके हैं।
- भारत की तरफ एकदिवसीय मैचों में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धौनी के नाम है, जिन्होंने 332 मैचों में 218 छक्के लगाए हैं।
- सर्वाधिक छक्के लगाने के मामले में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 398 एकदिवसीय मैचों में 351 छक्के लगाए हैं।
- इसके अलावा 7 बार 150 से अधिक रन बनाने वाले रोहित शर्मा विश्व के पहले बल्लेबाज बने।
- भारत के सचिन तेंदुलकर और ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर ने एकदिवसीय मैच में 150 से अधिक रन पांच बार बनाए हैं।
- इस मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 224 रन से हराया जो भारत की वेस्टइंडीज पर अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.cricbuzz.com/profiles/576/rohit-sharma

## किंग्स इलेवन पंजाब टीम के नए कोच

**प्रश्न–हाल ही में किसे आईपीएल की फ्रेंचाइजी टीम किंग्स इलेवन पंजाब टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है?**

(a) डेनियल विटोरी (b) नीलब्रूम (c) माइक हेसन (d) स्कॉट स्टाइरिस



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी टीम किंग्स इलेवन पंजाब का मुख्य कोच न्यूजीलैंड के पूर्व कोच माइक हेसन को नियुक्त किया गया है।
- इस पद पर वह ऑस्ट्रेलिया के ब्रैड हॉग का स्थान लेंगे।
- वर्ष 2015 में आयोजित विश्व कप क्रिकेट में हेसन न्यूजीलैंड टीम के कोच रह चुके हैं, जिसमें न्यूजीलैंड की टीम उपविजेता रही। माइक हेसन आईपीएल में न्यूजीलैंड के तीसरे कोच हैं।
- इनसे पूर्व डेनियल विटोरी रॉयल चैंलेंजर्स बंगलुरू को कोच रह चुके है और स्टीफन फ्लेमिंग मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के कोच हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.kxip.in/news/super-coach-mike-hesson-to-dig-deep-at-kxip-4701

## मुनाफ पटेल

**प्रश्न-मुनाफ पटेल ने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में किस देश की क्रिकेट टीम के विरुद्ध पदार्पण किया था?**

(a) श्रीलंका (b) वेस्टइंडीज (c) दक्षिण अफ्रीका (d) इंग्लैंड



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 नवंबर, 2018 को पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल ने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
  - उन्होंने वर्ष 2011 में अंतिम अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैच कॉर्डिफ में इंग्लैंड के विरुद्ध खेला था।
  - मुनाफ पटेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 13 टेस्ट में 35, 70 एकदिवसीय मैचों में 86 और तीन टी-20 मैचों में 4 विकेट प्राप्त किए हैं।
  - साथ ही पटेल ने 13 टेस्ट में 60,70 एकदिवसीय में 70 रन भी बनाए हैं, जबकि 3 टी-20 में उन्होंने एक भी रन नहीं बनाया है।

- वे वर्ष 2011 में आयोजित आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की विजेता भारतीय टीम (पुरुष) के सदस्य थे।

**संबंधित लिंक...**
http://www.espncricinfo.com/ci/content/story/1164790.html

## टी-20 में दो बार पांच विकेट लेने वाले विश्व के तीसरे गेंदबाज

**प्रश्न-हाल ही में कौन टी-20 में दो बार पांच विकेट लेने वाले विश्व के तीसरे गेंदबाज बने?**
(a) राशिद खान (b) इमरान ताहिर (c) मोइन अली (d) एडम झंपा



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 9 अक्टूबर, 2018 को दक्षिण अफ्रीका के लेग स्पिनर इमरान ताहिन ने ईस्ट लंदन में जिम्बाब्वे के विरुद्ध पहले टी-20 मैच में 5 विकेट लिए।
- इसी के साथ वे टी-20 क्रिकेट में दो बार पांच विकट लेने वाले विश्व के तीसरे गेंदबाज बने।
- इससे पूर्व-टी-20 क्रिकेट में दो बार पांच विकट लेने वाले गेंदबाज पाकिस्तान के उमर गुल और श्रीलंका के अजंता मेंडिस हैं।
- इसके अलावा इमरान ताहिर दक्षिण अफ्रीका की ओर से टी-20 मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 37 मैचों में 62 विकेट लिए हैं।
- इससे पूर्व दक्षिण अफ्रीका की ओर से टी-20 मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड डेल स्टेन के नाम था जिन्होंने 42 टी-20 मैचों में 58 विकेट लिए थे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.timesnownews.com/sports/cricket/article/imran-tahirs-fifer-leads-south-africa-to-victory-over-zimbabwe-in-first-t20/296990

## प्रवीण कुमार

**प्रश्न-हाल ही में भारत के पूर्व स्विंग गेंदबाज प्रवीण कुमार ने संन्यास की घोषणा की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों में कितने विकेट लिए हैं?**
(a) 72 विकेट (b) 77 विकेट (c) 87 विकेट (d) 107 विकेट



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्विंग गेंदबाज प्रवीण कुमार ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। (20 अक्टूबर, 2018)
- प्रवीण कुमार ने नवंबर, 2007 में पाकिस्तान के विरुद्ध जयपुर में एकदिवसीय में और जून, 2011 में वेस्टइंडीज के विरुद्ध टेस्ट क्रिकेट में (किंगस्टम में) पदार्पण किया था।
- उन्होंने 6 टेस्ट में 27 विकेट, 68 एकदिवसीय में 77 विकेट और 10 टी-20 में 8 विकेट प्राप्त किए।
- साथ ही प्रवीण कुमार ने 6 टेस्ट में 149 रन, 68 एकदिवसीय में 292 रन और 10 टी-20 में 7 रन बनाए।
- प्रवीण कुमार मेरठ (उ.प्र.) के मूल निवासी हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://www.espncricinfo.com/india/content/player/30732.html

## तीसरे युवा ओलंपिक खेलों की ध्वजवाहक नियुक्त

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा किसे तीसरे युवा ओलंपिक खेलों में भारतीय दल का ध्वजवाहक नियुक्त किया गया?**

(a) सौरभ चौधरी (b) मनु भाकर (c) गीता फोगाट (d) अरविंदर सिंह




**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने युवा निशानेबाज मनु भाकर को तीसरे युवा ओलंपिक खेलों में भारतीय दल का ध्वज वाहक नियुक्त किया है।
- 6-18 अक्टूबर के मध्य तीसरा युवा ओलंपिक खेल अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स में आयोजित होगा।इसमें 68 सदस्यीय भारतीय दल भागीदारी कर रहा है।
- भारतीय दल में 46 खिलाड़ी शामिल हैं, जो 13 खेलों में भागीदारी करेंगे।

**संबंधित लिंक...**
https://indianexpress.com/article/sports/sport-others/manu-bhaker-named-indias-flag-bearer-at-youth-olympic-games-5381638/

# संक्षिप्तियां

# चर्चित व्यक्ति

## नाहिद आफरिन (Nahid Afrin)

**प्रश्न-हाल ही में असम की किस लोकप्रिय गायिका को यूनिसेफ (UNICEF) द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली 'यूथ एडवोकेट' नियुक्त किया गया है?**
(a) नाहिद आफरिन (b) रजत गुजांल (c) कृष्ण कांत (d) श्रेया घोषाल
उत्तर-(a)



**संबंधित तथ्य**

- 23 नवंबर, 2018 को यूनिसेफ द्वारा असम की लोकप्रिय गायिका नाहिद आफरिन (Nahid Afrin) को पूर्वोत्तर क्षेत्र की पहली 'यूथ एडवोकेट' नियुक्त किया गया है।
- 'यूथ एडवोकेट' के रूप में नाहिद आफरिन बच्चों के अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करेंगी।
- यूनिसेफ 'यूथ एडवोकेट' (Youth Advocates) को समाज में बदलाव के लिए अपने प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करता है।
- गौरतलब है कि वर्ष 2018 में नाहिद आफरिन को सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका का पुरस्कार 'असम राज्य फिल्म अवॉर्ड' की तरफ से दिया गया है।
- उल्लेखनीय है कि नाहिद ने वर्ष 2016 में सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत 'अकीरा' फिल्म में बॉलीवुड में 'प्ले बैक' गायिका के रूप में पर्दापण किया था।

**संबंधित लिंक...**
http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=355776

## उस्ताद इमरत खान

**प्रश्न-हाल ही में उस्ताद इमरत खान का निधन हो गया। वह थे-**
(a) सरोदवादक (b) सितारवादक (c) तबला वादक (d) गिटार वादक
**उत्तर-(b)**



**संबंधित तथ्य**

- 22 नवंबर, 2018 को प्रसिद्ध सितार और सुरबहार वादक तथा शास्त्रीय संगीतकार उस्ताद इमरत खान का अमेरिका में निधन हो गया। 83 वर्ष के थे।
- वह इटावा घराना से संबंधित थे। वह उस्ताद इनायत खान के बेटे थे
- वर्ष 1988 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

- उन्हें वर्ष 2017 में केंद्र सरकार द्वारा पद्म श्री सम्मान देने की घोषणा की गई, लेकिन उन्होंने इसे लेने से इंकार कर दिया था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/entertainment/music/noted-classical-musician-ustad-imrat-khan-passes-away-in-us/article25575683.ece

## मिली बॉबी ब्राउन

**प्रश्न-हाल ही में किसे यूनिसेफ का अब तक का सबसे युवा गुडविल** एंबेसेडर **नामित किया गया?**
(a) मिली बॉबी ब्राउन (b) जूडी कॉलिन्स (c) डैनी ग्लोवर (d) लियोन मेसी



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 20 नवंबर, 2018 को 'विश्व बाल दिवस' के अवसर पर यूनिसेफ के द्वारा ब्रिटिश कलाकार एवं मॉडल 'मिली बॉबी ब्राउन' को अपना अब तक का सबसे युवा 'गुडविल एंबेसेडर' नामित किया गया।
- ध्यातव्य है कि 'मिली बॉबी ब्राउन' को साइंस फिक्शन नाटक शृंखला 'स्ट्रैंजर थिंग्स' में 'एलेवन' के किरदार के रूप में बहुत ख्याति मिली थी।
- मिली बॉबी ब्राउन से पूर्व भारतीय मूल की कनाडाई अभिनेत्री एवं यूट्यूबर (YouTuber) 'लिलि सिंह' यूनिसेफ की गुडविल एंबेसेडर (जुलाई, 2017 में नामित) थीं।
- जबकि 'लिली सिंह' से पहले भारतीय फिल्म अभिनेत्री 'प्रियंका चोपड़ा' यूनिसेफ की सद्भावना दूत (दिसंबर, 2016 में नामित) थीं।
- जबकि यूनिफेस का पहला अंतरराष्ट्रीय सद्भावना दूत (फरवरी, 1984 में) जापानी एक्ट्रेस 'तेत्सुको कुरोयानागि' का नामित किया गया था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.unicef.org/wca/press-releases/millie-bobby-brown-named-unicefs-youngest-ever-goodwill-ambassador

## मनप्रीत सिंह

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह किस वैश्विक खेल समान निर्माता कंपनी के साथ हस्ताक्षर कर जुड़ गए?**
(a) नाइके (b) एडिडास (c) डीकेएस (d) पूमा



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 20 नवंबर, 2018 को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह वैश्विक खेल समान निर्माता कंपनी एडिडास के साथ हस्ताक्षर कर जुड़ गए।

- मनप्रीत सिंह 28 नवंबर से 16 दिसंबर  2018 तक भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित हॉकी विश्वकप में भारतीय हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे।
- इस वर्ष अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित मनप्रीत की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने विगत वर्ष विश्व लीग फाइनल में कांस्य पदक जीता था।
- वह वर्ष 2012 और 2016 में आयोजित ओलंपिक खेल में भारतीय हॉकी टीम के सदस्य हिस्सा थे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.sportzbusiness.com/indian-hockey-captain-manpreet-singh-signs-a-deal-with-adidas/

## भारत के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त

**प्रश्न-हाल ही में कौन भारत के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त हुए?**
(a) अशोक लवासा (b) सुनील अरोड़ा (c) अशोक कुमार माथुर (d) राजेश अरोड़ा
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 27 नवंबर, 2018 को वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा भारत के नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किये गए। वह भारत के 23वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे।
- इस पद पर वह ओम प्रकाश रावत का स्थान लेंगे और 2 दिसंबर, 2018 को वह अपना पदभार ग्रहण करेंगे।
- सुनील अरोड़ा भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 1980 बैच के राजस्थान कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। चुनाव आयुक्त के रूप में उनकी नियुक्ति अगस्त, 2017 में हुई थी।
- ध्यातव्य है कि भारतीय संविधान के भाग 15 में अनुच्छेद 324 (2) में मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्तों के नियुक्ति की शक्ति राष्ट्रपति में निहित है।
- मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल 6 वर्ष या 65 की आयु तक जो भी पहले हो होता है।
- उल्लेखनीय है कि वरिष्ठतम चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया जाता है।
- इनको उच्चतम तथा उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की भांति महाभियोग की प्रक्रिया से ही पद से हटाया जा सकता है। भारतीय चुनाव आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी।
- पहले चुनाव आयोग एक सदस्यीय था परंतु अक्टूबर, 1993 में इसे तीन सदस्यीय बना दिया गया।सुकुमार सेन भारत के प्रथम मुख्य चुनाव आयुक्त थे।

**संबंधित लिंक...**
https://indianexpress.com/article/india/president-kovind-appoints-sunil-arora-as-new-chief-election-commissioner-5465892/

## नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने हेतु नए संयोजक

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने हेतु कार्यबल का नया संयोजक नियुक्त किया?**




(a) अखिलेश रंजन (b) देवेश रंजन (c) सुशील चंद्रा (d) वी.एन. सरना

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 नवंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने वाले कार्यबल का नया संयोजक नियुक्त किया है।
- केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के सदस्य (कानून) अखिलेश रंजन इस कार्यबल के नए संयोजक होंगे। ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार ने आयकर अधिनियम, 1961 की समीक्षा करने और देश की आर्थिक जरूरतों के अनुरूप नए प्रत्यक्ष कर कानून का मसौदा तैयार करने हेतु नवंबर, 2017 में इस कार्यबल का गठन किया था।
- इसके बाद समिति के संयोजक अरबिंद मोदी के 30 सितंबर 2018 को सेवानिवृत्त होने के बाद यह रिपोर्ट अधर में फंस गई थी। कार्यबल के अन्य सदस्य यथावत बने रहेंगे।
- यह कार्यबल 28 फरवरी, 2019 तक अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप देगी।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1553890

## न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन

**प्रश्न-2 नवंबर, 2018 को न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन ने किस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया?**

(a) मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय (b) उत्तराखंड उच्च न्यायालय

(c) सिक्किम उच्च न्यायालय (d) इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 नवंबर, 2018 को न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की।उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्या ने उन्हें शपथ दिलाई। इससे पूर्व वह हैदराबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश थे।
- इस पद पर इन्होंने न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ का स्थान लिया।

**संबंधित लिंक...**

http://highcourtofuttarakhand.gov.in/upload/contents/File-586.pdf

## संजय कुमार वर्मा

**प्रश्न-2 नवंबर, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार वर्मा किस देश में भारत के नए राजदूत नियुक्त हुए?**



(a) ईरान (b) इटली (c) जापान (d) ब्राजील

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 नवंबर, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार वर्मा केंद्र सरकार द्वारा जापान में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए।
- वह वर्ष 1988 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं।
- जापान की राजधानी-टोकियो
- मुद्रा-येनप्रधानमंत्री-शिंजो अबे।

**संबंधित लिंक...**

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/30569/Sanjay_Kumar_Verma_appointed_as_the_next_Ambassador_of_India_to_Japan

## अनुपम खेर

**प्रश्न-31 अक्टूबर, 2018 को अनुपम खेर ने भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (FTII) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। यह संस्थान स्थित है-**



(a) नई दिल्ली (b) कोलकाता (c) पुणे (d) मुंबई

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 अक्टूबर, 2018 को प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने निजी कारणों से भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (FTII) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।
- गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने उन्हें 11 अक्टूबर, 2017 को एफटीटीआई का अध्यक्ष नियुक्त किया था।
- पुणे स्थित भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक संस्थान है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1960 में 'भारतीय फिल्म संस्थान' के रूप में हुई थी, जिसे वर्ष 1971 में 'भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान के रूप में पुनः नामकरण किया गया।
- वर्तमान में भूपेंद्र कैथोला एफटीआईआई (FTII) के निदेशक हैं।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184507

## जगत प्रकाश चतुर्वेदी

**प्रश्न-हाल ही में जगत प्रकाश-चतुर्वेदी का निधन हो गया। वह थे-**

(a) पर्यावरणविद् (b) चित्रकार (c) मूर्तिकार (d) कवि

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को नवगीत आंदोलन के शुरुआती दिनों के कवि जगत प्रकाश चतुर्वेदी का निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे।'दीप वेला', 'बदली भी धूप भी' और 'मेरे वन पाखी' आदि इनकी प्रसिद्ध रचनाएं हैं। वह के.एम. मुंशी केंद्रीय हिंदी संस्थान, आगरा के निदेशक और काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे।

**संबंधित लिंक...**

https://www.livehindustan.com/tags/poet-jagat-prakash-chaturvedi

## प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे प्रवर्तन निदेशालय (ED) का निदेशक नियुक्त किया?**

(a) कर्नल सिंह (b) संजय कुमार मिश्रा (c) दिनेश सिंह (d) दीपक कुमार गुप्ता

**उत्तर-(b)**



**संबंधित तथ्य**

- 17 नवंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने भारतीय राजस्व सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार मिश्रा को प्रवर्तन निदेशालय (Enforcement Directorate : ED) का निदेशक नियुक्त किया।
- इस पद पर उन्होंने कर्नल सिंह का स्थान लिया।
- ध्यातव्य है कि 27 अक्टूबर, 2018 को संजय मिश्रा को आंतरिक निदेशक के रूप में प्रवर्तन निदेशालय का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था।
- ज्ञातव्य है कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) की स्थापना 1 मई, 1956 को हुई थी।
- यह राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय के अधीन एक विशेष वित्तीय जांच एजेंसी है।
- जिसका कार्य/क्षेत्र दो विशेष राजकोषीय विधियों अर्थात विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 (फेमा) और धनशोधक निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों को प्रवर्तित करना है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.ndtv.com/india-news/sanjay-kumar-mishra-appointed-as-full-time-chief-of-enforcement-directorate-1949186

# सीबीआई के अंतरिम निदेशक

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) का अंतरिम निदेशक नियुक्त किया?**

(a) राकेश अस्थाना (b) दिनेश्वर राव (c) एम.नागेश्वर राव (d) आलोक कुमार शर्मा



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अक्टूबर, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एम. नागेश्वर राव को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) का अंतरिम निदेशक नियुक्त किया गया।
- इस पद पर उन्होंने आलोक वर्मा का स्थान लिया।
- एम.नागेश्वर राव ओडिशा कैडर के वर्ष 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में वह सीबीआई में ही संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://economictimes.indiatimes.com/news/politics-and-nation/m-nageshwar-rao-appointed-cbi-interim-director/articleshow/66342015.cms

# ओसामु शिमोमूरा

**प्रश्न-हाल ही में ओसामु शिमोमूरा का निधन हो गया। वह थे-**



(a) वैज्ञानिक (b) अभिनेता (c) साहित्यकार (d) चित्रकार

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 अक्टूबर, 2018 को जापान के प्रसिद्ध जैविक रसायनविद्, समुद्र जीव वैज्ञानिक तथा रसायन विज्ञान के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित ओसामु शिमोमूरा का निधन हो गया।
- उन्होंने दो अमेरिकी वैज्ञानिकों के साथ जेलीफिश प्रोटीन की खोज तथा उसके विकास के लिए वर्ष 2008 में संयुक्त रूप से रसायन का नोबेल पुरस्कार जीता था।
- उनकी यह खोज बाद में कैंसर के अध्ययनों में मददगार साबित हुई।

**संबंधित लिंक...**

https://cen.acs.org/people/obituaries/Nobel-laureate-Osamu-Shimomura-dies/96/i43

# ब्राजील के नए राष्ट्रपति

**प्रश्न-28 अक्टूबर, 2018 को कौन ब्राजील के नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए?**

(a) मिशेल टेमर (b) जेयर बोलसोनारो (c) फर्नांडो हद्दाद (d) हैमिल्टन मावराओ



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 अक्टूबर, 2018 को सोशल लिबरल पार्टी (PSL) के जयेर बोलसोनारो (Jair Bolsonaro) ब्राजील के नए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।उन्होंने 55.13 प्रतिशत मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वन्दी फर्नांडो हद्दाद (44.87 प्रतिशत मत) को हराया। जेयर बोलसोनारो 1 जनवरी, 2019 को देश के 38वें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।
- इस पद पर वह मिशेल टेमर का स्थान लेंगे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.theguardian.com/world/2018/oct/28/jair-bolsonaro-wins-brazil-presidential-election

## मदन लाल खुराना

**प्रश्न-हाल ही में मदन लाल खुराना का निधन हो गया। वह किस राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री थे?**
(a) राजस्थान (b) मध्य प्रदेश (c) दिल्ली (d) महाराष्ट्र



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 27 अक्टूबर, 2018 को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना का निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे।वह दिसंबर, 1993 से फरवरी, 1996 तक दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे।
- इसके अलावा वह जनवरी, 2004 से नवंबर, 2004 तक राजस्थान के राज्यपाल भी रहे।
- वह अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय संसदीय कार्य तथा पर्यटन मंत्री भी रहे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindubusinessline.com/news/former-delhi-cm-madan-lal-khurana-passes-away/article25351539.ece

## पॉल ऐलन

**प्रश्न-हाल ही में पॉल ऐलन का निधन हो गया। वह थे-**



(a) अमेजन के सह-संस्थापक (b) माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक (c) गूगल के सह-संस्थापक
(d) एप्पल के सह-संस्थापक
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में प्रसिद्ध सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक रहे पॉल ऐलन का निधन हो गया। वह 65 वर्ष के थे। उन्होंने बिल गेट्स के साथ मिलकर वर्ष 1975 में माइक्रोसॉफ्ट की नींव रखी थी।
- उन्होंने वर्ष 1983 में माइक्रोसॉफ्ट छोड़कर 'वल्कन' नाम की कंपनी बनाई।
- उन्होंने 'स्ट्रेटोलॉन्च' नाम की एक स्पेस कंपनी भी बनाई थी।
- इसी कंपनी ने विश्व का सबसे बड़ा प्लेन बनाया था, हालांकि ये प्लेन कभी उड़ान नहीं भर सका।

**संबंधित लिंक...**
https://edition.cnn.com/2018/10/15/tech/paul-allen-dead/index.html

## श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री

**प्रश्न-हाल ही में कौन श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री बने?**

(a) मैत्रिपाला सिरीसेना (b) महिंदा राजपक्ष (c) रानिल विक्रमसिंधे (d) राणा भंडारनाएके



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 अक्टूबर, 2018 को श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्ष देश के नए प्रधानमंत्री बने।
- उन्हें राष्ट्रपति मैत्रिपाला सिरीसेना ने देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया।
- इस पद पर उन्होंने रानिल विक्रमसिंघे का स्थान लिया।
- गौरतलब है कि एक राजनीतिक घटनाक्रम में मैत्रिपाला सिरीसेना की संयुक्त पीपुल्स फ्रीडम एलायंस (UPFA) ने रानिल विक्रमसिंघे की संयुक्त राष्ट्र पार्टी (UNP) के गठबंधन को खत्म कर दिया।
- जिसके परिणामस्वरूप, रानिल विक्रमसिंघे ने संसद में बहुमत खो दिया।

**संबंधित लिंक...**

https://www.theguardian.com/world/2018/oct/27/sri-lanka-in-turmoil-after-prime-minister-wickremesinghe-sacked

## टाटा स्टील कोलकाता 25K के अंतरराष्ट्रीय एंबेसेडर

**प्रश्न–हाल ही में टाटा स्टील कोलकाता 25K (हॉफ मैराथन) के आयोजकों ने किसे अंतरराष्ट्रीय एंबेसेडर बनाए जाने की घोषणा की?**

(a) केनेनिसा बेकले (b) लिंडसे वान (c) ग्रेग लौगानिस (d) लेब्रोन जेम्स



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 14 नवंबर, 2018 को टाटा स्टील कोलकाता 25K (हॉफ मैराथन) के आयोजकों ने चार बार ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और डाइविंग लीजेंड ग्रेग लौगानिस (Greg Louganis) को अंतरराष्ट्रीय एंबेसेडर बनाए जाने की घोषणा की।इसका 5 वां संस्करण 16 दिसंबर, 2018 को विजय दिवस के अवसर पर कोलकाता में आयोजित होगा।ग्रेग 5 बार विश्व चैंपियनशिप और 6 बार पैन अमेरिकी खिताब भी जीत चुके हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://tsk25.procamrunning.in/media/press-release

## यूनिसेफ-इंडिया द्वारा देश की पहली युवा एंबेसेडर नियुक्त

**प्रश्न–हाल ही में संयुक्त राष्ट्र बाल निधि–भारत (यूनिसेफ–इंडिया) द्वारा किसे देश का पहला युवा एंबेसेडर नियुक्त किया गया है?**



(a) स्वप्ना बर्मन (b) हिमा दास (c) सरिताबेन गायकवाड़ (d) एम.आर. पूवाम्मा

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 14 नवंबर, 2018 को संयुक्त राष्ट्र बाल निधि-भारत (यूनिसेफ-इंडिया) द्वारा एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता हिमादास को देश का पहला युवा एंबेसेडर नियुक्त किया गया।
- असम की हिमा दास बच्चों के अधिकारों और आवश्यकताओं के विषय में जागरूकता का प्रसार करने एवं बच्चों और युवाओं की आवाज को मजबूती से उठाने का काम करेंगी तथा युवाओं को सही निर्णय लेने हेतु प्रेरित करेंगी।
- हिमा ने वर्ष 2018 में इंडोनेशिया में आयोजित एशियाई खेलों में महिलाओं की 4×400 मीटर रिले दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक और महिलाओं की 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में रजत पदक जीता था।
- हिमा दास आईएएएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप के 400 मीटर दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://www.thehindu.com/news/national/hima-das-is-unicef-india-s-1st-youth-ambassador/article25502208.ece

## आशीष चौधरी

**प्रश्न–आशीष चौधरी को हाल ही में नियुक्त किया गया है?**

(a) एप्पल इंडिया का कंट्री मैनेजर (b) गूगल इंडिया का कंट्री मैनेजर

(c) याहू इंडिया का सीईओ (d) माइक्रोसॉफ्ट का सीएफओ



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 में उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर सॉफ्टवेयर उत्पादों का डिजाइन और विनिर्माण करने वाली अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी 'एप्पल' ने आशीष चौधरी को 'एप्पल इंडिया' का कंट्री मैनेजर नियुक्त किया।
- उनकी नियुक्ति जनवरी, 2019 से प्रभावी होगी।
- ध्यातव्य है कि एप्पल 'मैकिन्टैश', 'आईपॉड' और 'आईफोन' जैसे उत्पादों के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

**संबंधित लिंक...**

https://timesofindia.indiatimes.com/business/india-business/nokias-ashish-choudhary-may-head-apple-india/articleshow/66601352.cms

## चित्त सेन

**प्रश्न–हाल ही में चित्त सेन का निधन हो गया। वह थे?**
(a) चित्रकार (b) अभिनेता (c) गायक (d) शास्त्रीय संगीतकार



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 13 नवंबर, 2018 को प्रसिद्ध ओडिशा गायक चित्त सेन का निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे।
- इन्होंने वर्ष 1974 में ओडिशा फिल्म 'मन आकाश' से पहली बार गाने की शुरूआत की थी।
- इन्होंने 'मो प्रिया ठारू किए', 'रूप होइथिब लावण्यवती' तथा 'कि सुदर आहा' जैसे प्रसिद्ध गानों को गाया।

**संबंधित लिंक...**
https://eodishasamachar.com/en/eminent-odia-singer-chitta-jena-passes-away/

## अभय ठाकुर

**प्रश्न–हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अभय ठाकुर किस देश में भारत के अगले उच्चायुक्त नियुक्त हुए हैं?**
(a) नाईजीरिया (b) लाइबेरिया (c) सिएरा लियोन (d) घाना



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 12 नवंबर, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अभय ठाकुर को केंद्र सरकार ने नाईजीरिया संघीय गणराज्य में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया है।
- वर्तमान में वह मॉरीशस में भारत के उच्चायुक्त है। नाईजीरिया की राजधानी अबुजा (Abuja) है।
- नाईजीरिया के वर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद बुहारी (Mahammadu Buhari) है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.nigeriaembassyusa.org/index.php?page=about-nigeria

## डी.वी. सदानंद गौड़ा

**प्रश्न-13 नवंबर, 2018 को डी.वी. सदानंद गौड़ा ने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार संभाला। इस पद पर इन्होंने किसका स्थान लिया?**
(a) सुरेश प्रभु (b) नरेंद्र सिंह तोमर (c) अनंत कुमार (d) चौधरी विरेंद्र सिंह



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 13 नवंबर, 2018 को डी.वी. सदानंद गौड़ा ने रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार संभाला।

- वर्तमान में वह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री है। इस पद पर इन्होंने अनंत कुमार का स्थान लिया।

**संबंधित लिंक...**
https://indianexpress.com/article/india/narendra-tomar-parliamentary-affairs-ministry-ananth-kumar

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश

**प्रश्न-21 नवंबर, 2018 को किसने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया?**
(a) न्यायमूर्ति ए.पी.शाही (b) न्यायमूर्ति गोविंद माथुर (c) न्यायमूर्ति डी.बी. भोसले (d) न्यायमूर्ति राजेंद्र सिंह



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 21 नवंबर, 2018 को न्यायमूर्ति गोविंद माथुर ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया। उत्तर प्रदेश के राज्यपाल राम नाईक ने उन्हें शपथ दिलाई।
- इस पद पर इन्होंने न्यायमूर्ति डी.बी. भोसले का स्थान लिया।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 1866 ई. में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की स्थापना आगरा में हुई थीं।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1869 ई. में इलाहाबाद उच्च न्यायालय आगरा से इलाहाबाद स्थानातंरित हुआ।

**संबंधित लिंक...**
http://www.allahabadhighcourt.in/service/judgeDetail.jsp?id=282

## सिद्धार्थ तिवारी, एशिया एवं प्रशांत के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में (BIS) में शामिल

**प्रश्न–निम्न कथनों पर विचार करें:-**
(1) अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (BIS) ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में श्री सिद्धार्थ तिवारी को नियुक्ति किया।
(2) अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (BIS) का मुख्यालय बासेल, स्विट्जरलैंड में स्थित है।
उपर्युक्त कथनों के आधार पर निम्न में कौन सा/से सत्य हैं:
(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) न 1 न 2 (d) सभी 1,2,




**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 12 नवंबर, 2018 को अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (BIS) द्वारा सिद्धार्थ तिवारी को एशिया एवं प्रशांत क्षेत्र के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति की घोषणा की गयी।
- इन्होंने एली रेमोलेना की जगह ली जो 2008 से 2018 तक एशियाई कार्यालय के मुख्य प्रतिनिधि थे।
- इससे पूर्व री तिवारी ग्लोबल फाइनेंशियल गवर्नेन्स के G20 प्रतिष्ठित व्यक्ति समूह के कार्यकारी सचिव के रूप में कार्यरत थे।ध्यातव्य है कि अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक (BIS) का मुख्यालय बासेल, स्विट्जरलैंड में स्थित है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.bis.org/press/p181112.htm

## दिनकर अस्थाना

**प्रश्न–हाल ही में किसे लाओ पीपुल्स डेमोक्रेडिक रिपब्लिक में भारत का नया राजदूत बनाया गया है।**

(a) शशांक गुप्ता (b) अभिजीत भट्टाचार्य (c) दिनकर अस्थाना (d) रवीश कुमार



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को दिनकर अस्थाना को भारत द्वारा लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक का नया राजदूत नियुक्त किया गया है।
- दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक को लाओस के नाम से भी जाना जाता है।
- मेकांग नदी, लाओस में बहने वाली प्रमुख नदी है। इसके अतिरिक्त लाओस पहाड़ी इलाको, फ्रेंच औपनिवेशिक वास्तुकला और बौद्ध मठों के लिए जाना जाता है।
- वियेन्तियेन (Vientiane), लाओस की राजधानी विनतिएन व 'किप' (Kip) वहां की मुद्रा है।

**संबंधित लिंक...**
https://en.wikipedia.org/wiki/Laos

## गोवा समुद्रीय संगोष्ठी, 2018

**प्रश्न-गोवा समुद्रीय संगोष्ठी, 2018 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से क्या सही है/हैं?**

**1. यह संगोष्ठी प्रथम बार आयोजित की गई है।**

**2. इस संगोष्ठी में भारत के सभी पड़ोसी देश के नौसेनाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।**



**कूट :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 एवं 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनीला लांबा ने आईएनएस मांडवी पर गोवा समुद्रीय संगोष्ठी, 2018 (Goa Maritine Symposium) का उद्घाटन किया।
- इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ-साथ हिन्द महासागर क्षेत्र में पड़ोसी राष्ट्रों के नौसेनाओं के वरिष्ठ प्रतिनिधियों एवं समुद्री एजेंसियों के मध्य वार्ता को प्रोत्साहित करते हुए समुद्री क्षेत्रीय कार्यप्रणाली में रचनात्मक भूमिका निभाना है।
- इस वर्ष इस संगोष्ठी की थीम थी - हिन्द महासागर क्षेत्र में मजबूत समुद्रीय भागीदारी को प्रोत्साहित करना।
- इस अवसर पर नौसेना प्रमुख ने 'नेवल वार कॉलेज जर्नल' भी जारी किया। इस जर्नल में समुद्रीय रणनीति और सुरक्षा के बारे में लेखकों और विचारकों के सिद्धांतों एवं लेखों का संग्रह है।

- इस संगोष्ठी में नई समुद्रीय चुनौतियों से निपटने हेतु हिन्द महासागरीय क्षेत्रीय नौसेनाओं में क्षमता निर्माण के साथ-साथ आपसी तालमेल बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/news/national/strategic-policy-group-reconstituted-ajit-doval-is-chairman/article25175468.ece

## न्यायमूर्ति प्रणय कुमार मुसाहारी

**प्रश्न-6 नवंबर, 2018 को न्यायमूर्ति प्रणय कुमार मुसाहारी ने किस राज्य लोकायुक्त के पहले अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण किया?**



(a) कर्नाटक (b) मध्य प्रदेश (c) असम (d) मेघालय

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 6 नवंबर, 2018 को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायधीश न्यायमूर्ति प्रणय कुमार मुसाहारी (Pranoy Kumar Musahary) ने मेघालय लोकायुक्त के पहले अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण किया।
- मेघालय के राज्यपाल तथागत रॉय ने उन्हें शपथ दिलाई।
- उल्लेखनीय है कि लोकायुक्त को अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और विधायकों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने का अधिकार है। वर्तमान में कॉनराड संगमा मेघालय के मुख्यमंत्री हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://www.nagalandpost.com/musahary-sworn-in-as-first-chairperson-of-meghalaya-lokayukta/184684.html

## जेफ सेशंस

**प्रश्न-7 नवंबर, 2018 को जेफ सेशंस किस देश के अटॉर्नी जनरल के पद से बर्खास्त हुए?**



(a) रूस (b) अमेरिका (c) ब्रिटेन (d) दक्षिण कोरिया

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 7 नवंबर, 2018 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल जेफ सेशंस को बर्खास्त कर दिया।
- उनके स्थान पर मैथ्यू जी. व्हिटकर को कार्यवाहक अटॉर्नी जनरल नियुक्त किया गया।

**संबंधित लिंक...**
https://www.justice.gov/opa/speech/attorney-general-jeff-sessions-delivers-remarks-national-fusion-center-association

## ‘रन फॉर यूनिटी‘ (एकता के लिए दौड़)

**प्रश्न-‘रन फॉर यूनिटी’ दौड़ आयोजन किसके जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया जाता है?**



(a) श्यामा प्रसाद मुखर्जी (b) राजीव गांधी (c) सरदार वल्लभभाई पटेल (d) इंदिरा गांधी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 31 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से ‘रन फॉर यूनिटी’ (एकता के लिए दौड़) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- इस वर्ष सरदार पटेल की 143वीं जयंती मनाई जा रही है।
- पटेल के जन्म दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- इस दौड़ का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर ही किया जाता है।
- यह दौड़ मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से इंडिया गेट तक आयोजित की जाती है।
- युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय के खेल विभाग ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस) के 2000 प्रतिभागियों के साथ इस दौड़ में भाग लिया। इस दौड़ में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।
- इस वर्ष इस दौड़ में खेल जगत की कई हस्तियों यथा जफर इकबाल (पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी, हॉकी), मैरीकॉम (बाक्सिंग), शरद (पैरा एथलीट), दीपा के. कर्माकर (जिम्नाटिक), अभिषेक वर्मा (तीरंदाजी) और सोनिया लादर ने भी भागीदारी की। सरदार पटेल स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री थे।
- ज्ञातव्य है कि इसी दिन पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि भी है।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551319

## स्टेन ली

**प्रश्न-हाल ही में स्टेन ली का निधन हो गया। वह थे-**



(a) खेल पत्रकार (b) कॉमिक्स लेखक (c) वैज्ञानिक (d) अभिनेता

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 नवंबर, 2018 को प्रसिद्ध अमेरिकी कॉमिक्स लेखक स्टेन ली का निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे।
- वह मार्वेल कॉमिक्स के एडिटर-इन-चीफ थे।
- उन्होने लगभग 57 वर्ष पहले 1961 में मार्वेल कॉमिक्स के लिए ‘द फैंटेस्टिक फोर’ बनाई।
- बाद में इसमें स्पाइडर मैन, एक्स मैन, हल्क, आयरन मैन, ब्लैक पैंथर जैसे किरदार शामिल किए।
- शरद देवरंजन और गौतम चोपड़ा ने स्टेन ली के साथ मिलकर एक भारतीय सुपरहीरो फिल्म ‘चक्र’ भी बनाई थी। यह एक एनिमेशन फिल्म थी, जिसे कार्टून नेटवर्क के भारतीय संस्करण पर लांच किया गया था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.bbc.co.uk/news/entertainment-arts-46186552

## अनंत कुमार

**प्रश्न-12 नवंबर, 2018 को अनंत कुमार का निधन हो गया। वह थे-**
(a) केंद्रीय संसदीय कार्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री (b) केंद्रीय इस्पात मंत्री
(c) केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री (d) केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री




**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 12 नवंबर, 2018 को वरिष्ठ भाजपा नेता एवं केंद्रीय संसदीय कार्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री अनंत कुमार का बंगलुरू में निधन हो गया। वह 59 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 22 जुलाई, 1959 को बंगलुरू, कर्नाटक में हुआ था।
- वह वर्ष 1996-2018 तक बंगलुरू दक्षिण लोक सभा संसदीय क्षेत्र से सांसद थे।
- वह दक्षिण भारत में भाजपा के बड़े नेता थे।
- वह अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में भी मार्च 1998 से अक्टूबर, 1999 तक केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री रहे।

**संबंधित लिंक...**
https://timesofindia.indiatimes.com/india/union-minister-ananth-kumar-passes-away/articleshow/66583172.cms
https://www.thequint.com/news/politics/three-big-challenges-after-ananth-kumars-demise

## हरविंदर सिंह

**प्रश्न-हाल ही में हरविंदर सिंह ने जकार्ता में आयोजित तीसरे एशियन पैरा खेल में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता। वह किस खेल से संबंधित हैं?**



(a) शतरंज (b) बैडमिंटन (c) तीरंदाजी (d) जूडो
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 10 अक्टूबर, 2018 को भारत के हरविंदर सिंह ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित तीसरे एशियन पैरा खेल में भारत की तरफ से सातवां स्वर्ण पदक जीता।
- यह स्वर्ण पदक उन्होंने पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व ओपन तीरंदाजी (डब्ल्यू 2/एसटी) स्पर्धा में जीता।
- फाइनल मुकाबले में उन्होंने चीन के झाओ लिझुये को 6-0 से पराजित किया।
- उल्लेखनीय है कि एशियाई खेलों में पहली बार किसी भारतीय खिलाड़ी ने तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.indiatoday.in/sports/other-sports/story/asian-para-games-2018-harvinder-singh-gold-archery-1360043-2018-10-10

## मालती शर्मा

**प्रश्न-हाल ही में मालती शर्मा का निधन हो गया वह थीं-**

(a) पूर्व लोक सभा सदस्य (b) पूर्व राज्य सभा सदस्य

(c) पूर्व लोक सभा उपाध्यक्ष (d) पूर्व केंद्रीय मंत्री



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को पूर्व राज्य सभा सदस्य एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मंत्री मालती शर्मा का निधन हो गया। वह 89 वर्ष की थीं। वह वर्ष 1994 में राज्य सभा के लिए चुनी गई थीं।
- वह वर्ष 1977 में मुजफ्फरनगर सीट से उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए निर्वाचित हुई थीं।

**संबंधित लिंक...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/former-mp-malti-sharma-dead-118100100270_1.html

## पंडित तुलसीदास बोरकर

**प्रश्न-हाल ही में पंडित तुलसीदास बोरकर का निधन हो गया। वह थे-**

(a) तलबा वादक (b) सरोद वादक (c) हारमोनियम वादक (d) बांसुरी वादक



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 सितंबर, 2018 को प्रसिद्ध हारमोनियम वादक पंडित तुलसीदास बोरकर का मुंबई में निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। उन्हें वर्ष 2016 में केंद्र सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- इसके अलावा उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार भी प्रदान किया गया था।

**संबंधित लिंक...**

https://timesofindia.indiatimes.com/city/goa/pandit-tulsidas-borkar-passes-away-in-mumbai/articleshow/66011506.cms

## पीटीआई के नए अध्यक्ष

**प्रश्न-हाल ही में किसे भारत की समाचार एजेंसी भारतीय प्रेस ट्रस्ट (PTI) का नया अध्यक्ष चुना गया?**

(a) विनीत जैन (b) एन. रवि (c) विजय कुमार चोपड़ा (d) विवेक गोयनका



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 सितंबर, 2018 को दैनिक समाचार-पत्र 'द हिंदू' के पूर्व एडिटर-इन-चीफ एन. रवि को भारतीय प्रेस ट्रस्ट (PTI) का नया अध्यक्ष चुना गया। इस पद पर वह विवेक गोयनका का स्थान लेंगे।
- पंजाब केसरी ग्रुप ऑफ न्यूज पेपर्स के चीफ एडिटर विजय कुमार चोपड़ा पीटीआई के उपाध्यक्ष चुने गए।

- उल्लेखनीय है कि पीटीआई भारत की प्रमुख समाचार एजेंसी है, जिसकी स्थापना वर्ष 1947 में हुई थी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/news/national/n-ravi-former-editor-in-chief-of-the-hindu-elected-pti-chairman/article25081126.ece

## विक्रम मिस्त्री

**प्रश्न-28 सितंबर, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिस्त्री किस देश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए?**



(a) चीन (b) रूस (c) जापान (d) ब्राजील

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिस्त्री चीन में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए। वर्तमान में वह म्यांमार में भारत के राजदूत हैं।
- वह वर्ष 1989 बैच के आईएफएस अधिकारी हैं, इस पद पर वह गौतम बांबेवाले का स्थान लेंगे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.business-standard.com/article/news-ani/vikram-misri-appointed-india-s-ambassador-to-china-118092801250_1.html

## जयंत मामेन मैथ्यू

**प्रश्न-हाल ही में किसे इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी (आई.एन.एस.) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया?**



(a) जयंत मामेन मैथ्यू (b) के.वी. चौधरी (c) अनिंदो मजूमदार (d) अजय प्रताप सिंह

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को बंगलुरू में आयोजित इंडियन न्यूज पेपर्स सोसाइटी (आई.एन.एस.) की 79वीं वार्षिक बैठक में जयंत मामेन मैथ्यू को अध्यक्ष चुना गया। जयंत मामेन मैथ्यू मलयाला मनोरमा के कार्यकारी संपादक थे।
- इनकी नियुक्ति अकीला उरंकर के स्थान पर की गई।
- इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी भारत में प्रिंट मीडिया उद्योग के केंद्रीय संगठन के रूप में कार्य करती है और उद्योग के हितों को बढ़ावा तथा सुरक्षा देती है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.indiannewspapersociety.org/indiannewspapersociety.org/singled092d092.html?index=32

## उच्चतम न्यायालय के चार नए न्यायाधीश

**प्रश्न-2 नवंबर, 2018 को किन चार न्यायाधीशों ने उच्चतम न्यायालय के नए न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया?**

(a) न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता, न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति एम.आर.शाह और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी

(b) न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता, न्यायमूर्ति राजेश शाह, न्यायमूर्ति गीता मित्तल एवं न्यायमूर्ति दीपक रस्तोगी

(c) न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति एम.आर.शाह, न्यायमूर्ति गीता मित्तल और न्यायमूर्ति अश्वनी चौबे



(d) न्यायमूर्ति रंजीत सिन्हा, न्यायमूर्ति आर.के. माथुर, न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी और अजय रस्तोगी

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 नवंबर, 2018 को न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता, न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी, न्यायमूर्ति एम.आर.शाह और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी ने उच्चतम न्यायालय के नए न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया।
- भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई ने न्यायाधीशों को शपथ दिलाई।
- इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 28 हो गई है।
- उच्चतम न्यायालय में अधिकतम 31 न्यायाधीशों की नियुक्ति की जा सकती है।
- न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे, जबकि न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी गुजरात उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।
- न्यायमूर्ति एम.आर.शाह पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे, जबकि न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी त्रिपुरा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।

**संबंधित लिंक...**

https://timesofindia.indiatimes.com/india/supreme-court-gets-4-new-judges/articleshow/66472015.cms
https://www.thehindubusinessline.com/news/supreme-court-gets-4-new-judges/article25400119.ece

## नीति आयोग एवं चीन के राज्य परिषद अनुसंधान केंद्र के मध्य चौथी वार्ता, 2018

**प्रश्न-1 नवंबर, 2018 को नीति आयोग एवं चीन के राज्य परिषद विकास अनुसंधान केंद्र (DRC) के मध्य चौथी वार्ता कहां संपन्न हुई।**



(a) बीजिंग (b) नई दिल्ली (c) मुंबई (d) अहमदाबाद

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को नीति आयोग एवं चीन के राज्य परिषद विकास अनुसंधान केंद्र (DRC) के मध्य चौथी वार्ता मुंबई में संपन्न हुई।
- इस वार्ता में चीन के शिष्टमंडल का नेतृत्व डीआरसी के अध्यक्ष ली.वी. तथा भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने किया।

- यह बैठक 'वैश्विक आर्थिक और भारत-चीन के मध्य समष्टि आर्थिक नीति' नवाचार, 'विकास और आर्थिक परिवर्तन' और भारत-चीन के मध्य आर्थिक और व्यापारिक निवेश, सहयोग की संभावित संभावनाओं पर केंद्रित था।
- इस वार्ता में दोनों पक्षों ने व्यापार क्षेत्र से संबंधित मुद्दों की जांच करने और निवेशों में मदद करने के लिए उन्नत नीति समन्वय की जरूरत के बारे में सहमति व्यक्त की।
- इसके अलावा, ये भी सहमति व्यक्त की गई कि नीति आयोग और डीआरसी विश्व व्यापार संगठन (WTO) के सुधारों, शहरीकरण और उन्नत प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान करेंगे।
- इस वार्ता का 5वां संस्करण नवंबर, 2019 में वुहान (चीन) में आयोजित किया जायेगा।

**संबंधित लिंक...**
http://en.drc.gov.cn/2018-11/08/content_37225987.htm

## रेलवे बोर्ड के नए सदस्य (इंजीनियरिंग) नियुक्त



**प्रश्न-हाल ही में किसने रेलवे बोर्ड के नए सदस्य (इंजीनियरिंग) के रूप में पदभार ग्रहण किया?**
(a) राजेश शाह (b) विश्वेश चौबे (c) दीपक शाहू (d) एस.के.चौहान
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को विश्वेश चौबे ने रेलवे बोर्ड के नए सदस्य (इंजीनियरिंग) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।
- इससे पूर्व वह उत्तर रेलवे (NR) के महाप्रबंधक थे। वर्तमान में अश्वनी लोहानी रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष है।
- वह वर्ष 1980 बैच के भारतीय रेलवे इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184537
http://www.i ndianrailways.gov.in/railwayboard/view_section.jsp?lang=0&id=0,1,304,365

## न्यायमूर्ति विजय कुमार बिष्ट

**प्रश्न-हाल ही में न्यायमूर्ति विजय कुमार बिष्ट ने किस उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया?**



(a) पटना उच्च न्यायालय (b) मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय
(c) ओडिशा उच्च न्यायालय (d) सिक्किम उच्च न्यायालय
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 30 अक्टूबर, 2018 को न्यायमूर्ति विजय कुमार बिष्ट ने सिक्किम उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण किया।सिक्किम के राज्यपाल गंगा प्रसाद ने उन्हें शपथ दिलाई।
- इससे पूर्व वह उत्तराखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश थे।

**संबंधित लिंक...**
http://highcourtofsikkim.nic.in/hcs/JudgesProfile

## प्रोफेसर काजी अब्दुल सत्तार

**प्रश्न-हाल ही में प्रोफेसर काजी अब्दुल सत्तार का निधन हो गया। वह थे-**
(a) शायर (b) साहित्यकार (c) इतिहासकार (d) संगीतकार



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को उर्दू के प्रसिद्ध साहित्यकार प्रोफेसर काजी अब्दुल सत्तार का निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। उनका जन्म वर्ष 1933 में उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में हुआ था।
- उन्होंने 'पीतल का घंटा', 'दारा शिकोह', 'गुबार ए शाब' तथा 'शिकस्त की आवाज' जैसे उपन्यासों की रचना की।
- केंद्र सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 1974 में पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।
- 'गालिब एकेडमी अवॉर्ड' से सम्मानित होने वाले वे पहले व्यक्ति थे।

**संबंधित लिंक...**
https://en.wikipedia.org/wiki/Qazi_Abdul_Sattar

## हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष

**प्रश्न-1 अक्टूबर, 2018 को किसे हॉकी इंडिया का नया अध्यक्ष चुना गया?**
(a) रजिंदर सिंह (b) मुश्ताक अहमद (c) ज्ञानेंद्रो निंगोम्बम (d) फिरोज अंसारी



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को बिहार हॉकी के मुश्ताक अहमद को हॉकी इंडिया (HI) का नया अध्यक्ष चुना गया।
- इससे पूर्व वह हॉकी इंडिया के महासचिव के पद पर रह चुके हैं।
- इस पद पर उन्होंने राजिंदर सिंह का स्थान लिया।
- इसके साथ ही मणिपुर हॉकी के ज्ञानेंद्रो निंगोम्बम को हॉकी इंडिया का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- पूर्व अध्यक्ष राजिंदर सिंह को हॉकी इंडिया का महासचिव नियुक्त किया गया।

**संबंधित लिंक...**
https://timesofindia.indiatimes.com/sports/hockey/top-stories/mohd-mushtaque-ahmad-elected-as-new-hockey-india-president/articleshow/66026398.cms

## रेलवे सुरक्षा बल के नए महानिदेशक

**प्रश्न-29 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने किसे रेलवे सुरक्षा बल का नया महानिदेशक नियुक्त किया?**

(a) राजीव भटनागर (b) धर्मेंद्र कुमार (c) दीपक कुमार (d) अरुण कुमार



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अरुण कुमार को रेलवे सुरक्षा बल (RPF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया। वह वर्ष 1985 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।
- इससे पूर्व वह सीमा सुरक्षा बल (BSF) के विशेष महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं।
- इस पद पर उन्होंने धर्मेंद्र कुमार का स्थान लिया।
- RPF की स्थापना 27 जुलाई, 1984 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/arun-kumar-appointed-director-general-of-rpf-118092900527_1.html

## रेलवे बोर्ड में नए सदस्य (रोलिंग स्टॉक)

**प्रश्न-28 सितंबर, 2018 को किसने रेलवे बोर्ड में नए सदस्य (रोलिंग स्टॉक) के रूप पदभार ग्रहण किया?**

(a) दीपक अग्रवाल (b) राजेश अग्रवाल (c) दिनेश कुमार (d) शरद पाठक



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को राजेश अग्रवाल ने रेलवे बोर्ड में नए सदस्य (रोलिंग स्टॉक) के रूप में पदभार ग्रहण किया।
- वह भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियर सेवा (IRSME) के 1980 बैच के हैं।
- इससे पूर्व वह रायबरेली स्थित मॉर्डन कोच फैक्ट्री में महाप्रबंधक थे।
- वर्तमान में अश्वनी लोहानी रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष हैं।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=183844

# ब्रेट कैवानॉघ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के जज

**प्रश्न-हाल ही में अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश बने ब्रेट कैवानॉघ किसका स्थान लेंगे?**

(a) जॉन राबर्ट्स (b) एंथोनी केनेडी (c) देबोराह रेमिरेज (d) क्रिस्टीन ब्लासे



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 6 अक्टूबर, 2018 को ब्रेट कैवानॉघ ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश पद की शपथ ली।
- ब्रेट कैवानॉघ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के 102वें सहायक न्यायाधीश और 114वें न्यायाधीश हैं।
- कैवानॉघ को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जान राबर्ट्स ने पद की शपथ दिलाई जिन्होंने रिटायर जज एंथोनी केनेडी का स्थान लिया।
- कैवानॉघ को सीनेट में मतदान के पश्चात पक्ष में 50, जबकि विपक्ष में 48 मत मिलें।
- उल्लेखनीय है अमेरिका की एक महिला ने कैवानॉघ पर 36 साल पहले शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था और इसी कारण यह चयन प्रक्रिया के दौरान चर्चा में रहे।

**संबंधित लिंक...**

https://www.bloomberg.com/news/articles/2018-10-06/kavanaugh-takes-oath-from-roberts-becomes-new-top-court-justice

# यमन के नए प्रधानमंत्री

**प्रश्न-हाल ही में किसने यमन के नए प्रधानमंत्री के रूप मे शपथ ग्रहण किया?**

(a) मो. अब्दुल मलिक (b) अब्बु-रब्बू मंसूर हादी

(c) अहमद ओबेद बिन दाघ्र (d) माइन अब्दुल मलिक



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अक्टूबर, 2018 को मईन अब्दुल मलिक सईद (Maeen Abdul Malik Saeed) ने यमन के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।
- यमन के राष्ट्रपति आबिद रब्बो मंसूर हादी (Abdu – Rabbu Mansour Hadi) की उपस्थिति में उन्होंने शपथ ली।
- इस पद पर उन्होंने अहमद ओबेद बिन दाघर (Ahmed Obeid bin Daghr) का स्थान लिया।
- यमन की राजधानी - साना।
- मुद्रा - यमेनी रियाल।

**संबंधित लिंक...**

https://gulfnews.com/news/gulf/yemen/hadi-swears-in-yemen-s-new-pm-prime-minister-1.2291304
http://www.tnpscthervupettagam.com/maeen-abdul-malek-saeed-new-prime-minister-of-yemen/

## विम कोक

**प्रश्न-20 अक्टूबर, 2018 को विम कोक का निधन हो गया। वह किस देश के पूर्व प्रधानमंत्री थे?**



(a) नीदरलैंड्स (b) स्कॉटलैंड (c) उत्तरी आयरलैंड (d) चिली

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 अक्टूबर, 2018 को नीदरलैंड्स के पूर्व प्रधानमंत्री विम कोक (Wim Kok) का निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे।
- वह 22 अगस्त, 1994 से 22 जुलाई, 2002 के मध्य नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री रहे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.theguardian.com/world/2018/oct/20/former-netherlands-prime-minster-wim-kok-dies-aged-80

## लालन सारंग

**प्रश्न-9 नवंबर, 2018 को लालन सारंग का निधन हो गया। वह थीं-**



(a) चित्रकार (b) लोक गायिका (c) अभिनेत्री (d) शास्त्रीय संगीतकार

**उत्तर–(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 नवंबर, 2018 को प्रसिद्ध मराठी अभिनेत्री एवं थियेटर कलाकार लालन सारंग का निधन हो गया। वह 79 वर्ष की थीं।
- उनको "सखाराम बाइंडर", "गिधाड़े", "रथ चक्र" और "कमला" समेत कई प्रसिद्ध नाटकों में अपनी प्रभावशाली भूमिका के लिए जाना जाता है।
- इसके अलावा उन्होंने "सामना", "हा खेल सावल्यांचा" और "महक" जैसी फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
- वह कई हिंदी धारावाहिकों में भी काम की थीं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.hindustantimes.com/regional-movies/veteran-marathi-actor-lalan-sarang-dies-in-pune-at-79/story-YyejFIy9D8IJ3Yv6clltWP.html

## मिस ग्रैंड इंटरनेशनल प्रतियोगिता, 2018

**प्रश्न-निम्नलिखित में मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, 2018 का विजेता कौन है?**



(a) मीनाक्षी चौधरी (b) क्लारा सोसा (c) मारिया जोस लोरा (d) एंड्रिया मोबर्ग

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- सौंदर्य प्रतियोगिता मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, 2018 का आयोजन म्यांमार के यांगून शहर में किया गया।

- 25 अक्टूबर, 2018 को मिस पराग्वे (Paraguay) क्लारा सोसा (Clara Sosa) ने मिस ग्रैंड इंटरनेशनल का खिताब जीता।
- भारत की मिस ग्रैंड इंडिया, 2018 मीनाक्षी चौधरी को प्रथम उपविजेता (रनरअप) का खिताब प्रदान किया गया।
- मिस ग्रैंड इंडोनेशिया नाडिया पुरावोको दूसरी उपविजेता रहीं।
- मिस ग्रैंड इंटरनेशनल का यह छठां संस्करण था।
- इस प्रतियोगिता का उद्देश्य 'हिंसा एवं युद्ध को रोकना' (Stop the War and Violence) था।

**संबंधित लिंक...**
https://normannorman.com/2018/10/26/clara-sosa-of-paraguay-wins-miss-grand-international-2018/

## नारायण दत्त तिवारी

**प्रश्न-हाल ही में नारायण दत्त तिवारी का निधन हो गया। इनसे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**
(i) वह उत्तराखंड के दूसरे मुख्यमंत्री थे। (ii) वह उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्यमंत्री रहे।
(iii) वह आंध्र प्रदेश के राज्यपाल भी रहे। (iv) 18 अक्टूबर, 2018 को उनका नई दिल्ली में निधन हो गया।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है-
(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (iii) एवं (iv)
(c) केवल (ii), (iii) एवं (iv) (d) उपर्युक्त सभी
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 18 अक्टूबर, 2018 को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी का नई दिल्ली में निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे।
- उनका जन्म 18 अक्टूबर, 1925 को बालुती, संयुक्त प्रांत, ब्रिटिश इंडिया (अब उत्तराखंड) में हुआ था।
- वह पहले प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में थे और बाद में भारतीय राष्ट्रीय 'कांग्रेस पार्टी' में शामिल हो गए।
- वह तीन बार (वर्ष 1976-77, 1984-85 तथा 1988-89) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।
- वह मार्च, 2002 से मार्च, 2007 तक उत्तराखंड के तीसरे मुख्यमंत्री रहे।
- वह राजीव गांधी के मंत्रिमंडल में जुलाई, 1987 से जून, 1988 तक विदेश तथा अक्टूबर, 1986 से जुलाई, 1987 तक वित्त मंत्री रहे।
- इसके अलावा वह अगस्त, 2007 से दिसंबर, 2009 के मध्य आंध्र प्रदेश के 29वें राज्यपाल रहे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindubusinessline.com/news/n-d-tiwari-dies-at-delhi-hospital/article25257547.ece

## मीनल पटेल डेविस

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय मूल की मीनल पटेल डेविस किस देश के प्रेसीडेंसियल मेडल (अवॉर्ड) से सम्मानित की गईं?**

(a) जर्मनी (b) ऑस्ट्रेलिया (c) कनाडा (d) अमेरिकी



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक मीनल पटेल डेविस को 'प्रेसीडेंसियल मेडल' (Presidential Medal) (अवॉर्ड) से सम्मानित की गईं।
- उन्हें यह पुरस्कार ह्यूस्टन में मनाव तस्करी का मुकाबला करने के लिए उनके असाधारण योजना के लिए प्रदान किया गया।
- यह पुरस्कार उन्हें अमेरिकी विदेश सचिव माइक पोम्पियो द्वारा प्रदान किया गया।
- वह ह्यूस्टन के मेयर सिल्वेस्ट टर्नर (Sylvester Turner) के मानव तस्करी पर विशेष सलाहकार है।
- उन्हें जुलाई, 2015 में इस पद पर नियुक्त किया गया था।

**संबंधित लिंक...**

https://www.thehindu.com/news/international/indian-american-awarded-at-white-house-for-combatting-human-trafficking/article25258659.ece

## श्यामला : शिमला का नया नाम

**प्रश्न-किस वर्ष शिमला को ब्रिटिश भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया?**

(a) 1864 (b) 1865 (c) 1866 (d) 1867



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की राजधानी 'शिमला' का नाम बदल कर श्यामला किए जाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत पर ब्रिटिश प्रभुत्व के पहले शिमला का नाम श्यामला था।
- शिमला को 1864 में ब्रिटिश भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित किया गया।
- शिमला 1947 में भारत की स्वतंत्रता तक ग्रीष्मकालीन राजधानी बनी रही।

**संबंधित लिंक...**

https://www.indiatoday.in/india/story/simla-shimla-renaming-shyamala-himachal-pradesh-shimla-name-change-bjp-1372288-2018-10-21

## सौरभ कुमार

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सौरभ कुमार किस देश में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए हैं?**

(a) थाईलैंड (b) मालदीव (c) म्यांमार (d) ईरान



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को भारतीय विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सौरभ कुमार केंद्र सरकार द्वारा म्यांमार में भारत के अगले राजदूत नियुक्त हुए।वर्तमान में वह ईरान में भारत के राजदूत हैं।
- इस पद पर वह विक्रम मिसरी का स्थान लेंगे।म्यांमार की राजधानी - न्या पी टॉ।राष्ट्रपति - विन मिंट।

**संबंधित लिंक...**

https://mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/30533/Saurabh+Kumar+appointed+as+the+next+Ambassador+of+India+to+the+Republic+of+Union+of+Myanmar

## पेटीएम भुगतान बैंक लि. के नए एमडी एवं सीईओ

**प्रश्न-हाल ही में कौन पेटीएम भुगतान बैंक लि. के नए प्रबंधन निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त हुए?**

(a) दीपक पारिख (b) रेनू सती (c) सौरभ कुमार शर्मा (d) सतीश कुमार गुप्ता



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 अक्टूबर, 2018 को सतीश कुमार गुप्ता पेटीएम भुगतान बैंक लि. (PPBL) के नए प्रबंध निदेशक (MD) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त हुए।
- इससे पूर्व वह एनपीसीआई (NPCI) में मुख्य उत्पाद अधिकारी और एसबीआई (SBI) में उप महाप्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस पद पर वह रेनू सती का स्थान लेंगे।
- ज्ञातव्य है कि पेटीएम भुगतान बैंक का परिचालन 23 मई, 2017 को प्रारंभ हुआ था।

**संबंधित लिंक...**

https://www.paytmbank.com/blog/2018/10/we-have-appointed-satish-kumar-gupta-as-the-managing-director-chief-executive-officer/

## बाला भास्कर

**प्रश्न-2 अक्टूबर, 2018 को बाला भास्कर का निधन हो गया। वह थे-**

(a) तबला वादक (b) वायलिन वादक (c) संतूर वादक (d) सरोद वादक



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अक्टूबर, 2018 को प्रसिद्ध वायलिन वादक बाला भास्कर का निधन हो गया। वह 40 वर्ष के थे।
- वह मलयालम फिल्म उद्योग में सबसे कम उम्र में संगीत निर्देशक बन गए थे।
- उन्होंने 17 वर्ष की उम्र में 'मंगलय पल्लक' फिल्म के लिए संगीत रचा।

**संबंधित लिंक...**

https://www.thehindubusinessline.com/news/renowned-violinist-bala-bhaskar-passes-away/article25102534.ece

## थम्पी कन्नंथनम



**प्रश्न-हाल ही में थम्पी कन्नंथनम का निधन हो गया। वह थे-**

(a) अभिनेता (b) संगीतकार (c) फिल्म निर्देशक (d) इतिहासकार

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अक्टूबर, 2018 को मलयालम फिल्मों के प्रसिद्ध निर्देशक थम्पी कन्नंथनम का निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे।
- वर्ष 1980 के दशक की शुरुआत में उन्होंने बतौर निर्देशक अपना कॅरियर शुरू किया और कई फिल्मों का निर्देशन किया।
- उन्होंने वर्ष 1980 और 1990 के दशक में कई सफल फिल्में दी थी।

**संबंधित लिंक...**

https://indianexpress.com/article/entertainment/malayalam/thampi-kannanthanam-dead-5382569/

## इराक के नए राष्ट्रपति



**प्रश्न-2 अक्टूबर, 2018 को कौन इराक के नए राष्ट्रपति चुने गए?**

(a) बरहम अहमद सालिह (b) हिरी इब्राहिम अहमद (c) कोसरात रसूल अली (d) फुवाद हुसैन

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अक्टूबर, 2018 को कुर्द नेता बरहम अहमद सालिह इराक के नए राष्ट्रपति चुने गए।
- वह इराक के 9वें राष्ट्रपति बने।
- उनका निर्वाचन इराक की संसद सदस्यों द्वारा किया गया।
- पेट्रिओटिक यूनियन ऑफ कुर्दिस्तान (PUK) के उम्मीदवार बरहम अहमद सालिह ने कुर्दिस्तान डेमोक्रेटिक पार्टी (KDP) के उम्मीदवार फुवाद हुसैन को हराया।
- वह इराकी कुदिस्तान की कुर्दिस्तान क्षेत्रीय सरकार के पूर्व प्रधानमंत्री और इराकी संघीय सरकार के पूर्व उप प्रधानमंत्री रह चुके हैं।

**संबंधित लिंक...**

http://www.rudaw.net/english/kurdistan/31082018

## आईएमएफ के नए प्रमुख अर्थशास्त्री नियुक्त

**प्रश्न-1 अक्टूबर, 2018 को भारतीय मूल की किस महिला को अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का प्रमुख अर्थशास्त्री नियुक्त किया गया?**



(a) अरुणा भट्टाचार्या (b) गीता गोपीनाथ (c) सौम्या स्वामीनाथन (d) रिया रंगनाथ

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को हावर्ड यूनिवर्सिटी में भारतीय मूल की प्रोफेसर गीता गोपीनाथ को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) का प्रमुख अर्थशास्त्री नियुक्त किया गया।
- वर्तमान में वह हावर्ड यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल स्टडीज ऑफ इकॉनोमिक्स में प्रोफेसर हैं।
- केरल में जन्मी गीता ने वर्ष 1992 में दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी श्रीराम कॉलेज से अर्थशास्त्र में ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की थी।
- IMF के बारे में,स्थापना-27 दिसंबर, 1945,मुख्यालय-वाशिंगटन डी.सी.,प्रमुख-क्रिस्टीन लैगार्डे

**संबंधित लिंक...**

https://www.bbc.com/news/world-asia-45698950

## हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष

**प्रश्न-हाल ही में हॉकी इंडिया (एचआई) का नया अध्यक्ष किसे चुना गया?**




(a) मोहम्मद मुश्ताक अहमद (b) राजिंदर सिंह (c) तपन दास (d) दिलीप तिर्की

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को हॉकी बिहार के मोहम्मद मुश्ताक अहमद को हॉकी इंडिया (एचआई) का नया अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया।
- यह चयन हॉकी इंडिया के 8वें सम्मेलन और चुनाव के दौरान किया गया।
- वह इस पद पर राजिंदर सिंह का स्थान ग्रहण करेंगे।
- इससे पूर्व मुश्ताक अहमद हॉकी इंडिया के महासचिव के रूप में कार्यरत थे।
- मणिपुर हॉकी के ज्ञानेंद्रो निगोमबाम हॉकी इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।
- जम्मू-कश्मीर हॉकी के आसिमा अली और झारखंड हॉकी के भोलानाथ को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
- जम्मू-कश्मीर के राजिंदर सिंह महासचिव के रूप में कार्य करेंगे।
- असम के तपन कुमार दास पुनः कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए।
- भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान असुंता लाकरा और छत्तीसगढ़ के फिरोज अंसारी संयुक्त सचिव होंगे।
- राजस्थान की आरती सिंह, तमिलनाडु की एम. रेणुका लक्ष्मी और हॉकी कर्नाटक की अध्यक्ष गुप्ता कार्यकारी सदस्य निर्विरोध चुने गए।

- डॉ.आर.पी. सिंह और जॉयदीप कौर को पुनः एथलीटों का प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है।

**संबंधित लिंक...**

http://hockeyindia.org/news/mohd-mushtaque-ahmad-elected-as-president-of-hockey-india.html

## वायु सेना के नए उपाध्यक्ष

**प्रश्न-हाल ही में किसे वायु सेना का नया उपाध्यक्ष (Vice Chief) नियुक्त किया गया?**



(a) एयर मार्शल आर. नांबियार (b) एयर मार्शल अमित देव

(c) एयर मार्शल एचएस अरोड़ा (d) एयर मार्शल अनिल खोसला

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को एयर मार्शल अनिल खोसला भारतीय वायु सेना का नया उपाध्यक्ष (Vice Chief) नियुक्त किया गया।
- इससे पूर्व वह पूर्वी वायु सेना कमांडर थे।
- इस पद पर इन्होंने एयर मार्शल एस.बी. देव का स्थान ग्रहण किया।

**संबंधित लिंक...**

https://timesofindia.indiatimes.com/india/presidents-military-secretary-gets-a-months-extension-so-he-can-be-considered-for-promotion/articleshow/62342856.cms

## सीमा सुरक्षा बल के नए महानिदेशक

**प्रश्न-27 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने किसे सीमा सुरक्षा बल (BSF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया?**

(a) के.के. शर्मा (b) डी.के. पाठक (c) रजनीकांत मिश्रा (d) एस.एस. देसवाल



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रजनीकांत मिश्रा को सीमा सुरक्षा बल (BSF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया।
- वह उत्तर प्रदेश कैडर के वर्ष 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।
- वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल (SSB) के महानिदेशक हैं।
- इस पद पर वह के.के. शर्मा का स्थान लेंगे।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2019 तक रहेगा।

**संबंधित लिंक...**

http://bsf.nic.in/doc/press/pr93.pdf

## राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण के पहले अध्यक्ष

**प्रश्न-28 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने किसे राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण (NFRA) का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया?**

(a) राजीव गौबा (b) रंगाचारी श्रीधरन (c) राजीव जोशी (d) के.के. शर्मा




**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने पूर्व आईएएस अधिकारी रंगाचारी श्रीधरन को राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण (NFRA : National Financial Reporting Authority) का पहला अध्यक्ष नियुक्त किया।
- इस पद पर उनका कार्यकाल 3 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक रहेगा।
- इसके अलावा, प्रसेनजीत मुखर्जी इस प्राधिकरण के पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त हुए।
- ज्ञातव्य है कि 1 मार्च, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय वित्तीय सूचना प्राधिकरण की स्थापना को मंजूरी दी थी।

**संबंधित लिंक...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/rangachari-sridharan-appointed-chief-of-national-financial-reporting-authority-118092800833_1.html

## सशस्त्र सीमा बल के नए महानिदेशक

**प्रश्न-हाल ही में केंद्र सरकार ने किसे सशस्त्र सीमा बल (SSB) का नया महानिदेशक नियुक्त किया?**

(a) रजनीकांत मिश्रा (b) के.के. शर्मा (c) डी.के. पाठक (d) एस.एस. देसवाल



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी एस.एस. देसवाल को सशस्त्र सीमा बल (SSB) का नया महानिदेशक (GDG) नियुक्त किया।
- वह हरियाणा कैडर के वर्ष 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी है।
- इस पद पर वह रजनीकांत मिश्रा का स्थान लेंगे।
- उनका कार्यकाल 31 अगस्त, 2021 तक रहेगा।

**संबंधित लिंक...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/rajni-kant-misra-appointed-bsf-chief-s-s-deswal-to-head-ssb-118092701135_1.html

# चर्चित स्थल

## पूर्वोत्तर का पहला फ्लोटिंग वाटर हैंडलूम हट्स

**प्रश्न–हाल ही में पूर्वोत्तर का पहला फ्लोटिंग वाटर हैंडलूम हट्स कहां उद्घाटित किया गया?**

(a) सिक्किम (b) त्रिपुरा (c) मणिपुर (d) असम




**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 नवंबर, 2018 को मणिपुर के विष्णुपुर जिले में लोकटक झील पर पूर्वोत्तर के पहले फ्लोटिंग वाटर हैंडलूम हट्स का उद्घाटन किया गया। यदि यह प्रयोग सफल होता है तो यह परियोजना व्यापक रूप से लागू की जाएगी। अन्य सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति में त्रिपुरा के वन और जनजातीय कल्याण मंत्री मेवार कुमार जमातिया ने 5 हैंडलूम हट का उद्घाटन किया। लूम सहित हैंडलूम हट्स क्षेत्र के लोगों के लिए प्रयोगात्मक आधार पर शुरू किया गया है। इस प्रयोगात्मक उद्यम के पीछे का उद्देश्य अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना और हैंडलूम बुनकरों को बढ़ावा देना है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.business-standard.com/article/news-ani/north-east-s-first-water-handloom-hut-inaugurated-in-manipur-118111200069_1.html

## गोवा में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान का शिलान्यास

**प्रश्न–हाल ही में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा के अध्ययन और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए अखिल भारतीय संस्थान का शिलान्यास किस राज्य में किया गया है?**

(a) आंध्र प्रदेश (b) उत्तराखंड (c) महाराष्ट्र (d) गोवा



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 नवंबर, 2018 को केंद्रीय आयुष राज्यमंत्री श्रीपद नाइक ने उत्तरी गोवा के धारगल में आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा (Naturopathy) के अध्ययन एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु अखिल भारतीय संस्थान का शिलान्यास किया।
- यह संस्थान योग और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में कई अल्पकालिक पाठ्यक्रमों (Short-term Courses) के माध्यम से पयर्टन को बढ़ावा देगा। अल्पकालिक पाठ्यक्रमों के साथ ही संस्थान स्नातकोत्तर (Postgraduate) एवं पीएचडी (PhD) पाठ्यक्रमों को भी संचालित करेगा।
- गौरतलब है, कि जैव विविधता संपन्न पश्चिमी घाट एवं समुद्र के निकट स्थित होने के कारण यह संस्थान, अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1552622
http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=355321

## झारसुगुड़ा हवाई अड्डे का नाम परिवर्तित

**प्रश्न–हाल ही केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किस राज्य में स्थित झारसुगुड़ा हवाई अड्डे का नाम परिवर्तित कर वीर सुरेंद्र साईं हवाई अड्डा करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई?**



(a) झारखंड (b) छत्तीसगढ़ (c) ओडिशा (d) कर्नाटक

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ओडिशा स्थित झारसुगुड़ा हवाई अड्डे का नाम परिवर्तित करने से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।
- इस हवाई अड्डे का नाम अब 'वीर सुरेंद्र साईं हवाई अड्डा, झारसुगुड़ा' होगा।
- इस हवाई अड्डे का नाम जाने-माने स्वतत्रंता सेनानी वीर सुरेंद्र साईं के नाम पर किए जाने का अनुरोध ओडिशा सरकार ने किया था।
  भुवनेश्वर स्थित बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाद यह ओडिशा राज्य का दूसरा परिचालित हवाई अड्डा है।22 सितंबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हवाई अड्डे का उद्घाटन किया था।
- इस हवाई अड्डे का विकास भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण द्वारा ओडिशा सरकार के सहयोग से किया गया है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551487

## असम में टेक्नोलॉजी सुविधा केंद्र

**प्रश्न–हाल ही में असम के किस जिले में टेक्नोलॉजी सुविधा केंद्र की आधारशिला रखी गई?**



(a) कोचर (b) कामरूप (c) करीमगंज (d) जोरहट

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, जन शिकायत और पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा असम के जोरहट जिले में स्थित सीएसआईआर पूर्वोत्तर विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान (NEIST) के परिसर में 'टेक्नोलॉजी सुविधा केंद्र' की आधारशिला रखी गई।
- इस नवीन केंद्र की स्थापना पर किए जाने वाले व्यय का वहन पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा किया जाएगा। मंत्रालय द्वारा शुरुआत में इस केंद्र के निर्माण हेतु 40 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551201

## गुजरात का पहला मेगा फूड पार्क

**प्रश्न-गुजरात के किस जिले में राज्य का पहला मेगा फूड पार्क स्थापित किया गया है?**



(a) बड़ोदरा (b) सूरत (c) भरूच (d) नवसारी

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने सूरत में स्थापित गुजरात के पहले मेगा फूड पार्क का उद्घाटन किया।
- यह पार्क सूरत जिले के मंगरोल तालुका के गांव शाह और वसरावी में स्थित है।
- इस पार्क को मेसर्स गुजरात एग्रो इंफ्रास्ट्रक्चर मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है।
- 70.15 एकड़ भूमि पर निर्मित इस पार्क की निर्माण लागत राशि 117.87 करोड़ रुपये है।
- इस पार्क में डेवलपर द्वारा निर्मित केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र में 3500 मीट्रिक टन (1500 मीट्रिक टन फ्रोजन और 2000 मीट्रिक टन एमए) की भंडारण क्षमता से युक्त कई चैंबरों वाला कोल्ड स्टोर, 5000 मीट्रिक टन क्षमता का वेयर हाउस, सब्जियों और फलों के गूदे निकालने हेतु बड़ी पाइपलाइन, 2 टीपीएच का आईक्यूएफ, क्यूसी प्रयोगशाला और खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी इस प्रकार की ही कई अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं।
- भरूच, पाद्रा (बड़ोदरा), वलसाड और नवसारी में खेतों के निकट ही प्राथमिक स्तर पर प्रसंस्करण और भंडारण के लिए 4 स्थानीय केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।
- इस पार्क में 25-30 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में लगभग 250 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश होने की संभावना है। इस पार्क में वार्षिक (प्रतिवर्ष) लगभग 400-500 करोड़ रुपये का कारोबार होगा।
- खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा देश में मेगा फूड पार्क योजना खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र के मूल्य संवर्धन और आपूर्ति शृंखला के प्रत्येक चरण में शीघ्र विनष्ट होने वाले खाद्य पदार्थों की बर्बादी को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।
- योजनान्तर्गत भारत सरकार प्रति मेगा फूड पार्क हेतु 50 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है।
- उल्लेखनीय है कि केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वारा गुजरात के मेहसाणा में दूसरा मेगा फूड पार्क स्थापित किए जाने हेतु भी मंजूरी प्रदान कर दी गई है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184440

# पुरस्कार/सम्मान

# मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, 2018

**प्रश्न-हाल ही में किसने 'मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, 2018' का खिताब जीता?**

(a) मारिया क्लारा सोसा (b) नाडिया पुरवोको (c) मीनाक्षी चौधरी (d) लेजली डियाज



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अक्टूबर, 2018 को मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, 2018 सौंदर्य प्रतियोगिता के 6वें संस्करण का आयोजन यांगून, म्यांमार में किया गया।
- इस सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस पराग्वे मारिया क्लारा सोसा ने 'मिस ग्रैंड इंटरनेशनल, 2018' का खिताब जीता।
- इसमें भारत की मीनाक्षी चौधरी प्रथम उप-विजेता रहीं।
- जबकि इंडोनेशिया की नाडिया पुरवोको द्वितीय उप-विजेता रहीं।

**संबंधित लिंक...**

http://www.missgrandinternational.com/?page=hall_of_fame&year=2018
https://www.pep.ph/news/71867/miss-paraguay-faints-miss-grand-international-2018

# ला लीगा शीर्ष-स्कोरर पुरस्कार

**प्रश्न–हाल ही में किस फुटबॉल खिलाड़ी ने ला लीगा शीर्ष स्कोरर पुरस्कार (पिचिची पुरस्कार) प्राप्त किया?**

(a) क्रिस्टियानो रोनाल्डो (b) लियोनेल मेसी (c) लुईस सुआरेज (d) नेमार



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 नवंबर, 2018 को बार्सिलोना के कप्तान लियोनेल मेसी ने ला लीगा शीर्ष-स्कोरर पुरस्कार प्रदान किया गया।
- मेसी ने स्पेनिश लीग में सत्र 2017-18 में कुल 34 गोल किए हैं।
- मेसी ने यह पुरस्कार 5वीं बार प्राप्त किया है।
- यह पुरस्कार (पिचिची ट्रॉफी) प्रत्येक ला लीगा सीजन में सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर को खेल समाचार पत्र मार्का (Marca) द्वारा प्रदान किया जाता है।
- ज्ञातव्य है सर्वाधिक 6 बार पिचिची (ला लीगा) पुरस्कार टेलमो जर्रा (स्पेन) ने प्राप्त किया है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.thestatesman.com/sports/barcas-messi-receives-la-liga-top-scorer-mvp-awards-1502707613.html

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार पुरस्कार, 2018

**प्रश्न-हाल ही में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार पुरस्कार, 2018 की घोषणा की गई। इसमें मारणोपरांत आसमा जहांगीर समेत 4 व्यक्तियों/संगठनों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। आसमा जहांगीर किस देश से संबंधित है?**

(a) बांग्लादेश (b) पाकिस्तान (c) भारत (d) इंडोनेशिया

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अक्टूबर, 2018 को मानवाधिकार के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार पुरस्कार (UN Human Rights Prize) 2018 की घोषणा की गई ।
- **इस वर्ष 4 व्यक्तियों/संगठनों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जो इस प्रकार हैं -**
  (i) पाकिस्तान की मानवाधिकार कार्यकत्री एवं वकील आसमा जहांगीर (मरणोपरांत)।
  (ii) तंजानिया की महिला एवं बालिका अधिकार कार्यकत्री रेबेका जियूमी (Rebeca Gyumi)।
  (iii) ब्राजील की स्वदेशी समुदायों के अधिकारों की कार्यकत्री जोनिया वापीचाना (Joenia Wapichana) तथा
  (iv) आयरलैंड के मानवाधिकार संगठन फ्रंटलाइन डिफेंडर (Front Line Defender)।

- यह पुरस्कार 10 दिसंबर, 2018 को 'विश्व मानवाधिकार दिवस' के अवसर पर न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में प्रदान किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**
https://www.un.org/pga/73/2018/10/25/press-release-winners-of-the-2018-united-nations-human-rights-prize/

## बाल साहित्य सम्मान, 2017

**प्रश्न–हाल ही में सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान से किसे सम्मानित किया गया?**

(a) अंजू शर्मा (b) ममता कालिया (c) डॉ. शोभा अग्रवाल 'चिलबिल' (d) डॉ. प्रियंका चतुर्वेदी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 14 नवंबर, 2018 को बाल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा वर्ष 2017 के बाल साहित्य सम्मान से 7 बाल साहित्यकारों को सम्मानित किया गया।
- विभिन्न श्रेणियों में प्रदत्त पुरस्कार प्राप्त बाल साहित्यकारों की सूची इस प्रकार है-
- सुभद्रा कुमारी चौहान महिला बाल साहित्य सम्मान-डॉ. शोभा अग्रवाल 'चिलबिल'
- सोहन लाल द्विवेदी बाल कविता सम्मान-अनंत प्रसाद 'राम भरोसे'
- अमृतलाल नागर बाल कथा सम्मान-दिनेश प्रताप सिंह 'चित्रेश'
- शिक्षार्थी बाल चित्रकथा सम्मान-किशोर श्रीवास्तव
- डॉ. राम कुमार वर्मा बाल नाटक सम्मान-अंजू शर्मा,
- जगपति चतुर्वेदी बाल विज्ञान लेखन सम्मान-डॉ. अरविंद दुबे

- उमाकान्त मालवीय युवा बाल साहित्य सम्मान-शिवमोहन यादव
- बाल साहित्यकारों को शाल, प्रशस्ति-पत्र और 51 हजार रुपये की धनराशि भेंट कर सम्मानित किया गया।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thelucknowtribune.com/

## इंफोसिस पुरस्कार, 2018

**प्रश्न–हाल ही में किसे वर्ष 2018 के सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में इंफोसिस पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?**



(a) प्रो. सेंडहिल मुल्लायनाथन (b) प्रो. नलिनी अनंथरामन
(c) कविता सिंह (d) नवाकांता भाट

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 नवंबर, 2018 को इंफोसिस साइंस फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2018 के लिए इंफोसिस पुरस्कार की घोषणा हुई।
- यह पुरस्कार कुल 6 वर्गों में दिए जाते हैं।
- विभिन्न वर्गों में घोषित पुरस्कार इस प्रकार हैं-

1. इंजीनियरिंग एवं कप्यूटर साइंस-नवाकांता भाट (Navakanta Bhat)।
2. मानविकी (Humanities)-कविता सिंह।
3. लाइफ सांइस (Life Science)- रूप माल्लिक।
4. गणितीय विज्ञान (Mathmetical Science)- प्रो. नलिनी अनंथारामन (Prof. Nalini Anantharaman)।
5. शारीरिक विज्ञान (Physical Science)- प्रो. एस.के. सतीश
6. सामाजिक विज्ञान (Social Science)- प्रो. सेंधिल मुल्लानाथन (Sandhil Mullainathan)

**संबंधित लिंक...**
https://www.infosys.com/newsroom/press-releases/Pages/ISF-announces-infosys-prize-2018.aspx

## सखारोव पुरस्कार, 2018

**प्रश्न-हाल ही में किसे वर्ष 2018 के सखारोव पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?**

(a) इसरो (b) मुस्तफा यझेमिलवे (c) रईफ बदावी (d) ओलेग सेंटसोव



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अक्टूबर, 2018 को यूरोपीय संसद द्वारा विचारों की स्वतंत्रता के लिए प्रदान किए जाने वाले सखारोव पुरस्कार, 2018 की घोषणा की गई।
- वर्ष 2018 के लिए यह पुरस्कार जेल में बंद यूक्रेनी फिल्म निर्माता ओलेग सेंटसोव (Oleg Sentsov) को प्रदान किया जाएगा।

- 50 हजार यूरो की धनराशि वाला यह पुरस्कार 12 दिसंबर, 2018 को स्ट्रॉसबर्ग, फ्रांस में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1988 में हुई थी।
- यह पुरस्कार मानवाधिकारों तथा मौलिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों के तहत संबंधित व्यक्ति या संस्था को प्रदान किया जाता है।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2017 का यह पुरस्कार वेनेजुएला के लोकतांत्रिक विपक्ष को प्रदान किया गया था।

**संबंधित लिंक...**
http://www.europarl.europa.eu/news/es/press-room/20181023IPR17126/oleg-sentsov-awarded-the-2018-sakharov-prize

## विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन स्टार्टअप पुरस्कार, 2018

**प्रश्न-हाल ही में बर्लिन में संपन्न विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन में किस भारतीय युवा वैज्ञानिक ने स्टार्टअप पुरस्कार जीता?**



(a) शिवम शर्मा (b) रूपम शर्मा (c) अर्जुन पिल्लई (d) संजीव राजा

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 14 से 16 अक्टूबर, 2018 के मध्य विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन बर्लिन, जर्मनी में संपन्न हुआ।
- सम्मेलन में 23 वर्षीय युवा भारतीय वैज्ञानिक रूपम शर्मा को उनके आविष्कार मैनोव्यू (Manovue) के लिए स्टार्टअप अवॉर्ड, 2018 से सम्मानित किया गया।
- मैनोव्यू, दृष्टिहीन लोगों के लिए विश्व की पहली बुद्धिमतापूर्ण व्यक्तिगत सहायता प्रणाली है।
- मैनोव्यू एक मुद्रित पाठ को समझने के लिए ब्रेल भाषा की आवश्यकता को समाप्त करता है जो विजन बुद्धिमत्ता (Vision Intelligence) एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स से मिलकर बना होता है।
- रूपम एमआईटी टेक समीक्षा (Review), 2016 द्वारा 35 वर्ष से कम उम्र के शीर्ष इनोवेटर्स में से एक के रूप में पहचाने जाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति हैं।
- रूपम को जनवरी, 2017 में भारतीय राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.worldhealthsummit.org/initiatives/startup-track.html

## सियोल शांति पुरस्कार, 2018

**प्रश्न-24 अक्टूबर, 2018 को किसे वर्ष 2018 के सियोल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?**

(a) कैलाश सत्यार्थी (b) नरेंद्र मोदी (c) ब्लादिमीर पुतिन (d) शी जिनपिंग

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**



- 24 अक्टूबर, 2018 को सियोल शांति पुरस्कार समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2018 के सियोल शांति पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।
- उन्हें यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, आर्थिक विकास को गति देकर भारत में लोगों के जीवन स्तर को सुधारने तथा भ्रष्टाचार निरोधक उपायों और सामाजिक, एकता के प्रयासों के जरिए देश में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रदान किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय व्यक्ति होंगे।
- यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले 14वें व्यक्ति होंगे।
- इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1990 में दक्षिण कोरिया में 24वें ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में की गई थी।
- यह पुरस्कार मानवता के कल्याण और विश्व शांति के लिए योगदान देने वाले व्यक्तियों को प्रत्येक दो वर्ष में एक बार दिया जाता है।
- इस पुरस्कार के पिछले विजेताओं में संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव कोफी अन्नान, जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल और डॉक्टर्स विदाउट बॉडर्स तथा ऑक्सफैम जैसी प्रसिद्ध हस्तियों सहित अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550503

## मिस डीफ एशिया, 2018

**प्रश्न–हाल ही में किसने मिस डेफ एशिया, 2018 का खिताब जीता?**
(a) निष्ठा दुडेजा (b) अवतिका जैन (c) निवेदिता सिंह (d) कल्पना कौर



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को हरियाणा की निष्ठा दुडेजा ने प्राग में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय पेजेंट (International Pagent) में मिस डीफ एशिया (Miss Deaf Asia), 2018 का खिताब जीता।
- वह मिस डेफ वर्ल्ड पेजेंट में यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय हैं।
- इससे पूर्व वह जयपुर में फरवरी, 2018 में आयोजित 'मिस डेफ इंडिया' का खिताब भी जीत चुकी हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://www.missdeafworld2011-2020.com/index/miss/year/2018/lang/en

## इंटरनेशनल वोन कॉरमन विंग्स अवॉर्ड, 2018

**प्रश्न-8 नवंबर, 2018 को किस भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक को 'इंटरनेशनल वोन कॉरमन विंग्स अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया?**
(a) ए.एस.किरण कुमार (b) जी. माधवन नायर (c) जी. सतीश रेड्डी (d) डॉ.के. सिवन



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 8 नवंबर, 2018 को प्रसिद्ध भारतीय अंतरिक्ष वैज्ञानिक एवं इसरो के पूर्व अध्यक्ष ए.एस. किरण कुमार को वर्ष 2018 के प्रतिष्ठित इंटरनेशनल वोन कॉरमन विंग्स अवॉर्ड' (International Von Karman Wings Award) से सम्मानित किया गया।
- इसके अलावा सीएनईएस के निदेशक जीन-यावेस ले गाल (Year Le Gall) को भी इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार एयरोस्पेस हिस्टॉरिकल सोसाइटी और कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के ग्रेजुएट एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज द्वारा प्रदान किया गया।

**संबंधित लिंक...**
https://presse.cnes.fr/en/cnes-president-jean-yves-le-gall-receives-international-von-karman-wings-award

## प्रेस फ्रीडम अवॉर्ड्स, 2018

**प्रश्न-8 नवंबर, 2018 को किस भारतीय पत्रकार को रिपोर्ट्स विदाउट बॉर्ड्स द्वारा वर्ष 2018 के प्रतिष्ठित 'प्रेस फ्रीडम अवॉर्ड्स' से सम्मानित किया गया?**



(a) रवीश कुमार (b) स्वाती चतुर्वेदी (c) बरखा दत्त (d) अंजना ओम कश्यप

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 8 नवंबर, 2018 को रिपोर्ट्स विदाउट बॉर्ड्स (Reporters Without Borders : RSF) द्वारा लंदन (यू.के.) में आयोजित एक समारोह में वर्ष 2018 के प्रतिष्ठित 'प्रेस फ्रीडम अवॉर्ड्स' से सम्मानित किया गया।
- इस वर्ष यह पुरस्कार साहस के लिए भारतीय महिला पत्रकार स्वाती चतुर्वेदी को प्रदान किया गया।
- स्वाती चतुर्वेदी आईएम ट्रोल : इनसाइड द सीक्रेट वर्ल्ड ऑफ द बीजेपी डिजिटल आर्मी की लेखिका और एनडीटीवी (NDTV) की स्तंभकार हैं।
- इस पुरस्कार से सम्मानित अन्य व्यक्ति हैं-

1. स्वतंत्रता के लिए फिलीपींस की इंडे इस्पिना वरोना (Inday Espina-Varona) को।
2. (प्रभाव (Impact) के लिए माल्टा के मैथ्यू कैरूअना गैलिजिया (Mathew Caruana Galizia) को इसके अलावा एक विशेष 'L' esprit de RSF' पुरस्कार कैरोल कैडवालाडर को बेक्सिट अभियान वित्त पोषण में उनकी जांच के लिए दिया गया था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.deccanchronicle.com/nation/current-affairs/091118/indian-journalist-wins-press-freedom-award-for-courage-in-uk.html

## सोशल मीडिया बेस्ट कैम्पेनिंग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त राज्य

**प्रश्न-हाल ही में पोषण माह के दौरान सोशल मीडिया में बेस्ट कैम्पेनिंग हेतु राष्ट्रीय स्तर पर किस राज्य को प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया?**



(a) उत्तर प्रदेश (b) हरियाणा (c) छत्तीसगढ़ (d) हिमाचल प्रदेश

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश को पोषण माह में पोषण एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य में सोशल मीडिया में बेस्ट कैम्पेनिंग हेतु राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।
- उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से नई दिल्ली में यह पुरस्कार प्रदेश के बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के निदेशक शत्रुघ्न सिंह ने ग्रहण किया।
- अन्य पुरस्कारों की शृंखला में हरदोई (उ.प्र.) जिले द्वारा पोषण के क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति हेतु जिलाधिकारी हरदोई पुलकित खरे एवं कुशीनगर जिले एवं सीतापुर जिले की आंगनबाड़ी कार्यकत्री को भी पुरस्कृत किया गया।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184099

## चिकित्सा विज्ञान का नोबल पुरस्कार, 2018

**प्रश्न-1 अक्टूबर, 2018 को किसे संयुक्त रूप से चिकित्सा विज्ञान का नोबल पुरस्कार पुरस्कार, 2018 प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?**



(a) जेफ्री सी. हाल एवं माइकल रोशबारा (b) जेम्स पी. एलिसन एवं तासुकु होंजो

(c) रेनर वेइस एवं माइकल डब्ल्यू यंग (d) बैरी सी. बेरिश एवं एस. थोर्न

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को वर्ष 2018 के चिकित्सा विज्ञान के नोबल पुरस्कार के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा की गई।
- इस वर्ष चिकित्सा विज्ञान का नोबल पुरस्कार जेम्स पी. एलिसन (अमेरिका) एवं तासुकु होंजो (Tasuku Honjo) (जापान) को संयुक्त रूप से प्रदान किया।
- चिकित्सा का नोबल पुरस्कार नकारात्मक प्रतिरक्षा विनियमन के अवरोध से कैंसर थेरेपी की खोज के लिए (For discovery of cancer therapy by inhabition of negative immune regulations) दिया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**

https://www.nobelprize.org/uploads/2018/10/advanced-medicineprize2018.pdf

## 27वां व्यास सम्मान, 2018

**प्रश्न-17 अक्टूबर, 2018 को किसे 27वें व्यास सम्मान से सम्मानित किया गया?**

(a) कृष्णा सोबती (b) डॉ. सुनीता जैन (c) सुरेंद्र वर्मा (d) ममता कालिया

**उत्तर-(d)**




**संबंधित तथ्य**

- 17 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में गोवा की राज्यपाल मृदुला सिन्हा ने हिंदी की प्रसिद्ध साहित्यकार ममता कालिया को वर्ष 2017 के प्रतिष्ठित 27वें व्यास सम्मान से सम्मानित किया।
- इन्हें यह पुरस्कार के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2009 में प्रकाशित उनके उपन्यास 'दुक्खम-सुक्खम' के लिए प्रदान किया गया।
- उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा यशपाल कथा सम्मान, साहित्य भूषण सम्मान एवं राम मनोहर लोहिया सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।
- ममता कालिया की अन्य प्रमुख रचनाओं में 'बेघर', 'नरक-दर-नरक' 'सपनों की होम डिलीवरी','कल्चर वल्चर', 'जांच अभी जारी है', 'निर्मोही', 'बोलने वाली औरत' और 'भविष्य का स्त्री विमर्श' आदि शामिल हैं।
- इस पुरस्कार के तहत उन्हें, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न और 3.50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।
- उल्लेखनीय है कि 26वां व्यास सम्मान सुरेंद्र वर्मा को उनके उपन्यास 'काटना शमी का वृक्ष : पद्मपंखुरी की धार से' के लिए प्रदान किया गया था।
- ज्ञातव्य है कि व्यास सम्मान वर्ष 1991 में के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया था।
- जो कि प्रति दस वर्ष की अवधि के दौरान प्रकाशित हिंदी भाषा की साहित्यिक कृतियों के लिए प्रदान किया जाता है।पहला व्यास सम्मान डॉ. रामविलास शर्मा को उनके उपन्यास 'भारत के प्राचीन भाषा परिवार और हिंदी' (तीन खंड में प्रकाशित) के लिए दिया गया था।

**संबंधित लिंक...**

http://www.ptinews.com/news/9304058_Hindi-writer-Mamta-Kalia-to-get-the-27th-Vyas-Samman.html
http://bit.do/eAuZJ

## हृदयनाथ मंगेशकर पुरस्कार, 2018

**प्रश्न-हाल ही में किसे वर्ष 2018 के हृदयनाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?**

(a) जावेद अख्तर (b) ए.आर.रहमान (c) मोहम्मद जहूर खय्याम हाशमी (d) शबाना आजमी

**उत्तर-(c)**



**संबंधित तथ्य**

- 26 अक्टूबर, 2018 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फणनवीस ने प्रसिद्ध संगीत निर्देशक मोहम्मद जहूर खय्याम हाशमी-(खय्याम के नाम से प्रसिद्ध) को वर्ष 2018 के हृदयनाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उन्हें यह पुरस्कार संगीत के क्षेत्र में जीवनभर की उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया।
- पुरस्कार स्वरूप उन्हें 1 लाख रुपये और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**
https://gulfnews.com/entertainment/bollywood/music-maestro-khayyam-receives-hridaynath-award-1.2294734

## आइंस्टीन पुरस्कार, 2019

**प्रश्न-अक्टूबर, 2018 में भारतीय मूल के किस अमेरिकी प्रोफेसर को अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी द्वारा प्रतिष्ठित आइंस्टीन पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?**

(a) अक्षय वेंकटेश (b) अभय नटराजन (c) अभय अष्तेकर (d) नीरज भट्टाचार्या



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2019 में भारतीय मूल के अमेरिकी प्रोफेसर अभय अष्टेकर को अमेरिकन फिजिकल सोसायटी (APS) द्वारा प्रत्येक दो वर्ष पर प्रदान किए जाने वाला प्रतिष्ठित 'आइंस्टीन पुरस्कार, 2019' प्रदान किया गया।
- अष्टेकर को यह पुरस्कार थ्योरी ऑफ ब्लैक होल्स, कैनोनिकल क्वांटम ग्रैविटी और क्वांटम कॉसमोलॉजी सहित सामान्य सापेक्षता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण और मौलिक योगदान हेतु प्रदान किया गया है।
- उन्हें पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति-पत्र एवं 10,000 अमेरिकी डॉलर की राशि प्रदान की गई।

**संबंधित लिंक...**
https://www.aps.org/programs/honors/prizes/prizerecipient.cfm?last_nm=Ashtekar&first_nm=Abhay&year=2019

## फ्यूचर पॉलिसी अवॉर्ड, 2018

**प्रश्न-12 अक्टूबर, 2018 को भारत के किस राज्य को यूएन खाद्य एवं कृषि संगठन के प्रतिष्ठित 'फ्यूचर पॉलिसी गोल्ड अवॉर्ड', 2018 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई?**

(a) असम (b) मेघालय (c) गोवा (d) सिक्किम



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 अक्टूबर, 2018 को भारत के सिक्किम राज्य को यूएन खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) के प्रतिष्ठित 'फ्यूचर पॉलिसी गोल्ड अवॉर्ड (Future Policy Gold Award), 2018 से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई।
- सिक्किम को यह पुरस्कार विश्व का पहला पूर्णतया जैविक कृषि राज्य बनने के लिए प्रदान किया जाएगा।
- इस पुरस्कार को 'ऑस्कर फॉर बेस्ट पॉलिसीज' (Oscar for best policies) के नाम से भी जाना जाता है।
- जबकि ब्राजील, डेनमार्क, क्यूटो (Quto) और इक्वेडोर को फ्यूचर पॉलिसी सिल्वर अवॉर्ड प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। इस वर्ष का पुरस्कार (UNFAO), वर्ल्ड फ्यूचर काउंसिल (WFC) और आईएफओएएम - ऑर्गेनिक्स इंटरनेशनल द्वारा सह-संगठित है।

## उस्ताद चांद खान लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2018

**प्रश्न-हाल ही में दिल्ली घराना की सुरसागर सोसाइटी ने किसे उस्ताद चांद खान लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया?**

(a) पंडित शिव नारायण भट्ट (b) पंडित विश्व मोहन भट्ट (c) पंडित बिरजू महराज (d) राजन मिश्रा



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- दिल्ली घराने की सुरसागर सोसाइटी ने 21-22 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में हुए भारतीय शास्त्रीय संगीत समारोह में ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित भारतीय संगीत वादक पंडित विश्व मोहन भट्ट को उस्ताद चांद खान लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया।
- 'ए मीटिंग बाई द रिवर' के लिए ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाले पंडित विश्व मोहन भट्ट का जन्म वर्ष 1950 में जयपुर में हुआ था।

**संबंधित लिंक...**

https://www.business-standard.com/article/pti-stories/ustad-chand-khan-lifetime-achievement-award-for-pandit-vishwa-mohan-bhatt-118102000462_1.html

## राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार, 2018

**प्रश्न-5 नवंबर, 2018 को 'राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार, 2018 का वितरण किया गया। इस पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों में शामिल नहीं हैं-**

(a) वैद्य राज कुमार शुक्ला (b) वैद्य माधव सिंह भगेल (c) वैद्य इतूझी भवदासन नंबूथिरी

(d) वैद्य शिव कुमार मिश्रा




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 नवंबर, 2018 को 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' के अवसर पर आयुर्वेद क्षेत्र के जाने-माने वैद्यों को राष्ट्रीय धनवंतरी आयुर्वेद पुरस्कार 2018 से सम्मानित किया गया।
- इस वर्ष यह पुरस्कार आयुर्वेद के जाने-माने विशेषज्ञ वैद्य शिव कुमार मिश्रा, वैद्य माधव सिंह भगेल और इतूजी भवदासन नंबूथिरी को प्रदान किया गया।इनका चयन आयुष मंत्रालय द्वारा किया गया था।
- इस पुरस्कार के तहत विजेताओं को एक प्रशस्ति पत्र, धनवंतरी की प्रतिमा वाली ट्रॉफी और पांच लाख रुपये नगद दिया गया।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1551798

## मैन बुकर पुरस्कार, 2018



**प्रश्न-वर्ष 2018 का प्रतिष्ठित मैन बुकर पुरस्कार किसे प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।**

(a) मार्लन जेम्स (b) पॉल बीटी (c) एना बर्न्स (d) जॉर्ज सॉन्डर्स

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को उत्तरी आयरलैंड की लेखिका एना बर्न्स (Anna Burns) के उपन्यास 'मिल्कमैन (Milkman) को वर्ष 2018 का प्रतिष्ठित मैन बुकर पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- वह उत्तरी आयरलैंड की पहली लेखिका हैं जिन्हें इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया।
- एना बर्न्स मैन बुकर पुरस्कार के 49 वर्ष के इतिहास में यह पुरस्कार पाने वाले 17वीं महिला हैं।
- ध्यातव्य है 1970 में, बर्निस रुबेन्स 'द इलेक्टेड मेम्बर' के लिए मैन बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली महिला बनी।
- 'मिल्कमैन' उपन्यास में उत्तरी आयरलैंड में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच एक युवती और एक शादीशुदा व्यक्ति की प्रेम कहानी है। एना बर्न्स की अन्य प्रमुख उपन्यासों में 'लिटिल कंस्ट्रक्शंस' और 'मोस्टली हीरोज' शामिल है।
- ध्यातव्य है कि प्रथम बार मैन बुकर पुरस्कार वर्ष 1969 में प्रदान किए गए थे।
- जबकि वर्ष 2017 का यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक जार्ज सांडर्स के उपन्यास-लिंकन इन द बार्डो' को प्रदान किया गया था।

**संबंधित लिंक...**

http://www.un.org/en/events/povertyday/

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के खेल और सक्रिय सोसायटी आयोग का अनुदान पुरस्कार

**प्रश्न-हाल ही में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के खेल और सक्रिय सोसायटी आयोग का अनुदान पुरस्कार किसे प्रदान किया गया?**




(a) राजिंदर सिंह (b) आनंद महिंद्रा (c) सुहेल एफ. टंडन (d) करतार सिंह

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 5-6 अक्टूबर, 2018 के मध्य ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना) में आयोजित पुरस्कार समारोह में सुहेल एफ. टंडन को खेल के विकास में उनके योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के खेल और सक्रिय सोसायटी आयोग का अनुदान पुरस्कार प्रदान किया गया। सुहेल एफ.टंडन एक सामाजिक उद्यमी हैं।
- वह प्रो स्पोर्ट डेवलपमेंट के संस्थापक और मार्था फेरेल फाउंडेशन के कार्य कार्यकारी निदेशक हैं।
- अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) विश्वभर में एथलीटों और खेल संगठनों की सहायता के लिए व्यापक खेल संचालन हेतु 90 प्रतिशत से अधिक आय का पुनर्वितरण करती है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.business-standard.com/article/news-ani/suheil-tandon-wins-international-olympic-committee-award-118101700417_1.html

## टैगोर सांस्कृतिक समरसता पुरस्कार, 2014-15 एवं 2016

**प्रश्न-24 अक्टूबर, 2018 को केंद्र सरकार ने वर्ष 2014-15 तथा 2016 के लिए टैगोर सांस्कृतिक समरसता पुरस्कार घोषित किया। वर्ष 2016 का यह पुरस्कार किसे प्रदान किया जाएगा?**



(a) राम वनजी सुतार (b) राजकुमार सिंहाजित सिंह (c) जुबिन मेहता (d) एम.एस. स्वामीनाथन

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को केंद्र सरकार ने वर्ष 2014-15 तथा 2016 के लिए टैगोर सांस्कृतिक समरसता पुरस्कार घोषित किया। वर्ष 2016 का यह पुरस्कार प्रसिद्ध मूर्तिकार राम वनजी सुतार को प्रदान किया गया।
- वर्ष 2014 का यह पुरस्कार मणिपुर नृत्य के महान कलाकार राजकुमार सिंहाजित सिंह को प्रदान किया जाएगा।
- वर्ष 2015 का यह पुरस्कार बांग्लादेश के सांस्कृतिक संगठन 'छायानट' को प्रदान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि राम वनजी सुतार गुजरात के सरदार सरोवर बांध पर सरदार वल्लभभाई पटेल की विश्व की सबसे ऊंची मूर्ति बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था।
- निर्णायक मंडल में भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई, एन. गोपालस्वामी और डॉ. विनय सहस्रबुद्धे शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल ने यह निर्णय किया है।
- गौरतलब है कि इस शीर्षक पुरस्कार को भारत सरकार ने गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती पर वर्ष 2012 में प्रारंभ किया था। जबकि दूसरा पुरस्कार वर्ष 2013 में जुबिन मेहता को प्रदान किया गया था।
- पहला टैगारे पुरस्कार वर्ष 2012 में भारत के महान सितारवादक पंडित रविशंकर को प्रदान किया गया था।
- इस पुरस्कार के तहत एक करोड़ रुपये की धनराशि, प्रशस्तिपत्र, पट्टिका और पारंपरिक दस्तकारी/हथकरघा से बना उत्कृष्ट उपहार प्रदान किया जाता है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550803

## लता मंगेशकर अवॉर्ड, 2018

**प्रश्न-28 सितंबर, 2018 को महाराष्ट्र सरकार का प्रतिष्ठित लता मंगेशकर अवॉर्ड, 2018 से किसे सम्मानित किया गया?**



(a) जावेद अख्तर (b) ए.आर. रहमान (c) विजय पाटिल (d) रेखा

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को विजय पाटिल (जो प्रसिद्ध संगीत निर्देशक राम-लक्ष्मण जोड़ी के जीवित साथी लक्ष्मण है) को महाराष्ट्र सरकार के प्रतिष्ठित 'लता मंगेशकर अवॉर्ड, 2018' से सम्मानित किया गया।

- इस पुरस्कार के तहत उन्हें 5 लाख रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।
- इस वार्षिक पुरस्कार को प्रसिद्ध पार्श्वगायिका भारत रत्न लता मंगेशकर के जन्मदिन के अवसर पर दिया गया।
- महाराष्ट्र सरकार ने वर्ष 1992 में इस पुरस्कार की स्थापना की थी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.firstpost.com/entertainment/lata-mangeshkar-award-2018-to-be-conferred-on-vijay-patil-of-music-director-duo-raam-laxman-5285251.html

## चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड, 2018

**प्रश्न-26 सितंबर, 2018 को संयुक्त राष्ट्र के 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड, 2018' की घोषणा की गई। नीतिगत नेतृत्व की श्रेणी में किसको इस अवॉर्ड के लिए चुना गया?**

(a) इमैनुएल मैक्रॉन एवं नरेंद्र मोदी (b) डॉ. हर्षवर्धन एवं दीया मिर्जा
(c) शी जिनपिंग एवं नरेंद्र मोदी (d) ब्लादिमीर पुतिन एवं नरेंद्र मोदी




**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 26 सितंबर, 2018 को संयुक्त राष्ट्र के 'चैंपियंस ऑफ द अर्थ अवॉर्ड' (Champions of the Earth Award), 2018 की घोषणा की गई।
- विश्व के 6 सबसे उत्कृष्ट पर्यावरण परिवर्तकों (व्यक्तियों/संगठनों) को इस अवॉर्ड के लिए चुना गया है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन को नीतिगत नेतृत्व की श्रेणी में संयुक्त रूप से इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।
- इन्हें यह अवॉर्ड अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के नेतृत्व और वर्ष 2022 तक भारत को एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक से मुक्त कराने के संकल्प के लिए प्रदान किया जाएगा।
- इसके अलावा भारत के कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा को भी सतत ऊर्जा के इस्तेमाल उसके नेतृत्व में उद्यमी विजन के लिए इस अवॉर्ड के लिए चुना गया है।
- गौरतलब है कि कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा विश्व का पहला पूर्ण सौर ऊर्जा संचालित हवाईअड्डा है।
- इसके अलावा इस अवॉर्ड के लिए चयनित अन्य व्यक्ति/संगठन इस प्रकार हैं-

1. जोन कॉरर्लिंग
2. बियान्ड मीट एवं इमपासिबल फूड्स
3. चीन के झेजियांग के ग्रीन ग्रामीण पुनरुद्धार कार्यक्रम (China's Zhe Jiang's Green Rural Revival Programme)।

**संबंधित लिंक...**
https://web.unep.org/championsofearth/outstanding-environmental-changemakers-receive-un%E2%80%99s-champions-earth-award

# योजना/परियोजना

## पलटना गैस तापीय विद्युत परियोजना

**प्रश्न–पलटना गैस तापीय विद्युत परियोजना किस राज्य में अवस्थित है?**



(a) मणिपुर (b) त्रिपुरा (c) सिक्किम (d) नगालैंड

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 नवंबर, 2018 को त्रिपुरा के कानून मंत्री रतन लाल नाथ ने जानकारी प्रदान की कि त्रिपुरा सरकार शीघ्र ही इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएल एंड एफएस) से पलटना गैस तापीय विद्युत परियोजना (त्रिपुरा) के 26 प्रतिशत इक्विटी शेयरों की खरीद हेतु बातचीत शुरू करेगी।
- पलटना गैस तापीय विद्युत परियोजना 726.6 मेगावॉट की गैस आधारित विद्युत परियोजना है।
- यह ओएनजीसी त्रिपुरा पॉवर कंपनी (ओटीपीसी) द्वारा संचालित है।
- यह ओएनजीसी, आईडीएफसी, आईएल एंड एफएस और त्रिपुरा सरकार का एक संयुक्त उद्यम है

**संबंधित लिंक...**

https://economictimes.indiatimes.com/markets/stocks/news/tripura-govt-to-start-talks-to-buy-ilfs-shares-of-palatana-project-minister/articleshow/66566404.cms

## देश का पहला मल्टी-मॉडल टर्मिनल

**प्रश्न–हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां गंगा नदी पर नवनिर्मित देश का पहला मल्टी–मॉडल टर्मिनल राष्ट्र को समर्पित किया?**



(a) वाराणसी में (b) साहिबगंज में (c) हल्दिया में (d) गाजीपुर में

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 नवंबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में गंगा नदी पर नवनिर्मित देश का पहला मल्टी-मॉडल टर्मिनल राष्ट्र को समर्पित किया। यह जल मार्ग विकास परियोजना के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा नदी) पर निर्मित होने वाले तीन मल्टी-मॉडल टर्मिनलों में पहला टर्मिनल है।
- तीनों टर्मिनलों का निर्माण अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण तथा विश्व बैंक द्वारा प्रदत्त सहायता राशि से कराया जा रहा है। अन्य दो टर्मिनल साहिबगंज और हल्दिया में निर्माणधीन हैं। गौरतलब है कि इसके साथ ही गाजीपुर (उ.प्र.) और बिहार के कालूघाट में दो इंटर-मॉडल टर्मिनल का विकास किया जा रहा है।
- इस परियोजना के अंतर्गत गंगा नदी पर 1500-2,000 डीडब्ल्यूटी की क्षमता वाले जहाजों को वाणिज्यिक नौचालन की क्षमता उपलब्ध होगी।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज पर भेजे जाने वाले देश के पहले कंटेनर माल (स्वतंत्रता के बाद) को भी रिसीव किया।राष्ट्रीय जलमार्ग-1 हल्दिया से वाराणसी के मध्य की दूरी लगभग 1360 किमी. है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1539437

## भारतीय पवन टरबाइन प्रमाणीकरण योजना (IWTCS)

**प्रश्न–नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने पवन टरबाइन योजना (IWTCS) के मसौदे को जारी किया है–**
(a) 13 नवंबर, 2018 को (b) 10 नवंबर, 2018 को (c) 7 नवंबर, 2018 को (d) इनमें से कोई नहीं
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 13 नवंबर, 2018 को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा भारतीय पवन टरबाइन प्रमाणीकरण योजना (IWTCS) का मसौदा जारी किया गया।
- मसौदे में इस प्रकार की परियोजनाओं के लिए अन्य देशों के विशिष्ट संदर्भ को भी शामिल किया गया है। जिससे परियोजनाओं की गुणवत्ता कायम रहे।
- मसौदे में अवधारणा स्तर से लेकर पवन टरबाइन तक सभी हितधारकों हेतु दिशा निर्देश समाहित हैं।
- IWTCS योजना निम्नलिखित हित धारकों-(i) मूल उपकरण निर्माताओं (ii) अंतिम उपयोगकर्ता की उपयोगिताओं, SNAs (राज्य नोडल एजेंसियों), डेवलपर्स, IPPs (स्वतंत्र बिजली उत्पादक), मालिक, प्राधिकारी, निवेशक तथा बीमाकर्ता (iii) प्रमाणीकरण संस्थान और जांच प्रयोगशालाओं की सहायता के लिए बनाई गई है।
- प्रारूप योजना जारी हो जाने के बाद 5 दिसंबर, 2018 तक हितधारकों और जन साधारण से संबंधित फीडबैक आमंत्रित किया गया है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184719

## तारली सिंचाई परियोजना

**प्रश्न-तारली सिंचाई परियोजना किस राज्य से संबंधित है?**
(a) महाराष्ट्र (b) उत्तराखंड (c) हिमाचल प्रदेश (d) गोवा
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**



- 9 अक्टूबर, 2018 को महाराष्ट्र सरकार द्वारा राज्य के सतारा जिले में स्थित तारली सिंचाई परियोजना हेतु 1610 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।
- चौथी बार राज्य सरकार ने इस परियोजना हेतु संशोधित प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।
- जिसमें कृष्णा नदी की सहायक तारली (Tarli) नदी पर 8 लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं शामिल हैं।
- इस परियोजना से तारली घाटी में 6,507 हेक्टेयर और सतारा जिले के मान और खातव (Khatav) तालुका में 8,876 हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी।
- इस परियोजना हेतु केंद्रीय जल आयोग से अनुमति ली जाएगी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/todays-paper/tp-national/tp-mumbai/tarli-project-in-satara-to-get-rs-1610-cr/article25174462.ece

## सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना 2018-19

**प्रश्न-सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना, 2018-19 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

**(i) 8 अक्टूबर, 2018 को RBI की सलाह पर भारत सरकार ने वर्ष 2018-19 के लिए सांवरेन स्वर्ण बॉण्ड योजना जारी करने का फैसला किया।**

**(ii) अक्टूबर, 2018 से फरवरी, 2019 तक प्रत्येक महीने सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड जारी किए जायेगें।**

**(iii) बाण्डों की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएच सीआईएल), नामित डाकघरों और मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों जैसे कि-नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से किया जाएगा।**

**(iv) इन बाण्डों की न्यूनतम इकाई 1 ग्राम सोना है, जिसकी अवधि 8 वर्ष होगी और पांचवें, छठवें एवं सातवें वर्ष में इससे बाहर निकलने का विकल्प रहेगा।**

**उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है?**

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4 (c) 1, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 8 अक्टूबर, 2018 को भारतीय रिजर्व बैंक के सलाह पर भारत सरकार ने वर्ष 2018-19 के लिए स्वर्ण बॉण्ड जारी करने का फैसला किया है।
- अक्टूबर, 2018 से फरवरी, 2019 तक प्रत्यक महीने सॉवरेन स्वर्ण बॉण्ड जारी किए जाएंगें।
- बॉण्डों की बिक्री बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एसएचसीआईएल), नामित डाकघरों और मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों जैसे कि - नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से किया जाएगा।
- इस बॉण्ड की बिक्री विभिन्न व्यक्तियों, हिन्दू अविभाजित परिवार (एचयूएफ), ट्रस्ट, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं को निवासी निकायों तक ही सीमित होगी।
- इन बॉण्ड की न्यूनतम इकाई 1 ग्राम सोना है, जिसकी अवधि 8 वर्ष होगी।
- इस बॉण्ड का भुगतान नकद अदायगी (अधिकतम 20,000 रुपये तक) अथवा डिमांड ड्रॉफ्ट या चेक अथवा इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है।
- इन बॉण्डों का निर्गमन जीएस अधिनियम 2006 के तहत भारत सरकार के स्टॉक के रूप में जारी किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx

## सीसीईए द्वारा मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष की स्थापना को मंजूरी

**प्रश्न-24 अक्टूबर, 2018 को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष की स्थापना को मंजूरी दी। इस मंजूरी के तहत कोष में अनुमानित राशि कितने करोड़ रुपये होगी।**



(a) 5000 करोड़ रुपये (b) 5226.40 करोड़ रुपये (c) 7,522 करोड़ रुपये (d) 4,522 करोड़ रुपये

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि अवसंरचना विकास कोष (FIDF) की स्थापना को मंजूरी दी।
- इस मंजूरी के तहत कोष में अनुमानित राशि 7,522 करोड़ रुपये होगी।
- जिसमें से 5266.40 करोड़ रुपये प्रमुख ऋणदाता निकायों (NLE) द्वारा जुटाये जाएंगे, जबकि इसमें लाभार्थियों का योगदान 1316.6 करोड़ रुपये का होगा और भारत सरकार से बजटीय सहायता के रूप में 939.48 करोड़ रुपये प्राप्त होंग राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) और सभी अनुसूचित बैंक इसके लिए प्रमुख ऋणदाता निकाय होंगे।
- एफआईडीएफ के तहत ऋण वर्ष 2018-19 से लेकर 2022-23 तक के 5 वर्षों की अवधि के दौरान दिए जाएंगे।
- इसके प्रमुख लाभ निम्नलिखित हैं-
- समुद्री और अंतर्देशीय मत्स्य पालन दोनों ही क्षेत्रों में मत्स्य पालन से जुड़ी बुनियादी ढांचागत सुविधाएं स्थापित की जाएंगी।
- 'नीली क्रांति' के तहत वर्ष 2020 तक के लिए निर्धारित 15 मिलियन टन का लक्ष्य प्राप्त करने और 8-9 प्रतिशत की सतत वृद्धि दर हासिल करने के लिए मछली उत्पादन बढ़ाया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550512

## रेल धरोहर डिजिटलीकरण परियोजना

**प्रश्न-भारतीय रेलवे द्वारा रेल धरोहर डिजिटलीकरण परियोजना किसके सहयोग से शुरू की गई है?**

(a) संस्कृति मंत्रालय (b) यूनेस्को (c) गूगल आर्ट्स एंड कल्चर (d) भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण




**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को रेल एवं कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'रेल धरोहर डिजिटलीकरण परियोजना' का शुभारंभ नई दिल्ली में किया।
- यह परियोजना भारतीय रेलवे द्वारा गूगल आर्टस एंड कल्चर के सहयोग से शुरू की गई है।

- यह परियोजना राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को देश की रेल धरोहरों से रूबरू (परिचित) कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है जो विश्व के इस हिस्से में अपनी तरह का प्रथम ऐतिहासिक प्रयास है।
- इस परियोजना को प्रदर्शित करने हेतु भारत में विभिन्न स्थानों पर 22 डिजिटल स्क्रीन लगाई जाएंगी।
- इस परियोजना के संबंध में विस्तृत जानकारी लिंक "https:/artsandculture.google.com/project/indian-railways" के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।
- पहली ट्रेन 16 अप्रैल, 1853 को बोरी बंदर और ठाणे के मध्य परिचालित की गई थी।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=183799

## महिंद्रा ग्रामीण भारत और उपभोग योजना

**प्रश्न-हाल ही में शुरू की गई 'महिंद्रा ग्रामीण भारत और उपभोग योजना' कब तक जारी रही?**
(a) 19 अक्टूबर से 2 नवंबर (b) 15 अक्टूबर से 30 अक्टूबर
(c) 13 अक्टूबर से 27 अक्टूबर (d) 20 अक्टूबर से 5 नवंबर
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 8 अक्टूबर, 2018 को महिंद्रा म्युचुअल फंड ने एक नई इक्विटी योजना 'महिंद्रा ग्रामीण भारत और उपभोग योजना' की शुरुआत की गई।
- योजना का उद्देश्य निवेशकों के लिए देश के ग्रामीण क्षेत्रों में आय एवं खपत के उच्च विकास से लाभ उठाने वाले संस्थाओं की इक्विटी और इक्विटी संबंधी उपकरणों में मुख्य रूप से निवेश करके दीर्घकालिक पूंजी मांग को पूरा करना है। योजना के तहत नया फंड प्रस्ताव 19 अक्टूबर को खुलकर 2 नवंबर को बंद हुआ।
- उल्लेखनीय है कि महिंद्रा म्यूचुअल फंड 'महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड'(MMFSL) की पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी है।

**संबंधित लिंक...**
https://m.dailyhunt.in/news/india/hindi/swatantraprabhat-epaper-swaprab/mahindra+myuchual+phand+ne+laanch+ki+mahindra+rural+bharat+end+kansampshan+yojana-newsid-98891487

## रेल विरासत डिजिटलीकरण परियोजना

**प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा किसके सहयोग से रेल विरासत डिजिटलीकरण परियोजना का शुभारंभ किया गया?**
(a) गूगल (b) याहू (c) सिफी (d) माइक्रोसॉफ्ट
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**




- 28 सितंबर, 2018 को रेल मंत्री पीयूष गोयल ने 'रेल विरासत डिजिटलीकरण परियोजना' का शुभारंभ किया।
- यह परियोजना गूगल आर्ट्स एंड कल्चर के सहयोग से शुरू की गई है।

- यह परियोजना एक ऑनलाइन कहानी-कथन मंच में भारतीय रेल के विरासत को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के लिए प्रदर्शित करेगी।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=183799

## सॉवरेन गोल्ड बांड योजना, 2018-19

**प्रश्न-भारत सरकार ने RBI के परामर्श से सॉवरेन गोल्ड बांड 2018-19 की शेष सीरीज जारी करने का निर्णय लिया है, जो कि जारी किए जाएंगे अक्टूबर, 2018 से लेकर-तक।**




(a) फरवरी, 2019 (b) मार्च, 2019 (c) जून, 2019 (d) अगस्त, 2019

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 8 अक्टूबर, 2018 को वित्त मंत्रालय के द्वारा सॉवरेन गोल्ड बांड, 2018-19 की विज्ञप्ति जारी की गई।
- सॉवरेन गोल्ड बांड अक्टूबर, 2018 से लेकर फरवरी, 2019 तक (सीरीज II से VI तक) जारी किए जाएंगे।
- 2018-19 की पहली सीरीज (I) मई, 2018 में जारी की गई थी।
- ध्यातव्य है कि सितंबर, 2015 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'सार्वभौमिक (सॉवरेन) स्वर्ण बांड योजना' को मंजूरी प्रदान की थी।जबकि इसकी घोषणा केंद्रीय बजट 2015-16 में ही कर दी गई थी।
- योजना को देश के चालू खाते के घाटे के बांडों की सीमित करने के उद्देश्य से लांच किया गया था
- भारत में सोने की मांग अधिकतर आयात द्वारा पूरी की जाती है।
- सॉवरेन गोल्ड बांड योजना, 2018-19 की ब्रिकी बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नामित डाकघरों और मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों जैसे कि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटैड के जरिए की जाएगी। बांड भारत सरकार की ओर से RBI द्वारा जारी किए जाएंगे।
- बांडों की बिक्री विभिन्न व्यक्तियों, हिन्दू अविभाजित परिवार (HUF), ट्रस्ट, विश्वविद्यालयों और धर्मार्थ संस्थाओं जैसे निवासी निकायों तक ही सीमित रहेगी।
- बांडों को एक ग्राम की बुनियादी इकाई के साथ सोने के ग्राम संबंधी गुणक में अंकित किया जाएगा।
- बांड की अवधि 8 वर्ष होगी और पांचवें, छठे एवं सातवें वर्ष में इससे बाहर निकलने का विकल्प रहेगा।
- बॉडों को खरीदने की अधिकतम सीमा व्यक्तियों के लिए 4 किलोग्राम, HUF के लिए भी 4 किलोग्राम और ट्रस्ट एवं इसी तरह के निकायों के लिए 20 किलोग्राम प्रति वित्त वर्ष (अप्रैल-मार्च) होगी, जिसके बारे में सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित किया जाता है।
- बांड का भुगतान या तो नकद अदायगी (अधिकतम 20000 रुपये तक) अथवा डिमांड ड्राफ्ट या चेक अथवा इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग के जरिए की जा सकेगी।

**संबंधित लिंक...**
https://rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=11388&Mode=0

# दुगनी बराज परियोजना

**प्रश्न-झारखंड के सरायकेला में दुगनी बराज परियोजना किस नदी पर निर्मित की जा रही है?**

(a) शंख नदी (b) संजय नदी (c) दक्षिण कोयल नदी (d) पुनपुन नदी



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 अक्टूबर, 2018 को झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सरायकेला में दुगनी बराज परियोजना का शिलान्यास किया। यह परियोजना संजय नदी पर निर्मित की जा रही है।
- इस परियोजना की लागत राशि 95.43 करोड़ रुपये होगी।
- परियोजना के निर्माण कार्य की पूर्णता अवधि वर्ष 2021 तक है।
- परियोजना पूरा होने पर 413 हेक्टेयर खरीफ और 256 हेक्टेयर रबी फसल की भूमि सिंचित होगी।

**संबंधित लिंक...**

http://cm.jharkhand.gov.in/node/8554

# मुख्यमंत्री लोक भवन योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में मुख्यमंत्री लोक भवन योजना शुरू की गई है?**

(a) बिहार (b) झारखंड (c) हिमाचल प्रदेश (d) उत्तराखंड

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अक्टूबर, 2018 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री लोक भवन योजना का शुभारंभ किया।
- इस योजना का शुभारंभ उन्होंने कांगड़ा जिले के पुलिस मैदान धर्मशाला में राज्य ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सारस मेला, 2018 के शुभारंभ के अवसर पर किया।
- मुख्यमंत्री लोक भवन योजनान्तर्गत प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने हेतु सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। इन सामुदायिक भवनों की लागत राशि 30 लाख रुपये होगी।
- इस अवसर पर ही मुख्यमंत्री ने युवा आजीविका योजना की दिशा-निर्देशिका भी जारी की और सैलानियों को लाभान्वित करने हेतु 'नमस्ते धर्मशाला' पुस्तिका का भी विमोचन किया।
- सारस मेले के आयोजन का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों को बिना किसी बिचौलिए के अपने उत्पादों को बेचने हेतु अवसर प्रदान करना था। इस राष्ट्रीय स्तरीय मेले में 10 राज्यों ने भागीदारी की।

**संबंधित लिंक...**

http://himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=2&ID=13082

## स्वास्थ्य में सहभागिता योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में गुणत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने हेतु 'स्वास्थ्य में सहभागिता योजना' शुरू करने का निर्णय किया गया?**

(a) झारखंड (b) बिहार (c) हिमाचल प्रदेश (d) उत्तराखंड

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने हेतु 'स्वास्थ्य में सहभागिता योजना' शुरू करने का निर्णय किया गया।
- इस योजना के तहत निजी क्षेत्र द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य लक्ष्यों के संरेखण तथा स्वास्थ्य प्रणाली को प्रभावी, कुशल, सुरक्षित और किफायती बनाने हेतु राज्य सरकार प्रोत्साहन प्रदान करेगी।योजनांतर्गत स्थापित मानकों के अनुसार निर्धारित क्षेत्र में निजी एलोपैथिक अस्पताल स्थापित करने हेतु किसी भी व्यक्ति, फर्म, कंपनी, ट्रस्ट या सोसायटी को भवन, मशीनरी और उपकरणों में एक करोड़ रुपये तक का निवेश करने पर 25 प्रतिशत पूंजी उपादान प्रदान किया जाएगा।
- अधिकतम 75 लाख रुपये की ऋण राशि पर तीन वर्षों के लिए 5 प्रतिशत ब्याज उपादान (सब्सिडी) प्रदान की जाएगी।

**संबंधित लिंक...**

http://himachalpr.gov.in/PressReleaseByYear.aspx?Language=2&ID=11896&Type=2&Date=25/04/2018

## मेधा प्रोत्साहन योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा राज्य के मेधावी विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं की कोंचिग हेतु मेधा प्रोत्साहन योजना शुरू करने का निर्णय किया गया?**

(a) बिहार (b) झारखंड (c) हिमाचल प्रदेश (d) हरियाणा



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को संपन्न हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य के मेधावी विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग/कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं की कोचिंग हेतु मेधा प्रोत्साहन योजना को शुरू करने का फैसला किया।
- इस योजनांतर्गत सीएलएटी/एनईईटी/आईआईटी-जेईई/एम्स/ एएफएमसी/ एनडीए आदि प्रतियोगीता परीक्षाओं हेतु कोचिंग सुविधा प्रदान की जाएगी।
- योजनांतर्गत 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता या वास्तविकता के अनुसार, जो भी कम हो, ऐसे मेधावी छात्रों को प्रदान की जाएगी।
- यह लाभ उन्हीं विद्यार्थियों को प्राप्त होगा जिनकी सालाना (वार्षिक) पारिवारिक आय 2.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होगी। चालू वित्त वर्ष के दौरान इस योजनांतर्गत 5 करोड़ रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

**संबंधित लिंक...**
http://himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=2&ID=13065

## मजदूरी क्षतिपूर्ति योजना

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में चाय बागानों में कार्यरत महिलाओं के लिए मजदूरी क्षतिपूर्ति योजना शुरू की गई है?**
(a) असम (b) पश्चिम बंगाल (c) कर्नाटक (d) मणिपुर



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को असम के मुख्यमंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने राज्य के चाय बागानों में कार्यरत गर्भवती महिलाओं के लिए मजदूरी क्षतिपूर्ति योजना का शुभारंभ गुवाहाटी में किया।
- योजनांतर्गत गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही पोषाहार उपलब्ध कराया जाएगा।
- योजना के तहत चाय बागानों में कार्यरत गर्भवती महिलाओं को मजदूरी क्षतिपूर्ति के रूप में 1200 रुपये की राशि प्रदान की जाएगी।इस योजना से 60 हजार महिलाओं को मदद प्राप्त होने की संभावना है।
- योजना से मातृ और नवजात शिशु मृत्युदर में कमी आएगी।

**संबंधित लिंक...**
http://newsonair.nic.in/Main-News-Details.aspx?id=353456

## नदी प्रदूषण समाप्ति योजना

**प्रश्न-हाल ही में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में किन दो नदियों में प्रदूषण को समाप्त करने हेतु नदी प्रदूषण समाप्ति योजना को मंजूरी प्रदान की गई?**
(a) डोडा एवं तवी नदी (b) दरास एवं देविका नदी (c) देविका एवं तवी नदी (d) सिंगो एवं नुब्रा नदी



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में दो नदियों के प्रदूषण को समाप्त करने हेतु नदी प्रदूषण समाप्ति योजना को मंज़ूरी प्रदान की।
- इस परियोजना अंतर्गत उधमपुर में देविका एवं तवी नदी को प्रदूषण मुक्त करने का कार्य किया जाएगा।
- यह परियोजना मार्च, 2021 तक पूरी होगी।इस परियोजना हेतु कुल स्वीकृत राशि 186.74 करोड़ रुपये है।
- यह राशि 90 : 10 लागत आधार पर भारत सरकार और जम्मू-कश्मीर सरकार द्वारा वहन की जाएगी।
- परियोजनांतर्गत केंद्र सरकार की हिस्सेदारी 186.74 करोड़ रुपये और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 18.08 करोड़ रुपये होगी।इस परियोजना का क्रियान्वयन शहरी इंजीनियरिंग तथा पर्यावरण विभाग (UEED) द्वारा किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि उधमपुर में इन दोनों नदियों में प्रदूषण का मुख्य कारण गंदे पानी का गिरना

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1548191

# ऑपरेशन/अभियान

## अल्ट्रा साइकिल अभियान

**प्रश्न-अल्ट्रा साइकिल अभियान किसके द्वारा संचालित किया जा रहा है?**

(a) युवा मामले एवं खेल मंत्रालय (b) राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण सोसायटी

(c) कॉरप्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स (d) पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 15 नवंबर, 2018 को अल्ट्रा साइकिल अभियान दल को कॉरप्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मैकेनिकल इंजीनियर्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल के.के. अग्रवाल ने अगले चरण हेतु नई दिल्ली स्थित राजपथ से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- कॉरप्स ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड मेकेनिकल इंजीनियर्स द्वारा यह अभियान अपने प्लैटिनम जुबली समारोहों के एक हिस्से के रूप में संचालित किया जा रहा है।
- 15 अगस्त, 2018 को इस अभियान को सिकंदराबाद से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।
- इस अभियान के तहत देश के सभी राज्यों से गुजरते हुए 25000 किमी. की दूरी तय की जाएगी।

**संबंधित लिंक...**

http://rniindia.in/ultra-cycle-expedition-by-corps-of-electronics-and-mechanical-engineers-

## RBI का ओपेन मार्केट ऑपरेशन

**प्रश्न-हाल ही में RBI ने ओपेन मार्केट ऑपरेशन के तहत बाजार में कितनी राशि की तरलता लाने की घोषणा की है?**

(a) 40,000 करोड़ रुपए (b) 60,000 करोड़ रुपए (c) 80,000 करोड़ रुपए (d) 120,000 करोड़ रुपए




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 अक्टूबर, 2018 को RBI ने ओपेन मार्केट ऑपरेशंस के जरिए नवंबर में सिस्टम में 40,000 करोड़ रुपए की तरलता लाने की घोषणा की । ओपेन मार्केट ऑपरेशंस के तहत RBI सरकारी प्रतिभूतियों की खरीदारी करेगी।
- ध्यातव्य है कि यह फैसला ऐसे समय आया है, जब अर्थव्यवस्था में तरलता का संकट और वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी IL – FS को सितंबर में अपनी देनदारियां चुकाने में असमर्थ होने के कारण 'डिफॉल्ट' घोषित कर दिया गया था।

**संबंधित लिंक...**

https://economictimes.indiatimes.com/markets/bonds/jm-financial-set-to-raise-rs-1250-crore-via-retail-bonds/articleshow/66610552.cms

# संयुक्त सैन्य अभ्यास इंद्र, 2018

**प्रश्न-18-28 नवंबर, 2018 के मध्य किन दो देशों के मध्य संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इंद्र 2018' का आयोजन किया जाएगा?**

(a) भारत एवं जापान (b) भारत एवं रूस (c) भारत एवं अमेरिका (d) भारत एवं इस्राइल



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 में भारत एवं रूस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'इंद्र 2018' (Exercise INDRA- 2018) का आयोजन बबीना फायरिंग रेंज, बबीना मीलिट्री स्टेशन, झांसी (उ.प्र.) में किया जाएगा।
- यह इस सैन्य अभ्यास का नवीनतम संस्करण है।
- इस 11 दिवसीय सैन्य अभ्यास में रूस की 5वीं बटालियन तथा भारत की मैकेनाइज्ड इंफैंट्री बटालियन भाग लेगी। इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के तहत शांति रख-रखाव हेतु दोनों सेनाओं की अंतःक्रियाशीलता बढ़ाने के लिए संयुक्त योजना और संचालन का अभ्यास करना है।
- उल्लेखनीय है कि भारत व रूस के मध्य वर्ष 2003 से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग प्रारंभ किया गया था।

**संबंधित लिंक...**

https://www.financialexpress.com/defence/exercise-indra-2018-india-russia-to-ramp-up-military-ties/1380824/

# भारत-अमेरिका त्रि-सेवा अभ्यास

**प्रश्न-भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका का पहला त्रि-सेवा (थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना) अभ्यास कब आयोजित किया जाएगा?**



(a) 2018 में (b) 2019 में (c) 2020 में (d) 2021 में

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य त्रि-सेवा (थल सेना, वायु सेना तथा नौसेना) सैन्य अभ्यास वर्ष 2019 में आयोजित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि सितंबर, 2018 में भारत एवं अमेरिका के मध्य संपन्न 2+2 वार्ता में त्रि-सेवा सैन्य अभ्यास पर सहमति बनी।
- यह अभ्यास मानवीय सहायता, आपदा राहत मिशन और संयुक्त राष्ट्र आधारित परिदृश्य पर केंद्रित होगा।
- वर्तमान में भारत एवं अमेरिका की थल सेनाओं के मध्य 'युद्ध अभ्यास' नामक सैन्य अभ्यास और वायु सेनाओं के मध्य 'कोप इंडिया' नामक द्विपक्षीय सैन्य अभ्यास आयोजित किया जाता है।
- इसके अतिरिक्त भारत एवं अमेरिका की नौसेना जापान की नौसेना समेत 'मालाबार' नामक नौसैन्य अभ्यास में शामिल होती हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://www.business-standard.com/article/current-affairs/2-2-talks-us-india-sign-comcasa-agree-to-do-tri-service-military-exercise-118090601304_1.html

https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/india-us-tri-services-exercise-second-of-kind-first-was-with-russia/articleshow/65708972.cms

## संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्म गार्डियन, 2018

**प्रश्न-1 नवंबर से 14 नवंबर, 2018 के मध्य किन देशों के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन', 2018 का आयोजन किया जाएगा?**



(a) भारत-इस्राइल (b) भारत-जापान (c) भारत-मलेशिया (d) भारत-ऑस्ट्रेलिया

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर से 14 नवंबर, 2018 के मध्य भारत एवं जापान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्डियन, 2018' का आयोजन किया जाएगा।
- इसका आयोजन वैरेंटे (मिजोरम) में स्थित काउंटर इन्सर्जेंसी वारफेयर स्कूल में किया जाएगा।
- इस सैन्य अभ्यास में भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स भाग लेंगे।
- जिसमें भारतीय दल का प्रतिनिधित्व 6/1 गोरखा रायफल्स और जापानी दल का प्रतिनिधित्व जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स की 32 इन्फैंट्री रेजीमेंट करेगी।
- 'धर्म गार्डियन, 2018' दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग सहित सामरिक संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।
- इस 14 दिवसीय सैन्य अभ्यास के दौरान दोनों देशों के रक्षा बलों के बीच अंतर-परिचालन पर विशेष बल दिया जाएगा।
- दोनों पक्ष शहरों में युद्ध जैसी स्थिति बनने पर संभावित खतरों के निराकरण के लिए अनगिनत सामरिक सैन्य अभ्यास के लिए संयुक्त रूप से प्रशिक्षण की व्यवस्था एवं योजना बनाने के साथ-साथ उनका समुचित कार्यान्वयन भी करेंगे।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184255

## इबसमर (IBSAMAR)-VI, 2018

**प्रश्न-1-13 अक्टूबर, 2018 के मध्य भारतीय, ब्राजीलियाई और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के मध्य संयुक्त बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'इबसमर' (IBSAMAR) का छठवें संस्करण का आयोजन कहां किया जा रहा है?**



(a) केप टाउन (b) सिमन्स टाउन (c) कोच्चि (d) गोवा

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1-13 अक्टूबर, 2018 के मध्य भारतीय, ब्राजीलियाई और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के मध्य संयुक्त बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास 'इबसमर' (IBSAMAR) का छठवें संस्करण का आयोजन सिमन्स टाउन (Simons Town), दक्षिण अफ्रीका में किया जा रहा है।

- इस अभ्यास का उद्देश्य भाग लेने वाली 'नौसेनाओं' के लिए सामूहिक प्रशिक्षण करना एवं पारस्परिक समझ के साथ-साथ सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना है।
- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना प्रतिनिधित्व गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट 'तर्कश' (Tarkash), गाइडेड मिसाइल विध्वशंक 'कोलकाता', लांग रेंज मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्रॉफ्ट (Long Range Maritime Patrol Aircraft P8I), सीकिंग (Seaking) और चेतक हेलीकॉप्टर और एक मार्कोस (MARCOS) दल द्वारा किया जा रहा है।
- ज्ञातव्य है कि IBSAMAR का पांचवां संस्करण 19-26 जनवरी, 2016 के मध्य गोवा में आयोजित किया गया था।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1548247

# आयोग/समिति

## प्रतिस्पर्धा अधिनियम समीक्षा समिति




**प्रश्न-प्रतिस्पर्धा अधिनियम कब पारित हुआ था?**
(a) 2002 (b) 2001 (c) 2000 (d) 2003
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 30 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा सशक्त आधारभूत ढांचे की आवश्यकता के लिए संबंधित अधिनियम को समकालीन बनाने के उद्देश्य से 'प्रतिस्पर्धा अधिनियम की समीक्षा हेतु' प्रतिस्पर्धा अधिनियम समीक्षा समिति का गठन किया गया है।
- कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के सचिव इस समिति के अध्यक्ष होंगे।
- समिति के सदस्यों में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के अध्यक्ष, भारतीय दिवालिया और शोधन अक्षमताबोर्ड के अध्यक्ष, शामिल होंगे।
- इसके अतिरिक्त हैग्रिव खेतान, हर्षवर्धन सिंह, पल्लवी शार्दूल श्रॉफ, डॉ.एस. चक्रवर्ती और आदित्य भट्टाचारजी समिति के सदस्य होंगे।
- कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के संयुक्त सचिव (प्रतिस्पर्धा) समिति के सदस्य सचिव होंगे।
- यह समिति बदलते व्यापार पारितंत्र और आवश्यक परिवर्तन करने के परिप्रेक्ष्य में प्रतिस्पर्धा अधिनियम/नियम/विनियमों की समीक्षा करेगी।
- यह समिति प्रतिस्पर्धा क्षेत्र की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों का अध्ययन करेगी, जिसमें विशेष रूप से साख विरोधी कानून, विलय, दिशा-निर्देश और सीमा व्यापार प्रतिस्पर्धा मुद्दे शामिल हैं।
- इसके अलावा यह समिति प्रतिस्पर्धा अधिनियम का अतिच्छादन (Overlap) करने वाले अन्य नियामक व्यवस्था/संस्थागत तंत्र/सरकारी नीतियों का अध्ययन करेगी।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002 प्रतिस्पर्धा अधिनियम के पारित होने के बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की स्थापना की गई थी।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1547975

## केंद्र सरकार द्वारा लोकपाल खोज समिति

**प्रश्न-27 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के अध्यक्ष और इसके सदस्यों के नामों की सिफारिश करने के लिए किसकी अध्यक्षता में एक आठ सदस्यीय खोज समिति का गठन किया?**



(a) न्यायमूर्ति आर.के. अग्रवाल (b) न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई
(c) न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल (d) न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के अध्यक्ष और इसके सदस्यों के नामों की सिफारिश करने के लिए एक आठ सदस्यीय खोज समिति का गठन किया।
- इस समिति की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई करेंगी।
- समिति के सदस्यों में भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व अध्यक्ष अरुंधति भट्टाचार्य, प्रसार भारती के अध्यक्ष ए. सूर्य प्रकाश और इसरो के पूर्व अध्यक्ष ए.एस. किरण कुमार, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सखा राम सिंह यादव, गुजरात पुलिस के पूर्व प्रमुख शब्बीर हुसैन एस. खंडवावाला, राजस्थान कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ललित के. पवार और पूर्व सॉलीसिटर जनरल रंजीत कुमार शामिल हैं।
- इस समिति को लोकपाल और इसके सदस्यों की नियुक्ति के लिए नामों की एक सूची की सिफारिश करने का अधिकार दिया गया है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/news/national/centre-appoints-search-committee-for-lokpal/article25061884.ece

# सम्मेलन/समारोह

## सार्वजनिक खरीद और प्रतिस्पर्धा कानून पर राष्ट्रीय सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-5 नवंबर, 2018 को 'सार्वजनिक खरीद और प्रतिस्पर्धा कानून पर राष्ट्रीय सम्मेलन, 2018' का आयोजन कहां किया गया?**
(a) जयपुर (b) पुणे (c) कोलकाता (d) नई दिल्ली
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 5 नवंबर, 2018 को 'सार्वजनिक खरीद और प्रतिस्पर्धा कानून पर राष्ट्रीय सम्मेलन' (National Conference on Public Procurement & Competition Law), 2018 का आयोजन नई दिल्ली में किया गया।

- इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) द्वारा कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय के अधीन एक थिंक टैंक-कॉर्पोरेट मामलों के भारतीय संस्थान (IICA) के सहयोग से किया गया।
- इस सम्मेलन का उद्देश्य बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा के अनुरूप क्षमता संवर्धन और सार्वजनिक खरीद पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण हितधारकों तक पहुंच बनाना है।
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के बारे में-
- इसका गठन 14 अक्टूबर, 2003 को किया गया।
- इसमें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष तथा 6 सदस्य शामिल हैं।
- वर्तमान में सुधीर मीतल (Sudhir Mital) सीसीआई के अध्यक्ष हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1551833
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184593

## द्वितीय नौसैन्य कमांडर सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-31 अक्टूबर, से 2 नवंबर, 2018 के मध्य द्वितीय नौसैन्य कमांडर सम्मेलन, 2018 कहां संपन्न हुआ?**
(a) कोचीन (b) विशाखापत्तनम (c) नई दिल्ली (d) मुंबई



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 31 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2018 के मध्य द्वितीय नौसैन्य कमांडर सम्मेलन, (Second Navy Commanders' Conference), 2018 नई दिल्ली में संपन्न हुआ।
- इस द्वि-वार्षिक नौसैन्य कमांडर सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) "Optimisation" and Emerging Technologies" है।
- इस सम्मेलन की अध्यक्षता नौसेना प्रमुख सुनील लनबा ने की थी।
- केंद्रीय रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित किया।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184567

## भारत-यूएई भागीदारी शिखर सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-30-31 अक्टूबर, 2018 के मध्य 'भारत-यूएई भागीदारी शिखर सम्मेलन, 2018' का आयोजन कहां किया गया?**
(a) मुंबई (b) नई दिल्ली (c) अबू धाबी (d) दुबई




**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 30-31 अक्टूबर, 2018 के मध्य 'भारत-यूएई भागीदारी शिखर सम्मेलन' (India UAE Partnership Summit), 2018 का आयोजन दुबई में किया गया।

- इसका उद्देश्य निवेश क्षेत्रों, परियोजनाओं, वित्त पोषण आवश्यकताओं की पहचान करना तथा महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा, परियोजनाओं के लिए निवेश बढ़ाने में मदद करना है।
- इस सम्मेलन के लिए फोकस क्षेत्र थे-शिक्षा और एसएमई (SME'S) में निवेश, कौशल विकास और प्लेसमेंट।
- फोकस भारतीय राज्य थे-दिल्ली, असम, पंजाब और पश्चिम बंगाल।
- फोकस यूएई राज्य (Emirate) शारजाह था।

**संबंधित लिंक...**
http://iups.ae/wp-content/uploads/programbooklet2018.pdf

## अग्नि-I मिसाइल का सफल रात्रिकालीन परीक्षण

**प्रश्न-30-31 अक्टूबर, 2018 को भारत ने स्वदेश निर्मित नाभिकीय सक्षम 'अग्नि-I' बैलेस्टिक मिसाइल का ओडिशा के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (व्हीलर द्वीप) से सफल रात्रिकालीन परीक्षण किया गया। यह मार करती है-**
(a) सतह से हवा (b) हवा से हवा (c) सतह से सतह (d) हवा से सतह



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 30-31 अक्टूबर, 2018 को भारत ने स्वदेश निर्मित नाभिकीय सक्षम 'अग्नि-I' बैलेस्टिक मिसाइल का सफल रात्रिकालीन परीक्षण किया।
- अग्नि-I मिसाइल को ओडिशा के बालासोर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (व्हीलर द्वीप) के एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) के प्रक्षेपण स्थल 4 से मोबाइल लांचर द्वारा दागा गया।
- 'अग्नि-I' का यह परीक्षण सेना के सामरिक बल कमान (SFC) द्वारा नियमित प्रयोक्ता परीक्षण के तहत किया गया। 'अग्नि-I' सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।
- इसकी मारक क्षमता 700 किमी. है।
- 15 मीटर लंबी तथा 12 टन वजनी यह मिसाइल 1000 किग्रा. भार के पारंपरिक तथा परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम है।
- एकल चरण वाली 'अग्नि-I ' मिसाइल को रेल एवं सड़क दोनों प्रकार के मोबाइल लांचर से छोड़ा जा सकता है।
- इस मिसाइल में लिक्विड और सॉलिड दोनों तरह के ईंधन का प्रयोग हो सकता है।
- वर्ष 2004 में भाररतीय सशस्त्र बलों के जखीरे में शामिल अग्नि-1 पहली और एकमात्र ठोस इंजन आधारित मिसाइल है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.dailypioneer.com/2018/india/agni-1-ballistic-missile-night-trial-successful.html

## वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर पहला वैश्विक सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-30 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2018 के मध्य 'वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर पहला वैश्विक सम्मेलन, 2018' कहां संपन्न हुआ?**




(a) न्यूयॉर्क (b) पेरिस (c) जिनेवा (d) रोम

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2018 के मध्य वायु प्रदूषण और स्वास्थ्य पर पहला वैश्विक सम्मेलन (First Global Conference on Air Pollution and Health), 2018 विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) के मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड में संपन्न हुआ।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"Improving Air Quality, Combatting Climate Change-Saving Lives" था।
- इस सम्मेलन का आयोजन संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण (UN Environment), विश्व मौसम संगठन (W.M.O.), संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन क्लाइमेट चेंज (UNFCCC), द क्लाइमेट एंड क्लीन एयर कोलिशन टू रिड्यूस शार्ट-लिव्ड क्लाइमेट पाल्यूटेंट्स (CCAC) और यूरोप के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक आयोग (UNECE) के सहयोग से आयोजित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि विश्व भर में सात मिलियन मौतें वायु प्रदूषण के कारण होती हैं। सम्मेलन का उद्देश्य असामयिक मृत्यु के कारणों में से एक वायु प्रदूषण का मुकाबला करना।

**संबंधित लिंक...**
http://www.who.int/airpollution/events/conference/en/

## सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में अच्छे, प्रतिकृति प्रथाओं और नवाचारों पर पांचवां राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-30 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2018 के मध्य 'सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में अच्छे, प्रतिकृति प्रथाओं और नवाचारों पर पांचवां शिखर सम्मेलन' कहां आयोजित किया गया?**




(a) इंदौर, म.प्र. (b) भोपाल, म.प्र. (c) नई दिल्ली (d) काजीरंगा, असम

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2018 के मध्य सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में अच्छे, प्रतिकृति प्रथाओं और नवाचारों पर पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन (5th National Summit on Good, Replicable Practices and Innovation in Pubilic Health Care Systems), 2018 का आयोजन काजीरंगा असम में किया गया।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।

- इस तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य क्षेत्र के सुधार के लिए कई राज्यों और संगठनों द्वारा लागू किए जाने वाली अच्छी प्रथाओं और नवाचारों को साझा करना और सीखना है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184467

## आदि महोत्सव, 2018

**प्रश्न–आदि महोत्सव, 2018 का मुख्य विषय (Theme) क्या है?**
(a) आदिवासी संस्कृति, व्यंजन और व्यापार की भावना का उत्सव।
(b) आदिवासी संस्कृति और सभ्यता का सम्मिलन।
(c) आदिवासी संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और व्यापार की भावना का उत्सव।
(d) आदिवासी संस्कृति, व्यंजन और शिल्प की भावना का उत्सव।



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 16-30 नवंबर, 2018 के मध्य जनजातीय शिल्प, संस्कृति, व्यंजन और व्यापार को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय जनजातीय उत्सव 'आदि महोत्सव' का आयोजन नई दिल्ली में किया जाएगा।
- इस महोत्सव का आयोजन जनजातीय मामलों के मंत्रालय और भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन संघ (ट्राइफेड) द्वारा किया जा रहा है।
- इसका आयोजन दिल्ली हाट, आईएनए में 16-30 नवंबर तक, नेहरू पार्क में 21-30 नवंबर तक और सेंट्रल पार्क में 16-19 नवंबर, 2018 तक किया जाएगा।
- इस महोत्सव का मुख्य विषय (Theme) 'आदिवासी संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और व्यापार की भावना का उत्सव' (A Celebration of the Spirit of Tribal Culture, Craft, Cuisine and Commerce) है।
- इस महोत्सव में जनजातीय कला एवं शिल्प, औषधियों, जनजातीय व्यंजनों की प्रदर्शनी एवं बिक्री तथा जनजातीय लोक कला का प्रदर्शन किया जाएगा।
- महोत्सव में 23 राज्यों से 600 से अधिक शिल्पकार, 20 से अधिक राज्यों के 80 जनजातीय शेफ, 200 से अधिक कलाकार सहित 14 नृत्य समूह भाग लेंगे।

**संबंधित लिंक...**
http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=355406

## यूपी के तीन जिलों में 'गीत रामायण' का आयोजन

**प्रश्न–नवंबर, 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किस भाषा में प्रदेश के तीन जिलों में 'गीत रामायण' के आयोजन पर सहमति प्रदान की?**
(a) मराठी (b) भोजपुरी (c) अवधी (d) ब्रज



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के तीन जिलों वाराणसी, आगरा एवं मुजफ्फरनगर में 'गीत रामायण' के आयोजन पर सहमति प्रदान की।
- राज्यपाल राम नाईक ने इस आयोजन हेतु प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा था।
- उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के मध्य हुए सांस्कृतिक अनुबंध के तहत इस कार्यक्रम का आयोजन मराठी भाषा में जाएगा। ध्यातव्य है कि 'गीत रामाण' के रचनाकार गजानन दिगंबर मांडगुलकर एवं मराठी व हिंदी संगीतकार तथा गायक सुधीर फड़के का वर्ष 2019 जन्म शताब्दी वर्ष होगा।
- मांडगुलकर को आधुनिक वाल्मीकि के नाम से जाना जाता था।
- इस अवसर पर वाराणसी में 10-11 जनवरी, आगरा में 13-14 जनवरी तथा मुजफ्फरनगर में 15-16 जनवरी, 2019 को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
- कार्यक्रम का संचालन मांडगुलकर के पुत्र आनंद मांडगुलकर करेंगे तथा सुधीर फड़के के पुत्र श्रीधर फड़के गायन प्रस्तुत करेंगे।

**संबंधित लिंक...**
http://upgovernor.gov.in/upgovernor.gov.in/Press%20Note/2018-11-01b%20Hindi%20Press%20Note.pdf

## एमएसएमई सेक्टर के लिए सहयोग एवं संपर्क कार्यक्रम

**प्रश्न–हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम) सेक्टर के लिए सहयोग एवं संपर्क के शुभारंभ के अवसर पर इस सेक्टर' के लिए कितनी घोषणाएं की?**



(a) 8 (b) 10 (c) 11 (d) 12
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 2 नवंबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) सेक्टर के लिए सहयोग एवं संपर्क कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- इस कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री द्वारा 12 महत्वपूर्ण घोषणा की गई।
- यह घोषणाएं ऋणों तक पहुंच, बाजारों तक पहुंच, प्रौद्योगिकी उन्नयन, कारोबार में सुगमता, एमएसएमई सेक्टर के कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा से संबंधित हैं।
- प्रधानमंत्री द्वारा की गई 12 घोषणाएं निम्नलिखित हैं-
- एमएसएमई को सुगमता से ऋण उपलब्ध कराने हेतु 59 मिनट का लोन पोर्टल शुरू करने की घोषणा।
- जीएसटी पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) दो प्रतिशत सब्सिडी देने का उल्लेख और शिपमेंट से पूर्व और शिपमेंट के बाद की अवधि में ऋण लेने वाले निर्यातकों हेतु ब्याज की छूट तीन प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत करने की घोषणा।
- 500 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर वाली सभी कंपनियों को (टीआरईडीएस) पोर्टल में शामिल करने की घोषणा।
- चौथी घोषणा अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को अब 20 प्रतिशत के बजाए अपनी कुल खरीददारी की 25 प्रतिशत खरीदारी एमएसएमई से करेंगी।
- पांचवीं घोषणा महिला उद्यमियों से संबंधित है जिसके तहत एमएसएमई से की गई अनिवार्य 25 प्रतिशत की खरीदारी में से 3 प्रतिशत खरीददारी अब महिला उद्यमियों हेतु आरक्षित होगी।

- केंद्र सरकार के सभी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों को अनिवार्यतः जीईएम का हिस्सा बनाए जाने की घोषणा।
- पूरे देश में प्रौद्योगिकी उन्नयन से संबंधित 22 केंद्र स्थापित करने और टूल रूम के रूप में 100 स्पोक्स स्थापित किए जाने की घोषणा।
- 8वीं घोषणा फार्मा कंपनियों से संबंधित है, जिसके तहत फार्मा क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए कलस्टर स्थापित किए जाएंगे और इन क्लस्टरों के निर्माण की लागत का 70 प्रतिशत केंद्र सरकार वहन करेगी।
- 9वीं घोषणा सरकारी प्रक्रियाओं के सरलीकरण से संबंधित है, जिसके अंतर्गत आठ श्रम कानूनों और 10 केंद्रीय नियमों के तहत रिटर्न अब वर्ष में एक ही बार फाइल किया जाएगा।
- 10वीं घोषणा के तहत अब प्रतिष्ठानों का निरीक्षक द्वारा किया जाने वाला दौरा कंप्यूटर आधारित औचक आवंटन के माध्यम से निर्धारित किया जाएगा।
- 11वीं घोषणा-वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण के नियमों के तहत इन दोनों क्लीयरेंस को एकल अनुमति में समाविष्ट करने की घोषणा।
- 12वीं घोषणा कंपनी अधिनियम के तहत छोटे आर्थिक अपराधों से जुड़ी प्रक्रियाओं के सरलीकरण हेतु अध्यादेश लाने की घोषणा।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551780

## अंतरराष्ट्रीय नृत्य समारोह

**प्रश्न–हाल ही में 15वां अंतरराष्ट्रीय नृत्य समारोह 'उद्भव उत्सव' कहां आयोजित किया गया?**
(a) ग्वालियर (b) जयपुर (c) हैदराबाद (d) अहमदाबाद
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**




- 20 से 25 अक्टूबर, 2018 के मध्य जिवाजी क्लब, ग्लालियर (मध्य प्रदेश) में 15वां अंतरराष्ट्रीय नृत्य समारोह 'उद्भव उत्सव' का आयोजन किया गया।
- भारत की 25 टीमों के अतिरिक्त बुल्गारिया, तुर्की और श्रीलंका से नृत्य दलों ने इसमें भाग लिया।

**संबंधित लिंक...**
https://iov.world/zh-hans/node/1156

## केंद्रीय और राज्य सूचना संगठनों का 26वां सम्मेलन

**प्रश्न-15-16 नवंबर, 2018 के मध्य केंद्रीय और राज्य सूचना संगठनों का 26वां सम्मेलन कहां आयोजित किया** गया?
(a) नई दिल्ल (b) बंगलुरू (c) धर्मशाला (d) हैदराबाद
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**



- 15-16 नवंबर, 2018 के मध्य केंद्रीय और राज्य सूचना संगठनों का 26वां सम्मेलन हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला में स्थित होटल डी' पोलो में आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा किया गया।
- 15 नवंबर, 2018 को इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यन्वयन राज्य मंत्री विजय गोयल ने किया।
- इस वर्ष के सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'आधिकारिक आंकड़े में गुणवत्ता आश्वासन' (Quality Assurance in Official Statistics) है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1552705

## हिमालयी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन

**प्रश्न-अक्टूबर, 2018 में हिमालयी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन कहां आयोजित किया जाएगा?**
(a) देहरादून (b) शिमला (c) गंगटोक (d) गुवाहाटी
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 5 अक्टूबर, 2018 को हिमालयी राज्यों के मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन शिमला (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित किया गया।
- सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme) 'कृषि के माध्यम से हिमालयी लोगों की भावी पीढ़ी का कल्याण' था।
- यह सम्मेलन हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के माध्यम से आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन 12 हिमालयी राज्यों के एक सिविल सोसायटी संगठन समेकित पर्वतीय पहल और शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन की सहभागिता से किया गया।
- 5 अक्टूबर, 2018 को शिमला स्थित होटल पीटर हॉफ में 12 हिमालयी राज्यों के मुख्यमंत्रियों एवं सांसदों का भी सम्मेलन आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन में मुख्य विषय 'कृषि के माध्यम से हिमालयी लोगों की भावी पीढ़ी के कल्याण' के अलावा हिमालयी क्षेत्र में जल विद्युत और पर्यटन को भी शामिल किया गया।
- शिमला में यह सम्मेलन दूसरी बार आयोजित किया गया।
- इससे पूर्व वर्ष 2009 में 29-30 अक्टूबर, के मध्य 'भारतीय हिमालय: ग्लेशियर्स, जलवायु परिवर्तन व आजीविका' विषय पर यहां हिमालयी मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन आयोजित हुआ था।

**संबंधित लिंक...**
http://himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=2&ID=12986

## महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन

**प्रश्न-हाल ही में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन कहां आयोजित किया गया?**

(a) हैदराबाद (b) गांधीनगर (c) नई दिल्ली (d) लखनऊ

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2018 तक महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद द्वारा किया गया।
- इस सम्मेलन का आयोजन पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा किया गया।
- इस सम्मेलन में 68 देशों के 160 प्रतिनिधि उपस्थित हुए।
- ज्ञातव्य है कि वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने संधारणीय विकास लक्ष्य 2030 (SDG-2030) घोषित किए। SDG के 6वें भाग के तहत सभी के लिए स्वच्छता एवं पानी के सतत प्रबंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।
- ध्यातव्य है कि 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की गई थी जिसका लक्ष्य 2 अक्टूबर, 2019 (महात्मा गांधी के जन्म की 150वीं जयंती) तक खुले में शौच से पूरी तरह मुक्त बनाना है।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1547951

## भारत-बांग्ला सीमा सम्मेलन

**प्रश्न-हाल ही में भारत-बांग्ला सीमा सम्मेलन किस राज्य में आयोजित हुआ?**

(a) पश्चिम बंगाल (b) मिजोरम (c) त्रिपुरा (d) सिक्किम



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को भारत और बांग्लादेश के बीच आइजोल, मिजोरम में एक संयुक्त सीमा सम्मेलन आयोजित किया गया।
- इस सम्मेलन में दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने मिजोरम के साथ दोनों देशों के बीच सीमा सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।
- इस सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व भारत के सर्वे निदेशक संजय कुमार ने किया।
- बांग्लादेश के प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व बांग्लादेश के सर्वेक्षक जनरल, ब्रिगेडियर जाकिर अहमद ने किया।

**संबंधित लिंक...**

http://www.ptinews.com/news/10071853_Indo-Bangla-border-conference-held-in-Mizoram.html
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/indo-bangla-border-conference-held-in-mizoram-118092700529_1.html

## 25वां डीएसटी-सीआईआई प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन

**प्रश्न-25वें डीएसटी-सीआईआई प्रौद्योगिकी शिखर सममेलन का भागीदार देश होगा-**



(a) नीदरलैंड्स (b) डेनमार्क (c) नार्वे (d) स्वीडन

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- वर्ष 2019 में 25वें डीएसटी-सीआईआई प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।
- सम्मेलन का भागीदार देश नीदरलैंड्स होगा।
- यह प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन का रजत (Silver Jubilee) जयंती संस्करण होगा।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 भारत एवं नीदरलैंड्स का अनुसंधान भागीदारी का 10वां वर्ष है।

**संबंधित लिंक...**

http://dst.gov.in/netherlands-be-partner-country-25th-dst-cii-technology-summit-2019
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184483

## 5वां हमारा महासागर सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-हाल ही में 'हमारा महासागर सम्मेलन, 2018 का आयोजन कहां किया गया?**




(a) बाली (b) बैंकाक (c) माले (d) कोलंबो

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29-30 अक्टूबर, 2018 के मध्य बाली, इंडोनेशिया में '5वां हमारा महासागर सम्मेलन, 2018' का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय 'हमारा महासागर, हमारी विरासत' (Our Ocean Our Legacy) था।
- ध्यातव्य है कि हमारा महासागर सम्मेलन प्रतिबद्धता के निर्माण और महासागरों की संपोषणीयता को बनाए रखने के लिए कार्रवाई किए जाने पर केंद्रित है।

**संबंधित लिंक...**

https://ourocean2018.org/

## C40 मेयर शिखर सम्मेलन, 2019

**प्रश्न-C40 मेयरों के शिखर सम्मेलन, 2019 का आयोजन कहां किया जाएगा?**



(a) लंदन (b) मैक्सिको सिटी (c) न्यूयार्क (d) कोपेनहेगेन

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2019 में डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगेन में C40 मेयरों के शिखर सम्मेलन का अयोजन किया जाएगा।
- इसकी घोषणा 19 अक्टूबर, 2018 को कोपेनहेगेन के मेयर फ्रैंक जेनसेन द्वारा की गई।

- आयोजक शहर के रूप में कोपेनहेगेन का चयन 'C40' संचालन समिति द्वारा किया गया। इस संचालन समिति का गठन 17 मेयरों द्वारा होता है।
- कोपेनहेगेन शिखर सम्मेलन में विभिन्न शहरों के मेयर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, निवेशक, वैज्ञानिक एवं नागरिक एक साथ मिलकर विश्व के विभिन्न शहरों के धारणीय विकास हेतु सर्वाधिक प्रभावशाली जलवायु समाधानों से अवगत होगें।
- गौरतलब है कि 'C40' बड़े शहरों का एक वैश्विक नेटवर्क है। यह जलवायु परिवर्तन की रोकथाम से संबंधित कार्यवाही करने के साथ-साथ हरित गृह गैसों के उत्सर्जन एवं जलवायु जोखिमों को कम करने की दिशा में नीतियों एवं कार्यक्रमों का निर्माण और कार्यान्वयन भी करता है।
- 'C40' मेयरों के शिखर सम्मेलन का आयोजन प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर होता है।
- इस सम्मेलन में 'C40' नेटवर्क के 96 सदस्य शहरों के मेयर एवं नेतृत्वकर्ता भाग लेते हैं।
- इस नेटवर्क की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। इसकी स्थापना हेतु लंदन के मेयर केन लिविंगस्टोन का महत्वपूर्ण योगदान है।
- मेयर लिविंगस्टोन 'C40' के प्रथम अध्यक्ष थे एवं इनके कार्यकाल के दौरान ही 'C40' के सचिवालय की स्थापना लंदन में की गई थी।
- गौरतलब है कि विगत 'C40' शिखर सम्मेलनों का आयोजन लंदन, न्यूयॉर्क सियोल, साओ पॉलो, जोहांसबर्ग एवं मेक्सिको सिटी में किया जा चुका है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.c40cities.org/press_releases/copenhagen-to-host-c40-mayors-summit-2019

## विश्व शांति अहिंसा सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-22-24 अक्टूबर, 2018 के मध्य विश्व शांति अहिंसा सम्मेलन, 2018 का आयोजन कहां किया गया?**
(a) भुवनेश्वर (b) नासिक (c) नागपुर (d) गुरुग्राम



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 22-24 अक्टूबर, 2018 के मध्य 'विश्व शांति अहिंसा सम्मेलन' का आयोजन मांगी तुंगी, नासिक (महाराष्ट्र) में किया गया।
- सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा किया गया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन का आयोजन भगवान ऋषभदेव मूर्ति निर्माण समिति द्वारा किया जा रहा है।
- इस अवसर पर राष्ट्रपति ने मुरादाबाद (उ.प्र.) स्थित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (TMU) को पहला अंतरराष्ट्रीय भगवान ऋषभदेव अवॉर्ड प्रदान किया।
- इस पुरस्कार के तहत टीएमयू के चांसलर सुरेश जैन को 11 लाख रु. नगद एक स्मृति चिह्न तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**संबंधित लिंक...**
https://www.financialexpress.com/india-news/maharashtra-president-ram-nath-kovind-to-inaugurate-vishwa-

shanti-ahimsa-sammelan/1357062/
http://www.newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=354305

## भारतीय महिला जैविक महोत्सव, 2018

**प्रश्न-26 अक्टूबर से 4 नवंबर, 2018 के मध्य 'भारतीय महिला जैविक महोत्सव के पांचवें संस्करण का आयोजन कहां किया जाएगा?**

(a) जयपुर (b) लखनऊ (c) नई दिल्ली (d) वाराणसी



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 अक्टूबर से 4 नवंबर, 2018 के मध्य भारतीय महिला जैविक महोत्सव के पांचवे संस्करण (5th Edition of the Women of India Organic Festival) का आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, जनपथ रोड, नई दिल्ली में किया गया।
- इस महोत्सव का उद्देश्य जैविक संस्कृति और जैविक कृषि करने वाली महिला कृषकों और उद्यमियों को बढ़ावा देना है।
- इस महोत्सव में देश भर से 500 से अधिक महिला उद्यमी अपने जैविक उत्पादों जैसे अनाज, चावल, दालें, त्वचा देखभाल उत्पादों, कपड़ों, आभूषणों इत्यादि के साथ भाग लिया।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184297

## नैसकॉम व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन सामरिक शिखर सम्मेलन

**प्रश्न-हाल ही में 20वें नैसकॉम व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन सामरिक शिखर सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?**

(a) बंगलुरू (b) मुंबई (c) चेन्नई (d) नई दिल्ली

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

BPM STRATEGY SUMMIT 2018
Winning in the era of the Intelligent Enterprise
4th-5th OCTOBER, 2018 HOTEL LEELA PALACE BANGALORE

- 4-5 अक्टूबर, 2018 के मध्य बंगलुरू में 20वां नैसकॉम (NASSCOM) व्यवसाय प्रसंस्करण प्रबंधन (BPM) सामरिक शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ।
- सम्मेलन का मुख्य विषय 'प्रज्ञ उद्यम के युग में विजय' (Winning in the era of the Intelligent Enterprise) था।

**संबंधित लिंक...**

https://www.nasscom.in/bpmsummit/overview.pdf

## कृषि कुंभ, 2018

**प्रश्न-हाल ही भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय 'कृषि कुंभ' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी, 2018 में भागीदार देश कौन थे?**



(a) भूटान, श्रीलंका (b) बांग्लादेश, मालदीव (c) जापान, इस्राइल (d) इस्राइल, कनाडा

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 26-28 अक्टूबर, 2018 के मध्य 'कृषि कुंभ' अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी, 2018' का आयोजन किया गया।
- इसका आयोजन भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (IISR), लखनऊ में किया गया।
- इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया।
- इस कृषि कुंभ मेले में हरियाणा और झारखंड सहयोगी राज्य के रूप में तथा जापान और इस्राइल सहयोगी देश के रूप में शामिल हुए।
- इस मेले में सभी 75 जिलों के चुनिंदा किसानों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों एवं केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं के सदस्यों ने भागीदारी की।
- इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस्राइल के सहयोग से बस्ती और कन्नौज जिले में फल और सब्जी हेतु स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का लोकार्पण किया।
- इस दौरान उत्तर प्रदेश और जापान के मध्य कृषि निवेश से संबंधित समझौता-ज्ञापन भी हस्ताक्षरित हुआ।

**संबंधित लिंक...**

http://www.uniindia.com/pm-inaugurates-krishi-kumbh-to-double-income-of-farmers/states/news/1389316.html

## 5वां इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव, 2018

**प्रश्न-हाल ही में इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव, 2018 का आयोजन कहां किया गया?**



(a) मुंबई में (b) बंगलुरू में (c) गुरुग्राम में (d) नई दिल्ली में

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 26-28 अक्टूबर, 2018 के मध्य '5वां इंडिया आइडियाज कॉन्क्लेव (सम्मेलन), 2018' का आयोजन नई दिल्ली में किया गया। इसका आयोजन इंडिया फाउंडेशन ने किया।
- इसका मुख्य विषय (Theme)- 'नागरिक घोषणा पत्र -विचारों का मंथन' (Citizens, Manifesto – Churn of Ideas) था।
- इस सम्मेलन में 400 से अधिक बुद्धिजीवियों ने भागीदारी की जिसमें राजनीतिज्ञ, उद्योगपति, पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं इत्यादि ने भाग लिया।
- इस सम्मेलन में 27 अक्टूबर, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने भाग लिया और संबोधित किया।

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जानकारी प्रदान की कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 6 नवंबर, 2018 को अयोध्या में पुनः दीपोत्सव आयोजित होगा, जिसमें सहभागी देश के रूप में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति भाग लेंगे।

**संबंधित लिंक...**
http://www.indiafoundation.in/fifth-india-ideas-conclave/

## 12वां एशिया-यूरोप मीटिंग (ASEM) शिखर सम्मेलन, 2018

**प्रश्न-18-19 अक्टूबर, 2018 के मध्य '12वां एशिया-यूरोप मीटिंग (ASEM) शिखर सम्मेलन' कहां आयोजित किया जा रहा है?**




(a) न्यूयॉर्क (b) पेरिस (c) बर्लिन (d) ब्रुसेल्स
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 18-19 अक्टूबर, 2018 के मध्य '12वां एशिया-यूरोप मीटिंग (ASEM) शिखर सम्मेलन (12th ASEM Summit) का आयोजन ब्रुसेल्स, बेल्जियम में किया जा रहा है।
- इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-'यूरोप और एशिया : वैश्विक चुनौतियों के लिए वैश्विक भागीदार' (Europe and Asia : Global Partners for Global Challenges) है।
- यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क ने इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की।
- इसमें 51 यूरोपीय और एशियाई देशों के राज्य या सरकार के प्रमुख भाग ले रहे हैं।
- उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने इस शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

**संबंधित लिंक...**
https://www.aseminfoboard.org/events/12th-asem-summit-asem12

## वैश्विक भागीदारी मंच, 2018

**प्रश्न-दिसंबर, 2018 में वैश्विक भागीदारी मंच, 2018 का आयोजन कहां किया जाएगा?**
(a) नई दिल्ली (b) चेन्नई (c) अहमदाबाद (d) जयपुर
**उत्तर-(a)</strong**
**संबंधित तथ्य**

- 12-13 दिसंबर, 2018 के मध्य नई दिल्ली में वैश्विक भागीदारी मंच, 2018 का आयोजन किया जाएगा।
- यह वैश्विक भागीदारी मंच का चौथा संस्करण होगा।
- इसका आयोजन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और मातृ, नवजात तथा शिशु स्वास्थ्य हेतु भागीदारी (PMNCH) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।
- इसमें 100 से अधिक देशों के 1200 भागीदार शामिल होंगे।
- ये भागीदार 'प्रत्येक महिला, प्रत्येक बच्चा' (EWEC) आंदोलन और संयुक्त राष्ट्र महासचिव के 'महिलाओं, बच्चों एवं किशोरों के स्वास्थ्य हेतु वैश्विक रणनीति' प्राप्त के लिए समर्पित है।

- इस मंच का उद्देश्य मातृ, नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य हेतु भागीदारी के 1000 से अधिक भागीदारों को साझी रणनीति के प्रति एकीकृत करना है, जिससे प्रत्येक महिला, बच्चा एवं किशोर जीवित रह सके।

**संबंधित लिंक...**

http://www.who.int/pmnch/about/governance/partnersforum/2018/en/index1.html

## तीसरी हिमाचल प्रदेश विज्ञान कांग्रेस

**प्रश्न-हाल ही में तीसरी हिमाचल प्रदेश विज्ञान कांग्रेस कहां आयोजित हुई?**

(a) शिमला (b) धर्मशाला (c) मंडी (d) मनाली

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- तीसरी हिमाचल प्रदेश विज्ञान कांग्रेस भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मंडी में आयोजित हुई।
- इसका आयोजन संयुक्त रूप से हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद (HIMCOSTE) और आईआईटी, मंडी द्वारा किया गया।
- इसका मुख्य विषय (Theme)- 'विज्ञान और प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप के माध्यम से ग्रामीण उत्थान' (Rural Upliftment through Science and Technology Interventions) था।
- इस कांग्रेस में वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं ने ग्रामीण परिवर्तन के लिए प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों/उत्पादों में हालिया प्रगति और भविष्य के रुझानों पर विचार-विमर्श किया।

**संबंधित लिंक...**

http://iitmandi.ac.in/3rd_hpsc/

## वैज्ञानिक सम्मान समारोह

**प्रश्न- हाल ही में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के लिए कितने वैज्ञानिकों को विभिन्न श्रेणीयों में सम्मानित किया?**

(a) 35 (b) 40 (c) 41 (d) 45



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अक्टूबर, 2018 को लोक भवन में वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के लिए वैज्ञानिकों को सम्मानित करने हेतु वैज्ञानिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
- इस समारोह का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के तत्वावधान में आयोजित हुआ।
- इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2014-15 एवं वर्ष 2015-16 के लिए 41 वैज्ञानिकों को सम्मानित किया।

- इन वैज्ञानिकों को विज्ञान गौरव सम्मान, विज्ञान रत्न सम्मान, युवा वैज्ञानिक सम्मान, बाल वैज्ञानिक सम्मान और नव अन्वेषक सम्मान से सम्मानित किया गया है।

**संबंधित लिंक...**
http://information.up.nic.in/attachments/files/5bd1a880-2668-40d6-8a8e-1eb90af72573.pdf

## अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन, 2018

**प्रश्न-25-28 अक्टूबर, 2018 के मध्य 'अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन' का आयोजन कहां किया जा रहा है?**
(a) जयपुर (b) हैदराबाद (c) पोर्टब्लेयर (d) नई दिल्ली
**उत्तर-(d)**




**संबंधित तथ्य**

- 25-28 अक्टूबर, 2018 के मध्य 'अंतरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन' का आयोजन नई दिल्ली में किया जा रहा है।
- 25 अक्टूबर, 2018 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- वर्ष 2024 में स्वामी दयानंद की 200वीं जयंती मनाई जाएगी।
- जबकि वर्ष 2025 में आर्य समाज की 150वीं जयंती मनाई जाएगी।
- स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने जाति, आस्था और वर्ग आधारित सामाजिक भेदभाव समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण काम किया था।
- उन्होंने वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना की थी।
- 'वेदों की ओर लौटो' उनका प्रमुख नारा था।
- 'सत्यार्थ प्रकाश' की रचना स्वामी दयानंद सरस्वती ने की थी।

**संबंधित लिंक...**
http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550715

## कोरल रीफ्स की स्थिति और संरक्षण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (STAPCOR)-2018

**प्रश्न-22-24 अक्टूबर, 2018 के मध्य 'कोरल रीफ्स की स्थिति और संरक्षण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कहां किया गया?**
(a) मुंबई (b) पुणे (c) लक्षद्वीप (d) पोर्ट ब्लेयर
**उत्तर-(c)**




**संबंधित तथ्य**

- 22-24 अक्टूबर, 2018 के मध्य 'कोरल रीफ्स की स्थिति और संरक्षण पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन' (International Conference on Status and Protection of Coral Reefs : STAPCOR), 2018 का आयोजन लक्षद्वीप के बंगारम कोरल आइलैंड में किया गया।
- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)- "जीवन के लिए रीफ" (Reef for Life) था।
- केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

- कोलकाता स्थित जूलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, आईयूसीएन, ईएनवीआईएस के तकनीकी सहयोग से पर्यावरण और वन विभाग, केंद्रशासित लक्षद्वीप प्रशासन ने इस सम्मेलन का आयोजन किया था।
- इस सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय से लगभग 150 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- तकनीकी विचार-विमर्श के लिए इस कार्यक्रम में आए प्रतिनिधियों और मुख्य वक्ताओं में अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत इटली, फ्रांस, मालदीव और श्रीलंका के सदस्य शामिल रहे।
- ध्यातव्य है अंतरराष्ट्रीय कोरल रीफ उपक्रम (ICRI : International Coral reef initiative) द्वारा वर्ष 2018 को अंतरराष्ट्रीय रीफ वर्ष (International Reef Year) घोषित किया गया।

**संबंधित लिंक...**
http://zsi.gov.in/WriteReadData/userfiles/file/Training/2018_Training_August_01.pdf

## अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की पहली सभा

**प्रश्न-2 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहां पर अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की पहली सभा का उद्घाटन किया?**

(a) गुरुग्राम (b) ग्रेटर नोएडा (c) नई दिल्ली (d) फरीदाबाद

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान भवन, नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सौरगठबंधन (ISA) की पहली सभा का उद्घाटन किया।
- इसके साथ ही उन्होंने हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) की द्वितीय नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रिस्तरीय बैठक और द्वितीय विश्व नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक बैठक एवं प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी उपस्थित थे।
- आईएसए, सौर ऊर्जा के तीव्र और व्यापक नियोजन के माध्यम से पेरिस जलवायु समझौते के कार्यान्वयन में योगदान देने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पहल है।
- इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक भारत का कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्रोतों द्वारा पूरा करने का लक्ष्य है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550113

# संधि/समझौता

## अटल नवाचार मिशन तथा के बीच समझौता 'टैलेंट एंड सक्सेस'

**प्रश्न-हाल ही में 'अटल नवाचार मिशन' तथा रूस के 'टैलेंट एंड सक्सेस' निधि के बीच समझौता हस्ताक्षरित हुआ जिसकी पृष्ठ भूमि तैयार हुई थी प्रधानमंत्री की-**

(a) साइरियस शिक्षण केंद्र के दौरे के दौरान (b) मॉस्को दौरे में (c) वोलोग्डा दौरे में (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-(a)

**संबंधित तथ्य**

- 22 नवंबर, 2018 को मंत्रिमंडल के द्वारा 'अटल नवाचार मिशन' और रूस के 'टैलेंट एंड सक्सेस' निधि के बीच हुए समझौते की जानकारी दी गई।
- समझौते से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संवर्धन, छात्रों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के आदान-प्रदान के जरिए भारत एवं रूस के मध्य एक मजबूत आधारशिला स्थापित होगी।
- समझौते की पृष्ठभूमि भारतीय प्रधानमंत्री की 23-24 दिसंबर, 2015 की साइरियस शिक्षण केंद्र के दौरे से तैयार हुई थी।
- वहां यह प्रस्ताव किया गया था कि भारतीय छात्रों के साथ काम करने के लिए रूसी छात्रों को भारत आमंत्रित किया जाए।
- अक्टूबर, 2018 में दस भारतीय छात्रों के साथ काम करने के लिए दस रूसी छात्रों ने भारत का दौरा किया था।
- भारत के यह दस छात्र आईआईटी, दिल्ली के एक नवाचार विकास केंद्र में स्थित पांच 'अटल टिंकरिंग लैब' से जुड़े थे।
- छात्रों ने पांच सेक्टर स्वास्थ्य, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वच्छता, कृषि-प्रौद्योगिकी एवं स्मार्ट गतिशीलता में नए प्रोटोटाइप के विकास की संभावना तलाशने के लिए नवाचार अवधारणा पर काम किया।'

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=185888

## भारत-रूस रक्षा सौदा

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय नौसेना के दो युद्धपोतों के निर्माणार्थ भारत-रूस ने सौदा किया है-**

(a) 500 मिलियन डॉलर का (b) 1000 मिलियन डॉलर का (c) 1500 मिलियन डॉलर का (d) 2000 मिलियन डॉलर का

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 नवंबर, 2018 को भारत और रूस ने 500 मिलियन डॉलर का डिफेंस डील किया।

- यह सौदा (डील) भारतीय नौसेना के दो मिसाइल युद्धपोतों के निर्माण के लिए किया गया है। 'तलवार श्रेणी' के इन दो युद्धपोतों के निर्माण सौदे में शामिल उभयपक्ष हैं-'गोवा शिपयार्ड लिमिटेड' एवं 'रोसोबोरोन एक्सपोर्ट'।
- ध्यातव्य है कि हालिया भारत-रूस डिफेंस डील से कुछ दिन पहले भारत और रूस के बीच 'S-400 ' सिस्टम के लिए समझौता हस्ताक्षरित हुआ था।
- वर्तमान समझौते के तहत रूस भारत में युद्धपोतों के निर्माणार्थ गोवा शिपयार्ड को डिजाइन, प्रौद्योगिकी जानकारियां और अन्य प्रमुख सामग्रियां प्रदान करेगा।
- युद्धपोतों का निर्माण वर्ष 2020 में शुरू होगा और पहला युद्धपोत वर्ष 2026 में, जबकि दूसरा युद्धपोत वर्ष 2027 तक तैयार होगा।
- दोनों पक्ष इससे पहले ही एक अरब अमेरिकी डॉलर के एक और सौदे को भी अंतिम रूप दे चुके हैं। जिसके तहत रूस वर्ष 2023 तक भारत को दो फ्रिगेट (Frigate) की आपूर्ति करेगा।
- भारत सर्वाधिक रक्षा सामग्री का आयात रूस से करता है।

**संबंधित लिंक...**
https://economictimes.indiatimes.com/news/defence/india-russia-finalise-usd-500-million-deal-for-construction-of-2-warships-for-indian-navy/articleshow/66709107.cms

## ब्रिटिश काउंसिल, अरुणाचल प्रदेश सरकार के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर

**प्रश्न-हाल ही में ब्रिटिश काउंसिल और अरुणाचल प्रदेश सरकार के मध्य किसके सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए?**

(a) शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग हेतु (b) सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में
(c) व्यापार भागीदारी बढ़ाने हेतु (d) सामरिक साझेदारी हेतु

BRITISH COUNCIL

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 अक्टूबर, 2018 को ब्रिटिश काउंसिल और अरुणाचल प्रदेश सरकार के मध्य शैक्षणिक और सांस्कृतिक सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- यह समझौता भारत में ब्रिटिश काउंसिल की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर किया गया।
- इस समझौते के तहत दिसंबर, 2018 से ब्रिटिश काउंसिल प्रत्येक वर्ष अरुणाचल प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों के 50 संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित करेगा।
- इन 50 संकाय सदस्यों में 30 राजकीय कालेज से, 10 राजकीय पालिटेक्निक संस्थानों से, 8 केन्द्रीय संस्थानों से तथा 2 अधिकारी उच्च शिक्षा प्रशासन से संबंधित होंगे।
- इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष अंग्रेजी भाषा में दक्ष तकनीकी शिक्षा संस्थानों के 50 छात्रों को भी प्रशिक्षित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में ब्रिटिश काउंसिल ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ दीर्घकालीन सहयोग किया है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.indiatoday.in/education-today/news/story/arunachal-pradesh-government-british-council-mou-1377731-2018-10-29

## भारत-मोरक्को समझौता

**प्रश्न-12 नवंबर, 2018 को भारत और मोरक्को के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता संबंधित है–**

(a) रोजगार के क्षेत्र में प्रशिक्षण और शिक्षा (b) कृषि और कृषि तकनीक

(c) आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता (d) उपरोक्त में कोई नहीं



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 नवंबर, 2018 को भारत और मोरक्को के बीच आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता पर एक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।
- इस समझौते पर भारत सरकार की तरफ से गृह राज्य मंत्री किरेन रिजिजू और मोरक्को साम्राज्य की सरकार की तरफ से न्याय मंत्री मोहम्मद औज्जर ने हस्ताक्षर किए।
- इस समझौते से मोरक्को के साथ द्विपक्षीय संबंध और सुदृढ़ होंगे तथा साथ ही प्रभावशीलता में भी वृद्धि होगी।
- इससे अपराधों की रोकथाम, जांच एवं अभियोजन के साथ-साथ आतंकवादी घटनाओं के वित्त पोषण से जुड़ी धनराशि का पता लगाने, उस पर अंकुश लगाने तथा संबंधित रकम की जब्ती हेतु एक व्यापक कानूनी फ्रेमवर्क या ढांचा प्रदान करने में भी सहायता प्राप्त होगी।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184681

## पारस्परिक सहयोग के लिए कोच्चि, विलनियस समझौता

**प्रश्न–हाल ही में 'अंतरराष्ट्रीय शहरी सहयोग' परियोजना तहत कोच्चि ने किस देश के साथ समझौता–ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया?**

(a) फ्रांस (b) नार्वे (c) लिथुवानिया (d) जर्मनी



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 में कोच्चि और लिथुआनिया की राजधानी विलनियस द्वारा समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।समझौता-ज्ञापन यूरोपीय संघ (ईयू) परियोजना 'अंतरराष्ट्रीय शहरी सहयोग' का हिस्सा है।
- सहयोग का प्राथमिक ध्यान शहरी नियोजन, कॉर्पोरेट नियोजन, परिवहन, ठोस जल प्रबंधन और जल प्रबंधन होगा।कोच्चि निगम के प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए जिसमें डिप्टीमेयर टीजे विनोद, स्थायी समिति के अध्यक्ष पीएम हरिस, के वी.पी. कृष्णा कुमार और विपक्षी नेता के.जे. एंटनी विलनियस शामिल थे।
- प्रतिनिधि मंडल द्वारा शहरी विकास नीतियों, सांस्कृतिक विरासत, लोकतांत्रिक प्रशासनिक प्रणाली और विलनियस के महापौर रेमिजिजस सिमासाइसा एमबीएन के साथ दोनों शहरों की आधुनिक तकनीकों पर चर्चा की गई।

- बिलिनियस टीम जनवरी, 2019 में कोच्चि की यात्रा करेगी ताकि दोनों शहरों के बीच सहभागिता के अधिक क्षेत्रों की पहचान हो सके।

**संबंधित लिंक...**
http://iuc.eu/index.php?id=358

## टी.एन.ई.जी.ए. और आई.आई.टी.मद्रास के बीच समझौता

**प्रश्न-तमिलनाडु ई-गवर्नेंस एजेंसी (टीएनईजीए) और आई.आई.टी. मद्रास के मध्य कृत्रिम बुद्धिमता, मशीन लर्निंग जैसी अधुनातन प्रौद्योगिकी की सहायता से शासन को डेटा सुधार करने हेतु समझौता-ज्ञापन कब हस्ताक्षरित किया गया?**




(a) 9 सितंबर, 2018 को (b) 25 सितंबर, 2018 को
(c) 9 अक्टूबर, 2018 को (d) उपरोक्त में कोई नहीं

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में तमिलनाडु ई-गवर्नेंस एजेंसी (टीएनईजीए) और आई.आई.टी. मद्रास के मध्य कृत्रिम बुद्धिमता, मशीन लर्निंग जैसी अधुनातन प्रौद्योगिकी की सहायता से डेटा संचालित शासन (e-गवर्नेंस) में सुधार हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।

**संबंधित लिंक...**
https://tnega.tn.gov.in/pages/view/signing-of-mou-between-TNeGA-and-IIT-madras

## भारत-रूसी संघ में समझौता

**प्रश्न–हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और रूस के बीच किस तिथि को हस्ताक्षरित समझौता–ज्ञापन और एक सहयोग ज्ञापन के विषय में जानकारी प्रदान की गई?**



(a) 4 अगस्त, 2018 (b) 24 सितंबर, 2018 (c) 26 सितंबर, 2018 (d) 5 अक्टूबर, 2018

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल को भारत और रूस के बीच 5 अक्टूबर, 2018 को हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन और एक सहयोग ज्ञापन (Memorandum of Cooperation) के विषय में जानकारी प्रदान की गई।
- परिवहन शिक्षा में सहयोग विकसित करने हेतु रूसी संघ के परिवहन मंत्रालय के साथ समझौता-ज्ञापन।
- रेलवे के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग पर संयुक्त द स्टॉक कंपनी 'रूसी रेलवे' के साथ सहयोग ज्ञापन।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551493

# आईएसए के समझौता ढांचे में संशोधन

**प्रश्न–हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किस संगठन के सभी सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की सदस्यता हेतु आईएसए के समझौता ढांचे में संशोधन के उद्देश्य से आईएसए की प्रथम बैठक में प्रस्ताव पेश करने को मंजूरी प्रदान की गई?**

(a) ब्रिक्स (b) यूरोपीय संघ\ (c) संयुक्त राष्ट्र (d) ओपेक

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की सदस्यता हेतु आईएसए के समझौता ढांचे में संशोधन के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की प्रथम बैठक में प्रस्ताव पेश करने की मंजूरी प्रदान की गई।
- संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की सदस्यता प्रदान करने से सौर ऊर्जा वैश्विक एजेंडा में शामिल हो जाएगा।
- यह आईएसए को समावेशी बनाएगा जिसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश आईएसए के सदस्य होंगे।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551491

# तेल विपणन कंपनियों और सीएसी-एसपीवी में समझौता

**प्रश्न–मौजूदा समय में देश में कितने सामान्य सेवा केंद्र (सीएससी) कार्यरत हैं?**



(a) 2.50 लाख (b) 2.75 लाख (c) 3.15 लाख (d) 3.25 लाख

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 नवंबर, 2018 को तेल विपणन कंपनियों ओएमसी (इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड) और सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया के बीच रसोई गैस (एलपीजी) के वितरण में सहयोग हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- यह समझौता-ज्ञापन विधि और न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस एवं कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में हस्ताक्षरित हुआ।
- समझौता-ज्ञापन के तहत सीएससी-एसपीवी और तेल विपणन कंपनियां अपने वितरकों को सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से विभिन्न सेवाओं को मुहैया कराएंगी।
- सामान्य सेवा केंद्र लाभार्थियों को डिजिटल सेवा पोर्टल के माध्यम से अपने घर के पास वर्तमान में प्रदत्त ओएमसी सेवाओं को प्रदान करने में सहायता प्रदान करेगा।
- सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु ग्राम स्तर पर उद्यमियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

- ग्राम स्तर के उद्यमियों द्वारा संचालित सामान्य सेवा केंद्र डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का महत्वपूर्ण घटक है।
- इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।
- वर्तमान में देश में 3.15 लाख सामान्य सेवा केंद्र कार्यरत हैं, जिसमें से 60 हजार केंद्र महिलाओं द्वारा संचालित हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1551825

## केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू-इसरो समझौता

**प्रश्न-अंतरिक्ष अनुसंधान के विषय में जागरूकता और अंतरिक्ष, खगोल विज्ञान, भूविज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों से संबंधित अनुसंधान के लिए युवाओं को प्रेरित करने हेतु कार्यशाला कहां आयोजित की गई?**
(a) कर्नाटक में (b) जम्मू-कश्मीर में (c) आंध्र प्रदेश में (d) हिमाचल प्रदेश में



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 11 अक्टूबर, 2018 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू के बीच विश्वविद्यालय में अंतरिक्ष विज्ञान के लिए सतीश धवन केंद्र की स्थापना हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस अवसर पर केंद्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू और केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर-सीएसआईओ) के बीच एक अन्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ।
- जिसमें अंतरिक्ष अनुसंधान के विषय में जागरूकता और अंतरिक्ष, खगोल विज्ञान, भूविज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों से संबंधित अनुसंधान के लिए युवाओं को प्रेरित करने हेतु कार्यशाला भी आयोजित करना शामिल है।
- इस केंद्र (J.U. के सतीश धवन केंद्र) में भू-स्थानिक डेटा विश्लेषण की सुविधा होगी, जिसका उपयोग प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग और भूमि उपयोग की पद्धति की योजना बनाने में किया जाएगा।
- इस केंद्र में वायुमंडलीय अध्ययन हेतु भूमि पर निगरानी क्षेत्र, खगोल विज्ञान और ग्लेशियर के अध्ययन हेतु अनुसंधान प्रयोगशाला भी होगी।
- इसके अलावा एक आपदा प्रबंधन केंद्र भी स्थापित किया जाएगा जिसमें बाढ़, भूस्खलन, जंगल की आग, सूखे और जलवायु परिवर्तन जैसी विभिन्न आपदाओं के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184134

## भारत-सिंगापुर समझौता

**प्रश्न–जून, 2018 में हस्ताक्षरित समझौता–ज्ञापन के तहत भारत और सिंगापुर के बीच किस क्षेत्र में सहयोग हेतु संयुक्त कार्यसमूह का गठन किया गया है?**




(a) सूचना प्रौद्योगिकी (b) दोहरा कराधान एवं कर अपवंचन
(c) फिन टैंक (d) फार्मा उद्योग

**उत्तर-(c)**


**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और सिंगापुर के बीच फिन टैंक पर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) गठित करने से संदर्भित जून, 2018 में हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन को पूर्वव्यापी प्रभाव से मंजूरी प्रदान की गई।
- दोनों देशों के बीच फिन टैंक क्षेत्र में सहयोग हेतु संयुक्त कार्य समूह का गठन किया गया है।
- इस सहयोग से दोनों देशों को ऐप्लीकेशन, प्रोग्रामिंग इंटरफेसेज (एपीआई), रेग्युलेटरी सैंडबॉक्स, भुगतान में सुरक्षा और डिजिटल नकद प्रवाह, इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण हेतु रुपे नेटवर्क (एनईटीएस) के समेकन, आसियान क्षेत्र में आधार स्टैक और ई-केवाईसी एवं नियमों में सहयोग, वित्तीय बाजारों और बीमा इत्यादि के क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने में मदद मिलेगी।
- दोनों देशों के मध्य संयुक्त रूप से गठित संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) के क्षेत्र और कार्य की सीमाओं अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ कार्य प्रणाली का आदान-प्रदान, वित्तीय टेक्नोलॉजी उद्योग, फिन टैंक क्षेत्र के फर्मों के बीच सहयोग को बढ़ावा और अंतरराष्ट्रीय मानकों का विकास शामिल हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550467

## सीआईआई और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के बीच समझौता

**प्रश्न-हाल ही में कहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) के मध्य टिकाऊ विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन के लिए समझौता-ज्ञापन (एमओयू)पर हस्ताक्षर किया गया?**



(a) नई दिल्ली (b) अहमदाबाद (c) लखनऊ (d) बंगलुरू

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 4 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण के मध्य टिकाऊ विकास के पर्यावरणीय आयाम के सुसंगत कार्यान्वयन हेतु समझौता-ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक एरिक सोलहम और भारतीय उद्योग परिसंघ के महानिदेशक चन्द्रजीत बनर्जी ने हस्ताक्षर किए।

- ज्ञातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम संयुक्त राष्ट्र की एक संस्था है, जो पर्यावरण की दृष्टि से अच्छी नीतियों और प्रथाओं को लागू करने में विकासशील देशों की सहायता करने हेतु पर्यावरणीय गतिविधियों का समन्वय करता है।
- इसका मुख्यालय नौरोबी, केन्या में स्थित है।
- उल्लेखनीय है कि भारतीय उद्योग परिसंघ भारत की एक गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी उद्योग प्रबंधित संगठन है।यह भारत के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**संबंधित लिंक...**
https://timesofindia.indiatimes.com/india/cii-and-un-environment-sign-mou/articleshow/66076638.cms

## भारत जापान मुद्रा-अदला-बदली (करेंसी स्वैप) समझौता

**प्रश्न–हाल ही में भारत और जापान ने कितनी राशि के मुद्रा अदला–बदली (करेंसी स्वैप) समझौते पर हस्ताक्षर किया है?**
(a) 75 अरब डॉलर (b) 100 अरब डॉलर (c) 95 अरब डॉलर (d) 85 अरब डॉलर



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 में भारत और जापान के मध्य 75 अरब डॉलर के मुद्रा अदला-बदली (करेंसी स्वैप) समझौते पर हस्ताक्षर हुआ।
- समझौता भारतीय बाजार में अधिक स्थिरता लाने और विदेशी मुद्रा के मुकाबले रुपये की कमजोरी दूर करने में मददगार होगा। करेंसी स्वैप समझौता भारत और जापान को रुपये-येन में कारोबार की इजाजत देता है।
- ध्यातव्य है कि उभयपक्ष लगभग 75 अरब डॉलर का आपसी व्यापार रुपये और येन में कर सकते हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/india-japan-sign-75-bn-currency-swap-agreement/article25360947.ece

## श्री नैना देवी और श्री आनंदपुर साहिब के बीच रोपवे निर्माण हेतु समझौता

**प्रश्न-हाल ही में किन दो राज्यों के बीच नैना देवी और आनंदपुर साहिब के बीच रोपवे निर्माण हेतु समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ?**
(a) उत्तराखंड व पंजाब के बीच (b) उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के बीच
(c) पंजाब और हिमाचल प्रदेश के बीच (d) पंजाब और असम के बीच



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को भगत सिंह की 111वीं जयंती के अवसर पर पंजाब और हिमाचल प्रदेश के मध्य श्री नैना देवी और आनंदपुर साहिब के बीच रोपवे के निर्माण हेतु समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

- इस समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की उपस्थिति में हुआ।
- इस रोपवे के निर्माण की अनुमानित लागत राशि 210 करोड़ रुपये है।
- इस परियोजनांतर्गत लोअर टर्मिनल पंजाब में श्री आनंदपुर साहिब के निकट रामपुर में, इंटरमीडिएट स्टेशन हिमाचल के टोबा में और अपर टर्मिनल प्वाइंट श्री नैना देवी में स्थापित किया जाएगा।
- नैना देवी मंदिर शिवालिक पर्वत श्रेणी की व पहाड़ियों पर हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में स्थित है, जो देवी के 52 शक्तिपीठों में से एक है।
- आनंदपुर साहिब पंजाब के रूपनगर जिले में स्थित सिखों का पवित्र धार्मिक स्थल है।
- आनंदपुर साहिब की स्थापना सिखों के नवें गुरु गुरु तेग बहादुर सिंह ने 1665 में की थी।

**संबंधित लिंक...**
http://punjab.gov.in/key-initiative?view=show&pp_id=31022
http://newsonair.com/Main-News-Details.aspx?id=353382

## कोल इंडिया-नेवेली लिग्नाइट समझौता

**प्रश्न-हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी कोल इंडिया ने किस कंपनी के साथ संयुक्त रूप से बिजलीघर लगाने की घोषणा की है?**

(a) नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन (b) एनटीपीसी (c) गेल (d) ऑल इंडिया



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 8 अक्टूबर, 2018 को कोल इंडिया लिमिटेड ने बिजली उत्पादन के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए एनएलसी इंडिया लिमिटेड (NLCIL) के साथ समझौता किया है।
- 3,000 मेगावॉट की सौर ऊर्जा उत्पादन और 2,000 मेगवॉट की ताप विद्युत परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है।
- ध्यातव्य है कि कोल इंडिया की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है।
- समझौते के तहत एक 50:50 के अनुपात में संयुक्त उद्यम कंपनी का गठन किया जाएगा जो इन परियोजनाओं को पूर्ण करेगी।सौर परियोजना 15,000 एकड़ भूमि पर स्थापित की जाएगी।
- सौर ऊर्जा उत्पादन की अनुमानित लागत 12,000 करोड़ रुपए है।
- संयुक्त उद्यम कंपनी द्वारा सौ र परियोजना और तापीय परियोजना को क्रमशः 15 महीने एवं 60 महीने में पूर्ण कर दिया जाएगा।परियोजना को सीईआरसी मानदंडों (CERC Norms) के अनुसार 70:30 के डेब्ट इक्विटी अनुपात के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा।
- •यहां सीईआरसी से तात्पर्य है-कैंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग।

**संबंधित लिंक...**
https://economictimes.indiatimes.com/industry/energy/power/coal-india-signs-mou-with-nlc-for-5000-mw-power-generation/articleshow/66124273.cms

## ब्रिक्स देशों के बीच दो क्षेत्रों में सहयोग हेतु समझौता

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ब्रिक्स देशों के बीच 10वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान किस क्षेत्र में सहयोग हेतु हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन को पूर्व-व्यापी मंजूरी प्रदान की गई?**

(a) सामाजिक और श्रम (b) पर्यावरण (c) सूचना प्रौद्योगिकी (d) दोहरा कराधान एवं कर अपवंचन

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ब्रिक्स देशों के बीच पर्यावरण के क्षेत्र में सहयोग हेतु हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन को पूर्व-व्यापी प्रभाव से मंजूरी प्रदान की गई।
- यह समझौता-ज्ञापन जुलाई, 2018 में जोहान्सबर्ग, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित 10वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित हुआ था।
- इस समझौता-ज्ञापन के माध्यम से पांच बड़ी अर्थव्यवस्था वाले ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) ने पर्यावरण को बचाने, उसे संरक्षित करने और उसके स्थायित्व हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।
- इसी दिन केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा ब्रिक्स देशों के बीच सामाजिक और श्रम क्षेत्र में सहयोग हेतु हस्ताक्षरित समझौता-ज्ञापन को पूर्व-व्यापी मंजूरी प्रदान की गई।
- यह समझौता ज्ञापन-3 अगस्त, 2018 को डरबन में आयोजित ब्रिक्स देशों के श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक के दौरान हस्ताक्षरित हुआ था।

**संबंधित लिंक...**

http://www.pib.nic.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1550471

## आईसीएआई-सीपीए अफगानिस्तान में समझौता

**प्रश्न-भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान की स्थापना किस अधिनियम के अंतर्गत एक निगमित निकाय के रूप में की गई थी?**

(a) सनदी लेखाकार अधिनियम, 1949 (b) सनदी लेखाकार अधिनियम, 1956

(c) सनदी लेखाकार अधिनियम, 1966 (d) सनदी लेखाकार अधिनियम, 1982

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (ICAI – Institute of charted Accountants of India) और सर्टिफाइड प्रोफेशनल एकाउंटेंट्स अफगानिस्तान (सीपीए अफगानिस्तान) के बीच समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- समझौता-ज्ञापन से अफगानिस्तान लेखाकर बोर्ड (एएबी) की क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग ढांचा स्थापित होगा, जो ज्ञान हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाने के माध्यम से अफगानिस्तान में आईटी क्षमता और गुणवत्ता आश्वासन को सुदृढ़ करेगा।

- इसके अलावा इससे छात्र और सदस्य विनिमय कार्यक्रम, सेमिनारों, सम्मेलनों और दोनों पक्षों के पारस्परिक लाभ हेतु संयुक्त गतिविधियों पर आपसी सहयोग स्थापित होगा।
- भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान भारत का एक राष्ट्रीय पेशेवर लेखा निकाय है।
- इस संस्थान की स्थापना 1 जुलाई,1949 को सनदी लेखाकार अधिनियम, 1949 के अंतर्गत निगमित निकाय के रूप में की गई थी। यह संस्थान भारत में लेखांकन पेशे को विनियमित करता है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184332

## भारत-इस्राइल रक्षा समझौता

**प्रश्न-हाल ही में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के मध्य एलआरएसएएम वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपूर्ति हेतु कितनी धनराशि का समझौता हुआ?**
(a) 777 मिलियन डॉलर (b) 787 मिलियन डॉलर (c) 877 मिलियन डॉलर (d) 805 मिलियन डॉलर



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री (IAI) ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) के साथ एलआर-एसएएम (LR-SAM) वायु और मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपूर्ति के लिए 777 मिलियन डॉलर धनराशि के समझौते की घोषणा की।
- उल्लेखनीय है कि एलआर-एसएएम वायु एवं मिसाइल रक्षा प्रणाली एएमडी प्रणाली बराक 8 का समुद्री संस्करण है। इस प्रणाली को भारतीय नौसेना के सात युद्ध पोतों पर तैनात किया जाएगा।
- बराक 8 परिवार का भाग एलआरएसएएम प्रणाली एक परिचालनात्मक एएमडी प्रणाली है।
- इसका उपयोग इस्राइल की नौसेना के साथ ही भारत की नौसेना, वायु सेना एंव थल सेना द्वारा किया जाता है।
- इस समझौते के साथ ही बराक 8 की बिक्री विगत कुछ वर्षों में 6 बिलियन डॉलर से अधिक हो गई।
- वर्ष 2017 में भारत ने थल सेना एवं नौसेना हेतु मिसाइल रक्षा प्रणाली की आपुर्ति के लिए इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री से लगभग 2 बिलियन डॉलर का समझौता किया था।
- इसके अतिरिक्त भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ इस्राइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री ने भारतीय नौसेना के चार युद्ध पोतों हेतु बराक 8 सतह-से-वायु मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति हेतु 630 मिलियन डॉलर का समझौता किया था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindubusinessline.com/news/world/israel-signs-usd-777-mn-missile-defence-deal-with-india/article25311439.ece

# आईटीए - टीईसीसी में समझौता

**प्रश्न-हाल ही में नास्कॉम और दुबई इंटरनेट सिटी के मध्य समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है-**

(a) उत्तर-पूर्व में भारतीय कारोबार के विस्तार की सुविधा हेतु।

(b) दुबई में संचार प्रणाली की स्थापना में निवेश हेतु।

(c) मध्य-पूर्व में भारतीय कारोबार के विस्तार की सुविधा हेतु।

(d) दक्षिण-पश्चिम में भारतीय कारोबार के विस्तार की सुविधा हेतु।

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को नास्कॉम (NASSCOM-National Association of Software and Services Companies) ने जानकारी प्रदान की कि उसने मध्य-पूर्व में भारतीय कारोबार के विस्तार की सुविधा हेतु दुबई इंटरनेट सिटी (डीआईसी) के साथ समझौता - ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- यह मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में किया गया अपनी तरह का पहला समझौता है।
- इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय छोटे और मध्यम आकार के उद्यमों को आकर्षित करना है।
- संयुक्त अरब अमीरात में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एसएमई) पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए समझौता-ज्ञापन के हिस्से के तौर पर अग्रणी प्रौद्योगिकी समुदाय मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए) क्षेत्र में विस्तार हेतु मदद व मंच मुहैया करवाकर गैर-लाभकारी व्यापार संघ के सदस्यों को अवसर प्रदान करेगा।

**संबंधित लिंक...**

https://economictimes.indiatimes.com/small-biz/startups/newsbuzz/nasscom-inks-mou-to-expand-indian-smes-in-mena-region/articleshow/66282843.cms

# भारत क्रोएशिया समझौता

**प्रश्न-हाल ही में किस पूर्वी यूरोपीय देश का कोई मंत्री 17 वर्ष बाद भारत की यात्रा पर आया?**

(a) जार्जिया (b) बेलारूस (c) क्रोएशिया (d) ग्रीस

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को भारत और क्रोएशिया के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और कूटनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने संबंधी दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।
- ये समझौते भारत की यात्रा पर आयी क्रोएशिया की उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मारिजा पेजेकिनोविच और विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के मध्य हुई द्विपक्षीय वार्ता के दौरान हुए।
- द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों नेताओं के बीच व्यापार और निवेश, स्वास्थ्य और फार्मा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यटन और संस्कृति सहित कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी।
- क्रोएशिया (पूर्वी यूरोपीय देश) के किसी मंत्री द्वारा 17 वर्ष बाद भारत की यात्रा की गई

**संबंधित लिंक...**

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/30526/Visit+of+Deputy+Prime+Minister+and+Minister+of+Foreign+amp+European+Affairs+of+Croatia+to+India+October+2022+2018

## भारत-चीन में समझौता

**प्रश्न-हाल ही में भारत के गृह मंत्रालय और चीन के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के बीच समझौता हुआ है-**

(a) सीमाओं की निगरानी हेतु (b) रक्षा तकनीक स्थानांतरण हेतु

(c) सुरक्षा सहयोग हेतु (d) संयुक्त सैन्याभ्यास हेतु



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को भारत और चीन के बीच सुरक्षा सहयोग हेतु समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- यह समझौता भारत के गृहमंत्रालय और चीन के सार्वजनिक मंत्रालय के मध्य हुआ है।
- इस समझौता से आतंकवाद से निपटने, संगठित अपराधों, मादक पदार्थ नियंत्रण और अन्य संबंधित क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।
- यह समझौता भारत की यात्रा पर आए चीन के जन सुरक्षा मंत्री झाओ केझी और गृहमंत्री राजनाथ सिंह के बीच नई दिल्ली में हुई शिष्टमंडल स्तर की वार्ता के बैठक के बाद किया गया।
- बैठक में दोनों पक्षों ने आतंकवाद से निपटने सहित परस्पर महत्व के विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया और दोनों नेताओं ने आतंकवाद को खत्म करने के लिए द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की।'

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1550279

## विश्वभर के पूंजीगत सामान उत्पादकों और भारत की इस्पात कंपनियों में समझौता

**प्रश्न-हाल ही में विश्वभर के पूंजीगत सामान (सीजी) के उत्पादकों और भारत की इस्पात कंपनियों के बीच कितने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुए?**

(a) 15 (b) 20 (c) 25 (d) 38



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 23 अक्टूबर, 2018 को विश्वभर के पूंजीगत सामान (सीजी) के उत्पादकों और भारत की इस्पात कंपनियों के बीच 38 समझौता-ज्ञापनों (सहमति पत्रों) पर हस्ताक्षर किए गए।
- इस समझौते से इस्पात क्षेत्र के लिए आयात 39400 करोड़ रुपये कम हो जाएगा।
- ये समझौते भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित इस्पात सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षरित हुए।

- इस सम्मेलन का आयोजन इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और मेकॉन के सहयोग से किया गया।
- राष्ट्रीय इस्पात नीति, 2017 के अंतर्गत वर्ष 2030-31 तक देश में 300 मिलियन टन की इस्पात क्षमता के सृजन का लक्ष्य रखा गया जो मौजूदा समय में 130 मिलियन टन है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550399

## भारत-मलावी समझौता

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और मलावी के बीच किस संबंध में हस्ताक्षर और अनुमोदन हेतु मंजूरी प्रदान की गई?**
(a) कृषि उपकरण (b) सूचना प्रौद्योगिकी (c) प्रत्यर्पण संधि (d) सामरिक समझौता



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा भारत और मलावी के बीच प्रत्यर्पण संधि पर हस्ताक्षर और अनुमोदन हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इस संधि के माध्यम से भारत और मलावी के बीच आतंकवादियों, आर्थिक अपराधियों और अन्य अपराधियों के प्रत्यर्पण हेतु एक कानूनी ढांचा तैयार किया जाएगा।
- मलावी गणराज्य दक्षिण-पूर्व अफ्रीका में स्थित एक स्थलरुद्ध देश है।
- इसे पूर्व में न्यासालैंड (Nysaland) कहा जाता था।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550517

## आईसीएआई और केन्या के इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफाइड पब्लिक एकाउंटेंट्स में समझौता

**प्रश्न-भारत केन्या का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है-**
(a) पांचवां (b) छठां (c) सातवां (d) आठवां



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 26 सितंबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउटेंट ऑफ इंडिया (आईसीएआई) और केन्या के इंस्टीट्यूट ऑफ सर्टिफायर्ड पब्लिक एकाउंटेंट्स समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी प्रदान की गई।

- इस समझौते से संयुक्त शोध, गुणवत्ता समर्थन, क्षमता सृजन, प्रशिक्षु एकाउंटेंट आदान-प्रदान कार्यक्रम के माध्यम से ज्ञान साझा करने के क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग में सहायता प्राप्त होगी।
- इसके अलावा इससे सतत पेशेवर विकास (सीपीडी) पाठ्यक्रमों, कार्यशालाओं एवं सम्मेलनों के आयोजन में भी मदद मिलेगी।
- दोनों संस्थानों के कर्मियों को कार्यक्रम के अनुसार, सहमति वाले औपचारिक कार्य हेतु प्लेसमेंट के माध्यम से अवसर प्रदान किया जाएगा।
- ज्ञातव्य है कि भारत केन्या का छठां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार और केन्या का सबसे बड़ा निर्यातक है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1547693

# विधि/न्याय

## मलेशिया में मृत्युदंड की समाप्ति पर सहमति

**प्रश्न-हाल ही में किस देश के मंत्रिमंडल ने देश में मृत्युदंड को समाप्त करने की सहमति व्यक्त की?**
(a) मलेशिया (b) थाईलैंड (c) वियतनाम (d) कंबोडिया
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**




- अक्टूबर, 2018 में मलेशिया के मंत्रिमंडल ने देश में मृत्युदंड की सजा को समाप्त करने की सहमति व्यक्त की।
- वर्तमान में मलेशिया में मृत्युदंड की सजा हत्या, अपहरण, आग्नेयास्त्र रखने, ड्रग तस्करी आदि अपराधों के लिए दी जाती है।
- मलेशिया में मृत्युदंड की सजा का कार्यान्वयन फांसी के माध्यम से किया जाता है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/news/international/malaysia-to-abolish-death-penalty-minister/article25191027.ece

## हिमाचल प्रदेश वस्तु एवं सेवाकर (संशोधन) अध्यादेश, 2018

**प्रश्न-हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा न्यूनतम कर योग्य कारोबार को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर कितना किए जाने का निर्णय किया गया है?**
(a) 12 लाख रुपये (b) 15 लाख रुपये (c) 20 लाख रुपये (d) 25 लाख रुपये
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**



- 12 अक्टूबर, 2018 को संपन्न हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में हिमाचल प्रदेश वस्तु एवं सेवाकर अध्यादेश (संशोधन), 2018 में संशोधन हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- संशोधन के तहत न्यूनतम कर योग्य कारोबार को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये किए जाने का निर्णय किया गया। इससे राज्य में छोटे व्यापरियों को बड़ी राहत मिलेगी।
- छोटे करदाताओं (कम्पोजीशन डीलर) को आयकर रिटर्न भरने की प्रक्रिया का भी सरलीकरण किया गया है।
- इसके तहत छोटे करदाता रिटर्न मासिक की बजाय त्रैमासिक जमा कर सकेंगे तथा करों का भुगतान भी त्रैमासिक किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**
http://himachalpr.gov.in/OneNews.aspx?Language=2&ID=13025

## निर्णयन प्राधिकरण का गठन और अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना

**प्रश्न-हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किस अधिनियम के तहत निर्णयन प्राधिकरण के गठन और अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की गई?**



(a) बेनामी संपत्ति लेन-देन निषेध अधिनियम, 1994
(b) बेनामी संपत्ति लेन-देन निषेध अधिनियम, 1998
(c) बेनामी संपत्ति लेन-देन निषेध अधिनियम, 2016
(d) बेनामी संपत्ति लेन-देन निषेध अधिनियम, 2018

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा बेनामी संपत्ति लेन - देन निषेध अधिनियम (पीबीपीटी), 1988 के तहत निर्णयन प्राधिकरण के गठन और अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना हेतु मंजूरी प्रदान की गई।
- इस अधिनियम के तहत तीन अतिरिक्त खंडपीठों के साथ निर्णयन प्राधिकरण का गठन और अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना की जाएगी।
- निर्णयन प्राधिकरण और अपीलीय न्यायाधिकरण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में अवस्थित होगा।
- निर्णयन प्राधिकरण की खंडपीठ कोलकाता, मुंबई और चेन्नई में होगी।
- प्रस्तावित अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना से बेनामी संपत्ति लेन-देन निषेध अधिनियम (पीबीपीटी) के तहत निर्णय प्राधिकरण द्वारा जारी किए जाने वाले ऑर्डर के विरुद्ध अपील करने की समुचित व्यवस्था संभव हो सकेगी।


**संबंधित लिंक...**
http://www.pib.nic.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1550582

# वर्ष/दिवस/सप्ताह

## राष्ट्रीय मिरगी दिवस, 2018

**प्रश्न-राष्ट्रीय मिरगी दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 17 नवंबर (b) 25 नवंबर (c) 31 अक्टूबर (d) 19 नवंबर




**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 नवंबर, 2018 को संपूर्ण भारत में अपस्मार अथवा मिरगी के बारे में जागरूकता हेतु राष्ट्रीय मिरगी दिवस (National Epilepsy Day) मनाया गया।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation) के अनुसार, विश्व के लगभग 50 मिलियन लोग मिरगी रोग से पीड़ित हैं जिनमें से 80 प्रतिशत आबादी विकासशील देशों में निवासित है।
- भारत में लगभग 10 मिलियन लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, विकासशील देशों में रह रहे इस बीमारी से पीड़ित लगभग तीन-चौथाई आबादी आवश्यक उपचार से वंचित हैं।
- मिरगीः लक्षण व कारण-
- मिरगी मस्तिष्क का क्रोनिक विकार है जिसे बार-बार दौरा पड़ने से पहचाना जाता है।
- मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) में अचानक अत्यधिक विद्युत का संचार होने के कारण दौरा पड़ता है जिसके फलस्वरूप व्यक्ति मूर्छित हो जाता है।
- हाथ एवं पैर में सनसनी, अनियंत्रित झटके महसूस होना तथा मांसपेशियों में जकड़न होना इस बीमारी को लक्षित करता है।
- चेहरे की मांस पेशियों में जकड़न और बेहोशी भी इस बीमारी के प्रमुख लक्षणों में से एक है।
- यह बीमारी प्रसव कालीन चोट, जन्मजात असामान्यता, बचपन में लंबे समय तक तेज बुखार से पीड़ित होना, मस्तिष्क संक्रमण, चोट, स्ट्रोक तथा ब्रेनट्यूमर आदि के कारण व्यक्ति को हो सकती है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.nhp.gov.in/National-Epilepsy-Day_pg

## प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवसकब मनाया जाता है '?

(a) 2 दिसंबर (b) 3 दिसंबर (c) 1 दिसंबर (d) 4 दिसंबर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 दिसंबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' (International Day of Persons with Disabilities) मनाया गया।

- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- "दिव्यांग व्यक्यिों को सशक्त बनाना एवं समावेश और समानता सुनिश्चित करना।" (Empowering persons with disabilities and ensuring inclusiveness and equality) है।
- इस दिवस का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों की समस्याओं को समझना तथा उन्हें सशक्त करने हेतु उनके अधिकारों के लिए कार्य करना है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1992 में इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।

**संबंधित लिंक...**
http://www.un.org/en/events/disabilitiesday/

## विश्व सुनामी जागरूकता दिवस

**प्रश्न-'विश्व सुनामी जागरूकता दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 6 नवंबर (b) 3 नवंबर (c) 5 नवंबर (d) 8 नवंबर
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**




- 5 नवंबर, 2017 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व सुनामी जागरूकता दिवस' (World Tsunami Awareness Day) मनाया गया। इस दिवस का उद्देश्य सुनामी के खतरों और इसके प्रभाव को कम करने हेतु चेतावनी प्रणालियों के बारे में जागरूकता पैदा करना है।
- उल्लेखनीय है कि दिसंबर, 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष '5 नवंबर' को इस दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।

**संबंधित लिंक...**
http://www.un.org/en/events/tsunamiday/

## पत्रकारों के विरुद्ध अपराधों के लिए प्रतिरोध को समाप्त करने हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस

**प्रश्न-'पत्रकारों के विरुद्ध अपराधों के लिए प्रतिरोध को समाप्त करने हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 2 नवंबर (b) 4 नवंबर (c) 6 नवंबर (d) 3 नवंबर
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**



- 2 नवंबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'पत्रकारों के विरुद्ध अपराधों के लिए प्रतिरोध को समाप्त करने हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस' (International Day to End Impunity for Crimes Against Jounalists) मनाया गया।

- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2013 में प्रतिवर्ष '2 नवंबर' को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी। गौरतलब है कि 2 नवंबर, 2013 को माली में दो फ्रांसीसी पत्रकारों की हत्या को याद रखने के लिए इस तारीख को चुना गया है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.un.org/en/events/journalists/

## विश्व पोलियो दिवस

**प्रश्न-24 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पोलियो दिवस' मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को कब पोलियो मुक्त घोषित किया था?**




(a) 24 मार्च, 2016 (b) 27 मार्च, 2015 (c) 27 मार्च, 2014 (d) 20 मार्च, 2017

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पोलियो दिवस' मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) "एक दिन, एक फोकस : पोलियो समाप्त" (One Day, One Focus : Ending Polio) था।
- इस दिवस को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य पोलियो जैसी बीमारी के विषय में लोगों में जागरूकता फैलाना है। यह दिवस रोटरी इंटरनेशनल द्वारा पोलियो की वैक्सीन का आविष्कार करने वाली टीम के प्रमुख जोनास सॉक (Jonas Salk) के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- पोलियोमाइलाइटिस अथवा पोलियो एक संक्रामक रोग है, जो विषाणु द्वारा फैलता है।
- उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने वर्ष 1995 में पोलियो उन्मूलन अभियान की शुरुआत की थी।
- 27 मार्च, 2014 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) ने भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.endpolio.org/world-polio-day

## संयुक्त राष्ट्र दिवस

**प्रश्न-'संयुक्त राष्ट्र दिवस' कब मनाया जाता है?**



(a) 20 अक्टूबर (b) 24 अक्टूबर (c) 25 अक्टूबर

(d) 15 अक्टूबर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' (United Nations Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र चार्टर पर 50 देशों के हस्ताक्षर होने के साथ की गई।

- ज्ञातव्य है कि वर्ष 1948 से प्रतिवर्ष '24 अक्टूबर' को यह दिवस मनाया जाता है।
- इसी के साथ ही 24 अक्टूबर को संपूर्ण विश्व में 'विश्व विकास सूचना दिवस (World Development Information Day) मनाया गया।

**संबंधित लिंक...**
http://www.un.org/en/events/unday/

## विश्व श्रव्य-दृश्य विरासत दिवस

**प्रश्न-'विश्व श्रव्य-दृश्य विरासत दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 28 अक्टूबर (b) 27 अक्टूबर (c) 30 अक्टूबर (d) 25 अक्टूबर
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 27 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व श्रव्य-दृश्य विरासत दिवस' (World Day for Audiovisual hertiage) मनाया गया। वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) – "Your Story is Moving" था।
- उल्लेखनीय है कि यूनेस्को के सामान्य सभा ने 2005 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

**संबंधित लिंक...**
https://en.unesco.org/commemorations/worldaudiovisualday
https://www.ccaaa.org/WDAVH2018

## विश्व मधुमेह दिवस

**प्रश्न-'विश्व मधुमेह दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 12 नवंबर (b) 18 नवंबर (c) 14 नवंबर (d) 10 नवंबर
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 14 नवंबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मधुमेह दिवस' (World Diabetes Day) मनाया गया।
- वर्ष 2018 एवं 2019 के लिए इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- "परिवार और मधुमेह" (The Family and Diabetes) है। यह दिवस डॉ. फ्रेडरिक ग्रांट बैंटिंग के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।
- डॉ. फ्रेडरिक बैंटिंग ने चार्ल्स बेस्ट के साथ लगभग 100 वर्ष पहले इंसुलिन की खोज की थी।
- जिन्हें जॉन मैक्लोड के साथ चिकित्सा (Physiology) का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।
- यह दिवस इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (I.D.F.) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (W.H.O.) द्वारा वर्ष 1991 में शुरू किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2007 में प्रतिवर्ष '14 नवंबर' को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (I.D.F.) के अनुसार वर्तमान में लगभग 425 मिलियन से अधिक व्यक्ति डायबिटीज से पीड़ित है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.worlddiabetesday.org/

## विश्व शौचालय दिवस, 2018




**प्रश्न-'विश्व शौचालय दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 18 नवंबर (b) 15 नवंबर (c) 19 नवंबर (d) 17 नवंबर
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 19 नवंबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व शौचालय दिवस' (World Toilet Day) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- When Nature Calls है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 24 जुलाई, 2013 को प्रतिवर्ष 19 नवंबर को इस दिवस को मनाने का निश्चय किया था।गौरतलब है कि 19 नवंबर, 2001 को ही जैक सिम (Jack Sim) ने 'विश्व शौचालय संगठन' की स्थापना की थी। वर्तमान में विश्व में 4.5 बिलियन व्यक्ति एक सुरक्षित शौचालय के बिना रह रहे हैं।
- गौरतलब है कि संपूर्ण विश्व में 892 मिलियन लोग अब भी खुले में शौच करते हैं।

**संबंधित लिंक भी देखें...**
http://www.un.org/en/events/toiletday/
http://www.worldtoiletday.info/wtd2018/

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस



**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 24 सितंबर (b) 1 अक्टूबर (c) 30 सितंबर (d) 28 सितंबर
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' (International Day of Older Persons) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Celebrating Older Human Right Champions" है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1990 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

**संबंधित लिंक...**
http://www.un.org/en/events/olderpersonsday/

# विश्व पर्यावास दिवस

**प्रश्न-'विश्व पर्यावास दिवस' कब मनाया गया?**

(a) 4 अक्टूबर (b) 2 अक्टूबर (c) 1 अक्टूबर (d) 3 अक्टूबर



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पर्यावास दिवस' (World Habitat Day) मनाया गया।
- यह दिवस प्रतिवर्ष अक्टूबर माह के प्रथम सोमवार को मनाया जाता है।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Municipal Solid Waste Management" है।
- उल्लेखनीय है कि 17 दिसंबर, 1985 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने यह दिवस मनाने की घोषणा की थी।

**संबंधित लिंक...**

https://unhabitat.org/world-habitat-day/
g/whd-2018/

# विश्व हृदय दिवस

**प्रश्न-'विश्व हृदय दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 28 सितंबर (b) 26 सितंबर (c) 30 सितंबर

(d) 29 सितंबर




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 सितंबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व हृदय दिवस' (World Heart Day) मनाया गया।
- यह दिवस कार्डियो वास्कुलर रोग (CVD) के जोखिम को कम करने के लिए निवारक उपायों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देता है।
- कार्डियो वास्कुलर रोग हृदय और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करने वाले विकारों का समूह है, जो कि फेफड़े, मस्तिष्क, गुर्दे और शरीर के अन्य भागों में रक्त की आपूर्ति करते हैं।
- W.H.O. का लक्ष्य वर्ष 2025 तक गैर-संक्रमणीय रोगों (NCD) के कारण समय पूर्व होने वाली मृत्यु को 25 प्रतिशत तक कम करना है, जिसमें CVD का हिस्सा सबसे अधिक है।


**संबंधित लिंक...**

https://www.business-standard.com/article/news-ani/vikram-misri-appointed-india-s-ambassador-to-china-118092801250_1.html

## अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस

**प्रश्न-2 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ ने कब इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी?**

(a) 15 जून, 2010 (b) 15 जून, 2009 (c) 15 जून, 2007 (d) 15 जून, 2014




**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 2 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' (Internati- -onal Day of Non-Violence) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने 15 जून, 2007 को महात्मा गांधी के जन्मदिन को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के अनुसार, 'गांधीजी ने यह साबित किया है कि अहिंसा इतिहास बदल सकती है। आओ हम अपने साहस और दृढ़ विश्वास से प्रेरित हों ताकि हम विश्व के सभी लोगों के लिए शांति, सतत विकास एवं मानवाधिकारों की प्रगति हेतु अपना कार्य जारी रख सकें।'

**संबंधित लिंक...**

http://www.un.org/en/events/nonviolenceday/

## विश्व समुद्री दिवस

**प्रश्न-'विश्व समुद्री दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 12 अक्टूबर (b) 28 सितंबर (c) 20 अक्टूबर (d) 14 अक्टूबर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व समुद्री दिवस' (World Maritime Day) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)- "आईएमओ 70 : हमारी धरोहर-एक बेहतर भविष्य के लिए बेहतर नौवहन" (IMO 70 : Our Heritage-Better shipping for a Better Future) है।
- वर्ष 1948 में जिनेवा में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में औपचारिक रूप से आईएमओ (अंतरराष्ट्रीय सामुद्रिक संगठन) की स्थापना के लिए एक अभिसमय (Convention) अपनाया गया।
- IMO कन्वेंशन, वर्ष 1958 से प्रभावी हुआ तथा वर्ष 1959 में ही इस संगठन की पहली बैठक संपन्न हुई थी।
- इस निकाय का नाम मूल रूप से अंतर-सरकारी सामुद्रिक सलाहकार संगठन (IMCO) था जिसे वर्ष 1982 में आईएमओ में बदल दिया गया था।
- इसका मुख्यालय लंदन (यूनाइटेड किंगडम) में स्थित है।

**संबंधित लिंक...**

http://www.imo.org/en/About/Events/WorldMaritimeDay/Pages/WMD-2018.aspx


# विश्व विद्यार्थी दिवस

**प्रश्न-विश्व विद्यार्थी दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 18 अक्टूबर (b) 15 अक्टूबर (c) 13 अक्टूबर (d) 17 अक्टूबर

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**




- 15 अक्टूबर, 2018 को 'विश्व विद्यार्थी दिवस' (World Student's Day) मनाया गया।
- यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की स्मृति में मनाया जाता है।
- उनका जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को रामेश्वरम, तमिलनाडु में हुआ था।
- उन्होंने वर्ष 2002 से 2007 तक देश के 11वें राष्ट्रपति के रूप में सेवा दी थी।
- उनका निधन 27 जुलाई, 2015 को शिलांग, मेघालय में हुआ था।

**संबंधित लिंक...**

https://www.daysoftheyear.com/days/students-day/

# अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस

**प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 14 अक्टूबर (b) 12 अक्टूबर (c) 15 अक्टूबर (d) 16 अक्टूबर

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**



- 15 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय ग्रामीण महिला दिवस' (International Day of Rural Women) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) – "लैंगिक समानता और ग्रामीण महिलाओं और लड़कियों के सशक्तीकरण के लिए सतत आधारभूत संरचना, सेवाएं और सामाजिक सुरक्षा" (Sustainable infrastructure, services and social protection for gender equality and the empowerment of rural women and girls) है।
- इस दिवस का उद्देश्य कृषि विकास, ग्रामीण विकास खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण गरीबी उन्मूलन में महिलाओं के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करना है।
- ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं एवं लड़कियां बहुआयामी गरीबी से पीड़ित हैं।
- जबकि वैश्विक स्तर पर अत्यधिक गरीबी कम हो गई है, फिर भी विश्व के 1 अरब (Billion) लोग गरीबी की अस्वीकार्य परिस्थितियों में जी रहे हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक केंद्रित है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 18 दिसंबर, 2007 को इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।

**संबंधित लिंक...**

http://www.un.org/en/events/ruralwomenday/

## विश्व ट्रामा (आघात) दिवस

**प्रश्न-विश्व आघात दिवस (World Trauma Day) कब मनाया जाता है?**

(a) 20 अक्टूबर (b) 17 अक्टूबर (c) 23 अक्टूबर (d) 22 अक्टूबर

**उत्तर-(b)**




**संबंधित तथ्य**

- 17 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व ट्रामा (आघात) दिवस' (World Trauma Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस जीवन को सबसे नाजुक क्षणों के दौरान बचाने और सुरक्षा के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने तथा आघात से होने वाली मृत्यु से बचने की तैयारी एवं महत्वपूर्ण उपायों को अपनाने के लिए मनाया जाता है।(W.H.O.) के अनुसार, विश्व भर में मृत्यु एवं विकलांगता का प्रमुख कारण आघात है।
- 'आघात' का मतलब 'किसी भी तरह की शारीरिक एवं मानसिक चोट हो सकती है।'
- उल्लेखनीय है कि 'वर्ल्ड स्ट्रोक डे' (World Stroke Day) प्रत्येक वर्ष 29 अक्टूबर को मनाया जाता है।

**संबंधित लिंक...**


https://www.gov.za/world-trauma-day-1
https://www.nhp.gov.in/World-Trauma-Day_pg

## अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस' कब मनाया जाता है?**

(a) 9 नवंबर (b) 10 नवंबर (c) 8 नवंबर (d) 6 नवंबर

**उत्तर–(c)**




**संबंधित तथ्य**

- 8 नवंबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस' (International Day of Radiology) मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme) – "Cardiac imaging". इसके साथ ही 8 नवंबर को 'विश्व रेडियोग्राफी दिवस' मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि 8 नवंबर, 1895 को विल्हेम कोनराड रोंट्जेन (Wilhelm Conrad Rontgen) ने 'एक्स-रे' की खोज की थी। इसी स्मृति में यह दिवस मनाया जाता है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.internationaldayofradiology.com/theme/

## राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस

**प्रश्न-वर्ष 2018 में 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' किस तिथि को मनाया गया?**

(a) 6 नवंबर (b) 5 नवंबर (c) 3 नवंबर (d) 2 नवंबर

**उत्तर–(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 5 नवंबर, 2018 को देशभर में तीसरा 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' (National Ayurveda Day) मनाया गया।
- आयुष मंत्रालय प्रत्येक वर्ष धनवंतरी जयंती के अवसर पर यह दिवस मनाता है।
- इस अवसर पर आयुष मंत्रालय द्वारा देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- इसके साथ ही इस अवसर पर आयुष स्वास्थ्य प्रणाली का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिकॉर्ड रखने के लिए आयुष-स्वास्थ्य प्रबंधन प्रणाली (ए-एचएमआईएस) के नाम से एक समर्पित सॉफ्टवेयर ऐप्लीकेशन लांच किया गया।
- इस उपलक्ष्य में 4-5 नवंबर, 2018 के मध्य नई दिल्ली में आयुर्वेद में उद्यमिता और व्यापार विकास पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- इसका आयोजन नीति आयोग के सहयोग से आयुष मंत्रालय द्वारा किया गया।
- इसका उद्देश्य आयुर्वेद क्षेत्र से जुड़े हितधारकों और उद्यमियों को कारोबार के नए अवसरों के प्रति जागरूक करना है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1551798

## विश्व सांख्यिकी दिवस

**प्रश्न-'विश्व सांख्यिकी दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 23 अक्टूबर (b) 20 अक्टूबर (c) 15 अक्टूबर (d) 18 अक्टूबर
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा '20 अक्टूबर' को विश्व सांख्यिकी दिवस' (World Statistics Day) के रूप में घोषित किया गया है।
- 20 अक्टूबर, 2015 को संपूर्ण विश्व में दूसरा 'विश्व सांख्यिकी दिवस' (World Statistics Day) मनाया गया था।
- वर्ष 2015 से इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-' बेहतर आंकड़ा बेहतर जीवन' (Better Data, Better Lives) है।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 3 जून, 2010 को प्रस्ताव 69/282 द्वारा प्रत्येक 5 वर्ष पर इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- पहला 'विश्व सांख्यिकी दिवस' 20 अक्टूबर, 2010 को मनाया गया था।

**संबंधित लिंक...**
http://www.un.org/en/events/statisticsday/

## विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस

**प्रश्न-'विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 18 अक्टूबर (b) 19 अक्टूबर (c) 21 अक्टूबर (d) 20 अक्टूबर
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 20 अक्टूबर, 2018 को 'विश्व ऑस्टियोपोरोसिस दिवस' (World Osteoporosis Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस ऑस्टियोपोरोसिस की रोकथाम, निदान एवं उपचार के लिए वैश्विक जागरूकता पैदा करने के लिए मनाया जाता है।
- ऑस्टियोपोरोसिस क्या है?
- आस्टियोपोरोसिस एक ऐसी समस्या है, जिसमें कैल्शियम की कमी के कारण हड्डियां कमजोर होने लगती है, ऑस्टियोपोरोसिस में अस्थि खनिज घनत्व (BDM) कम हो जाता है।
- जिसके कारण रीढ़ की हड्डी, कूल्हे तथा कलाई के फ्रैक्चर होने का खतरा बढ़ जाता है।
- महिलाओं को मुख्यतः 50 वर्ष की उम्र के बाद पुरुषों की तुलना में ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित होने का खतरा अधिक है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.moh.gov.sa/en/HealthAwareness/healthDay/2018/Pages/HealthDay-2018-10-20.aspx

## अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस

**प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 16 अक्टूबर (b) 17 अक्टूबर (c) 15 अक्टूबर (d) 12 अक्टूबर
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 17 अक्टूबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस' (International Day for The Eradication of Poverty) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"Coming together with Those furthest behind to build an inclusive world of Universal respect for human right and dignity) है।
- इस दिवस का उद्देश्य विश्व समुदाय में गरीबी दूर करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के संबंध में जागरूकता बढ़ाना है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 22 दिसंबर, 1992 को प्रत्येक वर्ष '17 अक्टूबर' को इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।

**संबंधित लिंक...**
http://www.un.org/en/events/povertyday/

## राष्ट्रीय महिला किसान दिवस

**प्रश्न-'राष्ट्रीय महिला किसान दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 15 अक्टूबर (b) 12 अक्टूबर (c) 13 अक्टूबर (d) 10 अक्टूबर
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**



- 15 अक्टूबर, 2018 को देशभर के समस्त कृषि विश्वविद्यालयों, संस्थानों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों में 'राष्ट्रीय महिला किसान दिवस' मनाया गया।
- इस दिवस का उद्देश्य कृषि में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाना है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष '15 अक्टूबर' को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया गया था।
- कृषि में महिलाओं की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 1996 में भुवनेश्वर (ओडिशा) में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत केंद्रीय कृषिरत महिला संस्थान (ICAR: Central Institute for Women in Agriculture) की स्थापना की थी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.icar.org.in/content/icar-institutes-and-kvks-celebrates-mahila-kisan-diwas

## अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस यूएन डाक एजेंसी की स्मारक टिकटें

**प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर जारी यूएन डाक एजेंसी की स्मारक टिकटों में किसकी कलात्मक व्याख्या हुई है?**
(a) द नॉटेड गन (b) द नॉटेड पेन (c) द नॉटेड पिस्टल (d) द नॉटेड बुक
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**



- 2 अक्टूबर, 2018 में अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर यूएन डाक एजेंसी ने टिकटों का एक नया संग्रह (स्मारक टिकटें) जारी की।जिसमें 'द नॉटेड गन' की कलात्मक व्याख्या की गई है।
- यह शांति और अहिंसा का संदेश देने वाली रचना है।
- डाक एजेंसी के द्वारा 'द नॉटेड गन-नॉन वॉयलेंस' की तस्वीरों वाले तीन डाक टिकट जारी किए गए।
- 'द नॉटेड गन' स्वीडिश कलाकार कार्ल फ्रेडरिक रियुर्टसवार्ड द्वारा निर्मित एक कांस्य मूर्ति है जो न्यूयॉर्क सिटी में स्थित है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.un.org/en/events/nonviolenceday/

## विश्व रेबीज दिवस

**प्रश्न-'विश्व रेबीज दिवस' कब मनाया जाता है?**
(a) 25 सितंबर (b) 28 सितंबर (c) 27 सितंबर (d) 30 सितंबर
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व रेबीज दिवस' (World Rabies Day) मनाया गया।
- वर्ष 2018 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme)-"रेबीज : जानकारी साझा करें : एक जीवन बचाएं" (Rabies : Share the message, save a life)।

- उल्लेखनीय है कि यह दिवस फ्रांस के प्रसिद्ध रसायन और सूक्ष्म जीव विज्ञानी लुई पाश्चर के जन्म दिवस के अवसर पर 28 सितंबर को मनाया जाता है।
- लुई पाश्चर ने पहला रेबीज टीका विकसित किया था तथा रेबीज रोकथाम की नींव रखी।
- इस दिवस का उल्लेख लोगों के बीच रेबीज के रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाना है।
- रेबीज एक विषाणु जनित रोग है, जो कुत्तों के काटने से होता है।
- एक अनुमान के मुताबिक विश्व में अफ्रीका और एशिया के ग्रामीण इलाकों में रहने वाले 90 प्रतिशत बच्चों की मृत्यु के साथ प्रतिवर्ष रेबीज से अनुमानित 59000 लोगों की मृत्यु हो जाती है।
- भारत में रेबीज एक बड़ी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जिससे प्रतिवर्ष अनुमानित 20,000 लोगों की मृत्यु हो जाती है।

**संबंधित लिंक...**
https://rabiesalliance.org/world-rabies-day

# पुस्तकें

## बांग्लादेश पुस्तक मेला

**प्रश्न–हाल ही में 8वें बांग्लादेश पुस्तक मेला का आयोजन कहां किया जा रहा है?**



(a) ढाका (b) कोलकाता (c) दार्जिलिंग (d) नई दिल्ली
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 2-11 नवंबर, 2018 के मध्य मोहोर कुंज-प्रांगण, रवीन्द्र सदन, कोलकाता, पश्चिम बंगाल में 8वें बांग्लादेश पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है।
- इस पुस्तक मेला का आयोजन बांग्लादेश एक्सपोर्ट प्रमोशन ब्यूरो, बांग्लादेश उप हाई कमीशन, बांग्लादेश ज्ञान व सृजनशील प्रकाशक समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि कोलकाता साहित्य प्रेमियों की कर्मस्थली रहा है। यहां लगने वाला पुस्तक मेला विश्व भर से पुस्तक प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.holidaystory.in/bangladesh-book-fair-kolkata-mohor-kunja-park/

## गुरमीत बेदी द्वारा मुख्यमंत्री को अपनी साहित्यिक कृतियां भेंट

**प्रश्न–कहानी संग्रह 'कहां से एक चेहरा' के लेखक कौन हैं?**




(a) अरिंदम मुखर्जी (b) गुरमीत बेदी (c) अजय ठाकुर (d) ममता कालिया
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 31 अक्टूबर, 2018 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को कवि गुरमीत बेदी ने अपनी लिखी साहित्यिक कृतियां भेंट की।
- इस कृतियों में कहानी संग्रह 'सूखे पत्तों का राग' एवं 'कुहासे में एक चेहरा', कविता संग्रह 'मौसम का तकाजा', 'खामोशी पिघलती रही', व्यंग्य संग्रह 'इसलिए हम हंसते हैं', 'नाक का सवाल' तथा 'खबरदार जो व्यंग्य लिखा' और शोध पुस्तक 'श्रद्धा का सौन्दर्य का संगम बैजनाथ' शामिल हैं।
- उनके पहले कविता संग्रह 'मौसम का तकाजा' के लिए उन्हें हिमाचल साहित्य आकादमी अवॉर्ड और कहानी संग्रह 'कुहासे में एक चेहरा' के लिए पंजाब कला साहित्य अकादमी अवॉर्ड भी मिल चुका है।
- गुरमीत बेदी को व्यंग्य लेखन हेतु कनाडा का विरसा अवॉर्ड और प्रतिष्ठित 'व्यंग्य यात्रा' सम्मान भी प्राप्त हुआ है।
- इनके उपन्यास शृंखला रहेगा इंद्रधनुष पर एक टेलीफिल्म भी बनाई जा रही है।
- उनके कविता संग्रह 'मेरी ही कोई कृति' का जर्मनी में अनुवाद किया गया है।
- गुरमीत बेदी जर्मनी व मॉरीशस में आयोजित विश्व कविता महोत्सव (World Poetry Festival) में भी भाग ले चुके हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=2&ID=13111

## पुस्तक-'ब्रीफ आनर्सस टूर द बिग क्वेश्चन्स'

**प्रश्न–पुस्तक-'ब्रीफ आन्सर्स टू द बिग क्वेश्चन्स' के लेखक कौन हैं?**
(a) अब्दुल वाहिद (b) स्टीफन हॉकिंग (c) स्टुअर्ट शेनॉय (d) अल्बर्अ आइन्सटीन





**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 18 अक्टूबर, 2018 को पुस्तक-ब्रीफ आन्सर्स टू द बिग क्वेश्चन्स (Brief Answer to the big Questions) प्रकाशित हुई। इस पुस्तक के लेखक स्टीफन हॉकिंग हैं।
- यह स्टीफन हॉकिंग द्वारा लिखित अंतिम पुस्तक है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.theguardian.com/books/2018/oct/19/brief-answers-to-the-big-questions-stephen-hawking-review

## पुस्तक-हील्ड

**प्रश्न-पुस्तक 'हील्ड' की लेखिका कौन हैं?**
(a) मनीषा कोइराला (b) सोनाली बेंद्रे (c) बारबारा मोदी (d) लीसा रे




**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 10 नवंबर, 2018 को पुस्तक-'हील्ड' (HEALED) का अनावरण स्वयं इस पुस्तक की लेखिका ने किया।
- इस पुस्तक की लेखिका पूर्व अभिनेत्री मनीषा कोइराला हैं।

- यह पुस्तक उन्होंने नीलम कुमार के साथ संयुक्त रूप से लिखी है।
- इस पुस्तक में लेखिका ने अपने कैंसर से संघर्षों और निजी बातों का उल्लेख किया है।
- इस किताब का उपशीर्षक है-'कैंसर ने कैसे मुझे नई जिंदगी दी' (How Cancer Gave me a New Life)।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/books/manisha-koirala-unveils-her-new-book/article25464503.ece

## पुस्तक - 'महाराणा प्रताप : अजेय योद्धा'

**प्रश्न-पुस्तक - 'महाराणा प्रताप : अजेय योद्धा' के लेखक कौन है?**
(a) अमिय मजमूदार (b) रीमा हूजा (c) वेद भारवाह (d) शोभा डे



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में महाराणा प्रताप पर एक नई पुस्तक महाराणा प्रताप : अजेय योद्धा का विमोचन किया गया।
- इस पुस्तक की लेखिका रीमा हूजा हैं।
- इस पुस्तक में महान राजपूत योद्धा महाराणा प्रताप के जीवन और हल्दीघाटी के प्रसिद्ध युद्ध के विषय में उल्लेख किया गया है।
- ज्ञातव्य है कि हल्दीघाटी का प्रसिद्ध युद्ध 1576 ई. में मुगल बादशाह अकबर और महाराणा प्रताप के बीच हुआ था।

**संबंधित लिंक...**
https://m.dailyhunt.in/news/africa/english/caravan-epaper-caravan/maharana+pratap+the+invincible+warrior-newsid-99039848

## पुस्तक-'हरियाणा के प्रमुख तीर्थ' और 'हिंदुस्तान की महान हस्तियां'

**प्रश्न-पुस्तक-'हरियाणा के प्रमुख तीर्थ स्थल' और 'हिंदुस्तान की महान हस्तियां' के लेखक कौन हैं?**
(a) विनय कुमार शर्मा (b) अजय साहनी (c) डॉक्टर नरेंद्र कुमार उपमन्यु (d) सतनाम सिंह



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को पुस्तक 'हरियाणा के प्रमुख तीर्थ स्थल' और 'हिंदुस्तान की महान हस्तियां' का विमोचन चंडीगढ़ में किया गया। इन दोनों पुस्तकों का विमोचन हरियाणा के शिक्षा मंत्री राम विलास शर्मा ने किया।
- दोनों पुस्तकों के लेखक हरियाणा उर्दू अकादमी के निदेशक डॉक्टर नरेंद्र कुमार उपमन्यु हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.prharyana.gov.in/en/node/31936

## पुस्तक 'योद्धा योगी-योगी आदित्यनाथ की जीवन यात्रा'

**प्रश्न-पुस्तक-योगी आदित्यनाथ : द राइज ऑफ ए सैफरन सोशलिस्ट का हिंदी में अनुवाद किसने किया है?**

(a) विपुल अस्थाना (b) विमल अग्निहोत्री (c) प्रेमशंकर मिश्रा (d) राजपाल सिंह

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 15 अक्टूबर, 2018 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रवीण कुमार ने अपनी पुस्तक 'योद्धा योगी-योगी आदित्यनाथ की जीवन यात्रा' की एक प्रति भेंट की।
- यह पुस्तक प्रवीण कुमार की मूल अंग्रेजी पुस्तक 'योगी आदित्यनाथ : द राइज ऑफ ए सैफरन सोशलिस्ट' का हिन्दी अनुवाद है।हिन्दी में अनुवाद प्रेमशंकर मिश्रा द्वारा किया गया है।

**संबंधित लिंक...**

http://information.up.nic.in/attachments/files/5bc4ae1a-8034-4e40-8500-47b40af72573.pdf

## पुस्तक-'द लीडरशिप'

**प्रश्न-पुस्तक-'द लीडरशिप' के लेखक कौन हैं?**

(a) हिमांशु धूलिया (b) प्रमोद शर्मा (c) अमरकांत ठाकुर (d) राकेश महाजन



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने पुस्तक-'द लीडरशिप' का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक प्रमोद शर्मा हैं।
- इस पुस्तक में प्रबंधन के सिद्धांत व्यवहारिक नेतृत्व गुण, नेतृत्व के प्रकार एवं नेतृत्व के इतिहास पर प्रकाश डाला गया है।
- इस पुस्तक में चाणक्य, महात्मा गांधी, नारायण मूर्ति और स्वामी विवेकानंद, शंकराचार्य, आदि के नेतृत्व के मूल सिद्धांतों को प्रतिपादित किया गया है।

**संबंधित लिंक...**

http://himachalpr.gov.in/OnePressRelease.aspx?Language=1&ID=13045

## पुस्तक 'ललिता ऑफ्टर शास्त्रीजी'

**प्रश्न-पुस्तक 'ललिता ऑफ्टर शास्त्रीजी' के लेखक कौन है?**

(a) सिद्धार्थनाथ (b) संजय पति तिवारी (c) सुनील शास्त्री (d) अंश मालवीय



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह पुस्तक - ललिता ऑफ्टर शास्त्रीजी का विमोचन किया।
- इस पुस्तक के लेखक संजय पति तिवारी है।
- यह पुस्तक पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पत्नी ललिताजी पर केंद्रित है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.samacharnama.com/release-of-lalita-after-shastri-book-on-monday/

## पुस्तक - 'एंटस एमांग एलीफेंट : एन अनटचेबल फैमिली एंड द मेकिंग ऑफ मार्डन इंडिया'


**प्रश्न-पुस्तक -'एंटस एमांग एलीफेंट : एन अनटचेबल फैमिली एंड द मेकिंग ऑफ मार्डन इंडिया' की लेखिका कौन हैं?**
(a) शोभा डे (b) सुजाता गिडला (c) अरुंधति राय (d) कैमिला पार्कर
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में अमेरिका स्थित दलित लेखिका सुजाता गिडला को उनकी पुस्तक - 'एंटस एमांग एलीफेंट : एन अनटचेबल फैमिली एंड द मेकिंग ऑफ मार्डन इंडिया' के लिए वर्ष 2018 का शक्ति भट्ट प्रथम किताब पुरस्कार प्राप्त हुआ।शक्ति भट्ट प्रथम पुरस्कार पत्रकार शक्ति भट्ट के नाम पर वर्ष 2008 में शुरू किया गया था।
- इस पुरस्कार के विजेता को 2 लाख रुपये की नकद राशि प्रदान की जाती है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.amazon.in/dp/B077PXZ5CM/ref=dp-kindle-redirect?_encoding=UTF8&btkr=1

## पुस्तक - 'भारतीय खेल : वार्तालाप और प्रतिबिंब'

**प्रश्न-'भारतीय खेल : वार्तालाप और प्रतिबिंब' के लेखक कौन हैं?**
(a) विजयन बाला (b) अमरेंद्र सिंह (c) राजीव शुक्ला (d) मनिंदर सिंह
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**




- अक्टूबर, 2018 में पुस्तक 'भारतीय खेल : वार्तालाप और प्रतिबिंब' (Indian Sports : Conversations and Reflections) लांच की गई। इस पुस्तक के लेखक अनुभवी कमेंटेटर और सांख्यिकीविद विजयन बाला हैं।
- इसमें 1971 से आयोजित प्रतिष्ठित खिलाड़ियों के साक्षात्कारों का संकलन है।
- उन्होंने बलबीर सिंह सीनियर, अभिनव बिंद्रा, सुशील कुमार, साक्षी मलिक, कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर जैसे ओलंपिक खिलाड़ियों का साक्षात्कार किया है।
- मंसूर अली खान पटौदी, जी. आर. विश्वनाथ, एकनाथ सोलकर, गौतम गंभीर और उन्मुक्त चंद जैसे क्रिकेटरों का भी साक्षात्कार लिया है।

- विजयन बाला अंग्रेजी के शिक्षक के अलावा बीसीसीआई की सांख्यिकीय समिति के सदस्य भी रहे हैं।
- उनकी अन्य पुस्तकें 'इंडियन टेस्ट क्रिकेट बैक इन 1974' और 'द कम्पलीट इंडियन स्पोर्ट्स क्विज' है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.devdiscourse.com/Article/arts/222405-vijayan-bala-launches-indian-sports-conversations-and-reflections-book

# विविध

## 'बड़ौदा का चांद'

**प्रश्न-भारत और हॉलीवुड की शान रहे 24 कैरेट के उस हीरे का नाम क्या है, जिसकी नीलामी आगामी 27 नवंबर, 2018 को हांगकांग में होने वाली है?**

(a) बड़ौदा का चांद (b) हैदराबाद का चांद (c) दिल्ली का चांद (d) कुतुबमीनार का चांद



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 नवंबर, 2018 को भारत और हॉलीवुड की शान रहे 24 कैरेट के उस हीरे का नाम 'बड़ौदा का चांद' है, जिसकी नीलामी हांगकांग में होने वाली है।
- गौरतलब है कि पीले रंग और नाशपाती के आकार का यह हीरा 15वीं शताब्दी के दौरान बड़ौदा में राज कर रहे गायकबाड़ परिवार के पास था।
- उल्लेखनीय है कि हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री और गायिका मर्लिन मुनरो ने यह हीरा पहनकर अपना मशहूर गाना "डायमंड आर ए गर्ल्स फ्रैंड" गाया था। इस नीलामी का आयोजन 'क्रिस्टी' की ओर वे किया जा रहा है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.orissapost.com/moon-of-baroda-to-go-under-the-hammer-in-hong-kong/
http://www.historyofvadodara.in/moon-of-baroda-diamond/

## 'रेडियो कश्मीर-इन टाइम्स ऑफ पीस एंड वार'

**प्रश्न-हाल ही में उत्तर-पूर्व क्षेत्रीय विकास राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा 'रेडियो कश्मीर-इन टाइम्स ऑफ पीस एंड वार' का विमोचन किया गया। इस पुस्तक के लेखक कौन है?**

(a) राजेंद्र सिन्हा (b) राजन श्रीवास्तव (c) रजनीश कुमार (d) डा. राजेश भट्ट



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 नवंबर, 2018 को उत्तर-पूर्व क्षेत्रीय विकास राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा 'रेडियो कश्मीर-इन टाइम्स ऑफ पीस एंड वार' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया।

- इस पुस्तक के लेखक डॉ. राजेश भट्ट है, जो वर्तमान में ऑल इंडिया रेडियो (ए आई आर) के नीति प्रभाग के निदेशालय जनरल (Directorate General) पद पर कार्यरत हैं।
- लेखक ने इस पुस्तक के माध्यम से वर्ष 1947 में कश्मीर की स्थापना से लेकर वर्तमान तक 'रेडियो कश्मीर' द्वारा वहां के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन के विकास में निभाई गई प्रभावी भूमिका का वर्णन किया है।
- इस अवसर डॉ. जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि हाल ही में जम्मू कश्मीर के रामबन जिले के पटनीटॉप में ऑल इंडिया रेडियो के 10 किलोवॉट ट्रांस मीटर का उद्घाटन किया गया है। यह रेडियो लगभग 60 किमी. त्रिज्या में रहने वाले लोगों को सेवाएं प्रदान करेगा।
- इसके साथ ही डॉ. जितेंद्र सिंह ने 'उधमपुर' में एक रेडियो स्टेशन जल्द शुरू करने की घोषणा की।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=185853

## एयरसेवा 2.0 वेब पोर्टल

**प्रश्न-हाल ही में नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा हवाई यात्रा को सुविधाजनक और परेशानी मुक्त बनाने के लिए लांच किया गया।**




(a) एयरसेवा 2.0 वेब पोर्टल का अपग्रेडेड वर्जन (b) एयरसेवा 3.0 वेब पोर्टल
(c) एयरसेवा 4.0 वेब पोर्टल (d) एयरसेवा 5.0 वेब पोर्टल

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 19 नवंवर, 2018 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय, द्वारा हवाई यात्रा को सुविधाजनक और परेशानी मुक्त बनाने के लिए एयरसेवा 2.0 वेब पोटल एवं मोबाइल ऐप का अपग्रेडेड वर्जन लांच किया गया।
- डिजिटल प्लेटफॉर्म  एयरसेवा'2.0 का अद्यतन वर्जन हवाई यात्रियों की शिकायतों को संबोधित करेगा।
- जिनमें शामिल हैंलंबी कतारों से स-ंबंधित पूछताछ, फ्लाइट में देरी, रिफंड में समस्या और खोए सामान की शिकायतें।
- यह प्रणाली उड़ानों की वर्तमान स्थिति और उड़ानों के कार्यक्रम के बारे में वास्तविक समय की जानकारी भी देगा।
- नागरिक उड्डयन मंत्रालय की योजना निकट भविष्य में एयरसेवा 3.0 लांच करने की भी है।
- हाल ही में जारी )International Air Transport Association के एक पूर्वानुमान के अनुसार यात्रियों के संदर्भ में भारत वर्ष 2024 तक तीसरा सबसे बड़ा )Third Largest) उड्डयन बाजार बन जाएगा।
- शेड्यूल्ड एयर ट्रांसपोट्र सर्विस, रीजनल एयर ट्रांसपोर्ट सर्विस एवं डोमेस्टिक शेड्यूल्ड पैसेजर एयर लाइन में स्वचालित मार्ग के तहत 49 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति है।
- भारतीय उड्डयन उद्योग में अगले पांच वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/business/Industry/airsewa-20-portal-app-unveiled/article25541395.ece

## देशभर में अनारक्षित टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग सेवा का शुभारंभ

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय रेलवे ने कब से देशभर में अनारक्षित टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग सेवा का शुभारंभ किया?**

(a) 31 अक्टूबर, 2018 (b) 25 अक्टूबर, 2018 (c) 20 अक्टूबर, 2018 (d) 1 नवंबर, 2018




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को भारतीय रेलवे ने देशभर में अनारक्षित टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग सेवा का शुभारंभ किया।
- उल्लेखनीय है कि नकदी रहित टिकटिंग प्रणाली को बढ़ाने हेतु रेल सूचना प्रणाली केंद्र (CRIS) ने मोबाइल आधारित 'यूटीएसऑन मोबाइल (UTS ON MOBILE) ऐप विकसित किया है।
- यह ऐप अनारक्षित टिकटों की बुकिंग और रद्द करने, सावधिक और प्लेटफॉर्म टिकटों के नवीनीकरण, रेल वॉलेट की बकाया राशि की जांच और लोड करने में सक्षम है।
- यह ऐप एंड्राएड और विंडोज स्मार्ट फोन पर उपलब्ध है।
- उपयोगकर्ता इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।
- सबसे पहले यात्री अपना मोबाइल नंबर, नाम, शहर, रेल की डिफाल्ट बुकिंग श्रेणी, टिकट का प्रकार, श्रेणी, टिकट का यात्रियों की संख्या और बार-बार यात्रा करने के मार्गों का विवरण देकर अपना पंजीकरण कर सकते हैं।
- पंजीकरण कराने पर यात्री का जीरो बैलेंस का रेल वॉलेट स्वतः ही बन जाएगा।
- इस ऐप से एक बार में अधिकतम चार टिकट ही बुक हो सकते हैं।

**संबंधित लिंक...**

https://www.jansatta.com/business/irctc-diwali-2018-offer-irctc-train-ticket-booking-online-

## फ्लाइट बोइंग - 737

**प्रश्न-हाल ही में इंडोनेशिया की लॉयन एयर लाइंस की फ्लाइट बोइंग- 737 जकार्ता से उड़ान भरने के ठीक बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस विमान ने जकार्ता से कहां के लिए उड़ान भरी थी?**

(a) पंगकल पीनंग (b) मास्को (c) नई दिल्ली (d) न्यूयार्क



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को इंडोनेशिया की लॉयन एयरलाइंस की फ्लाइट बोइंग- 737 मैक्स 8 , जकार्ता, इंडोनेशिया से उड़ान भर के पंगकल पिनंग के लिए जा रहा था, तभी यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
- इस विमान ने सुकार्नो हत्ता अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा से उड़ान भरी थी।
- यह विमान यात्रियों 188 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की साथ समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।
- इस विमान के चालक भारतीय पायलट भव्य सुनेजा थे।

**संबंधित लिंक...**

https://www.bbc.com/news/world-asia-46014463

## चांगसा घोषणा-पत्र

**प्रश्न–निम्न कथनों पर विचार कीजिए–**

(i) चांगसा घोषणा-पत्र (Changsha Declaration), भुखमरी और गरीबी उन्मूलन से संबंधित है।

(ii) नवंबर, 2018 को इंटरनेशनल डेवलमेंट कोऑपरेशन के मंच से चांगसा घोषणा-पत्र की उद्घोषणा की गई।

(iii) चांगसा, चीन में स्थित एक शहर है। सत्य कथन है/हैं-

(a) केवल (i) (b) केवल (ii) (c) (i) एवं (ii) (d) (i),(ii) एवं (iii)



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- कृषि और ग्रामीण विकास पर हुए चांगसा घोषणा-पत्र पर 26 देशों एवं 11 अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं यथा फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन (FAO), यूनिसेफ (UNICEF), वर्ल्ड फूड प्रोग्राम और विश्व स्वास्थ्य संगठन आदि ने हस्ताक्षर किया। चांगसा घोषणा-पत्र का उद्देश्य दक्षिण-दक्षिण सहयोग में वृद्धि करना है।
- खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के डायरेक्टर जनरल जॉश ग्रैजिआनो दा सिल्वा ने कृषि नवाचार एवं निवेश संवर्द्धन के क्षेत्र में प्रशिक्षण देने हेतु बीजिंग, चीन में एक अंतरराष्ट्रीय केंद्र खोलने की घोषणा इस दौरान की।
- जिससे कृषि में नवाचार एवं निवेश को ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाया जा सके तथा 2030 के सतत विकास लक्ष्य के जीरो भूखमरी को प्राप्त किया जा सके। चांगसा, चीन में स्थित एक शहर है।

**संबंधित लिंक...**

https://news.un.org/en/story/2018/11/1024772

## किसानों की आय : राज्यपालों के समिति की रिपोर्ट

**प्रश्न-हाल ही में राज्यपालों की समिति ने राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। समिति बनी थी -**

(a) किसानों की आय 2022 तक दोगुना करने के लिए (b) किसानों की आय 2024 तक दोगुना करने के लिए

(c) किसानों की आय 2026 तक दोगुना करने के लिए (d) इनमें से कोंई नहीं



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 अक्टूबर, 2018 को राज्यपालों की समिति ने राष्ट्रपति को अपनी रिपोर्ट सौंप दी।
- यह समिति किसानों की आय को 2022 तक दोगुना करने के लिए बनी थी।
- ध्यातव्य है कि समिति की रिपोर्ट में 21 सिफारिशें हैं।
- इस रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन की चुनौती को देखते हुए विशेष कृषि जोन बना कर वहां की जलवायु के अनुसार खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।
- साथ हीं केंद्रीय योजनाओं में केंद्रीय सहायता का अनुपात बढ़ाने की सिफारिश भी की गई है।
- राज्यपालों की इस समिति के अध्यक्ष थे- उत्तर प्रदेश के राज्यपाल 'राम नाईक'।
- इस समिति में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के राज्यपाल ईएसएल नरसिम्हन, कर्नाटक के राज्यपाल वजु भाईवाला, हिमाचल के राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मध्य प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल शामिल थीं।

- ध्यातव्य है कि 22 प्रदेशों के राज्यपालों और उपराज्यपालों से सुझाव ले कर 48 पेज की रिपोर्ट तैयार की गई है।
- रिपोर्ट में कहा गया है कि क्षेत्रीय संसाधानों और जलवायु के अनुसार फसल चक्र विकसित किया जाए।

**संबंधित लिंक...**
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/governors-panel-submits-report-on-doubling-farm-income-118102601516_1.html

## क्रिस एवर्ट WTA विश्व न. 1 ट्रॉफी

**प्रश्न-26 अक्टूबर, 2018 को किस महिला टेनिस खिलाड़ी को WTA की प्रथम "क्रिस एवर्ट WTA विश्व न. 1 ट्रॉफी" प्रदान की गई?**



(a) सिमोना हालेप (b) मारिया शारापोवा (c) मार्टिना हिंगिस (d) गारबिने मुगुर्जा

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 'महिला टेनिस संगठन' (WTA) ने नवंबर, 1975 में विश्व की पहली नंबर- 1 खिलाड़ी बनी महिला टेनिस खिलाड़ी क्रिस एवर्ट (अमेरिका) के सम्मान में अपनी विश्व न.-1 ट्रॉफी का आधिकारिक नामकरण कर 'क्रिस एवर्ट WTA विश्व न. 1 ट्रॉफी कर दिया।
- 26 अक्टूबर, 2018 आधिकारिक नामकरण वाली यह ट्रॉफी वर्तमान विश्व नं. 1 सिमोना हालेप (रोमानिया) को प्रदान की गई। हालेप यह ट्रॉफी प्राप्त करने वाली प्रथम महिला खिलाड़ी बन गईं
- नवंबर, 1975 में क्रिस एवर्ट ने WTA रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और इसे वह 260 सप्ताह तक बरकरार रखने में सफल रहीं, जो WTA इतिहास में शीर्ष स्थान धारित करने की चौथी सबसे बड़ी अवधि है।
- क्रिस एवर्ट ने 18 महिला एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।
- 'क्रिस एवर्ट WTA विश्व न.-1 ट्रॉफी' एक रजत (Silver) स्टार-मैप टेनिस बॉल की तरह चित्रांकित की गई है जो टेनिस ब्रहमांड (Tennis Universe) का प्रतिनिधित्व करती है।
- WTA – Women' Tennis Association वर्ष 1973 में गठित पेशेवर महिला टेनिस का मुख्य आयोजक संगठन है, जिसका मुख्यालय सेंट पीटर्सबर्ग, फ्लोरिडा, अमेरिका में स्थित है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.wtatennis.com/news/world-no1-trophy-dedicated-legend-chris-evert

## बायोफैक इंडिया, 2018

**प्रश्न-25-27 अक्टूबर, 2018 के मध्य कार्बनिक उत्पादों पर भारत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 'बायोफैक इंडिया, 2018' के दसवें संस्करण का आयोजन कहां किया गया?**




(a) ग्रेटर नोयडा (b) जयपुर (c) नई दिल्ली (d) वाराणसी

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 25-27 अक्टूबर, 2018 के मध्य कार्बनिक उत्पादों पर भारत का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 'बायोफैक इंडिया (BIOFACH INDIA), 2018' का 10वां संस्करण प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उदघाटन केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु ने किया।

**संबंधित लिंक...**
http://biofach-india.com/about-us
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184369

## भारत-म्यामांर के मध्य राष्ट्रीय स्तर की 22वीं बैठक

**प्रश्न-हाल ही में भारत-म्यांमार के मध्य राष्ट्रीय स्तर की 22वीं बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व किसने किया?**

(a) राजनाथ सिंह (b) राजीव गाउबा (c) एस. जयशंकर (d) वी. के. गोखले



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25-26 अक्टूबर, 2018 के मध्य भारत और म्यांमार के बीच राष्ट्रीय स्तर की 22वीं बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई।
- इस बैठक में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व गृह सचिव राजीव गाउबा ने और म्यांमार के शिष्टमंडल का नेतृत्व म्यांमार के गृहमंत्री मेजर जनरल आंग-थू ने किया।
- इस बैठक में दोनों देशों के मध्य अपने-अपने भू-भाग में सक्रिय उग्रवादी समूहों के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा सहयोग प्रदान करने और लोगों को आवागमन और व्यापार में सहायता प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की गई।
- दोनों देश वन्य जीवों तथा मादक पदार्थों की तस्करी रोकने में सहयोग करने पर और दोनों देशों की सीमाओं के बेहतर रेखांकन हेतु सहायक स्तंभों का निर्माण करने सहित अंतरराष्ट्रीय सीमा प्रबंधन पर सहयोग को मजबूत बनाने पर सहमत हुए।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184404

## इफ्को : विश्व की सबसे बड़ी सहकारिता कंपनी

**प्रश्न-अक्टूबर, 2018 में जारी 'वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनीटर रिपोर्ट, 2018' के अनुसार कौन सी भारतीय कंपनी विश्व की सबसे बड़ी सहकारिता कंपनी है?**

(a) कृभको (b) इफ्को (c) गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (d) कॉमफेड

IFFCO

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25 अक्टूबर, 2018 को आईसीए (ICA : International Cooperative Alliance) तथा यूरिसीएसई (Euricse: European Research Institute on Cooperative & Social Enterprises) द्वारा वार्षिक वर्ल्ड कोऑपरेटिव मॉनीटर, 2018 (World Cooperative Monitor, 2018) रिपोर्ट जारी की गयी।
- यह इस रिपोर्ट का सातवां संस्करण है।
- इस रिपोर्ट में विश्व की 300 सबसे बड़ी सहकारिता कंपनियों एवं उनकी सहयोगी संस्थाओं की रैंकिंग जारी की जाती है। यह रैंकिंग वर्ष 2016 के वित्तीय आंकड़ों के आधार पर जारी की गयी है।
- यह अपने तरह की एकमात्र रिपोर्ट है जो वैश्विक सहकारिता आंदोलन से संबंधित वार्षिक परिमाणात्मक आंकड़े एकत्र करती है।
- इस वर्ष की रिपोर्ट में कुल टर्नओवर (अमेरिका डॉलर में) के आधार पर तैयार की गई शीर्ष 300 सहकारिता कंपनियों की रैंकिंग में फ्रांस की 'ग्रुप क्रेडिट एग्रीकोल' (Groupe Credit Agricole) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- फ्रांस की ही 'ग्रुप बीपीसीई' (Groupe BPCE) द्वितीय स्थान पर है।
- जर्मनी की कंपनी 'बीवीआर (BVR) को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।
- प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में टर्नओवर के आधार पर जारी की गयी शीर्ष 300 सहकारिता कंपनियों की रैंकिंग में भारतीय कंपनी इफ्को (IFFCO) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस संदर्भ में फ्रांस की कंपनियां ग्रुप क्रेडिट एग्रीकोल एवं ग्रुप बीपीसीई क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर हैं।
- भारत की गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ लिमिटेड को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।
- ज्ञातव्य है कि कुल टर्नओवर के आधार पर तैयार की गई रैंकिंग में इफ्को को 108 वां स्थान तथा गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ लिमिटेड को 128वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- कुल टर्नओवर के संदर्भ में एक अन्य भारतीय कंपनी कृभको (कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड) 273वें स्थान पर है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.ica.coop/sites/default/files/publication-files/wcm2018-printx50-227290600.pdf

## दो नई पहलें-एलईएपी और एआरपीआईटी लांच

**प्रश्न–हाल ही में दो नई पहलों लीडरशिप फॉर एकेडेमिशियंस प्रोग्राम (LEAP) और ऐनुअल रिफ्रेशर प्रोग्राम इन टीचिंग (ARPIT) को नई दिल्ली में लांच किया गया। यह दोनों पहलें संबंधित हैं–**



(a) प्राथमिक शिक्षा संस्थानों से (b) उच्च शिक्षा संस्थानों से
(c) माध्यमिक शिक्षा संस्थानों से (d) दूरस्थ शिक्षा संस्थानों से

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 13 नवंबर, 2018 को मानव संसाधन विकास राजयमंत्री डॉ. सत्यपाल सिंह ने दो नई पहलों लीडरशिप फॉर एकेडेमिशियंस प्रोग्राम (Leadership For Academicians Programme-LEAP) और ऐनुअल रिफ्रेशर प्रोग्राम इन टीचिंग (Annual Refresher Programme in teaching-ARPIT) को नई दिल्ली में लांच किया।
- यह दोनों पहल उच्च शिक्षा संस्थानों से संबंधित हैं।

- लीडरशिप फॉर एकेडेमिशियंस प्रोग्राम (LEAP) सार्वजनिक वित्त पोषित उच्च शिक्षा संस्थानों में द्वितीय स्तर के अकादमिक क्षेत्र के लोगों के लिए तीन सप्ताह का (दो सप्ताह का घरेलू और एक सप्ताह का विदेशी प्रशिक्षण) प्रमुख नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम है।
- इसका उद्देश्य दूसरे स्तर के अकादमिक प्रमुखों को भविष्य में नेतृत्व की भूमिका का निर्वहन करने के लिए तैयार करना है।
- ऐनुअल रिफ्रेशर प्रोग्राम इन टीचिंग (ARPIT) एमओओसी प्लेटफॉर्म 'स्वयं' (SWAYAM) का उपयोग करते हुए 15 लाख उच्च शिक्षा संकाय के ऑनलाइन व्यावसायिक विकास की एक प्रमुख और अनूठी पहल है।
- एआरपीआईटी लागू करने के लिए पहले चरण में 75 अनुशासन-विशिष्ट संस्थानों को चिह्नित किया गया है और राष्ट्रीय संसाधन केंद्र (एनआरसी) के रूप में अधिसूचित किया गया है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184723

## शांति स्थापना पहल हेतु भारतीय अभिदान

**प्रश्न-हाल ही में भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र में महत्वपूर्ण शांति स्थापना पहल हेतु कितनी राशि दान की गई?**
(a) 300,000 अमेरिकी डॉलर (b) 400,000 अमेरिकी डॉलर
(c) 500,000 अमेरिकी डॉलर (d) 600,000 अमेरिकी डॉलर




**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में महत्वपूर्ण शांति स्थापना पहल हेतु 300,000 अमेरिकी डॉलर की राशि दान की गई।
- यह पहल आचरण के मुद्दों यथा-यौन शोषण, दुर्व्यवहार और अनुशासन के मुद्दों पर केंद्रित होगा।
- यह पहल है- 'पाइपलाइन टू पीसकीपिंग कमांड प्रोग्राम'।
- यह कार्यक्रम त्रिवर्षीय है, जो जांच और अनुशासनात्मक प्रक्रिया के दौरान भावी कमांडरों और प्रबंधकों को दुर्व्यवहार के आरोपों का जवाब देने के लिए तैयार करेगा।
- ध्यातव्य है कि भारत यौन शोषण और दुर्व्यवहार पर संयुक्त राष्ट्र की शून्य सहनशीलता नीति का एक प्रबल समर्थक है।
- भारत संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सबसे बड़े सैनिक योगदानकर्ताओं में से एक है और 2013 से भारत से वर्दीधारी कर्मियों के विरुद्ध यौन शोषण और दुर्व्यवहार को कोई भी आरोप नहीं लगा है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.un.org/sg/en/content/sg/note-correspondents/2018-10-26/note-correspondents-pipeline-peacekeeping-command


# विश्व की पहली बायो इलेक्ट्रॉनिक दवा

**प्रश्न-हाल ही में किस देश के वैज्ञानिकों ने विश्व की पहली बायो इलेक्ट्रॉनिक दवा का आविष्कार किया है?**

(a) ब्रिटेन (b) जापान (c) USA (d) चीन

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**



- विश्व की पहली बायो इलेक्ट्रॉनिक दवा का आविष्कार संयुक्त राज्य अमेरिका की वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है।
- यह दवा एक प्रकार की प्रत्यारोपणीय बायोडिग्रेबल वायरलेस डिवाइस है, जिसे ट्रांसमीटर की सहायता से शरीर के बाहर से ही नियंत्रित किया जा सकेगा।
- इस दवा की सहायता से क्षतिग्रस्त तंत्रिका का उपचार किया जा सकता है।
- यह डिवाइस दवा के रूप में शरीर के अंदर दो सप्ताह तक कार्य करेगी इसके बाद अपने आप शरीर द्वारा अवशोषित कर ली जाएगी।

**संबंधित लिंक...**

http://ddnews.gov.in/health/scientists-develop-first-bio-electronic-medicine

# दिल्ली शृंखला सामुद्रिक शक्ति संगोष्ठी

**प्रश्न-दिल्ली शृंखला सामुद्रिक शक्ति संगोष्ठी का आयोजन हाल ही में कहां पर किया गया?**

(a) केरल में (b) ओडिशा में (c) तमिलनाडु में (d) पश्चिम बंगाल में

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**



- अक्टूबर, 2018 में एझिमाला, कन्नूर (केरल) में भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) का दिल्ली "सामुद्रिक शक्ति संगोष्ठी" के 5वें संस्करण का आयोजन किया गया।
- इस संगोष्ठी में सेवारत/सेवानिवृत्त अधिकारी, अकादमिक और कैडेटों को आमंत्रित किया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि आईएनए परिसर में स्थित ऐतिहासिक माउंट दिल्ली (Dilli) के नाम से दिल्ली शृखंला संगोष्ठी का आयोजन आईएनए में आयोजित किया जाता है।

**संबंधित लिंक...**

http://www.pib.nic.in/Pressreleaseshare.aspx?PRID=1549789

# गोवा समुद्रीय संगोष्ठी, 2018

**प्रश्न-गोवा समुद्रीय संगोष्ठी, 2018 के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से क्या सही है/हैं?**

**1. यह संगोष्ठी प्रथम बार आयोजित की गई है।**

**2. इस संगोष्ठी में भारत के सभी पड़ोसी देश के नौसेनाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।**

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 एवं 2 दोनों (d) न तो 1, न ही 2



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को नौसेना प्रमुख एडमिरल सुनीला लांबा ने आईएनएस मांडवी पर गोवा समुद्रीय संगोष्ठी, 2018 (Goa Maritine Symposium) का उद्घाटन किया।
- इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ-साथ हिन्द महासागर क्षेत्र में पड़ोसी राष्ट्रों के नौसेनाओं के वरिष्ठ प्रतिनिधियों एवं समुद्री एजेंसियों के मध्य वार्ता को प्रोत्साहित करते हुए समुद्री क्षेत्रीय कार्यप्रणाली में रचनात्मक भूमिका निभाना है।
- इस वर्ष इस संगोष्ठी की थीम थी - हिन्द महासागर क्षेत्र में मजबूत समुद्रीय भागीदारी को प्रोत्साहित करना।
- इस अवसर पर नौसेना प्रमुख ने 'नेवल वार कॉलेज जर्नल' भी जारी किया। इस जर्नल में समुद्रीय रणनीति और सुरक्षा के बारे में लेखकों और विचारकों के सिद्धांतों एवं लेखों का संग्रह है।
- इस संगोष्ठी में नई समुद्रीय चुनौतियों से निपटने हेतु हिन्द महासागरीय क्षेत्रीय नौसेनाओं में क्षमता निर्माण के साथ-साथ आपसी तालमेल बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx

# द ट्रिब्यूट रन

**प्रश्न-25 नवंबर, 2018 को 'द ट्रिब्यूट रन' (मेमोरियल मैराथन) भारत में पहली बार कहां आयोजित की जाएगी?**

(a) नई दिल्ली (b) हैदराबाद (c) चेन्नई (d) मुंबई




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 नवंबर, 2018 को आईडीबीआई फेडरल लाइफ इंश्योरेंस ने सी हॉक्स फाउंडेशन के सहयोग से मुंबई में 'द ट्रिब्यूट रन' (मेमोरियल मैराथन) आयोजित करने की घोषणा की।
- यह दौड़ 26 नवंबर, 2018 को मुंबई में हुए आतंकवादी हमलों के शहीदों की 10वीं वर्षगांठ की याद में आयोजित की जाएगी।यह भारत में आयोजित पहली मेमोरियल मैराथन होगी।
- इस दौड़ का आयोजन 25 नवंबर को किया जाएगा।
- यह दौड़ वर्ली स्थित नेशनल स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया से हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी।
- यह दौड़ तीन श्रेणियों 21 किमी. की हॉफ मैराथन, 10 किमी. और 5 किमी. में आयोजित होगी।

**संबंधित लिंक...**
http://thetributerun.in/

## आईटीओ पर बने स्काई-वॉक और फुटओवर ब्रिज का उद्घाटन

**प्रश्न-हाल ही में आईटीओ के 'W' प्वॉइंट पर बने स्काई-वॉक और फुट ओवर ब्रिज का उद्घाटन कहां किया गया?**
(a) दिल्ली (b) लखनऊ (c) सांताक्रूज (d) बंगलुरू



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 15 अक्टूबर, 2018 को दिल्ली के आईटीओ के 'W' प्वॉइंट पर बने स्काई-वॉक और फुटओवर ब्रिज का उद्घाटन किया गया।
- स्काई वॉक और FOB की संक्षिप्त माप :

| | क्र.सं. नाम | लंबाई | चौड़ाई |
|---|---|---|---|
| 1. | 'W' प्वॉइंट पर स्काई वॉक | 485 मीटर | 5.0 मीटर |
| 2. | रैम्प और लूप | 130 मीटर | 3.0 मीटर |
| 3. | हंस भवन पर FOB | 54 मीटर | 5.0 मीटर |

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/news/cities/Delhi/ito-skywalk-in-delhi-all-you-need-to-know/article25241956.ece
http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=184200

## वैश्विक जोखिम वित्तीयन सुविधा (GRIF)

**प्रश्न-वैश्विक जोखिम वित्तीयन सुविधा (Global Risk Financing Facility) के संबंध में निम्नलिखित कथनों मंो से क्या सही हैं?**
**1. यह केवल विश्व बैंक समूह द्वारा प्रारंभ किया गया है।**
**2. इस सुविधा का लाभ आपदा के प्रति सुभेद्य (Vulnerable) राष्ट्रों को दिया जाएगा।**

**कूट :**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) 1 एवं 2 दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 अक्टूबर, 2018 को विश्व बैंक समूह द्वारा 140 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के वैश्विक जोखिम वित्तीयन सुविधा (Global Risk Financing Facility – GRIF) की घोषणा की गई। इस सुविधा को प्रारंभ करने में जर्मनी एवं यूनाइटेड किंगडम की सरकारों की भी भागीदारिता है।
- इस सुविधा को प्रारंभ करने का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संकट/आपदा के प्रति अतिसंवेदनशील (Vulnerable) देशों को इन संकटों के वित्तीय प्रभाव के प्रबंधन हेतु सहायता करना है।
- इस कोष की सहायता से आपदाग्रस्त सरकारों को आपदा संकट के प्रति त्वरित कार्रवाई करने, आपदा के आगमन पूर्व उचित तैयारी करने एवं संकट के प्रभाव में कमी लाने में सहायता मिलेगी।
- इस सुविधा को स्थापित करने की घोषणा बाली (इंडोनेशिया) में विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठक में की गई थी।
- इस अवसर पर विश्व बैंक, जर्मनी एवं यूनाइटेड किंगडम सरकार एवं 'वल्नरेबल 20' (Vulnerable 20 – V20) समूह देश के प्रतिनिधि उपस्थित थे।
- GRIF वित्तीय समाधान को विकसित करने, जांचने, बढ़ाने और सुधार करने हेतु तकनीकी सहायता भी उपलब्ध कराएगा।
- इस कार्य हेतु लंदन की 'सेंटर फॉर ग्लोबल डिजास्टर प्रोटेक्शन संस्था' सहायता करेगी। इसके लिए विश्व बैंक समूह एवं यूनाइटेड किंगडम के मध्य एक समझौता हुआ है।
- GRIF प्रत्यक्ष तौर पर 'Insu Resilience Global Partnership' के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु योगदान करेगा।
- वर्तमान में GRIF को आर्थिक सहयोग एवं विकास के लिए जर्मनी के संघीय मंत्रालय (BMZ) तथा यूनाइटेड किंगडम के अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग (DFID) द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।
- वहीं विश्व बैंक के आपदा जोखिम वित्तीयन एवं बीमा कार्यक्रम (Disaster Risk Financing and Insurance Program – DRFIP) तथा आपदा न्यूनीकरण और पुनःप्राप्ति हेतु वैश्विक सुविधा (Global Facility for Disaster Reduction and Recovery) द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**

https://www.worldbank.org/en/topic/disasterriskmanagement/brief/global-risk-financing-facility

## विश्व की सबसे लंबी नॉन स्टॉप उड़ान सिंगापुर से न्यूयॉर्क

**प्रश्न-हाल ही में विश्व की सबसे लंबी नॉन स्टॉप उड़ान सिंगापुर से न्यूयॉर्क की शुरुआत किस एयरपोर्ट से की गई?**

(a) दोहा एयरपोर्ट (b) न्यूयॉर्क एयरपोर्ट (c) ऑकलैंड एयरपोर्ट (d) चांगी एयरपोर्ट



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 11 अक्टूबर, 2018 को सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट, सिंगापुर के 'चांगी एयरपोर्ट' से न्यूयॉर्क के लिए पहली उड़ान के रूप में रवाना हुई। यह विश्व की सबसे लंबी नॉन स्टॉप उड़ान है।
- इस उड़ान के लिए एयरबस A350-900 ULR प्लेन का इस्तेमाल किया गया है।
- यह एयरबस 16,700 किलोमीटर की दूरी का सफर लगभग 19 घंटे में पूरी करेगी।
- सबसे लंबी दूरी की फ्लाइट का रिकॉर्ड इससे पहले ऑकलैंड से दोहा की फ्लाइट (कतर एयरवेज फ्लाइट 921) के नाम था। यह फ्लाइट 17 घंटे 40 मिनट में यह दूरी तय करती थी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.cnbc.com/2018/10/11/worlds-longest-non-stop-flight-from-singapore-to-new-york-set-for-take-off.html

## उत्तर प्रदेश में तीन शक्तिपीठों पर लगने वाले मेला का प्रांतीयकरण

**प्रश्न-हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तीन शक्तिपीठों पर लगने वाले मेलों का प्रांतीयकरण करने का निर्णय किया गया। प्रश्न में कौन शक्तिपीठ इसमें शामिल नहीं है?**

(a) मां ललिता देवी शक्तिपीठ, नैमिषारण्य (b) मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ, देवीपाटन
(c) मां विन्ध्यवासिनी शक्तिपीठ, मीरजापुर (d) मां शीतला देवी शक्तिपीठ, जौनपुर



**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 10 अक्टूबर, 2018 को संपन्न उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में मां ललिता देवी शक्तिपीठ अमावस्या मेला, नैमिषारण्य (सीतापुर), मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ, देवी पाटन तुलसीपुर मेला, बलरामपुर और मां विन्ध्यवासिनी शक्तिपीठ मेला, मीरजापुर का प्रांतीयकरण करने का निर्णय किया गया।
- प्रांतीयकरण के बाद तीनों मेलों का प्रबंधन वहां के जिलाधिकारियों द्वारा किया जाएगा।
- मां ललिता देवी शक्तिपीठ, अमावस्या मेला पर होने वाले व्यय 60 लाख रुपये, मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ देवीपाटन तुलसीपुर मेला पर होने वाले व्यय 48.44 लाख रुपये और मां विन्ध्यवासिनी शक्तिपीठ मेला पर होने वाले व्यय लगभग 41.49 लाख रुपये का वहन राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा।

**संबंधित लिंक...**
http://information.up.nic.in/attachments/files/5bbdfe63-2b34-4375-b2d1-226d0af72573.pdf

## घृणास्पद भोजन संग्रहालय (disgusting food musium)

**प्रश्न-निम्नलिखित में से किस देश में दुनिया का पहला घृणास्पद भोजन संग्रहालय खोला गया है?**

(a) अमेरिका (b) ब्रिटेन (c) स्वीडन (d) जापान



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 9 अक्टूबर, 2018 को वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित न्यूज के अनुसार, दुनिया का पहला घृणास्पद भोजन संग्रहालय (Disgusting food musium) माल्मो (Malmo), स्वीडन में खोला गया है।
- इस संग्रहालय का यह नाम इसकी प्रकृति के कारण रखा गया है क्योंकि इसमें प्रयुक्त सामग्री काफी विवादास्पद है। इसमें एक संस्कृति की घृणा और एक संस्कृति की स्वादिष्टता सम्मिलित है।
- इसमें लगभग विश्व के सभी विचित्र (अन्य संस्कृति के लोगों के लिए) व्यंजनों को शामिल किया गया है जैसे- पक्षीलार से बना चीनी पकवान, मेक्सिको में खाया जाने वाला पेड़ - चीटीं लार्वा और गिनी में खाया जाने वाला सुअर आदि। इस प्रकार यह संग्रहालय विभिन्न संस्कृति के लोगों के बीच मतभेद उत्पन्न करता है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.washingtonpost.com/news/voraciously/wp/2018/10/09/this-new-food-museum-expects-to-upset-your-stomach-and-then-make-you-think-about-why/?utm_term=.6ec8669498c4

## भारत सर्वाधिक अवसाद ग्रस्त देश

**प्रश्न–हाल ही में जारी विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत की कितनी जनसंख्या गंभीर मानसिक विकार से जूझ रही है?**



(a) 6.5 प्रतिशत (b) .8 प्रतिशत (c) 10.9 प्रतिशत (d) 7.3 प्रतिशत

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को जारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व का सर्वाधिक अवसादग्रस्त देश है। WHO के अनुसार लगभग 30 करोड़ लोग विश्व में अवसाद की समस्या से ग्रस्त हैं।
- रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे स्थान पर अवसाद ग्रस्त देश (Depressed Countruy) चीन और तीसरे स्थान पर अमेरिका राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 के अनुसार प्रत्येक छठां भारतीय किसी न किसी प्रकार से मानसिक विकार से ग्रस्त है। इसी रिपोर्ट में कहा गया है कि सिजोफ्रेनिया, वाइपोलर इफेक्टिव डिसआर्डर जैसे गंभीर मानसिक रोगों की पहचान पुरुषों और महानगरों में रहने वाले लोगों के बीच ज्यादा हुआ है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.indiatoday.in/education-today/gk-current-affairs/story/india-is-the-most-depressed-country-in-the-world-mental-health-day-2018-1360096-2018-10-10

# गिर वन राष्ट्रीय पार्क में शेरों का टीकाकरण

**प्रश्न-हाल ही में गिर वन में किस वायरस के कारण 23 शेरों की मृत्यु हो गई?**

(a) एबोला वायरस (b) कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (c) डरना ट्रिमा वायरस (d) कोकोबेरा वायरस

उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 7 अक्टूबर, 2018 में गुजरात वन विभाग द्वारा घातक वायरस से बचाव हेतु गिर वन राष्ट्रीय पार्क में शेरों का टीकाकरण शुरू किया गया।
- ज्ञातव्य है कि एक माह से भी कम अवधि में गिर अभयारण्य में 23 शेरों की मौत हो गई।
- उनमें से अधिकांशतः शेरों की मौत कैनाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीपी) और प्रोटोजोआ संक्रमण के कारण हुई है।
- मानक प्रोटोकॉल के अनुसार, गहन पशु चिकित्सा देखभाल के तहत अलग किए गए शेरों का टीकाकरण किया जा रहा है। कैमाइन डिस्टेंपर वायरस (सीडीबी) को एक घातक वायरस (विषाणु) माना जाता है।
- पूर्वी अफ्रीका के जंगलों में अफ्रीकी शेरों की आबादी 30 फीसदी कम होने के लिए इसी वायरस को जिम्मेदार माना जाता है।

**संबंधित लिंक...**

https://khabar.ndtv.com/news/gujarat/vaccination-to-lions-started-in-gujarat-1928173

# 100 महानतम विदेशी भाषा की फिल्में

**प्रश्न–हाल ही में बीबीसी कल्चर द्वारा जारी '100 महानतम विदेशी भाषा की फिल्में' सूची में किस भारतीय फिल्म को स्थान मिला है ?**

(a) पाथेर पांचाली (b) शोले (c) न्यूटन (d) रूदाली

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 अक्टूबर, 2018 को बीबीसी कल्चर द्वारा '100 महानतम विदेशी भाषा की फिल्में' सूची जारी की गई।
- सूची में 24 देशों और 19 भाषाओं की 100 फिल्मों को शामिल किया गया है।
- सूची में सर्वाधिक 27 फिल्में फ्रांसीसी भाषा की हैं। सूची में जापानी निर्देशक अकिरा कुरोसावा
- द्वारा निर्देशित 'सेवेन सामुराई' फिल्म को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- सूची में दूसरा एवं तीसरा स्थान क्रमशः बाइसिकिल थीव्स (निर्देशक विटोरियो डि सिका) और टोक्यो स्टोरी (निर्देशक यासुजिरो ओजु) को प्राप्त हुआ है। थियो एंजेलोपोलस द्वारा निर्देशित फिल्म 'लैंडस्केप इन द मिस्ट को अंतिम स्थान (100 वां) स्थान मिला है।
- भारतीय निर्देशक सत्यजीत रे द्वारा निर्देशित 'पाथेर पांचाली' सूची में स्थान प्राप्त करने वाली एकमात्र भारतीय फिल्म है।सूची में 15वां स्थान प्राप्त करने वाली पाथेर पांचाली वर्ष 1955 में रिलीज हुई थी।
- उल्लेखनीय है कि जुलाई, 2015 में बीबीसी द्वारा पहली बार '100 महानतम अमेरिकी फिल्में' सूची जारी की थी।

- इसके पश्चात वर्ष 2016 में '21वीं सदी की 100 महानतम फिल्में' और वर्ष 2017 में 'अब तक निर्मित महानतम' सूची जारी की गई थी।

**संबंधित लिंक...**
http://www.bbc.com/culture/story/20181108-the-greatest-foreign-language-films-of-the-21st-century
http://www.bbc.com/culture/story/20160819-the-21st-centurys-100-greatest-films

## चाबहार बंदरगाह : अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट

**प्रश्न-हाल ही में मध्य पूर्व के कौन-से देश में स्थित चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों में छूट दी गई?**



(a) ईरान (b) इराक (c) ओमान (d) संयुक्त अरब अमिरात

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- नवंबर, 2018 में अमेरिका ने मध्य-पूर्व में स्थित चाबहार बंदरगाह के प्रोजेक्ट को पांबदी से अलग कर दिया।
- अमेरिका ने ईरान में विकसित किये जा रहे सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण चाहबहार बंदरगाह और इसे अफगानिस्तान से जोड़ने वाली रेलवे लाइन के निर्माण के लिए भारत को कुछ प्रतिबंधों से छूट दे दी है।
- अमेरिका का यह निर्णय ओमान की खाड़ी में विकसित किए जा रहे इस बंदरगाह में भारत की भूमिका को अमेरिकी मान्यता का प्रतीक है।
- ध्यातव्य है कि इस बंदरगाह को विकसित करने में भारत की बड़ी भूमिका है और इसमें भारत ने काफी निवेश किया है। चाबहार ईरान में सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत का एक शहर है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindubusinessline.com/economy/logistics/with-us-sanctions-waiver-chabahar-port-set-to-commence-operations-by-month-end/article25438869.ece?homepage=true

## देश की पहली क्रूज सेवा 'अंगरिया'

**प्रश्न-हाल ही में देश की पहली अंतरराज्यीय क्रूज सर्विस का मुंबई में उद्घाटन किया गया। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**



(a) इसका उद्घाटन 20 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया।
(b) यह क्रूज सर्विस मुंबई और गोवा के बीच शुरू की गई है।
(c) इस क्रूज का नामकरण मराठा नौसेना के पहले एडमिरल कान्होजी आंग्रे के नाम पर किया गया है। (d) यह क्रूज 136 मीटर लंबा और 5 मंजिला है।

**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 20 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री नितिन गडकरी ने देश की पहली लक्जरी अंतरराज्यीय क्रूज सर्विस 'अंगरिया' का मुंबई में उद्घाटन किया।

- यह क्रूज सर्विस मुंबई और गोवा के बीच शुरू की गई है।
- इस क्रूज का नामकरण मराठा नौसेना के पहले एडमिरल कान्होजी आंग्रे के नाम पर रखा गया है।
- सरकार के सागरमाला प्रोजेक्ट के तहत यह भारत का पहला क्रूज जहाज है।
- यह क्रूज 131 मीटर लंबा और 6 मंजिला है।
- इस क्रूज में लगभग 400 यात्री एक साथ यात्रा कर सकते हैं।
- इससे मुंबई से गोवा का सफर 14 घंटे में पूरा होगा।

**संबंधित लिंक...**
https://www.financialexpress.com/india-news/indias-first-cruise-service-opens-on-mumbai-goa-route/1179047/

## हिम प्रगति पोर्टल

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य में हिम प्रगति पोर्टल शुरू किया गया है?**
(a) उत्तराखंड (b) मणिपुर (c) हिमाचल प्रदेश (d) अरुणाचल प्रदेश
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**



- 17 अक्टूबर, 2018 को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने 'हिम प्रगति पोर्टल' का शुभारंभ किया।
- इस पोर्टल से विभिन्न औद्योगिक, पर्यटन, ऊर्जा तथा अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं की त्वरित स्वीकृति व प्रभावी ऑनलाइन निगरानी सुनिश्चित होगी।
- निवेशक तथा उद्यमी इस पोर्टल के माध्यम से अपनी परियोजनाओं की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी सुगमता से प्राप्त कर सकेंगे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thestatesman.com/tag/him-pragati-portal
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=117685

## कालाहांडी संवाद

**प्रश्न-हाल ही में कालाहांडी संवाद किस राज्य में आयोजित किया गया?**
(a) पश्चिम बंगाल (b) छत्तीसगढ़ (c) ओडिशा (d) झारखंड
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**




- 28-30 सितंबर, 2018 तक ओडिशा के कालाहांडी जिले के भवानीपटना में कालाहांडी संवाद का आयोजन किया गया।
- इसका उद्घाटन ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने किया।
- यह कालाहांडी जिले के विकास पर आयोजित एक वैश्विक सम्मेलन था।
- इस मंच से मुख्यमंत्री ने इस जिले के लिए कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
- इसका उद्देश्य विकास संवाद और गतिविधियों में युवाओं को शामिल करना था।

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कालाहांडी के लोगों को, जिले को ओडिशा की हरी टोकरी (Green Basket) बनाने के लिए बधाई दी। कालाहांडी संवाद के अध्यक्ष सुजीत कुमार थे।

**संबंधित लिंक...**

http://www.kalahandidialogue.org/
https://www.business-standard.com/article/pti-stories/naveen-inaugurates-kalahandi-dialogue-conclave-118092801213_1.html

## गौ-मंत्रालय

**प्रश्न-किस प्रदेश में गौ-मंत्रालय की स्थापना की जाएगी?**

(a) छत्तीसगढ़ (b) मध्य प्रदेश (c) उत्तर प्रदेश (d) हरियाणा



**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 30 सितंबर, 2018 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी प्रदान की कि प्रदेश में गौ-वंश संरक्षण और संवर्द्धन के लिए गौ-मंत्रालय की स्थापना की जाएगी।
- यह जानकारी मुख्यमंत्री ने छतरपुर जिले के खजुराहो में आयोजित आचार्य श्री विद्यासागर जीव दया सम्मान समारोह के अवसर पर दी।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर गौ-अभयारण्य और गौ-शालाएं स्थापित की जाएंगी।
- इस समारोह में मुख्यमंत्री ने विद्यासागर जीव दया सम्मान आचार्य श्री विद्यासागर, दयोदय पशु सेवा केंद्र, तेंदूखेड़ा (दमोह) को प्रथम गौ-शाला एवं जैव कृषि अनुसंधान केंद्र, केदारपुर (ग्वालियर) को द्वितीय तथा गौत्रास निवारणी गोपाल गौ-शाला बड़नगर (उज्जैन) को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।
- मुख्यमंत्री ने सात अन्य संस्थाओं और व्यक्तियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया।
- मुख्यमंत्री ने जैन मंदिर प्रांगण के निकट स्वर्णोदय तीर्थ न्यास के शिलान्यास के अवसर पर घोषणा की कि खजुराहो को अब स्वर्णोदय तीर्थ के नाम से जाना जाएगा।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर पर केंद्रित 4 ग्रंथमाला का विमोचन भी किया गया।

**संबंधित लिंक...**

https://indianexpress.com/article/india/shivraj-singh-chouhan-announces-cow-ministry-in-mp-5380313/

## स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव का आयोजन

**प्रश्न-मध्य प्रदेश में 'आर्डिनरी पीपुल-एक्स्ट्रा आर्डिनरी ड्रीम्स' की टैगलाइन पर स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव का आयोजन कहां किया गया?**

(a) इंदौर में (b) भोपाल में (c) जबलपुर में (d) ग्वालियर में




**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 सितंबर, 2018 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित स्टार्ट-अप कॉन्क्लेव का शुभारंभ किया।
- इस कॉन्क्लेव की टैग लाइन 'ऑर्डिनरी पीपुल-एक्स्ट्रा आर्डिनरी ड्रीम्स' है।
- इसमें देश के सफल और प्रतिष्ठित स्टार्ट-अप उद्यमियों द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन किया गया और उन्हें प्रोत्साहित किया गया।
- इस कॉन्क्लेव में कंपनियों के संस्थापकों के साथ-साथ इंवेस्टर्स, वेंचर केपीटिलिस्ट्स और नीति निर्माताओं ने भागीदारी की।
- मुख्यमंत्री ने प्रदेश के युवाओं को स्टार्ट-अप के लिए बगैर ब्याज के 10 लाख रुपये तक का लोन और सीड कैपिटल उपलब्ध कराने की घोषणा की।
- इस कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री ने भोपाल मेट्रो परियोजना के कार्यालय का लोकार्पण और 800 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास किया।

**संबंधित लिंक...**
https://twitter.com/i/moments/983310705972531202

## 'कॉस्मो-2018' ट्रेडफेयर

**प्रश्न-'कॉस्मो-2018' ट्रेडफेयर किस राज्य में आयोजित किया जा रहा है?**
(a) छत्तीसगढ़ (b) झारखंड (c) हरियाणा (d) हिमाचल प्रदेश
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कृषि निर्माण और ट्रेड पर केंद्रित 'कास्मो-2018' का शुभारंभ किया। इसका आयोजन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के निकट ग्राम जोरा में किया गया।
- इसका समापन 2 अक्टूबर, 2018 को हुआ। इस ट्रेडफेयर का आयोजन रोटरी क्लब द्वारा किया गया।
- इस ट्रेडफेयर में पहली बार कृषि क्षेत्र को शामिल किया गया है।
- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 'छत्तीसगढ़ लेनिन' वस्त्र का लोकार्पण किया।
- यह वस्त्र अलसी के रेसों से निर्मित किया गया है।
- इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. के.पी. शर्मा और कृषक रामाधार देवांगन ने 'छत्तीसगढ़ लेनिन' कपड़े को विकसित किया है।
- इसी अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'सुरक्षित खेती' शीर्षक से प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

**संबंधित लिंक...**
https://naidunia.jagran.com/chhattisgarh/raipur-fiveday-cosmo-expo-in-capital-from-september28-2539362
https://bit.ly/2A1yY3w

## स्वजल कार्यक्रम की अंतरराज्यीय कार्यशाला

**प्रश्न-हाल ही में 5 दिवसीय स्वजल कार्यक्रम की अंतरराज्यीय कार्यशाला किस राज्य में आयोजित हुई?**

(a) उत्तर प्रदेश (b) गुजरात (c) छत्तीसगढ़ (d) मध्य प्रदेश

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 28 सितंबर, 2018 को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित 5 दिवसीय स्वजल कार्यक्रम की अंतरराज्यीय कार्यशाला का समापन हुआ।
- इस कार्यशाला का आयोजन छत्तीसगढ़ के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, गुजरात और मध्य प्रदेश के प्रतिनिधियों ने भागीदारी की।

**संबंधित लिंक...**

https://bit.ly/2FpQF2m

## मंगलुरू साहित्यिक महोत्सव, 2018

**प्रश्न-नवंबर, 2018 में प्रस्तावित 'मंगलुरू साहित्यिक महोत्सव, 2018' का मुख्य विषय होगा-**

(a) भारत का विचार (b) भारत एवं वैश्विक संबंध

(c) वैश्विक साहित्य एवं भारतीय साहित्य (d) भारतीय साहित्य एवं विश्व



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 3-4 नवंबर, 2018 के मध्य मंगलुरू, कर्नाटक में 'मंगलुरू साहित्यिक महोत्सव, 2018' के पहले संस्करण का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन मंगलुरू साहित्यिक फाउंडेशन द्वारा किया गया।
- महोत्सव का मुख्य विषय (Theme) 'भारत का विचार' (The Idea of Bharat) होगा।
- महोत्सव में प्रसिद्ध कन्नड़ लेखक और साहित्य अकादमी तथा सरस्वती सम्मान से सम्मानित एस.एल. भयरप्पा को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड दिया गया।

**संबंधित लिंक...**

https://www.mangalorean.com/mangaluru-literary-festival-kicks-off-with-the-theme-the-idea-of-bharath/

## इंडोनेशियाई विमान दुर्घटना

**प्रश्न-29 अक्टूबर, 2018 को इंडोनेशिया की लायन एयर की फ्लाइट क्रैश हो गई। यह फ्लाइट है-**

(a) बोइंग 837 मैक्स 8 (b) बोइंग 777 मैक्स 8 (c) बोइंग 737 मैक्स 8 (d) बोइंग 677 मैक्स 8



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 अक्टूबर, 2018 को इंडोनेशिया की लायन एयर की फ्लाइट 'बोइंग 737 मैक्स 8' क्रैश हो गई।
- इंडोनेशिया की राष्ट्रीय तलाश और बचाव एजेंसी (NSRA) के अनुसार, यह विमान पश्चिम जावा के पास समुद्र में गिरा है।जिसमें इस विमान के कैप्टन भारत के भव्य सुनेजा भी शामिल हैं।
- यह विमान जकार्ता से पांगकल पिनांग शहर (इंडोनेशिया का एक शहर) जा रहा था।
- उल्लेखनीय है कि 'लाइन एयर' इंडोनेशिया के सबसे बड़े एयरलाइनों में से एक है, जिसके दर्जनों विमान देश-विदेश की जगहों के लिए उड़ान भरते हैं।

**संबंधित लिंक...**
https://www.cbc.ca/news/world/boeing-737-max-anti-stall-system-safety-1.4904544

## लिटिल इंडिया गेट

**प्रश्न-हाल ही में किस देश में 'लिटिल इंडिया गेट' का उद्घाटन किया गया?**
(a) इंडोनेशिया (b) मॉरीशस (c) फिजी (d) कनाडा
**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**



- 27 अक्टूबर, 2018 को इंडोनेशिया के मेडान शहर में कामपुंग मद्रास अथवा मद्रास गांव में 'लिटिल इंडिया गेट' का उद्घाटन इंडोनेशिया में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत द्वारा किया गया।
- यह इंडोनेशिया की पहली ऐसी संरचना है जिसका निर्माण मेडान शहर के विकास में भारतीय समुदाय के योगदान को रेखांकित करने के लिए किया गया है। ध्यातव्य है कि मेडान शहर इंडोनेशिया का चौथा सबसे बड़ा शहर है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/news/indonesias-medan-city-inaugurates-little-india-gate/article25352574.ece

## वैप-5

**प्रश्न-हाल ही में समाचार पत्रों में चर्चित वैप-5 (WAP-5) क्या है?**
(a) एक विषाणु (b) एक कंप्यूटर वायर (c) एक इलेक्ट्रिक रेल इंजन (d) एक चिकित्सकीय उपकरण
**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**



- अक्टूबर, 2018 को चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स (CLW) (पश्चिम बंगाल) ने भारतीय रेलवे को अब तक का सबसे तेज इलेक्ट्रिक रेल इंजन 'वैप-5' (WAP-5) सौंपा।यह एयरो-डायनामिक डिजाइन के साथ पहला रेल इंजन है। इस रेलगाड़ी की अधिकतम गति 200 किमी/घंटा है WAP-SA इंजन की क्षमता 5400 हार्ट्ज पॉवर है।
- यह इंजन वर्तमान के इंजनों की तुलना में काफी कम विद्युत की खपत करेगा।

- इस नए इंजन में (CVVRS Crew Voice and Video Recording) की व्यवस्था है। जिसके माध्यम से आवाज को रिकॉर्ड किया जा सकेगा। कैमरा और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर भी लगाया गया है, जो ड्राइवर के बीच बातचीत को 90 दिनों के लिए रिकॉर्ड कर रखेगा।

**संबंधित लिंक...**
https://economictimes.indiatimes.com/industry/transportation/railways/railways-introduces-countrys-first-semi-high-speed-locomotive/articleshow/66473919.cms

## झूठी खबरों की निगरानी हेतु वेब-आधारित उपकरण

**प्रश्न-हाल ही में किस विश्वविद्यालय द्वारा सोशल मीडिया पर झूठी खबरों की निगरानी हेतु वेब-आधारित उपकरण का विकास किया गया?**




(a) मिशिगन विश्वविद्यालय (b) येल विश्वविद्यालय (c) कोलंबिया विश्वविद्यालय (d) हार्वर्ड विश्वविद्यालय

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में संयुक्त राज्य अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने फेसबुक एवं ट्विटर जैसे सोशल मीडिया मंचों पर झूठी खबरों की निगरानी के लिए एक वेब-आधारित उपकरण का विकास किया गया है।IFFY Quotient नामक उपकरण एक हेल्थ मेट्रिक प्लेटफार्म का उपयोग करता है जो न्यूजव्हिप और मीडिया वायस से आंकड़ा संग्रहित करता है।
- न्यूजव्हिप एक सोशल मीडिया कार्य निगरानी मंच है जो प्रतिदिन हजारों साइटों पर यूआरएल (URL) एकत्रित करता है और तत्पश्चात यह सूचना संग्रहित करती है कि उनमें से कौन-सी साइट फेसबुक एवं ट्विटर पर जुड़ी हैं।Iffy Quotient फेसबुक एवं ट्विटर पर लोकप्रिय शीर्ष 5 हजार यूआरएल की जानकारी न्यूजव्हिप से प्राप्त करता है। तत्पश्चात यह उपकरण इस बात की जांच करता है कि मीडिया वायस/फैक्ट चेकर द्वारा इन डोमेन नामों को अनुमति प्राप्त है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.clickondetroit.com/all-about-ann-arbor/tech-arbor/university-of-michigan-develops-tool-to-measure-iffy-news-ahead-of-mid-term-elections

## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 25 वर्ष

**प्रश्न-हाल ही में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण हो गए। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब हुई थी?**



(a) 11 अक्टूबर, 1993 (b) 12 अक्टूबर, 1993 (c) 13 अक्टूबर, 1993 (d) 14 अक्टूबर, 1993

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 अक्टूबर, 2018 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना की रजत जयंती समारोह का आयोजन नई दिल्ली के विज्ञान भवन में किया गया।

- इस समारोह का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की नयी वेबसाइट का उद्घाटन किया तथा विशेष डाक टिकट भी जारी किया।
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना 12 अक्टूबर, 1993 को मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम (PHRA), 1993 के तहत की गई थीं। इस अधिनियम में वर्ष 2006 में संशोधन किया गया था।
- इस अधिनियम के धारा 2 (1) (घ) के तहत मानव अधिकार का तात्पर्य प्राण, स्वतंत्रता, समानता, और व्यक्ति की गरिमा से संबंधित ऐसे अधिकार अभिप्रेत है जो संविधान द्वारा प्रत्याभूत किए गए हैं या अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदाओं में सन्निविष्ट तथा भारत में न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं।
- केंद्रीय सरकार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन करती है।
- इस आयोग में एक अध्यक्ष के अतिरिक्त 4 अन्य सदस्य होते हैं।
- उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश इसके अध्यक्ष होते हैं। वर्तमान में न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तु इसके अध्यक्ष हैं।
- गौरतलब है कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग विगत 25 वर्षों में 17 लाख से अधिक वादों का निपटारा कर चुकी है। वर्तमान समय में यह भारतीय लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहा है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1549449

## 'वर्ल्ड रिले-2019' का आयोजन जापान में

**प्रश्न-वर्ल्ड रिले 2019 का आयोजन जापान के किस शहर में होना प्रस्तावित है?**



(a) टोक्यो (b) योकोहामा (c) ओसाका (d) क्योटो

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 12 अक्टूबर, 2018 को 'जापान एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन' द्वारा वर्ष 2019 में 'चौथे इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एथलेटिक्स फेडरेशन (IAAF) वर्ल्ड रिले' का आयोजन योकोहामा, जापान में किए जाने की घोषणा की गयी। इसका आयोजन 11 मई और 12 मई, 2019 के मध्य योकोहामा के निसान स्टेडियम में होगा।
- 2014, 2015 और 2017 में आईएएएफ वर्ल्ड रिले के प्रथम तीन संस्करण का आयोजन बहमास में किया गया था।
- योकोहामा जनसंख्या की दृष्टि से जापान का दूसरा सबसे बड़ा शहर है।
- ध्यातव्य है कि '2020 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक', जापान की राजधानी टोक्यो में होगा।

**संबंधित लिंक...**
https://www.iaaf.org/news/press-release/yokohama-to-host-2019-iaaf-world-relays

# बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली

**प्रश्न-हाल ही में कहां पर भारत की पहली शहर स्तरीय 'बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली' (FFEWS) का शुभारंभ किया गया?**



(a) कोलकाता (b) चेन्नई (c) भुवनेश्वर (d) तिरुवनंतपुरम

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को कोलकाता नगर निगम (KMC) के मेयर सोवन चटर्जी ने कोलकाता शहर के लिए शहर के अधिकारियों एवं नागरिकों को आपदाओं से पहले और आपदाओं के दौरान नुकसान को कम करने हेतु निर्णायक रूप से कार्य करने में सहायता करने के लिए 'बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली' (FFEWS) का शुभारंभ किया।
- यह भारत की पहली व्यापक शहर स्तरीय बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली है।
- इस प्रणाली से आर्थिक नुकसान एवं आजीविका पर असर कम होगा और समुदाय स्तर पर बाढ़ जागरूकता तथा सुरक्षा में सुधार होगा।
- एशियाई विकास बैंक द्वारा शहरी वित्तपोषण भागीदारी सुविधा के तहत अपने शहरी जलवायु परिवर्तन पुनर्विक्रय न्यास कोष से कोलकाता नगर निगम को 1 मिलियन डॉलर तकनीकी सहायता के माध्यम से इस प्रणाली के डिजाइन और कार्यान्वयन को वित्तपोषित किया गया है।
- यह प्रणाली बाढ़, तापमान, वायु गुणवत्ता और अन्य जलवायु संबंधित आंकड़ों पर पूर्वानुमान के साथ ही सूचना देने के लिए डिजाइन की गई है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.adb.org/news/kolkata-gets-indias-first-comprehensive-city-level-flood-forecasting-and-warning-system

# कानूनी तौर पर गर्भपात कराने की अनुमति

**प्रश्न-हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के किस प्रांत में महिलाओं को कानूनी तौर पर गर्भपात कराने की अनुमति प्रदान की गई?**

(a) न्यू साउथ वेल्स (b) क्वींसलैंड (c) तस्मानिया (d) विक्टोरिया




**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 17 अक्टूबर, 2018 को क्वींसलैंड के जनप्रतिनिधियों द्वारा महिलाओं को कानूनी तौर पर गर्भपात कराने की अनुमति प्रदान की गई।
- नए कानून के तहत 22 सप्ताह तक के भ्रुण का गर्भपात बिना किसी कानूनी बाधा के कराया जा सकता है।
- ऑस्ट्रेलिया के सबसे रूढ़िवादी प्रांत क्वींसलैंड में इन कानून को बदलने के लिए लगभग पांच दशक से आंदोलन संचालित किया जा रहा था।

- इस प्रांत द्वारा यह कानून समाप्त किए जाने के बाद न्यू साउथ वेल्स ऑस्ट्रेलिया का एकमात्र प्रांत है जहां गर्भपात कराना अब भी अपराध की श्रेणी में शामिल है। सिडनी भी न्यू साउथ वेल्स प्रांत का हिस्सा है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.theguardian.com/australia-news/2018/oct/17/queensland-parliament-votes-to-legalise-abortion

## आजाद हिंद सरकार की 75वीं जयंती पर ध्वजारोहण

**प्रश्न-नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा भारत की पहली आजाद हिंद सरकार की स्थापना और उसकी घोषणा कब की गई थी?**



(a) 20 अक्टूबर, 1943 (b) 21 अक्टूबर, 1943 (c) 22 नवंबर, 1943 (d) 21 अक्टूबर, 1944

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 21 अक्टूबर, 2018 को आजाद हिंद सरकार की स्थापना की 75वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा द्वारा लाल किले पर तिरंगा फहराया गया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ध्वजारोहण करेंगे।
- अभी तक स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अर्थात 15 अगस्त को ही प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले पर ध्वजारोहण किए जाने की परंपरा थी।
- ऐसा पहली बार होने जा रहा है जब 15 अगस्त के अलावा किसी अन्य तिथि को प्रधानमंत्री द्वारा लाल किले की प्राचीर से तिरंगा पहराया गया।
- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा भारत की पहली आजाद हिंद सरकार की स्थापना और उसकी घोषणा 21 अक्टूबर, 1943 को की गई थी।
- घोषणा के तत्काल बाद आजाद हिंद सरकार ने 23 अक्टूबर, 1943 को दूसरे विश्वयुद्ध में भाग लिया था।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1550140

## छठां भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिल्क मेला, 2018

**प्रश्न-16-18 अक्टूबर, 2018 के मध्य छठें भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिल्क मेला, 2018 का आयोजन कहां किया गया?**

(a) जयपुर (b) गांधीनगर (c) नोएडा (d) नई दिल्ली




**उत्तर-(d)**

**संबंधित तथ्य**

- 16-18 अक्टूबर, 2018 के मध्य छठें भारतीय अंतरराष्ट्रीय सिल्क मेले (6th India International Silk Fair : IISF) का आयोजन प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया।
- केंद्रीय वस्त्र मंत्री स्मृति ईरानी ने आईआईएसएफ, 2018 का उद्घाटन किया।
- इस तीन दिवसीय मेले का आयोजन भारतीय सिल्क निर्यात संवर्धन परिषद (ISEPC) द्वारा किया जा रहा है।

- इस मेले में देश के विभिन्न हिस्सों में निर्मित रेशम और मिश्रित रेशम उत्पादों के 108 से भी अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे। इसमें विभिन्न देशों के 218 से भी अधिक खरीदार भाग लेंगे।
- गौरतलब है कि भारत विश्व में रेशम का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
- रेशम उद्योग कृषि आधारित और श्रमजन्य उद्योग है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 80 लाख कारीगरों और बुनकरों को लाभदायक रोजगार उपलब्ध कराता है।

**संबंधित लिंक...**
http://www.theindiansilkexportpromotioncouncil.com/pressnote1.htm

## फ्रेंच-जर्मन मोबाइल एस्टेरॉयड सरफेस स्काउट

**प्रश्न-द्वारा 'हायाबुसा-2' प्रोब है-**



(a) जापान का (b) फ्रांस का (c) चीन का (d) जर्मनी का

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 3 अक्टूबर, 2018 को हायाबुसा-2 (Hayabusa-2) प्रोब ने एक नए पर्यवेक्षण रोबोट फ्रेंच जर्मन मोबाइल एस्टेरॉयड सरफेस स्काउट' अथवा 'मस्कट' (MASCOT) को 'रयुगु' (Ryugu) क्षुद्रग्रह की सतह की ओर प्रक्षेपित किया।
- 10 किग्रा. (22 पौंड) वजनी बॉक्स के आकार वाले 'मस्कट' में सेंसर लगे हैं।
- यह बहु तरंगदैर्ध्य चित्र लेने, सूक्ष्मदर्शी के माध्यम से खनिजों की जांच करने, सतह के तापमान और चुंबकीय क्षेत्र को मापने में सक्षम है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/sci-tech/science/japan-drops-new-robot-on-asteroid/article25115515.ece

## हरिकेन लेस्ली

**प्रश्न-हाल ही में आए हरिकेन लेस्ली से प्रभावित होने वाला देश कौन-सा है?**



(a) पुर्तगाल (b) थाईलैंड (c) कंबोडिया (d) वियतनाम

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में आए हरिकेन लेस्ली से प्रभावित होने वाला देश पुर्तगाल है।
- इस हरिकेन की अधिकतम गति 176 किमी./घंटा (109 मील/घंटा) थी।
- यह हरिकेन अटलांटिक महासागर में उत्पन्न हुआ था।
- इस हरिकेन की धीमी किन्तु मारक गति के कारण 'जाम्बी' (Zombie) भी कहा गया।

**संबंधित लिंक...**
https://www.nhc.noaa.gov/archive/2018/al13/al132018.discus.063.shtml?

## अल्फांसो आम को जीआई टैग

**प्रश्न-भारत में जीआई टैग प्राप्त करने वाला पहला उत्पाद कौन-सा है?**

(a) दार्जिलिंग चाय (b) बनारसी साड़ी (c) तिरुपति लड्डू (d) महाबलेश्वर लीची

**उत्तर-(a)**



**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में महाराष्ट्र राज्य के रत्नागिरि, सिंधु दुर्ग, पालघर, थाणे और रायगढ़ जिलों में उत्पादित किए जाने वाले अल्फांसो आम को जीआई (GI) टैग प्रदान किया गया।
- 'आमों के राजा' अल्फांसो को महाराष्ट्र राज्य में 'हापुस' के नाम से जाना जाता है।
- अल्फांसो आम का निर्यात संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कोरिया, यूरोप आदि में किया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004 में जीआई टैग प्राप्त करने वाला भारत का पहला उत्पाद दार्जिलिंग चाय थी।
- भारत के कुल 325 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त है।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/newsite/hindirelease.aspx

## विश्व के सर्वाधिक नवोन्मेशी विश्वविद्यालय, 2018

**प्रश्न-हाल ही में जारी रायटर्स की 'विश्व के सर्वाधिक नवोन्मेशी विश्वविद्यालय, 2018' की सूची में किस विश्वविद्यालय को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ?**



(a) स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय (b) हार्वर्ड विश्वविद्यालय

(c) मेसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (d) पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- अक्टूबर, 2018 में रायटर्स (Reuters) द्वारा 'रायटर्स शीर्ष 100 विश्व के सर्वाधिक नावोन्मेशी विश्वविद्यालय, 2018' सूची जारी की गई।
- इस सूची में विज्ञान को उन्नत बनाने, नई प्रौद्योगिकी का आविष्कार करने और नए बाजारों तथा उद्योगों को सशक्त करने का कार्य करने वाले शैक्षिक संस्थाओं को पहचान कर उन्हें रैंकिंग प्रदान किया जाता है।
- वर्ष 2018 की सूची में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय को पहला स्थान मिला है।
- इसके अतिरिक्त मेसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हार्वर्ड विश्वविद्यालय, पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय और वाशिंगटन विश्वविद्यालय को क्रमशः दूसरा, तीसरा, चौथा तथा पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है।
- सूची में शीर्ष छः स्थानों पर संयुक्त राज्य अमेरिका के शैक्षिक संस्थान हैं।
- सूची में अंतिम स्थान जर्मनी के 'फ्री यूनिवर्सिटी ऑफ बर्लिन' (100वां) को प्राप्त हुआ है, जबकि जापान के नगोया विश्वविद्यालय को 99वां स्थान जिला है।
- सूची में सातवां स्थान प्राप्त करने वाला बेल्जियम का 'केयू ल्यूवेन' विश्वविद्यालय संयुक्त राज्य अमेरिका के बाहर का सर्वोच्च रैंक प्राप्त करने वाला विश्वविद्यालय है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.reuters.com/article/us-amers-reuters-ranking-innovative-univ/reuters-top-100-the-worlds-most-innovative-universities-2018-idUSKCN1ML0AZ

## बहराइच और खलीलाबाद के बीच नई रेल लाइन

**प्रश्न-हाल ही में आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा उत्तर प्रदेश के बहराइच और खलीलाबाद के बीच नई रेल लाइन को मंजूरी प्रदान की गई। इस नई ब्रॉड गेज लाइन की कुल लंबाई कितनी होगी?**
(a) 218.36 किमी. (b) 220.45 किमी. (c) 235.68 किमी. (d) 240.26 किमी.
**उत्तर-(d)**
**संबंधित तथ्य**

- 24 अक्टूबर, 2018 को आर्थिक मामलों पर मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा उत्तर प्रदेश के बहराइच और खलीलाबाद के बीच नई रेल लाइन को मंजूरी प्रदान की गई।
- नई लाइन से उत्तर प्रदेश के 5 जिलों बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती और सिद्धार्थनगर जैसे आंकाक्षी जिलों और संतकबीरनगर जिले को लाभ होगा। नई ब्रॉड गेज लाइन की कुल लंबाई 240.26 किमी. होगी।
- इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत राशि 4939.78 करोड़ रुपये है।
- इस परियोजना की पूर्णता अवधि वर्ष 2024-25 है।
- यह रेल लाइन भिनगा, श्रावस्ती, बलरामपुर, उतरौला डुमरियागंज, मेहदावल और बांसी से होकर गुजरेगी।
- श्रावस्ती जैन धर्म के मतावलंबियों का महत्वपूर्ण केंद्र है यहां पर जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर संभवनाथ का जन्म हुआ था।

**संबंधित लिंक...**
http://www.pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1550478

## सागर संवाद 2.0

**प्रश्न-हाल ही में सागर संवाद 2.0 सम्मेलन 2018 का आयोजन कहां किया गया?**
(a) गोवा (b) ओडिशा (c) गुजरात (d) केरल



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 23-25 अक्टूबर, 2018 के मध्य बम्बोलिम, गोवा में सागर संवाद 2.0 सम्मेलन, 2018 (Maritime Conference SAGAR DISCOURSE 2.0) का आयोजन किया गया।
- इस सम्मेलन का आयोजन समन्वित राष्ट्रीय सुरक्षा मंच (Forum for Integrated National Security : FINS) द्वारा किया गया।सागर संवाद 2.0 का उद्देश्य आंतरिक सुरक्षा संबंधी मामलों में विभिन्न विचारधाराओं को सम्मिलित करके देश की आंतरिक सुरक्षा एवं गैर-सैन्य तत्वों के द्वारा की जा रही अप्रिय घटनाओं को कम करना है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में एफआईएनएस (FINS) ने सागर संवाद 2.0 का आयोजन किया था।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1550392

## हरिकेन विला

**प्रश्न-हाल ही में हरिकेन विला से कौन-सा देश मुख्य रूप से प्रभावित हुआ?**
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) मैक्सिको (c) कनाडा (d) होंडूरास
**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**



- 23 अक्टूबर, 2018 की रात्रि को हरिकेन (चक्रवात) 'विला' मैक्सिको के तट से टकराया।
- पूर्वी प्रशांत महासागर में उत्पन्न यह उष्ण कटिबंधीय चक्रवात सर्वप्रथम पश्चिमी मैक्सिको के सिनोला राज्य में आइला डेल बोसल्यू (Isla del Bosque) तट पर टकराया।
- संयुक्त राज्य राष्ट्रीय हरिकेन केंद्र के अनुसार वर्तमान में विला साफिट सिम्पन पैमाने पर श्रेणी 3 का चक्रवात है तथा इसके कारण 195 किमी/घंटे की रफ्तार से हवायें चल रही हैं।
- यह चक्रवात 28 किमी/घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है एवं मौसम पूर्वानुमान के अनुसार इसके कारण 15 से 45 सेमी. तक की वर्षा हो सकती है।
- इस चक्रवात के कारण मैक्सिको के मजतलेन, सिनोला, जलिस्को एवं नयारित के अधिक प्रभावित होने की संभावना व्यक्त की गई है।
- गौरतलब है कि हरिकेन को साफिट सिम्पसन पैमाने पर मापा जाता है। इस पैमाने को पांच श्रेणियों में विभक्त किया गया है जो इस प्रकार हैं-
- श्रेणी हवाओं की गति श्रेणी 1 119 से 153 किमी./घंटा
- श्रेणी 2 154 से 177 किमी./घंटा,श्रेणी 3 178 से 208 किमी./घंटा,श्रेणी 4 209 से 251 किमी./घंटा
- श्रेणी 5 252 किमी./घंटा से अधिक
- इस पैमाने की स्थापना वर्ष 1971 में हरबर्ट साफिट (सिविल इंजीनियर) एवं रॉबर्ट सिम्पसन (मौसमविद्) द्वारा किया गया था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.bbc.com/news/world-latin-america-45944234
https://www.nhc.noaa.gov/aboutsshws.php

## स्वास्थ्य और पोषण पर कार्यशाला

**प्रश्न-हाल ही में स्वास्थ्य एवं पोषण पर आकांक्षी जिलों के अधिकारियों के अभिन्यास के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया? इस कार्यशाला के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?**
(a) यह कार्यशाला नई दिल्ली में आयोजित हुई।
(b) इस कार्यशाला का उद्‌घाटन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने किया।
(c) इसका आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से किया गया।

(d) इस दौरान ई-मित्र मोबाइल ऐप्लीकेशन का भी शुभारंभ किया गया।

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 22 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवं पोषण पर आकांक्षी जिलों के अधिकाररियों के अभिविन्यास (Orientation) के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- इस कार्यशाला का उद्घाटन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे और अनुप्रिया पटेल ने किया। इसका आयोजन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा महिला एवं बाल विकास मंत्रलाय के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ई-मित्र मोबाइल ऐप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया।
- इस कार्यक्रम के दौरा न ई-मित्र मोबाइल ऐप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया।
- कार्यक्रम के दौरान राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों ने स्वास्थ्य और पोषण हेतु महत्वाकांक्षी जिले पर आधारित मौजूदा मार्गनिर्देशों के विषय में विचार-विमर्श किया।
- इस कार्यशाला में स्वास्थ्य मंत्रालय, महिला और बाल विकास मंत्रालय एवं एनएचएसआरसी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित 28 राज्यों के प्रतिनिधि और 117 महत्वाकांक्षी जिलों के अधिकारियों ने भाग लिया।
- इसके अलावा इस कार्यक्रम में विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनीसेफ, यूएसएड, बीएमजीएफ, टाटा ट्रस्ट, यूएनएफपीए आदि के प्रतिनिधियों सहित नागरिक समाज के संगठनों ने भागीदारी की।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1550244

## राष्ट्रीय पुलिस स्मारक

**प्रश्न-हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक राष्ट्र को समर्पित किया। यह कहां निर्मित किया गया है?**

(a) हैदराबाद में (b) देहरादून में (c) नई दिल्ली में (d) मुंबई में

**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 21 अक्टूबर, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक राष्ट्र को समर्पित किया। यह स्मारक नई दिल्ली में चाणक्यपुरी क्षेत्र में निर्मित किया गया है।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नाम पर एक पुरस्कार शुरू किए जाने की भी घोषणा की।
- यह पुरस्कार प्रति वर्ष आपदा की स्थिति में लोगों की जान बचाने में बहादुरी व साहस का परिचय देने वालों को प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुलिस स्मारक के संग्रहालय का उद्घाटन किया और आगंतुक पुस्तिका में हस्ताक्षर भी किया। संग्रहालय में केंद्रीय और राज्य पुलिस बलों से संबंधित कलाकृति, वर्दी तथा अन्य सामग्री प्रदर्शित की गयी।

**संबंधित लिंक...**

https://bit.ly/2ABEbAf

## ‘NCR रास्ता’ एवं ‘यात्री रास्ता’ ऐप

**प्रश्न-अक्टूबर, 2018 में किस मंत्रालय ने ‘NCR रास्ता’ एवं ‘यात्री रास्ता’ नामक मोबाइल ऐप लांच किए?**



(a) आवास और शहरी मामलों का मंत्रालय (b) रेल मंत्रालय

(c) सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (d) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 18 अक्टूबर, 2018 को भारतीय रेल मंत्रालय के उत्तर मध्य रेलवे (NCR) ने ‘NCR रास्ता’ और ‘यात्री रास्ता’ नामक दो मोबाइल ऐप लांच किए।
- ‘NCR रास्ता’ (NCR RASTA : Railway Assets Summerised Tracking Application) ऐप रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उपयोग हेतु शुरू किया गया है।
- इसकी सहायता से रेलवे के कर्मचारी एवं अधिकारी रेलवे की संपत्ति का मानचित्रण सुनिश्चित कर सकेंगे।
- वहीं ‘यात्री रास्ता’ (YATRI RASTA : Railway Approach to Station Tracking Application) ऐप की सहायता से आम आदमी नजदीकी रेलवे स्टेशन की खोज कर सकेगा जिससे आसानी से पहुंच सुनिश्चित कर सकेगा।

**संबंधित लिंक...**

http://ncr.indianrailways.gov.in/print_section.jsp?lang=0&id=0,4,268&dcd=2238&ofid=0

## एनजीओ सुकार्य की रिपोर्ट

**प्रश्न-हाल ही में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे द्वारा जारी एवं एनजीओ ‘सुकार्य’ द्वारा संकलित रिपोर्ट के अनुसार विश्व के कितने प्रतिशत अविकसित (Stunted) बच्चे भारत में पाए जाते हैं?**

(a) 40 प्रतिशत से अधिक (b) 30 प्रतिशत से अधिक (c) 20 प्रतिशत से अधिक (d) 15 प्रतिशत



**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 16 अक्टूबर, 2018 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने एनजीओ ‘सुकार्य’ द्वारा संकलित एक रिपोर्ट जारी किया।
- यह रिपोर्ट है-‘पब्लिक हेल्थ एवं एक्सपेडीचर-भावी पीढ़ी को कुपोषण से मुक्त बनाना’।
- इस रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 40 प्रतिशत से अधिक अविकसित (Stunted) बच्चे भारत में हैं।
- अविकास की स्थिति कुपोषण के साथ-साथ बार-बार संक्रमण एवं अल्प मनोसामाजिक उद्दीपन के कारण होती है। ध्यातव्य है कि ‘अविकसित’ होने का पैमाना WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा परिभाषित है।
- जिसके अनुसार आयु के अनुसार ऊंचाई यदि WHO के मानक के नीचे दो से अधिक मानक विचलन (Standard Deviation) ‘अविकसित’ होना दर्शाता है।
- ध्यातव्य है कि कुपोषण 45 प्रतिशत मौतों (5 वर्ष से कम आयु वर्ग में) का कारण होता है।
- देश में कुपोषण के 60 प्रतिशत मामले -बिहार, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में दर्ज किए गए हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://www.who.int/nutrition/healthygrowthproj_stunted_videos/en/

## विश्व-स्तरीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला

**प्रश्न-भारत में विश्व-स्तरीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कहां स्थापित की जाएगी?**
(a) महाराष्ट्र में (b) गोवा में (c) हरियाणा में (d) नई दिल्ली में



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 21 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री सुरेश प्रभु ने खाद्य पदार्थों मुख्यतः मत्स्य उत्पादों में मिलावट की रोकथाम हेतु विश्व स्तरीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला निर्मित किए जाने की घोषणा की।
- यह प्रयोगशाला गोवा में स्थापित की जाएगी।
- इस प्रयोगशाला का निर्माण भारत की निर्यात जांच एजेंसी और भारतीय गुणवत्ता परिषद द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा। इससे खाद्य पदार्थों की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी।

**संबंधित लिंक...**
https://timesofindia.indiatimes.com/city/goa/govt-launches-soil-testing-scheme-to-develop-new-manure-fertilizers/articleshow/59043566.cms

## पशु संजीवनी सेवा

**प्रश्न-हाल ही में किस राज्य सरकार द्वारा राज्य में पशु संजीवनी सेवा शुरू करने का निर्णय किया गया?**
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार (c) हरियाणा (d) हिमाचल प्रदेश



**उत्तर-(c)**
**संबंधित तथ्य**

- 23 अक्टूबर, 2018 को हरियाणा सरकार द्वारा राज्य में पशु संजीवनी सेवा शुरू करने का निर्णय किया गया।
- यह निर्णय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई पशुपालन एवं डेरी विभाग की बैठक में लिया गया।
- इस सेवा के अंतर्गत पशुपालकों को मोबाइल पशु चिकित्सा क्लीनिक के माध्यम से निःशुल्क गुणवत्तापरक पशु चिकित्सा सेवाएं और स्वास्थ्य देखभाल सुविधा पशुधन के लिए उनके घर पर उपलब्ध कराई जाएगी।
- प्रारंभ में इस सेवा को तीन जिलों जींद, यमुनानगर और नूह के सभी ब्लॉकों में शुरू किया जाएगा।
- पायलट आधार पर संचालित इस योजना की सफलता के बाद इसे अन्य जिलों में शुरू किया जाएगा।
- मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं सार्वजनिक- निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में प्रदेश के अनकवर्ड, कर्मचारियों की कमी वाले और सूदूरवर्ती क्षेत्रों में शुरू की जाएंगी।
- पशुपालक टोल फ्री नंबर 1962 पर काल करके 24 घंटे मोबाइल चिकित्सा क्लीनिक की सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

**संबंधित लिंक...**
https://www.prharyana.gov.in/hi/haraiyaanaa-sarakaara-nae-paradaesa-maen-pasau-sanjaivanai-saevaa-saurauu-karanae-kaa-nairanaya

## 36वां इंडिया कॉरपेट एक्सपो, 2018

**प्रश्न-हाल ही में 36वां इंडिया कॉरपेट एक्सपो, 2018 कहां आयोजि किया गया?**

(a) नई दिल्ली (b) जयपुर (c) वाराणसी (d) बंगलुरू



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 21-24 अक्टूबर, 2018 तक 36वें इंडिया कॉरपेट एक्सपो का आयोजन वाराणसी (दीनदयाल हस्तकला संकुल व्यापार सुविधा केंद्र) में किया गया।
- 21 अक्टूबर, 2018 को इसका उदघाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया।
- कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा इस एक्सपो का आयोजन भारत सरकार के सहयोग से किया गया।
- इस कालीन मेले में लगभग 300 कालीन निर्माताओं एवं निर्यातकों ने भागीदारी की।
- इस मेले में विभिन्न देशों से आए आयातकों और उनके प्रतिनिधियों ने खरीददारी की और ऑर्डर बुक किए।
- इंडिया कॉरपेट एक्सपो वर्ष 2000 में शुरू किया गया था जो एक द्विवार्षिक मेला है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550193

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस, 2018

**प्रश्न-25-27 अक्टूबर, 2018 के मध्य इंडिया मोबाइल कांग्रेस के दूसरे संस्करण का आयोजन कहां किया जा रहा है?**

(a) मुंबई (b) नई दिल्ली (c) भुवनेश्वर (d) कोलकाता

INDIA MOBILE CONGRESS 2018

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 25-27 अक्टूबर, 2018 के मध्य इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) के दूसरे संस्करण का आयोजन एरो सिटी नई दिल्ली में किया गया।आईएमसी, 2018 का मुख्य विषय (Theme) – ''नए डिजिटल क्षितिज - जुड़ाव, सृजन और नवीनता'' (New Digital Horizons- Connect. Create. Innovate) था।
- इसका आयोजन दूरसंचार विभाग (DoT), भारत सरकार और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (COAI) द्वारा किया गया।संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने इसका उदघाटन किया।इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं और वर्चुअल नेटवर्क ऑपरेटरों के स्वामित्व एवं परिचालन वाले 1 मिलियन वाई-फाई हॉट स्पॉट के देशव्यापी साझा अंतर-प्रचालनीय प्लेटफॉर्म 'भारत वाई-फाई' का शुभारंभ देशभर में किया जाएगा।
- उद्घाटन समारोह के दौरान राष्ट्रीय आवृत्ति आवंटन योजना (NFAP), 2018 प्रस्तुत की गई।

- एनएफएपी के तहत वायरलेस एक्सेस सेवाओं और रेडियो लोकल एरिया नेटवर्क (आउटडोर) के लिए 5जी-एचजेड बैंड में 605 मेगाहर्ट्ज लाइसेंस मुफ्त स्पेक्ट्रम जारी किया गया।
- इस कार्यक्रम में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की 300 से भी अधिक कंपनियां और 20 देश भाग ले रहे हैं।

**संबंधित लिंक...**
http://www.pib.nic.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1550991

## अकादमिक और अनुसंधान सहयोग संवर्धन योजना (स्पार्क) का वेब पोर्टल लांच

**प्रश्न-25 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावेडकर ने 'अकादमिक और अनुसंधान सहयोग संवर्धन योजना (स्पार्क) का वेब पोर्टल लांच किया। केंद्र सरकार ने कब इस योजना को मंजूरी प्रदान की थी?**
(a) अक्टूबर, 2017 (b) अगस्त, 2018 (c) जुलाई, 2018 (d) मार्च, 2018



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 25 अक्टूबर, 2018 को केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावेडकर ने 'अकादमिक और अनुसंधान सहयोग संवर्धन योजना' (स्पार्क) का वेब पोर्टल लांच किया।
- ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार ने अगस्त, 2018 में 418 करोड़ रुपये की कुल लागत से 31 मार्च, 2020 तक कार्यान्वयन के लिए इस योजना को मंजूरी दी थी।
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर 'स्पार्क' के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय समन्वयकारी संस्थान है।
- 'स्पार्क' का लक्ष्य भारतीय संस्थानों और विश्व के सर्वोत्तम संस्थानों के बीच अकादमिक एवं अनुसंधान सहयोग को सुगम बनाकर भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान परिदृश्य को बेहतर बनाना है।
- इस योजना के तहत 600 संयुक्त शोध प्रस्ताव दो वर्षों के लिए दिए जाएंगे।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintHindiRelease.aspx?relid=75990

## ट्रॉमी टाइफून

**प्रश्न-हाल ही में कौन-सा देश ट्रॉमी टाइफून (चक्रवात) से प्रभावित रहा?**
(a) चीन (b) जापान (c) दक्षिण कोरिया (d) संयुक्त राज्य अमेरिका



**उत्तर-(b)**
**संबंधित तथ्य**

- 30 सितंबर, 2018 को जापान पुनः एक चक्रवात 'ट्रॉमी' (Trami) से प्रभावित हुआ।
- इस चक्रवात (टाइफून) का सर्वाधिक प्रभाव ओसाका एवं टोकियो के पश्चिमी भाग पर पड़ा। यहां 216 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्ताह से हवाएं चली।
- इस चक्रवात के प्रभाव से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया एवं 120 लोग घायल तथा 2 लोगों की मौत हो गई।

- गौरतलब है कि सितंबर माह के शुरुआत में ही पश्चिमी जापान 'जेबी' (Jebi) चक्रवात से प्रभावित हुआ था।

**संबंधित लिंक...**
https://www.bbc.com/news/world-asia-45698950

## पांच बंदरगाहों हेतु मुख्य सेवा प्रदाता की नियुक्ति

**प्रश्न-हाल ही में भारतीय बंदरगाह संघ द्वारा किसे पांच बड़े बंदरगाहों के मुख्य सेवा प्रदाता के रूप में नियुक्त किया गया है?**



(a) मेसर्स टेक महिंद्रा (b) मेसर्स सिस्को (c) मेसर्स डेल (d) मेसर्स आरटी कॉम

**उत्तर-(a)**

**संबंधित तथ्य**

- 29 सितंबर, 2018 को भारतीय बंदरगाह संघ द्वारा पांच बड़े बंदरगाहों-मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दीन दयाल बंदरगाह एवं पारादीप बंदरगाह ट्रस्ट के मुख्य सेवा प्रदाता की नियुक्ति की गई।
- इन पांच बड़े बंदरगाहों के मुख्य सेवा प्रदाता के रूप में मेसर्स टेक महिंद्रा की नियुक्ति की गई है।
- मेसर्स टेक महिंद्रा विश्वस्तरीय प्रमुख कंपनियों यथा-मेसर्स एसएपी, मेसर्स इंविजन, मेसर्स सिस्को, मेसर्स डेल, मेसर्स आरटी कॉम और अन्य प्रमुख कंपनियों के साथ भागीदारी कर रहा है।
- पोर्ट-इबीएस की संकल्पना तैयार करने एवं परिवर्तन की इस पहल के क्रियान्वयन में संघ एवं बंदरगाहों की मदद करने हेतु भारतीय बंदरगाह संघ द्वारा वैश्विक परामर्शदाता मेसर्स अर्न्स्ट एंड यंग की सेवाएं ली गई हैं।
- परियोजना के क्रियान्वयन एवं स्थिरीकरण की अवधि 20 वर्ष एवं ऑपरेशन एवं देखभाल संबंधी सहायता अवधि 5 वर्ष निर्धारित है।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1547937

## बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली (FFEWS)

**प्रश्न-हाल ही में भारत के किस शहर में 'बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली' (FFEWS) की स्थापना की गई?**



(a) मुंबई (b) कोलकाता (c) चेन्नई (d) कोच्चि

**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को कोलकाता नगर निगम (KMC) द्वारा भारत के प्रथम 'बाढ़ पूर्वानुमान और प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली' (FFEWS-Flood Fore-casting and Early Warning System) की स्थापना कोलकाता शहर में की गई है।इस चेतावनी प्रणाली से शहर में बाढ़ आपदा संबंधी जानकारी उपलब्ध होगी जो आपदा प्रबंधन की दक्षता में वृद्धि करेगी। इस प्रकार आर्थिक क्षति, मानव जीवन पर प्रभाव में कमी और बाढ़ सुरक्षा व जागरूकता में वृद्धि होगी।एशियाई विकास बैंक द्वारा इस प्रणाली के विकास व स्थापना में कोलकाता नगर निगम को 1 मिलियन डॉलर की तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई गई।

- ध्यातव्य है कि एशियाई विकास बैंक (ADB) की स्थापना वर्ष 1960 के दशक में, 19 दिसंबर, 1966 को मनीला, फिलीपींस में की गई थी।

**संबंधित लिंक...**
https://www.adb.org/news/kolkata-gets-indias-first-comprehensive-city-level-flood-forecasting-and-warning-system

## राजमाता विजयराजे सिंधिया की जन्मशती मनाने का निर्णय

**प्रश्न-किसके नेतृत्व में 12 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति राजमाता विजयराजे सिंधिया की जन्मशती के संदर्भ में वर्ष भर संचालित होने वाले समारोहों के लिए गतिविधियों तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी?**

(a) पीयूष गोयल (b) निर्मला सीतारमण (c) राजनाथ सिंह (d) महेश शर्मा



**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 27 सितंबर, 2018 को केंद्र सरकार द्वारा ग्वालियर की राजमाता विजयराजे सिंधिया की जन्मशती मनाने का निर्णय किया गया। उनकी जन्मशती 11 अक्टूबर, 2018 से 11 अक्टूबर, 2019 तक मनाई जाएगी।
- गृह मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में 12 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्यान्वयन समिति (एनआईसी) वर्ष भर संचालित होने वाले समारोहों के लिए गतिविधियों तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करेगी।
- इस अवधि के दौरान 100 रुपये का स्मारक सिक्का और स्मारक डाक टिकट जारी किया जाना प्रस्तावित है।
- वे वर्ष 1957-1998 के बीच कई वर्षों तक संसद सदस्य रहीं।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1547596

## मोबाइल ऐप 'जन धन दर्शक' लांच

**प्रश्न-26 सितंबर, 2018 को किसने वित्तीय समावेशन के तहत मोबाइल ऐप 'जन धन दर्शक' लांच किया?**

(a) नीति आयोग (b) भारतीय रिजर्व बैंक (c) वित्त मंत्रालय (d) भारतीय स्टेट बैंक




**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 26 सितंबर, 2018 को वित्त मंत्रालय ने वित्तीय समावेशन के तहत मोबाइल ऐप 'जन धन दर्शक' लांच किया।
- यह मोबाइल ऐप देश में किसी निर्धारित स्थान पर किसी 'वित्तीय सेवा टच प्वाइंट' का पता लगाने में आम लोगों का मार्गदर्शन करेगा।
- इस ऐप को वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (DFS) और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।
- 

- इस ऐप पर 5 लाख से भी अधिक वित्तीय सेवा टच प्वाइंट्स (बैंक शाखाएं, एटीएम, डाकघर) की मैपिंग की गई है।
- इसके साथ ही लगभग 1.35 लाख बैक मित्रों को 1 दिसंबर, 2018 तक इनसे जोड़ दिया जाएगा। इस ऐप की मुख्य विशेषताओं में से कुछ इस प्रकार हैं-
- वर्तमान स्थान (शाखाएं/एटीएम/डाकघर) को ध्यान में रखते हुए निकटवर्ती वित्तीय सेवा टच प्वाइंट्स का पता लगा सकते हैं। जगह का नाम खोज सकते हैं।
- वॉयस इंटरफेस के जरिए भी जगह के नाम से खोजने की सुविधा है।
- एकीकृत डायलिंग के लिए कॉल बटन की सुविधा के साथ ऐप में बैंक शाखाओं के फोन नंबर भी उपलब्ध है।
- वित्तीय सेवा टच प्वाइंट्स से जुड़े डेटा को अनिवार्य रूप से अपडेट करने के लिए उपयोगकर्ताओं (यूजर्स) से मिली जानकारियां सीधे संबंधित बैंक को भेजी जाएंगी।

**संबंधित लिंक...**
http://pib.nic.in/newsite/PrintRelease.aspx?relid=183691

## हैदराबाद मेट्रो देश का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क बना।

**प्रश्न-हाल ही में कौन-सा मेट्रो नेटवर्क दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क बना?**
(a) हैदराबाद (b) कोच्चि (c) लखनऊ (d) चेन्नई



**उत्तर-(a)**
**संबंधित तथ्य**

- 24 सितंबर, 2018 को तेलंगाना के राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन ने हैदराबाद मेट्रो के अमीरपेट स्टेशन से एल.बी. नगर के बीच 16 किमी. लंबे मार्ग का उद्घाटन किया।
- अमीर पेट से एल.वी. नगर मार्ग पर परिचालन शुरू होने से हैदराबाद मेट्रो का मार्ग 46 किलोमीटर लंबा हो गया। इस प्रकार हैदराबाद मेट्रो, दिल्ली मेट्रो के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेटवर्क बन गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 72 किमी. लंबी एलीवेटेड हैदराबाद मेट्रो रेल परियोजना के 30 किमी. लंबे मियापुर से नागोल खंड का नवंबर, 2017 में उद्घाटन किया था।
- हैदराबाद मेट्रो परियोजना विश्व में इस क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाली सबसे बड़ी परियोजना हैं।
- हैदराबाद मेट्रो रेल लिमिटेड (HMRL) के प्रबंध निदेशक एन.वी.एस. रेड्डी है।
- IT और नगर प्रशासन मंत्री टी.एम. राव के अनुसार, इस मेट्रो परियोजना की कुल लागत 14132 करोड़ रुपये है।

**संबंधित लिंक...**
https://www.thehindu.com/news/cities/Hyderabad/hyderabad-metro-rail-is-now-second-largest-metro-network-in-country/article25029210.ece

## रेल मंत्रालय का 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा

**प्रश्न-हाल ही में रेल मंत्रालय द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा आरंभ किया गया, इस पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा-**

(a) 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक (b) 16 सितंबर से 2 अक्टूबर तक

(c) 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक (d) 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक




**उत्तर-(c)**

**संबंधित तथ्य**

- 15 सितंबर, 2018 को रेलवे बोर्ड के चेयरमैन अश्वनी लोहानी द्वारा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा शुरू किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती समारोह मनाने हेतु 15 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2018 के मध्य आयोजित किया गया।
- इस पखवाड़े का आरंभ रेलवे के सभी इकाइयों, कार्यशालाओं के कर्मचारियों को स्वच्छता का संकल्प दिलाने के साथ हुआ।

**संबंधित लिंक...**

http://pib.nic.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1546266

## भारत में सिगरेट पैकेट पर चित्रमय चेतावनी

**प्रश्न-हाल ही में कनाडा के कैंसर सोसाइटी की ओर से जारी रिपोर्ट 'सिगरेट पैकेज स्वास्थ्य चेतावनी पर अंतरराष्ट्रीय स्थिति रिपोर्ट-2018' में सिगरेट पैकेट पर चित्रमय चेतावनी के क्रम में भारत का कौन-सा स्थान है?**

(a) तीसरा (b) पांचवां (c) तेरहवां (d) बीसवां




**उत्तर-(b)**

**संबंधित तथ्य**

- 1 सितंबर, 2018 को कनाडा के कैंसर सोसाइटी की ओर से जारी रिपोर्ट 'सिगरेट पैकेज स्वास्थ्य चेतावनी अंतरराष्ट्रीय स्थिति-2018' में सिगरेट पैकेट पर चित्रमय चेतावनी के क्रम में भारत का 5वां स्थान है।
- भारत को थाईलैंड और हांगकांग के साथ संयुक्त रूप से साझा किया गया है, जिसमें पैकेट के दोनों तरफ 85 प्रतिशत तक हिस्से में चित्रात्मक चेतावनी दी गई है।
- इस रिपोर्ट में शीर्ष स्थान पर तिमोर-लेस्ते है, जिसने विश्व में सिगरेट पैकेटों के दोनों तरफ लगभग 92.5 प्रतिशत हिस्से तक चित्रात्मक चेतावनी दी है।
- इस रिपोर्ट में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर नेपाल 90 प्रतिशत एवं वानूआतू (90 प्रतिशत) है।
- 'सिगरेट पैकेज हेल्थ वार्निंग्स : इंटरनेशनल स्टेट्स रिपोर्ट-2018' के अनुसार दुनियाभर में 118 देशों में चित्रात्मक चेतावनी को अनिवार्य कर दिया है।

**संबंधित लिंक...**

https://www.fctc.org/wp-content/uploads/2018/10/CCS-international-warnings-report-2018-English-2-MB.pdf